


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 65 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) ज्येष्ठ शु.6 2082 रविवार, 1 जून-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

### देश में कोरोना से 20 की मौत, 3207 एक्टिव केस

नई दिल्ली, 31 मई (एजेंसियां)। देशभर में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या 3207 पहुंच गई है। केरल में सबसे ज्यादा 1147 मामले हैं। महाराष्ट्र एक्टिव केसेज के मामले में दूसरे नंबर पर है। शुक्रवार को राज्य में 84 नए केस सामने आए, यहां अब 681 मरीज हैं। देश के 60 प्रतिशत एक्टिव केस इन्हीं दो राज्यों में हैं। कोरोना से जान गंवाने वालों की संख्या 20 पहुंच गई है।

इनमें सबसे ज्यादा 6 मौतें महाराष्ट्र में हैं। कर्नाटक के मैसूर में शुक्रवार को 63 साल के एक बुजुर्ग की मौत हो गई। राज्य में कोरोना से यह तीसरी मौत है। इसके अलावा, महाराष्ट्र, केरल, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में कुल 13 मरीजों की मौत हो चुकी है।

*पीएम मोदी की पाकिस्तान को फिर चुनौती*

# आतंकियों के मददगारों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी



भोपाल, 31 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर पाकिस्तान को चुनौती दी है। भोपाल मे उन्होंने कहा कि गोली का जवाब गोले से मिलेगा। सिंदूर भारत के शौर्य का प्रतीक बन गया है। मोदी ने कहा कि आतंकियों ने नारी शक्ति को चुनौती दी थी। यही चुनौती उनके और उनके आकाओं को लिए काल बन गई।

हमारी सेना ने दुश्मन के घर में सैकड़ों किमी दूर घुसकर उनके आतंकी ठिकानों को तबाह किया। अब घर में घुसकर भी मारेंगे और जो आतंकियों की मदद करेगा उसे भी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। पीएम ने भोपाल में देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर आयोजित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में कुल 39 मिनट 38 सेकेंड का भाषण दिया। इस दौरान देवी अहिल्याबाई के बारे में 25 मिनट 55 सेकेंड बोलने के बाद उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बोलना शुरू किया। सेना और उसके शौर्य पर उन्होंने 6 मिनट 58 सेकेंड तक तक बोला। इस अवधि में उन्होंने कुल 7 बार सिंदूर का जिक्र किया।

**ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान :**

डंके की चोट पर कह दिया है कि आतंकियों के जरिए प्रॉक्सी वॉर नहीं चलेगा। अब घर में घुसकर भी मारेंगे और जो आतंकियों की मदद करेगा उसे भी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। 140 करोड़ देशवासी कह रहे हैं अगर तुम गोली चलाओगे, मान के चलो गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा।

पहलगाम में आतंकियों ने सिर्फ भारतीयों का खून ही नहीं बहाया उन्होंने हमारी संस्कृति पर भी प्रहार किया। उन्होंने समाज को बांटने की कोशिश की। सबसे बड़ी बात आतंकियों ने भारत की नारी शक्ति को चुनौती दी है। ये चुनौती आतंकियों और उनके आकाओं के लिए काल बन गई है।

**महिलाओं से जुड़ी योजनाएं :**

## गोली का जवाब गोले से मिलेगा

2014 से पहले 30 करोड़ बहनें ऐसी थी, जिनके बैंक खाते ही नहीं थे। हमारी सरकार ने उनके खाते खुलवाए और अलग-अलग योजनाओं के पैसे उनके खातों में भेज रही है। मुद्रा योजना से बिना गारंटी के लोन मिल रहा है। मुद्रा योजना की 75 परसेंट से ज्यादा लाभार्थी हमारी माता-बहनें हैं। देश में 10 करोड़ बहनें सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़ी हैं।

आज सरकार हर घर तक नल से जल पहुंचा रही है, ताकि हमारी माताओं-बहनों को असुविधा न हो। बेटियां अपनी पढ़ाई में ध्यान दे सकें। करोड़ों लोगों के पास पहले बिजली, एलपीजी और टॉयलेट जैसी सुविधाएं भी नहीं थीं। ये सुविधाएं भी हमारी सरकार ने पहुंचाईं। ये सिर्फ सुविधाएं नहीं हैं, ये माताओं-बहनों के सम्मान का हमारी तरफ से नम्र प्रयास है।

**प्रदेश की विकास परियोजनाएं :**

आज एमपी को पहली मेट्रो सुविधा मिली है। इंदौर पहले ही स्वच्छता के लिए दुनिया में अपनी पहचान बना चुका है। अब इंदौर की पहचान उसकी मेट्रो से भी होने जा रही है। यहां ल में भी मेट्रो का काम तेजी से चल रहा है।

दतिया और सतना भी अब हवाई सेवा से जुड़ गए हैं। इन दोनों हवाई अड्डों से विंध्य और बुंदेलखंड में एअर कनेक्टिविटी बेहतर होगी। अब मां पीतांबरा, मां शारदा देवी और चित्रकूट की यात्रा सुलभ हो जाएगी। ये सभी प्रोजेक्ट मध्य प्रदेश में सुविधाएं बढ़ाएंगे, विकास को गति देंगे और रोजगार के नए कई अवसर बनाएंगे।

*दिल्ली हाईकोर्ट से लालू यादव को झटका*

# निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक की मांग खारिज



नई दिल्ली, 31 मई (एजेंसियां)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजद प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने 'जमीन के बदले नौकरी' घोटाले से संबंधित कथित भ्रष्टाचार मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की थी। इस घोटाले की जांच सीबीआई ने की थी।

**नौकरी के बदले जमीन का मामला क्या :**

अधिकारियों ने बताया कि यह मामला मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित भारतीय रेलवे के पश्चिम मध्य क्षेत्र में ग्रुप-डी की नियुक्तियों से संबंधित है। यह नियुक्ति 2004 से 2009 के बीच लालू के रेल मंत्री रहने के दौरान की गई थी। इन नियुक्तियों के बदले में लोगों ने राजद सुप्रीमो के परिवार या सहयोगियों के नाम पर जमीन के टुकड़े उपहार में दिए या हस्तांतरित किए। 18 मई 2022 को लालू और उनकी पत्नी, दो बेटियों, अज्ञात सरकारी अधिकारियों और निजी व्यक्तियों सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। आईआरसीटीसी का मामला रेलवे भर्ती घोटाले से अलग है। आईआरसीटीसी घोटाले का आरोप भी 2004 में लालू के रेल मंत्री रहते होने की बात है। दरअसल, रेलवे बोर्ड ने उस वक्त रेलवे की कैटरिंग और रेलवे होटलों की सेवा को पूरी तरह आईआरसीटीसी को सौंप दिया था। इस दौरान रांची और पुरी के बीएनआर होटल के रखरखाव, संचालन और विकास को लेकर जारी टेंडर में अनियमिताएं किए जाने की बातें आई थीं। ये टेंडर 2006 में एक प्राइवेट होटल सुजाता होटल को मिला था। आरोप है कि सुजाता होटल्स के मालिकों इसके बदले लालू यादव परिवार को पटना में तीन एकड़ जमीन दी, जो बेनामी संपत्ति थी।

## थरूर बोले-कोलंबिया ने पाकिस्तान पर अपना बयान वापस लिया, भारत का समर्थन करेगा

> ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में मौतों पर दुख जताया था



जर्काता, 31 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शनिवार को कोलंबिया के बोगोटा में बताया कि कोलंबिया सरकार ने पाकिस्तान के समर्थन में अपना बयान वापस ले लिया है। कोलंबियाई सरकार आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख का समर्थन करते हुए नया बयान जारी करेगी। थरूर बोगोटा में तादेओ लोजानो यूनिवर्सिटी पहुंचे थे। वहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर फूल चढ़ाने के बाद उन्होंने कहा- हमने कोलंबिया की उप विदेश मंत्री रोसा योलांडा विलाविसेन्सियो से मुलाकात की। उनसे बातचीत के बाद सरकार ने बयान वापस ले लिया है। वहीं रोसा योलांडा ने कहा कि भारत की तरफ से हमें पूरी स्थिति की डिटेल जानकारी मिली है। कश्मीर में जो कुछ हुआ, वहां संघर्ष की वास्तविक स्थिति के बारे में भारत ने हमें जो कुछ भी बताया है, वह जानने के बाद हम बातचीत जारी रख सकते हैं। कोलंबियाई सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय हमलों से पाकिस्तानियों की मौत पर दुख जताया था। थरूर ने गुरुवार को कोलंबिया में इसकी आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि भारत कोलंबिया की प्रतिक्रिया से निराश है।

*राहुल को पुणे की एक अदालत से लगा झटका*

## सत्यकी सावरकर की मां की वंशावली मांगने की अर्जी खारिज

पुणे, 31 मई (एजेंसियां)। पुणे की एक अदालत ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की उस अर्जी को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने सत्यकी सावरकर की मां की पारिवारिक जानकारी (वंशावली) मांगी थी। मामले में राहुल गांधी ने यह दलील दी थी कि सत्यकी ने अपनी पिता की तरफ का पारिवारिक विवरण तो दिया है, लेकिन मां की तरफ का नहीं, जो इस मामले में जरूरी है।

लेकिन मामले में सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि यह मामला राहुल गांधी के लंदन में दिए गए भाषण से जुड़ा है, न कि किसी की पारिवारिक जानकारी से। इसलिए यह अर्जी खारिज की जाती है। बता दें कि सत्यकी सावरकर, हिंदुत्व विचारक वीर सावरकर के पड़पोते हैं और उन्होंने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया है। सत्यकी सावरकर की मां, हिमानी सावरकर, नाथूराम गोडसे के भाई गोपाल गोडसे की बेटी थीं। नाथूराम गोडसे वही हैं जिन्होंने महात्मा गांधी की हत्या की थी।

## राहुल गांधी पाकिस्तान से चुनाव लड़ेंगे तो भारी मतों से जीतेंगे : आचार्य प्रमोद कृष्णम



गाजियाबाद, 31 मई (एजेंसियां)। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर शनिवार को जोरदार तंज कसते हुए कहा कि वह पाकिस्तान में काफी लोकप्रिय हैं। अगर वह पाकिस्तान से चुनाव लड़ेंगे तो यकीनन भारी मतों से जीतेंगे। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि राहुल गांधी को अपने नेताओं के बयान पर विश्वास नहीं है। उन्हें तो पाकिस्तान के नेता पर यकीन है। अगर भारत की सेना कह रही है कि हमने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है तो राहुल गांधी सबूत मांगते हैं। अगर पाकिस्तान का नेता कुछ कह दे, उस पर तुरंत यकीन कर लेते हैं। यही वजह है कि पाकिस्तान की जनता राहुल गांधी से प्यार करती है और वे भी पाकिस्तान से बहुत प्यार करते हैं।

कांग्रेस सांसद सलमान खुर्शीद और शशि थरूर की ओर से पीएम मोदी के फैसलों की प्रशंसा करने से क्या कांग्रेस में बगावत के सुर देखने को मिलेंगे। इस पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि मैं इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहता कि कांग्रेस में विद्रोह शुरू हो गया है या नहीं, लेकिन पीएम मोदी की प्रशंसा इसलिए नहीं हो रही है क्योंकि कांग्रेस नेता ऐसा कह रहे हैं, बल्कि इसलिए हो रही है क्योंकि सच्चाई सामने आ गई है। पीएम मोदी के कार्यकाल में पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया गया है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर राहुल गांधी के आरोपों पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि सेना, संसद, संविधान पर सवाल उठाना राहुल गांधी का शौक है।

# थाईलैंड की ओपल सुचाता चुआंग्सरी को मिस वर्ल्ड 2025 का ताज




हैदराबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। मिस थाईलैंड ओपल सुचाता चुआंग्सरी को शनिवार को हैदराबाद में हाईटेक्स प्रदर्शनी केंद्र में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता के 72वें संस्करण में मिस वर्ल्ड 2025 का ताज पहनाया गया। विजेता को मिस वर्ल्ड 2024 क्रिस्टीना पिस्ज़कोवा ने ताज पहनाया, जो कई हफ़्तों तक चले सांस्कृतिक आदान-प्रदान, प्रतिस्पर्धा और जश्न का समापन था। पूर्व मिस वर्ल्ड 2016 स्टेफ़नी डेल वैले और भारतीय टेलीविजन व्यक्तित्व सचिन कुंभार द्वारा आयोजित इस ग्रैंड फ़िनाले में दुनिया भर से 108 प्रतिभागी शामिल हुए। शीर्ष प्रतिभागी हेड टू हेड चैलेंज, टॉप मॉडल, ब्यूटी विद अ पर्पस, टैलेंट, स्पोर्ट्स और मल्टीमीडिया जैसे फ़ास्ट-ट्रैक इवेंट की एक श्रृंखला से आगे बढ़े, जिसके बाद 40 क्वार्टर फ़ाइनलिस्ट, फिर प्रत्येक महाद्वीपीय समूह में शीर्ष 10, उसके बाद शीर्ष 5, शीर्ष 2 और अंत में एक विजेता का ताज पहनाया गया। निर्णायक मंडल ने फाइनलिस्टों से विचारोत्तेजक प्रश्नों का एक दौर पूछा। मिस वर्ल्ड 2017 मानुषी छिल्लर ने मिस मार्टीनिक ऑरेली जोआचिम से पूछा कि गलत सूचना के युग में विश्व नेता सच्चाई के साथ कैसे नेतृत्व कर सकते हैं। सुश्री जोआचिम ने जवाब दिया- हमें यह समझने के लिए समय निकालना होगा कि हमारे पास किस तरह की जानकारी है, उसे सत्यापित करें और फिर सही उत्तर चुनें। अभिनेता राणा दग्गुबाती ने मिस इथियोपिया हसेट डेरेजे एडमसु से सौंदर्य प्रतियोगिताओं के बारे में धारणा बदलने के बारे में सवाल पूछा। उन्होंने जवाब दिया, मिस वर्ल्ड सुंदरता से कहीं बढ़कर है।

मैं इस मुकाम तक पहुंचने वाली पहली इथियोपियाई हूं। यह उद्देश्य के बारे में है, और यह दुनिया भर की माताओं और बच्चों के लिए मायने रखता है। मिस पोलैंड माजा क्लाजदा से अभिनेत्री नम्रता शिरोडकर ने तेलंगाना में उनके अनुभव के बारे में पूछा। सुश्री क्लाजदा ने अपने व्यक्तिगत विकास पर विचार किया और कहा, मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि शर्म पर काबू पाना था। तेलंगाना के आतिथ्य ने मुझे घर की याद दिला दी, यह दूसरा परिवार है। मेरा सबसे यादगार पल एक मेडिकल टूरिज्म सुविधा की यात्रा के दौरान दिखाई गई करुणा को देखना था। अभिनेता सोनू सूद ने मिस थाईलैंड ओपल सुचाता चुआंग्सरी से पूछा कि इस यात्रा ने उन्हें कहानी कहने और व्यक्तिगत जिम्मेदारी के बारे में क्या सिखाया।

उन्होंने कहा, मैंने सीखा है कि हमें ऐसे लोग बनना चाहिए जिन्हें हमारे प्रियजन आदर्श मानते हों। चाहे हम कितनी भी दूर क्यों न चले जाएं, हमारे काम हमेशा ज़ोरदार होने चाहिए। प्रत्येक महाद्वीपीय समूह ने 45 सेकंड के रैपिड-फायर राउंड के बाद एक विजेता का चयन किया, जहां उनसे पूछा गया कि वे ताज के हकदार क्यों हैं। महाद्वीपीय रानियां मिस मार्टीनिक (अमेरिका और कैरिबियन), मिस इथियोपिया (अफ्रीका), मिस पोलैंड (यूरोप) और मिस थाईलैंड (एशिया और ओशिनिया) थीं। इससे पहले शाम को, प्रत्येक क्षेत्र से शीर्ष 10 प्रतियोगियों का चयन किया गया। एशिया और ओशिनिया के लिए, इसमें भारत, इंडोनेशिया, थाईलैंड और अन्य शामिल थे। अफ्रीका से, फाइनलिस्ट नाइजीरिया, इथियोपिया और नामीबिया जैसे देशों से थे।

यूरोप में आयरलैंड, इटली और पोलैंड से मजबूत दावेदार थे, जबकि अमेरिका और कैरिबियन में अर्जेंटीना, मार्टिनिक और संयुक्त राज्य अमेरिका के अलावा अन्य देशों के उम्मीदवार शामिल थे। प्रतिष्ठित "ब्यूटी विद अ परपज" राउंड की विजेता मिस इंडोनेशिया मोनिका केजिया सेमबिरिंग रहीं, जिन्होंने अपनी परियोजना पाइपलाइन फॉर लाइफलाइन से प्रभावित किया, जिसका उद्देश्य वंचित समुदायों में स्वच्छ जल और स्वच्छता तक पहुंच में सुधार करना था।

# भारी बारिश और भूस्खलन ने पूर्वोत्तर में मचाई तबाही

> 19 की मौत, 12 हजार से अधिक लोग प्रभावित



नई दिल्ली, 31 मई (एजेंसियां)। देश में समय से पहले आया मानसून पूर्वोत्तर में जमकर तबाही मचा रहा है। बीते तीन दिनों में पूर्वोत्तर के मणिपुर, मिजोरम, असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा में लगातार भारी बारिश, भूस्खलन और बाढ़ में 19 लोगों की मौत हो चुकी है।

जबकि 12 हजार से ज्यादा परिवार प्रभावित हुए हैं। इन राज्यों में घर गिरने से बड़ी संख्या में लोग बेघर हो गए हैं। नदियां उफान पर हैं। मौसम विभाग ने सभी राज्यों के लिए अलर्ट जारी किया है।

**मिजोरम में तीन इमारतें ढही :**

मिजोरम के दक्षिण मिजोरम के लॉन्गतलाई शहर में भारी बारिश के चलते हुए भूस्खलन के कारण पांच घर और एक होटल ढह गया। इसमें कई लोग फंस गए। लॉन्गतलाई जिले के सबसे बड़े नागरिक सामाजिक संगठन यंग लाई एसोसिएशन (वाईएलए) के स्वयंसेवकों के साथ राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसआरडीएफ) और तीसरी भारतीय रिजर्व बटालियन के कर्मियों द्वारा बचाव अभियान चलाया जा रहा है। भूस्खलन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-54 अवरूद्ध हो गया है, जिससे लॉन्गतलाई का संपर्क मिजोरम के सुदूर दक्षिणी जिले सियाहा से कट गया है।

**असम में पांच लोगों की मौत :**

भारी बारिश और भूस्खलन से असम के कामरूप मेट्रो जिले में पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं पांच जिलों में 12,000 से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए। गुवाहाटी और सिलचर में बाढ़ से 10 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए। वहीं लखीमपुर में पानी ने रिंग बांध को तोड़ दिया। आईएमडी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 24 घंटों में गुवाहाटी और इसके आसपास के इलाकों में 90 से 134 मिमी बारिश हुई है तथा आगे भी भारी बारिश का अनुमान है।

## लोकायुक्त ने सरकारी अधिकारियों के परिसरों पर की छापेमारी

बेंगलूरू, 31 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक में लोकायुक्त की टीमों ने आय से अधिक संपत्ति मामले में सरकारी अधिकारियों के परिसरों पर छापेमारी की। लोकायुक्त की टीम सात जिलों में अलग-अलग अधिकारियों के घर और दफ्तरों पर पहुंची। टीमें यहां संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर रही है। टीमों ने बेलगावी, बागलकोट, बल्लारी, उडुपी, दावणगेरे, धारवाड़ और गडग सहित सात जिलों में छापेमारी की।

कलबुर्गी लोकायुक्त अधिकारियों ने अधीक्षण अभियंता अमीन मुख्तार के आवास और अन्य ठिकानों पर छापेमारी की। अमीन मुख्तार बेल्लारी में पीडब्ल्यूडी विभाग में अधीक्षण अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। इसके अलावा टीम ने बेलगावी में उर्स पिछड़ा अभिवृद्धि निगम के जिला प्रबंधक सिद्धलिंगप्पा से जुड़े डी देवराज, बागलकोट में ग्रामीण अभिवृद्धि और पंचयातराज विभाग के प्रथम श्रेणी सहायक शैला सुभाष तत्राणी शामिल हैं।

*सीडीएस से सवाल-पाकिस्तान ने कितने भारतीय फाइटर जेट गिराए*

# महत्वपूर्ण यह नहीं-जेट विमान गिरे, जरूरी यह-क्यों गिरे : जनरल चौहान



नई दिल्ली, 31 मई (एजेंसियां)। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान से सिंगापुर में ब्लूमबर्ग ने सवाल किया- क्या पाकिस्तान ने संघर्ष के दौरान भारतीय जेट गिराए? क्या आप इसकी पुष्टि कर सकते हैं।

इसके जवाब में सीडीएस चौहान ने कहा, असली मुद्दा यह नहीं है कि कितने विमान गिरे, बल्कि यह है कि वे क्यों गिरे और हमने उनसे क्या सीखा। भारत ने अपनी गलतियों को पहचाना, उन्हें जल्दी सुधारा और फिर दो दिन के भीतर दुश्मन के ठिकानों को लंबी दूरी से निशाना बनाकर एक बार फिर प्रभावी तरीके से जवाब दिया।

इसके जवाब में सीडीएस चौहान बोले- बिल्कुल गलत है। गिनती मायने नहीं रखती, बल्कि यह मायने रखता है कि हमने क्या सीखा और कैसे सुधार किया। सीडीएस चौहान यह भी साफ किया कि इस संघर्ष में कभी भी परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की नौबत नहीं आई, जो कि एक राहत की बात है।

इससे पहले 12 मई को एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती से पूछा गया था कि क्या ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राफेल पाकिस्तान में क्रैश हुआ या मार गिराया गया? इस पर एयर मार्शल भारती ने कहा था- इस वक्त मैं इस पर कोई कमेंट नहीं करना चाहूंगा क्योंकि हम अभी भी युद्ध की हालत में हैं। अगर मैं इस पर कुछ कहूंगा तो इसका उल्टा असर होगा। हम उन्हें (पाकिस्तान को) इस वक्त कोई फायदा नहीं देना चाहते हैं। बस इतना कहूंगा कि जो मकसद हमने तय किया उसे हासिल किया और हमारे सभी पायलट सुरक्षित वापस आए। इससे पहले सीडीएस जनरल अनिल चौहान सिंगापुर में हुए शांगरी-ला डायलॉग कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने पाकिस्तान के साथ संबंधों को लेकर कहा कि अब भारत बिना किसी रणनीति के कोई काम नहीं करता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ कूटनीतिक संबंध कायम रखने का दौर खत्म हो चुका है।

सीडीएस चौहान ने याद दिलाया कि कैसे पीएम मोदी ने अपने पहले शपथ ग्रहण में पाकिस्तान के तत्कालीन पीएम नवाज शरीफ को न्योता भेजा था। उन्होंने कहा कि ताली बजाने के लिए दोनों हाथ चाहिए होते हैं, लेकिन अगर बदले में सिर्फ दुश्मनी ही मिले तो दूरी बनाए रखना एक समझदारी भरा फैसला है।

सीडीएस चौहान ने कहा कि जब भारत को आजादी मिली थी, तब पाकिस्तान सामाजिक विकास, जीडीपी या फिर प्रति व्यक्ति आय जैसे कई मामलों में भारत से आगे था। अब स्थिति बदल गई है। अब भारत, पाकिस्तान से हर मोर्चे पर आगे है। जनरल चौहान ने कहा कि यह बदलाव किसी संयोग की वजह से नहीं, बल्कि सोची-समझी रणनीति का नतीजा है।

सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने सिंगापुर में शांगरी-ला डायलॉग के दौरान 'भविष्य के युद्ध' विषय पर बात की थी। उन्होंने कहा कि अब युद्ध पहले जैसे नहीं रह गए हैं। अब युद्ध जमीन, हवा, समुद्र के अलावा साइबर और अंतरिक्ष जैसे नए क्षेत्रों में भी लड़े जा रहे हैं।

### बीड़ पैराग्लाइडिंग साइट से उड़ान भरने के बाद अंधड़ की चपेट में आया पायलट, घर के लेंटर पर गिरा

मंडी, 31 मई (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के जोगिंद्रनगर के पहलून गांव में शनिवार सुबह अंधड़ की चपेट में आने से पैराग्लाइडर पायलट घायल हो गया। सुबह 10:30 बजे के बाद पायलट ने बीड बिलिंग से उड़ान भरी थी, लेकिन बीच मे अंधड़ शुरू हो गया। इसकी चपेट में पायलट आ गया और करीब 20 किलोमीटर आ पहुंचा। पायलट जोगिंद्रनगर के पहलून गांव में एक घर के लेंटर पर जा गिरा और चोटिल हो गया। इसके बाद पायलट को एंबुलेंस में जोगिंद्रनगर अस्पताल ले जाया गया जहां उसका उपचार चल रहा है। घायल की रोटरी क्लब के सदस्यों व पहलुन गांव के लोगों ने मदद की।

# दिल्ली के मद्रासी कैंप में आज चलेगा बुलडोजर




नई दिल्ली, 31 मई (एजेंसियां)।

दक्षिण दिल्ली के जंगपुरा इलाके में मद्रासी कैंप के निवासियों ने दावा किया कि सरकारी अधिकारी 1 जून को इलाके में तोड़फोड़ अभियान को अंजाम देंगे। इस झुग्गी बस्ती में करीब 60 साल से 300 से ज्यादा मजदूर वर्ग के परिवार रहते हैं। 12 अप्रैल को अधिकारियों ने बस्ती की दीवारों पर सरकार द्वारा आवंटित फ्लैटों के लिए पात्र परिवारों की सूची चिपका दी। करीब 370 परिवारों में से सिर्फ 189 ही पात्र पाए गए। शुक्रवार को अधिकारियों द्वारा शेष निवासियों को जारी नोटिस में कहा गया कि बारापुला ब्रिज पर ट्रक खड़े किए जाएंगे। ताकि उनके सामान को आवंटित फ्लैटों तक पहुंचाया जा सके। ट्रक 1 जून तक खड़े रहेंगे।

**1 जून को 111 परिवार का बेघर होना तय**

कैंप के निवासी मुरुगन ने दावा किया कि करीब 300 परिवारों में से सिर्फ 189 को ही फ्लैट आवंटित किए गए हैं। हमें जो फ्लैट दिए जा रहे हैं, वे भी अधूरे और खराब हालत में हैं। कुछ लोगों को नरेला जैसे दूरदराज इलाकों में मकान आवंटित हुए हैं। जबकि 26 अन्य लोगों को मकान देने का वादा किया गया था, जो अब तक पूरा नहीं हुआ।

**'यहीं मर जाएंगे, झुग्गियां नहीं करेंगे खाली'**


मद्रासी कॉलोनी के लोगों का कहना है कि जिनको घर नहीं मिला, उनका क्या होगा? "हम कहां जाएंगे? हम यहीं मर जाएंगे लेकिन अपनी मद्रासी कैंप की झुग्गियां खाली नहीं करेंगे," एक महिला ने कहा हालांकि मद्रासी कैंप में डिमोलिशन की कार्रवाई से ठीक 1 दिन पहले जिन लोगों को मकान मिल गए हैं, वे झुग्गियों से अपना सामान निकालते नजर आए तो कुछ लोग अभी भी झुग्गियां खाली करने को तैयार नहीं हैं। दरअसल, दिल्ली हाईकोर्ट ने मद्रासी कैंप में सार्वजनिक भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाने का आदेश दिया है। कोर्ट के आदेश पर अधिकारी 1 जून 2025 से अमल करेंगे। यानी 1 जून से अधिकारी बुलडोजर चलाकर अवैध झुग्गियों को ध्वस्त कर सकते हैं। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा, "ध्वस्तीकरण से पहले निवासियों के पुनर्वास के लिए एक व्यवस्थित योजना भी बनाई जानी चाहिए। दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार ध्वस्तीकरण व्यवस्थित तरीके से किया जाएगा और निवासियों को केवल पुनर्वास का अधिकार होगा।" दिल्ली हाईकोर्ट के जज ने यह भी कहा था कि कोई भी निवासी पुनर्वास के अधिकार से परे किसी भी अधिकार का दावा नहीं कर सकता है, क्योंकि यह सार्वजनिक भूमि है और अतिक्रमण हुआ है।

## दिल्ली में पहली मौत, 60 वर्षीय महिला ने तोड़ा दम

नई दिल्ली, 31 मई (एजेंसियां)। दिल्ली समेत देश भर में कोरोना वायरस एक बार फिर पांव पसार रहा है। 2020 से लेकर 2022 तक आतंक मचाने वाले कोराना वायरस के मामले फिर से देश में बढ़ने लगे हैं। दिल्ली में इस वायरस से पहली मौत भी दर्ज की गई है। 60 वर्षीय महिला, जो कुछ समय पहले कोविड पॉजिटिव पाई गई थीं, उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक महिला को लैपरोटॉमी के बाद तीव्र आंत्र रुकावट की शिकायत थी। साथ ही, उनका कोविड-19 टेस्ट भी पॉजिटिव आया था। इसी के साथ दिल्ली में कोरोना के कुल एक्टिव मामले बढ़कर 294 हो गए हैं। कुछ ही समय में आंकड़ा 300 के करीब पहुंच गया है। वहीं, देशभर में आज की तारीख (31 मई) तक 2710 एक्टिव केस दर्ज किए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग ये आंकड़े जारी किए हैं। सबसे ज्यादा मामले केरल में रिपोर्ट हुए हैं, जहां एक्टिव केस की संख्या 1147 हो गई है।

दिल्ली के साथ-साथ एनसीआर में भी कोरोना के मामले बढ़ते दिख रहे हैं। 30 मई तक के आंकड़ों के मुताबिक, नोएडा में एक्टिव मरीजों की संख्या 43 पहुंच गई है। इनमें 21 पुरुष और 22 महिलाएं शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग ने इन सभी मरीजों को होम आइसोलेशन में रखने के निर्देश दिए हैं। मरीजों की हालत पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## अमृतसर एयरपोर्ट पर 41,400 डॉलर जब्त, दुबई से आया था यात्री



अमृतसर, 31 मई (एजेंसियां)।

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) अमृतसर की क्षेत्रीय इकाई ने विदेशी मुद्रा तस्करी के एक और बड़े मामले का भंडाफोड़ किया है। अधिकारियों ने खुफिया सूचना के आधार पर अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट से दुबई से आए एक यात्री को रोका। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 41,400 अमेरिकी डॉलर (भारतीय मुद्रा में करीब 35.40 लाख रुपए) की विदेशी मुद्रा बरामद हुई। डीआरआई से मिली जानकारी के अनुसार प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यात्री अपने सामान में छिपाकर तस्करी के इरादे से विदेशी मुद्रा भारत लाया था। अधिकारियों ने शक के आधार पर जब उसके सामान की गहन तलाशी शुरू की तो उसमें से विशेष रूप से छिपाए गए अमेरिकी डॉलर बरामद हुए। डीआरआई ने बताया कि जब्त की गई विदेशी मुद्रा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित वैध सीमा से अधिक है।

इस कारण इसे सीमा शुल्क अधिनियम 1962 के अंतर्गत जब्त कर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में यह संकेत मिले हैं कि आरोपी व्यक्ति मौद्रिक लाभ के उद्देश्य से तस्करी कर रहा था। गौरतलब है कि यह मामला एक महीने के भीतर विदेशी मुद्रा तस्करी का दूसरा बड़ा मामला है। इससे पहले 3 मई को डीआरआई ने 2.66 करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा के साथ एक अन्य यात्री को पकड़ा था। दोनों मामलों से यह स्पष्ट होता है कि तस्करी गिरोह दुबई जैसे विदेशों से संगठित तरीके से विदेशी मुद्रा भारत लाने की कोशिश कर रहे हैं।

## कांगड़ा में पीआईए लिखा पाकिस्तानी गुब्बारा मिलने से मचा हड़कंप




कांगड़ा, 31 मई (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा के अंतर्गत विधानसभा नूरपुर की पंचायत सुलयाली के वार्ड नंबर छह कछालू मां चतड़ी माता मंदिर के पास एक संदिग्ध गुब्बारा मिला है। इस गुब्बारे पर पाकिस्तान चिन्ह चांद और तारा है। साथ ही इस पर पीआईए भी लिखा हुआ है। कांगड़ा जिले के नूरपुर पंचायत की महिला शीतल ने बताया कि मैं, शनिवार की सुबह घर से बाहर निकली तो मैने झाड़ियों में एक गुब्बारा देखा। जब मैंने उस गुब्बारे को पास आकर देखा तो इस गुब्बारे पर पाकिस्तान चिन्ह था। इस पर पीआईए लिखा हुआ था। यह मामला सामने आने के बाद से कछालू गांव में संदिग्ध बैलून को लेकर चर्चा चरम पर है। मामला संदेहास्पद होने के कारण मैंने इसकी जानकारी अपने पिता को दी। पिता ने पंचायत प्रधान और पुलिस को सूचित किया। इस गुब्बारे को देखने स्थानीय लोग एकत्रित हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम अब इस मामले की जांच कर रही है।

**पुलिस मामले की जांच कर रही है- डीएसपी**

स्थानीय निवासी प्रीतम ने कहा कि मैं सुबह काम पर जा रहा था, तो मैंने खड्ड में देखा कि एक गुब्बारा पड़ा हुआ है। जिस पर पाकिस्तान चिन्ह छपा हुआ है। हमने इसकी सूचना पुलिस को दी और पुलिस इसकी जांच करने पहुंची। कांगड़ा के डीएसपी विशाल वर्मा ने फोन पर बताया की हमें स्थानीय लोगों द्वारा सूचना मिली थी कि सुलयाली के कछालू गांव में एक संदिग्ध पाकिस्तान चिन्हित गुब्बारा पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने गुब्बारे को अपने कब्जे में ले लिया है और आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

**कहां से आया गुब्बारा, क्या है मंशा?**

लोकल थाने प्रभारी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। थाना पुलिस यह पता लगाने की कोशिश में जुटी है कि इस घटना के पीछे मंशा क्या है और यह गुब्बारा कहां से आया?

## मुंबई पुलिस ने नकली नोटों के रैकेट का भंडाफोड़ किया

**2 लोगों को गिरफ्तार किया**



मुंबई, 31 मई (एजेंसियां)। मुंबई में मालवणी पुलिस ने नकली नोटों के एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से नकली नोट छापने की सामग्री समेत कुल लगभग 23 लाख रुपये का माल जब्त किया है। मालवणी पुलिस उपनिरीक्षक डॉ। दीपक हिंडे और निगरानी दल मालवणी पुलिस थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान थे, तभी उन्हें एक गुप्त सूचना मिली। सूचना के अनुसार, एक नीले रंग की बलेनो कार साईबाबा मंदिर के पास, मार्वे बीच रोड, मालाड (पश्चिम), मुंबई में संदिग्ध अवस्था में खड़ी थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया और निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए मौके पर पहुंचकर उक्त कार को घेर लिया। कार में मौजूद दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर जब वाहन की तलाशी ली गई, तो उसमें से 500-500 रुपये के कुल 1740 नकली नोट बरामद किए गए। इसके अलावा, एक लैपटॉप, प्रिंटर, रंगीन स्याही, विशेष प्रकार का कागज, कटर, स्केल, कैंची जैसी नकली नोट छापने में उपयोग की जाने वाली सामग्री भी जब्त की गई। मुंबई पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 661/2025 के तहत भारतीय दंड संहिता की धाराओं 178, 180, 181, 182, 318(1), और 3(5) के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। मालवणी पुलिस की यह कार्रवाई न केवल नकली नोटों के एक संगठित गिरोह को बेनकाब करने में सफल रही है, बल्कि इससे ऐसे अपराधों में संलिप्त लोगों को सख्त संदेश भी गया है कि कानून से बच पाना आसान नहीं है।

### दिल्ली-जोरहाट के बीच शुरू होगी इंडिगो की उड़ान

## सरमा बोले-अन्य शहरों के साथ भी बढ़ाएंगे हवाई संपर्क




गुवाहाटी, 31 मई (एजेंसियां)। दिल्ली से जोरहाट तक की यात्रा अब आसान और किफायती होने वाली है। इंडिगो सितंबर के मध्य से दिल्ली और जोरहाट के बीच नॉन-स्टॉप उड़ान शुरू करेगी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि एयरलाइन कंपनी ने राज्य के लिए अन्य स्थानों से भी हवाई संपर्क बढ़ाने की योजना बनाई है। मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में अपनी यात्रा के दौरान एयरलाइन के वरिष्ठ प्रबंधन से मुलाकात की थी। उन्होंने असम के अन्य प्रमुख स्थानों, विशेष रूप से सिलचर, डिब्रूगढ़ और उत्तरी लखीमपुर में हवाई संपर्क बढ़ाने का आग्रह किया था। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस मुलाकात की जानकारी दी। सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने बताया कि कम लागत वाली एयरलाइन यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगी।

**कहां से कहां तक शुरू होगी हवाई सेवा**

सीएम ने कहा दिल्ली-डिब्रूगढ़ उड़ान में अब गुवाहाटी में एक स्टॉपओवर शामिल होगा। गुवाहाटी-सिलचर उड़ान शुरू करने के लिए इस विमान के शेड्यूल को दोबारा तैयार किया जाएगा। 2025-26 में सर्दियों से गुवाहाटी-नवी मुंबई के बीच नई उड़ान शुरू होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडिगो जल्द ही उत्तरी लखीमपुर के लीलाबारी हवाई अड्डे से निर्धारित परिचालन का मूल्यांकन करेगी। सरमा ने कहा कि दिल्ली-जोरहाट सीधी उड़ान के साथ ये अतिरिक्त सुविधाएं असम की हवाई कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## गुजरात के विसावदर में अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी को दे दिया ये चैलेंज



अहमदाबाद, 31 मई (एजेंसियां)। गुजरात की विसावदर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। आज, 31 मई को आम आदमी पार्टी ने यहां भव्य रोड शो का आयोजन किया, जिसमें पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी शामिल हुए। इस रोड शो के जरिए आम आदमी पार्टी ने बीजेपी के गढ़ गुजरात के विसावदर में अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। पार्टी ने विसावदर से गोपाल इटालिया को अपना उम्मीदवार घोषित किया है और अब पूरी ताकत झोंक दी है।रोड शो के दौरान अरविंद केजरीवाल ने जनता को संबोधित करते हुए बीजेपी और कांग्रेस दोनों पर तीखे हमले किए। उन्होंने कहा, विसावदर की जनता ने 18 सालों से बीजेपी को घुसने नहीं दिया, पहले कांग्रेस को मौका दिया, अब इस बार आप को मौका दीजिए। अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी पर आरोप लगाया कि वह कांग्रेस और आप के विधायकों को तोड़कर अपनी पार्टी में शामिल कर रही है। उन्होंने मंच से चुनौती देते हुए कहा, मैं चैलेंज करता हूं कि गोपाल इटालिया को तोड़ कर दिखा दो, अगर तोड़ लिया तो केजरीवाल राजनीति छोड़ देगा। इस पर मुस्कुराते हुए गोपाल इटालिया ने जवाब दिया, सर, ऐसी कोई बात ही नहीं है।

अपने संबोधन में केजरीवाल ने कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि कांग्रेस भी धोखेबाज पार्टी है, एक नंबर की। इस बयान के जरिए उन्होंने यह संकेत दिया कि गुजरात की राजनीति में अब तीसरी ताकत के रूप में आप खुद को मजबूत करने के इरादे से उतरी है।

भगवंत मान और आतिशी ने भी रोड शो के दौरान जनता से समर्थन की अपील की और आप की ईमानदार राजनीति को आगे बढ़ाने की बात कही। गुजरात के विसावदर विधानसभा उपचुनाव में मतदान 19 जून को होगा जबकि मतगणना 23 जून को होगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 2 जून है और नामांकन पत्रों की जांच 3 जून को की जाएगी। उम्मीदवार 5 जून तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। इस उपचुनाव को लेकर तीनों प्रमुख पार्टियां बीजेपी, कांग्रेस और आप अपने-अपने स्तर पर जीत के दावे कर रही हैं।

## मुंबई के लग्जरी होटल ग्रैंड हयात को मिली बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई, 31 मई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में एक बार फिर बम ब्लास्ट की धमकी मिली है। इस बार मुंबई के लग्जरी फाइव-स्टार होटल ग्रैंड हयात को धमकी भरा कॉल आया है। बताया जा रहा है कि होटल के कस्टमर केयर नंबर पर एक अज्ञात शख्स ने कॉल कर कहा कि वहां बम है। मुंबई पुलिस के सीनियर अधिकारी ने बताया कि कॉल करने वाले ने यह दावा किया था कि बम 10 मिनट के अंदर फट जाएगा। इसके बाद होटल ने इस बात की सूचना पुलिस को दी और फिर पुलिस की बीडीडीएस (बॉम्ब डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्कॉड) ने होटल परिसर की गंभीरता से जांच की। हालांकि, गनीमत रही कि जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। इस संदर्भ में वकोला पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सूत्रों की मानें तो प्राथमिक जांच में पता चला है की जिस नंबर से होटल के कस्टमर केयर पर कॉल किया गया था, वह जर्मनी का है। जानकारी के लिए बता दें कि मुंबई के सांताक्रूज में स्थित फाइव-स्टार होटल ग्रैंड हयात को इससे पहले भी ऐसी ही एक धमकी मिली थी। हालांकि, उस बात को अब समय हो गया। साल 2022 के अक्टूबर में नशे में एक शख्स ने फोन कर कहा था कि वह पूरे होटल को बम से उड़ा देगा। इस फोन कॉल से होटल मैनेजमेंट सकते में आ गया था और तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दी थी। पुलिस ने पूरे कैंपस की सघन जांच की थी और साथ ही आरोपी की तलाश में जुट गई थी। इसके बाद जांच करते हुए पुलिस ने उस शख्स का पता लगा लिया था और मालूम चला था कि सूरज जाधव नाम के इस शख्स ने खूब शराब पी रखी थी। वह वकोला का रहने वाला था।

## आंधी-तूफान और बारिश के बाद अब बाढ़ जैसे हालात



नई दिल्ली, 31 मई (एजेंसियां)। भारत के कई राज्यों में आंधी-तूफान और बारिश का दौर चल रहा है। भारत के पूर्वोत्तर हिस्से में मौसम और भी ज्यादा बिगड़ा हुआ है। कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात और भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुसार, पिछले 24 घंटों में कामरूप (मेट्रो) जिले में भूस्खलन की घटनाओं के कारण बच्चों सहित 5 लोगों की मौत हो गई है।

**असम के इन इलाकों में आई बाढ़**

इस मामले की अधिक जानकारी देते हुए एएसडीएमए ने कहा कि शनिवार सुबह (9 बजे) शहरी बाढ़ से कुल 3 जिले और 5 राजस्व मंडल प्रभावित हुए हैं। प्रभावित जिले कामरूप, कामरूप (मेट्रो) और कछार हैं। अचानक आई बाढ़ से 10,150 लोग प्रभावित हो गए।

**मिजोरम में भी भूस्खलन की घटना**

वहीं, दूसरी ओर पूर्वोत्तर भारत के मिजोरम राज्य में भी भूस्खलन की घटना सामने आई है। दक्षिणी मिजोरम के लॉन्गतलाई शहर में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में 5 मकान और एक होटल के ढह जाने से कई लोगों के मारे जाने की आशंका है।

**मलबे में कई लोग फंसे**

स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि शुक्रवार रात करीब साढ़े 10 बजे लॉन्गतलाई के बाजार वेंग और चांदमारी इलाकों के सीमावर्ती इलाके में भूस्खलन की चपेट में आने से मकान और होटल ढह गए। उन्होंने कहा कि होटल में ठहरे म्यांमा के कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है।

**चलाया गया बचाव अभियान**

अधिकारियों ने कहा कि लॉन्गतलाई जिले के सबसे बड़े नागरिक समाज संगठन 'यंग लाई एसोसिएशन' (वाईएलए) के स्वयंसेवकों के साथ-साथ राज्य आपदा मोचन बल (एसआरडीएफ) और तीसरी भारतीय रिजर्व बटालियन के कर्मी बचाव अभियान में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि घटना की विस्तृत जानकारी अभी नहीं मिल पाई है।

### मई में सामान्य से दो फीसदी अधिक बरसे बादल

शिमला, 31 मई (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में मई के दौरान सामान्य से 2 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई है। इस अवधि के लिए 63.3 एमएम बारिश को सामान्य माना गया, लेकिन वास्तव में 64.3 मिलीमीटर बारिश ही हुई है। बिलासपुर में सामान्य से 89, हमीरपुर 110, कांगड़ा 52, मंडी 10, शिमला 47, सिरमौर 268, सोलन 212 व ऊना में 132 फीसदी अधिक बारिश हुई। इसी तरह चंबा में सामान्य से 29, किन्नौर 68, कुल्लू 38 व लाहौल-स्पीति में 50 फीसदी कम बारिश हुई। बीते 24 घंटों के दौरान कोटखाई में 9.1, कुफरी 8.8, रोहड़ू 6.0, धर्मपुर 5.2, कसौली 5.0, पांवटा साहिब 3.4, शिमला 3.3, सांगला 2.4, शिलारू 2.2, कुकुमसेरी 2.1, केलांग 2.0, कोठी और भुंतर में 1.2 मिलीमीटर बारिश हुई।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 31 मई से 3 जून के दौरान राज्य के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने का पूर्वानुमान है। 4 जून को राज्य के कुछ स्थानों पर और 5 और 6 जून को एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। 31 मई से 2 जून तक चंबा, कांगड़ा, कुल्लू व मंडी, जबकि शिमला 1-2 जून , सोलन व सिरमौर जिले में 2 जून को भारी बारिश, अंधड़ चलने का ऑरेंज अलर्ट है।

## 'हमने एक भी ऐसा काम नहीं किया, जिसमें कुछ गलत हो'

### दिल्ली में बीजेपी सरकार के 100 दिन पूरे होने पर बोलीं सीएम रेखा गुप्ता



नई दिल्ली, 31 मई (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने 31 मई को 100 दिन पूरे कर लिए। इसको लेकर दिल्ली सरकार ने एक बुकलेट जारी की है, जिसमें रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री बनने के बाद अब तक शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया गया है। इसको लेकर दिल्ली सीएम ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि दिल्ली में बीजेपी सरकार के 100 दिन पूरे होने पर एक बुकलेट जारी की गई है। जिसमें अब तक की प्रमुख उपलब्धियां को विस्तार से बताया गया है।

इस अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि दिल्ली को आयुष्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है केंद्र के साथ-साथ राज्य सरकार को भी 10 लाख का इलाज लोगों को मिल रहा है। सिर्फ 100 दिन में साढ़े तीन लाख लोगों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। 70 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों को भी इस योजना से जोड़ा गया है। सीएम ने आगे कहा कि हमने एक भी ऐसा काम नहीं किया जिसमें कुछ गलत हो, पिछली सरकारों को खूब समय मिला लेकिन किसी यमुना की सफाई को सीरियसली नहीं लिया। आज यमुना में सिर्फ नाले जाते हैं, यमुना में सिर्फ गंदगी, सीवरेज और वेस्ट जाता है।

**उन्हें सत्ता के अलावा कुछ दिखाई ही नहीं दिया**

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि जब रामलीला मैदान से आंदोलन शुरू हुआ तो हजारों-लाखों लोग इसमें शामिल हुए, मैं भी शामिल हुई, दूसरे लोग भी शामिल हुए। सभी ने इसका ये सोचकर समर्थन किया कि दिल्ली और देश में कुछ बेहतर होगा। वो लोग जो कहते थे कि उन्हें सत्ता का लालच नहीं है, वो इतने लालची हो गए कि उन्हें सत्ता के अलावा कुछ दिखाई ही नहीं देता। मेरी कैबिनेट, हमारे विधायक, सभी जनप्रतिनिधि लगातार सड़कों पर लोगों के बीच काम करते हैं।

**सोशल मीडिया पर किया पोस्ट**

सोशल मीडिया पोस्ट में सीएम ने आयुष्मान भारत योजना, यमुना सफाई अभियान, महिला समृद्धि योजना जैसे कार्यों का जिक्र भी किया है। वहीं सरकार के 100 साल पूरे होने पर सीएम रेखा गुप्ता ने कहा हम बहुत खुश और संतुष्ट हैं। दिल्ली के लोगों को जो अधिकार मिलना चाहिए था, उसे सरकार पूरी निष्ठा से दे रही है। सीएम ने कहा कि जैसे-जैसे भारत विकसित होगा वैसे ही दिल्ली भी विकसित होगी और आगे बढ़ेगी।

सुविचार: त्याग और परिश्रम भी उसी चीज के लिए करे जो आपको अपना समझते है ।

## सरकार सिंगरेणी को वैश्विक स्तर पर विस्तारित करने की योजना बना रही है : भट्टी



कोत्तागुडेम, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि राज्य सरकार सिंगरेणी को असाधारण तरीके से वैश्विक स्तर पर विस्तारित करने की योजना बना रही है। खम्मम जिले में स्थित कोत्तागुडेम में सिंगरेणी जीएम कार्यालय और कार्यशाला के उद्घाटन के दौरान भट्टी विक्रमार्क ने बताया कि सरकार ने इस विस्तार के लिए महत्वपूर्ण डेटा और सुझाव एकत्र करने के लिए विशेषज्ञों को लगाया है। उन्होंने कहा, एक बार जब हमें रिपोर्ट मिल जाएगी, तो हम कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ेंगे। अपने सौ साल के अनुभव के साथ, सिंगरेणी का तकनीकी और खनिज निष्कर्षण में लाभदायक अवसरों के लिए मूल्यांकन किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि नई खदानें अगले 30 वर्षों में 22 मिलियन टन कोयला उत्पादन करने के लिए तैयार हैं। भट्टी विक्रमार्क ने कहा, मुख्य उद्देश्य सिंगरेणी श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, जबकि व्यवसाय गौण चिंता का विषय है। सिंगरेणी श्रमिक की आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में, हम 1 करोड़ रुपये का दुर्घटना बीमा कवरेज, साथ ही अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करते हैं। यह पहल देश के इतिहास में एक नई मिसाल कायम करती है।

## वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ 'महा धरना'

हैदराबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 (डब्ल्यूएए) को वापस लेने की मांग को लेकर, विभिन्न मुस्लिम समूहों वाली एक छत्र संस्था तेलंगाना संयुक्त कार्रवाई समिति ने शनिवार को यहां धरना चौक पर एक 'महा धरना' का आयोजन किया। विरोध सभाओं में शहर के विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों के सदस्यों की भारी भागीदारी देखी गई। सभा को संबोधित करते हुए तेलंगाना जेएसी के संयोजक मुश्ताक मलिक ने कहा कि सरकार मुसलमानों की संपत्ति हड़पने के लिए वक्फ संशोधन अधिनियम लेकर आई है।

मुश्ताक मलिक ने कहा, यह मोदी सरकार द्वारा वक्फ संपत्तियों को हड़प कर मुस्लिम समुदाय को आर्थिक रूप से कमजोर करने का एक व्यवस्थित प्रयास है। मजलिस बचाओ तहरीक (एमबीटी) के अध्यक्ष मजीद उल्लाह फरहात ने कहा कि मुस्लिम समुदाय भी आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है और भाजपा सरकार कुछ न कुछ कानून लाकर उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से और कमजोर करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है।

## उत्तम ने राफेल के नुकसान पर पारदर्शिता की मांग की

नई दिल्ली/हैदराबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। सिंचाई एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री एन. उत्तम कुमार रेड्डी, जो भारतीय वायुसेना के अनुभवी हैं, उन्होंने शनिवार को भारत सरकार से हाल ही में चार दिवसीय भारत-पाकिस्तान अभियान के दौरान हुए नुकसान, विशेष रूप से राफेल लड़ाकू विमानों को मार गिराए जाने की खबर के बारे में पूरी पारदर्शिता की मांग की। नई दिल्ली में एआईसीसी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, उत्तम कुमार रेड्डी ने केंद्र की भाजपा नीत सरकार पर विमानों की आपूर्ति में देरी, प्रतिभा की कमी और स्वीकृत और परिचालन स्क्वाड्रनों के बीच अंतर के बारे में वायुसेना प्रमुख द्वारा उठाई गई चिंताओं पर तत्काल कार्रवाई करने का दबाव डाला। अपना परिचय देते हुए, उत्तम कुमार रेड्डी ने अपनी रक्षा पृष्ठभूमि के बारे में विस्तार से बताया कि वे राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से स्नातक, एक पूर्ण रूप से परिचालन लड़ाकू पायलट जिसने चीनी सीमा पर मिग-21 और पश्चिमी क्षेत्र में मिग-23 उड़ाए, और भारत के राष्ट्रपति के पूर्व एडीसी रह चुके हैं। उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा, मैंने कई लड़ाकू ठिकानों पर काम किया है जो अब खबरों में हैं। मैं चार विमानों का लीडर और ट्रेनर कैप्टन था, इसलिए मैं परिचालन वास्तविकताओं को समझता हूं। उन्होंने हाल ही में भारत-पाक अभियान में भारतीय वायुसेना की भूमिका की खुलकर प्रशंसा की और इसे "एक बहुत ही निर्णायक जीत" बताया। मंत्री ने कहा, कांग्रेस पार्टी में हम सभी को इस बात पर गर्व है कि भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के नौ ठिकानों में आतंकवादी शिविरों पर हमला किया और सटीकता के साथ हमारे आसमान की रक्षा की। यह वास्तव में एक बेहतरीन अभियान था जिसने सभी उद्देश्यों को पूरा किया।

हालांकि, उत्तम कुमार रेड्डी ने तुरंत ही एयर चीफ मार्शल एपी सिंह द्वारा उठाए गए गंभीर मुद्दों पर बात की, जिन्होंने कहा कि उन्होंने हाल ही में कई बयान दिए हैं जो हम सभी को चिंतित करने चाहिए। उन्होंने लड़ाकू विमानों और हथियारों की आपूर्ति में गंभीर देरी के बारे में वायुसेना प्रमुख की चेतावनियों का हवाला दिया, जो उन्होंने कहा, वायुसेना के लिए एक गंभीर समस्या है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि संसदीय रक्षा समिति में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने और उनके सहयोगियों ने बार-बार इस बात को उठाया था कि भारत के परिचालन लड़ाकू स्क्वाड्रन 42 स्क्वाड्रन की स्वीकृत शक्ति से कम हैं- प्रत्येक में 16 से 18 विमान हैं। उन्होंने कहा, भारत के पास वर्तमान में केवल 31 स्क्वाड्रन हैं, जो कि आवश्यकता से काफी कम है, खासकर जब हम चीन और पाकिस्तान दोनों से खतरे का सामना कर रहे हैं। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि तीनों सशस्त्र बलों में 10 प्रतिशत से अधिक जनशक्ति की कमी है, यह समस्या कोविड-19 महामारी के दौरान भर्ती में मंदी से और खराब हो गई है, जो अभी तक ठीक नहीं हुई है।

उन्होंने कहा, हमारी दोनों सीमाओं पर मौजूद खतरों को देखते हुए, हमें स्वीकृत संख्या से आगे जाना चाहिए। उत्तम कुमार रेड्डी ने वायुसेना प्रमुख की हताशा को दोहराते हुए तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान समय पर देने में विफल रहने के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, यह एक गंभीर समस्या साबित हो सकती है। वायुसेना प्रमुख ने खुद इस स्थिति पर अपनी नाखुशी जाहिर की है, और पूरे देश और भारत सरकार को इस वास्तविकता को समझना चाहिए कि हमें अपने सशस्त्र बलों को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है। एयर चीफ मार्शल को सीधे उद्धृत करते हुए, उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा, भारत रक्षा प्रौद्योगिकी और उत्पादन में चीन से पीछे रह गया है, जबकि हमारे प्रशिक्षण मानक बेहतर बने हुए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए, और सरकार से आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने का आग्रह किया। उत्तम कुमार रेड्डी ने बताया कि वर्तमान में वायु सेना को सालाना 35 से 40 लड़ाकू विमानों की आवश्यकता है, लेकिन एचएएल, जिसे प्रति वर्ष 24 लड़ाकू विमान आपूर्ति करने का अनुबंध मिला है, वह भी देने में विफल रहा है।

उन्होंने कहा, वायुसेना प्रमुख ने एक और गहरी दुर्भावना को भी चिन्हित किया है- अवास्तविक समयसीमाओं के साथ हस्ताक्षरित अनुबंध जो खरीद प्रक्रिया को दूषित करते हैं और संस्थागत विश्वास को खत्म करते हैं। उन्होंने वायुसेना में प्रतिभाओं की कमी के मुद्दे को भी संबोधित किया, और इस बात पर प्रकाश डाला कि सर्वश्रेष्ठ दिमाग पर्याप्त संख्या में सेवा में शामिल नहीं हो रहे हैं, खासकर ऑपरेशनल और आरएंडडी विंग में। उत्तम कुमार रेड्डी ने जोर देकर कहा, प्रौद्योगिकी में देरी, प्रौद्योगिकी से वंचित होने के समान है, उन्होंने सरकार से शीर्ष प्रतिभाओं को आकर्षित करने का आह्वान किया।

## गोदावरी पुष्करलु को बड़े पैमाने पर आयोजित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : श्रीधर बाबू




भूपालपल्ली, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। आईटी और उद्योग मंत्री दुदिल्ला श्रीधर बाबू ने कहा है कि राज्य सरकार 2027 में गोदावरी पुष्करलु को बड़े पैमाने पर आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। "सरस्वती पुष्करलु - धन्यवाद दिवस" कार्यक्रम शनिवार को भूपालपल्ली में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंत्री श्रीधर बाबू, भूपालपल्ली विधायक गंड्रा सत्यनारायण राव, जिला कलेक्टर राहुल शर्मा और अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। इस अवसर पर बोलते हुए, श्रीधर बाबू ने कहा कि आगामी गोदावरी पुष्करलु को ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकार कालेश्वरम तक जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग को चार लेन वाली सड़क में अपग्रेड करने के उपाय शुरू कर रही है और कालेश्वरम और अन्य प्रमुख स्थानों पर नए बस डिपो के निर्माण की योजना भी चल रही है। उन्होंने कहा कि सरस्वती पुष्करालु के दौरान लगभग 30 लाख भक्तों ने त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई और इस आयोजन से टीएसआरटीसी को लगभग 10 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, इसके अलावा मुफ्त बस यात्रा प्रदान करने से लाखों महिलाएं आसानी से उत्सव में भाग ले सकीं। कुछ व्यक्तियों द्वारा सरस्वती पुष्करालु की सफलता को पटरी से उतारने की साजिश रचने और छोटी-छोटी बातों को बढ़ा-चढ़ाकर हमें बदनाम करने की कोशिश करने के बावजूद, हम अडिग रहे और इसे एक बड़ी सफलता बनाया।

## पीड़ित कर्मचारियों और शिक्षकों का सचिवालय पर विरोध प्रदर्शन करने का प्रयास

हैदराबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। जीओ 317 के पीड़ित कर्मचारियों और शिक्षकों ने आज शहर में राज्य सचिवालय पर विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित करने का प्रयास किया। इसने राज्य सरकार से मांग की कि प्रभावित कर्मचारियों को उनकी स्थानीय स्थिति के आधार पर उनके मूल स्थानों पर आवंटित किया जाए। जेएसी नेताओं ने मांग की कि जीओ 317 के पीड़ित कर्मचारियों और शिक्षकों को तुरंत उनके स्थानीय जिलों और क्षेत्रों में नियुक्त किया जाए, जैसा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनावों से पहले वादा किया था। बड़ी संख्या में अपने परिवार के सदस्यों के साथ राज्य सचिवालय पहुंचने की कोशिश करने वाले कर्मचारियों और शिक्षकों को पुलिस ने हर जगह रोक दिया और गिरफ्तार कर लिया। सचिवालय के आसपास के इलाकों में भारी संख्या में पुलिस तैनात की गई थी। जेएसी नेताओं ने पुलिस द्वारा अवरोध पैदा करने और जिलों से आने वालों की गिरफ्तारी की निंदा की। उन्होंने कहा कि रेवंत रेड्डी ने टीपीसीसी अध्यक्ष रहते हुए उन्हें न्याय दिलाने का वादा किया था, लेकिन न्याय केवल कुछ लोगों के साथ हुआ। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक सभी जीओ को न्याय नहीं मिल जाता, उनका संघर्ष जारी रहेगा।

पूर्व तट रेलवे

(1) निविदा सूचना सं. eT-HQ-WAT-11-2025 दिनांक : 26.05.2025
कार्य का नाम : सहायक मण्डल अभियन्ता/एस्टेट/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन (1) सीनियर सेक्शन इंजीनियर / कार्य / मुख्यालय / वाल्टियर के सेक्शन में मण्डल रेलवे प्रबंधक कर्यालय परिसर में शौचालयों में सुधार एवं अन्य विविध सुधार कार्य एवं (2) सीनियर सेक्शन इंजीनियर / कार्य / साउथ के सेक्शन में टाइप-V रेलवे क्वार्टरों में मॉड्यूलर किचन का प्रावधान।
कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 83,99,168.66, EMD: ₹ 1,68,000/-

(2) निविदा सूचना सं. eT-HQ-WAT-12-2025 दिनांक : 26.05.2025
कार्य का नाम : सहायक मण्डल अभियन्ता/एस्टेट/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन (1) वन्दे भारत स्लेपर्स के लिए यूनिट एक्सचेंज मटेरियल स्टोरेज सुविधा का प्रावधान एवं (2) सीनियर सेक्शन इंजीनियर / कार्य / डीजल लोको शेड एवं इलेक्ट्रिक लोको शेड / वाल्टियर के सेक्शन में NCC, विशाखापट्टनम में कंप्रेस्ड एयर सप्लाइ एवं वितरण प्रणाली।
कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 1,58,11,045.34, EMD: ₹ 2,29,100/-

(3) निविदा सूचना सं. eT-HQ-WAT-13-2025 दिनांक : 26.05.2025
कार्य का नाम : सहायक मण्डल अभियन्ता/एस्टेट/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर / कार्य / वेस्ट / वाल्टियर के सेक्शन में विशाखापट्टनम स्टेशन के इस्ट साइड में कीट नियन्त्रण एवं OBHS सेवाओं के लिए लिनेन भंडारण (Storage) सुविधा एवं सामग्री भंडारण (Storage) सुविधा का निर्माण।
कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 1,92,14,055.81, EMD: ₹ 2,46,100/-

(4) निविदा सूचना सं. eT-HQ-WAT-14-2025 दिनांक : 26.05.2025
कार्य का नाम : सहायक मण्डल अभियन्ता/एस्टेट/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर / कार्य / इलेक्ट्रिक लोको शेड एवं डीजल लोको शेड के सेक्शन में NCC, विशाखापट्टनम में कवर शेड के विस्तार द्वारा सीक (Sick) लाइन की क्षमता में वृद्धि।
कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 3,81,88,360.33, EMD: ₹ 3,41,000/-

कार्य पूरा होने की अवधि: 06 (छह) महीने (क्रम सं. 1 के लिए), 08 (आठ) महीने (क्रम सं. 2 एवं 3 के लिए) एवं 09 (नौ) महीने (क्रम सं. 4 के लिए)।
निविदा बंद होने की तिथि व समय : 19.06.2025 को 1500 बजे (सभी निविदाओं के लिए)।
ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पन्द्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।
मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर
PR-183/Q/25-26

## महिला से दोस्ती करने के बाद व्यक्ति पर यौन उत्पीड़न का केस

हैदराबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। बंजारा हिल्स पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ एक महिला का कथित रूप से यौन उत्पीड़न करने और उससे जबरन पैसे ऐंठने का मामला दर्ज किया है। महिला से उसकी दोस्ती सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हुई थी। बंजारा हिल्स निवासी महेंद्र वर्धन तीन साल पहले फेसबुक पर महिला के संपर्क में आया था। कुछ हफ़्तों तक चैटिंग के बाद उन्होंने एक दूसरे को फ़ोन नंबर दिए और एक दूसरे के संपर्क में रहने लगे।

बंजारा हिल्स पुलिस ने बताया, साल 2023 में, उस व्यक्ति ने महिला को अपने घर पर दोपहर के भोजन के लिए आमंत्रित किया था और उसे नशीले पदार्थ से युक्त पेय पदार्थ पिलाया था। इसे पीने के बाद महिला बेहोश हो गई और उस व्यक्ति ने पीड़िता के साथ यौन उत्पीड़न किया। कथित तौर पर उस व्यक्ति ने महिला की आपत्तिजनक स्थिति में तस्वीरें लीं और उसके बाद उसे धमकाना और ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और अलग-अलग मामलों में 20 लाख रुपये की वसूली की। हाल ही में उस व्यक्ति ने महिला से 1 करोड़ रुपये की मांग की, जिसके बाद महिला ने पुलिस से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

## केंद्रीय मंत्री सोमन्ना ने बीदर रेलवे स्टेशन पर पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया



हैदराबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। रेल और जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने शनिवार को बीदर रेलवे स्टेशन के चल रहे पुनर्विकास कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ एससीआर के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन, सिकंदराबाद डिवीजन के मंडल रेल प्रबंधक भारतेश कुमार जैन और अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारी मौजूद थे। मंत्री ने बीदर रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की, जिसे 24.35 करोड़ रुपये की लागत से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किया जा रहा है। मंत्री ने किए जा रहे उन्नयन कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को काम में और तेजी लाने की सलाह दी ताकि परियोजना को जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। उन्होंने आगामी स्टेशन के 12 मीटर चौड़े फुटओवर ब्रिज, रैंप, लिफ्ट, एस्केलेटर, बुकिंग कार्यालय, पार्किंग और सर्कुलेटिंग एरिया आदि के चल रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया। माननीय मंत्री ने स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की भी समीक्षा की और अधिकारियों को आधुनिकीकरण कार्यों के दौरान रेल उपयोगकर्ताओं को असुविधा से बचने के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतने और उच्च अधिकारियों द्वारा नियमित अंतराल पर पूरी सुरक्षा जांच करने का निर्देश दिया। वी. सोमन्ना ने बीदर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की, सुरक्षा और संरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए यात्रियों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों द्वारा किए गए व्यापक उपायों की जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के संशोधनों से जुड़े पुनर्विकास कार्य को देखते हुए प्रभावी भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा संवर्द्धन और यात्री सहायता पहल की आवश्यकता है। इससे पहले, सोमन्ना ने सिकंदराबाद डिवीजन में नागलपल्ले-बीदर सेक्शन का विस्तृत रियर विंडो निरीक्षण किया। माननीय मंत्री ने ट्रैक सुरक्षा पहलुओं का गहन निरीक्षण किया और क्षेत्र में आगे के रेल विकास पर महाप्रबंधक और अधिकारियों के साथ समीक्षा की।

## माओवादी पार्टी ने 10 जून को भारत बंद का आह्वान किया

हैदराबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। माओवादियों को जड़ से उखाड़ने के उद्देश्य से केंद्र सरकार "ऑपरेशन कगार' चला रही है। हाल ही में तेलंगाना और छत्तीसगढ़ राज्यों के सीमावर्ती जिलों में हुई मुठभेड़ में कुल 27 माओवादियों की जान चली गई। इस संदर्भ में माओवादी पार्टी की केंद्रीय समिति ने अपने प्रमुख नेता संबल केशव राव और उनकी टीम के सदस्यों की मौत के विरोध में 10 जून को भारत बंद का आह्वान किया है।

इसी तरह, यह घोषणा की गई कि शहीदों के लिए 11 जून से 3 अगस्त 2025 तक श्रद्धांजलि सभाएं आयोजित की जाएंगी। इसमें कहा गया कि 2024 से केंद्रीय सुरक्षा बलों द्वारा किए गए जवाबी हमलों में 540 माओवादी मारे गए हैं। इसमें यह भी कहा गया कि भले ही उसने शांति वार्ता के लिए अपनी तत्परता की घोषणा की है, लेकिन केंद्र सरकार ऑपरेशन कगार को नहीं रोक रही है, जबकि उसने पिछले दो महीनों से संयम बनाए रखा है। माओवादी केंद्रीय कमेटी के प्रवक्ता अभय ने आज एक पत्र जारी कर कहा कि वे केंद्र सरकार के फासीवादी रवैये के विरोध में 10 जून को भारत बंद का आह्वान कर रहे हैं। पत्र में 21 मई को भारतीय क्रांतिकारी आंदोलन के इतिहास का काला दिन बताया गया है। अभय ने ब्राह्मणवादी हिंदुत्व फासीवादी, रक्तपिपासु और ईश्वर-हत्यारे प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री पर माओवादियों के खिलाफ सीधे युद्ध की घोषणा करने का आरोप लगाया।

उन्होंने आरोप लगाया कि नारायणपुर माड़ क्षेत्र में भारतीय सेना, अर्धसैनिक बल, कमांडो बल और छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा चलाए गए संयुक्त अभियान में माओवादी केंद्रीय कमेटी के महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवा राजू और पीएलडीए के विभिन्न स्तर के नेतृत्व की बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बेशर्मी से फर्जी मुठभेड़ को अपनी ऐतिहासिक जीत घोषित करना शर्मनाक है।

## नकली बीज और कीटनाशक आपूर्तिकर्ताओं को पीडी अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की चेतावनी

### तेलंगाना डीजीपी ने जारी किए सख्त निर्देश

हैदराबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक ने नकली बीज और कीटनाशक आपूर्तिकर्ताओं को चेतावनी दी है कि यदि वे अवैध और आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाए गए तो उनके खिलाफ सार्वजनिक वितरण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नकली बीजों और नकली कीटनाशकों की बिक्री को रोकने के लिए गंभीर है। विकाराबाद, गदवाल, राचकोंडा, वारंगल और रामागुंडम में पुलिस ने छापेमारी की और भारी मात्रा में नकली बीज, अवैध रूप से निर्मित कीटनाशक, कीटनाशक जब्त किए गए। डीजीपी डॉ. जितेन्द्र ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई नकली बीज बेचने की कोशिश करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि वे केवल अधिकृत डीलरों से ही बीज खरीदें, न कि 'रातों-रात' काम करने वाले ऑपरेटरों या गलत काम करने वालों से। नकली बीज, खाद, कीटनाशक आदि से संबंधित किसी भी जानकारी के मामले में, नागरिकों को नजदीकी पुलिस स्टेशन से संपर्क करना चाहिए। उन्होंने कहा कि तेलंगाना पुलिस किसानों के प्रति सर्वोच्च सम्मान रखती है, जो 'अन्नदाता' हैं।

## भाजपा ने शासन के बजाय फोटो खिंचवाने को प्राथमिकता देने के लिए रेवंत रेड्डी की आलोचना की

हैदराबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी की तेलंगाना इकाई ने शनिवार को मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी पर तीखा हमला किया और उन पर शासन के गंभीर मुद्दों को संबोधित करने के बजाय मुख्यमंत्री कार्यालय को फोटो खिंचवाने और मीडिया तमाशा दिखाने का मंच बनाने का आरोप लगाया। मोदी सरकार के सैन्य रिकॉर्ड पर सवाल उठाने और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस पाने में विफलता का आरोप लगाने वाले रेवंत रेड्डी की हालिया टिप्पणियों का जिक्र करते हुए सुभाष ने कहा, क्या वह एक कल्पना में जी रहे हैं? यहां तक कि एक राष्ट्रीय दैनिक अखबार जिसने एक बार ऐसे दावे प्रकाशित किए थे, उसे रक्षा मंत्रालय द्वारा तथ्यों को स्पष्ट किए जाने के बाद उन्हें वापस लेना पड़ा था। फिर भी, सीएम इन झूठों को दोहराना पसंद करते हैं, संभवतः अपनी पार्टी के आलाकमान राहुल गांधी और सोनिया गांधी का पक्ष लेने के लिए, जिनकी बदौलत वह सीएम की कुर्सी पर पहुंचे हैं। सुभाष ने सवाल किया कि क्या मुख्यमंत्री के मन में भारतीय सशस्त्र बलों के लिए कोई सम्मान है, उन्होंने बताया कि सैन्य संचालन महानिदेशालय (डीजीएमओ) ने बहुत पहले ही उन तथ्यों को स्पष्ट कर दिया था, जिन्हें रेवंत लगातार तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं।

## चेन स्नैचरों ने महिला दुकानदार को बनाया निशाना

हैदराबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। उप्पल में शनिवार को दो महिला चेन स्नैचरों ने एक बुजुर्ग महिला दुकानदार को निशाना बनाया और उसका सोने का 'मंगलसूत्र' छीनकर फरार हो गईं। संदिग्धों ने अपने चेहरे को स्कार्फ से ढक रखा था और विजयपुरी कॉलोनी में चूड़ियों की दुकान चलाने वाली संध्या के पास ग्राहक बनकर पहुंचे। खरीदने के बहाने उन्होंने कथित तौर पर उसके चेहरे पर अज्ञात पदार्थ छिड़क दिया और उसकी करीब चार तोले की चेन और अन्य सामान छीन लिया। जब तक उसने शोर मचाया, उचक्के भाग गए। शिकायत के आधार पर उप्पल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। वे अपराधियों की पहचान के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं।

## पाम ऑयल आयात शुल्क में कमी का असर किसानों पर : कोदंडा रेड्डी

हैदराबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। किसान आयोग के अध्यक्ष कोदंडा रेड्डी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पाम ऑयल पर आयात शुल्क में कमी का पाम ऑयल किसानों पर गंभीर असर पड़ेगा। उन्होंने याद दिलाया कि रेवंत रेड्डी सरकार राज्य में पाम ऑयल की खेती को बढ़ाने के लिए कई प्रोत्साहन दे रही है, जिससे किसान राज्य में पाम ऑयल की खेती करने के लिए आगे आ रहे हैं।

ऐसे समय में केंद्र सरकार द्वारा पाम ऑयल के आयात पर शुल्क कम करना सही फैसला नहीं है। उन्होंने कहा कि इससे आयात करने वाले उद्योगों को फायदा होगा। एक तरफ राज्य सरकार किसानों को प्रोत्साहित कर रही है और सब्सिडी दे रही है, लेकिन केंद्र सरकार के इस बिजली जैसे फैसले से पाम ऑयल की खेती करने वाले किसानों को नुकसान होगा। केंद्र की सरकार ने पहले भी बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर आयात शुल्क कम करके कंपनियों को मुनाफे में ला दिया है। इस आयात-निर्यात नीति से पाम ऑयल बागानों की खेती पर असर न पड़े, इसका मतलब है कि केंद्र सरकार को तुरंत तेलंगाना राज्य सरकार से सलाह-मशविरा करना चाहिए और किसानों के साथ नरमी से फैसला लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि तेलंगाना किसान आयोग इस आयात पर शुल्क कम करने और तेलंगाना में पाम ऑयल बागानों में भारी निवेश करके किसानों को लाभ मिलने से पहले इस फैसले पर गंभीरता से विचार करेगा।

## सीवेज मरम्मत कार्य के कारण हैदराबाद में यातायात सलाह जारी

हैदराबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद यातायात पुलिस ने शनिवार को ओल्ड मालकपेट में एचएमडब्ल्यूएस एंड एसबी कार्यों के मद्देनजर यातायात सलाह जारी की। यातायात पुलिस द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि अकबर प्लाजा, ओल्ड मालकपेट में भारी सीवेज जल रिसाव और एचएमडब्ल्यूएस एंड एसबी द्वारा चल रहे मरम्मत कार्यों के कारण चदरघाट से नलगोंडा एक्स रोड तक यातायात की धीमी गति है। इसलिए चदरघाट से दिलसुखनगर की ओर आने वाले यात्रियों से अनुरोध है कि वे सड़क से बचें और काम पूरा होने तक वैकल्पिक मार्ग अपनाएं। यातायात पुलिस ने जनता से सहयोग करने का आग्रह किया।

पूर्व तट रेलवे

मर्रीपालेम पैसेंजर हॉल्ट पर टिकटों की बिक्री के लिए पैसेंजर हॉल्ट एजेंट की नियुक्ति

अधिसूचना सं. WCM/2/MIPM PH दिनांक : 22.05.2025

विशाखापट्टनम रेलवे स्टेशन द्वारा सेवा प्रदायी मर्रीपालेम पैसेंजर हॉल्ट में कमिशन एजेंट की नियुक्ति हेतु इच्छुक स्थानीय अभ्यर्थी (जहाँ पैसेंजर हॉल्ट अवस्थित है, उसी स्थान का स्थायी निवासी होना चाहिए) से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। ''प्रारंभिक ठेका अवधि 05 वर्षों के लिए होगी, जिसे दो चरणों में यानि प्रत्येक 2 एवं 1/2 वर्ष के अंतराल में अगले 05 वर्षों तक बढाया जा सकता है, जो कि कमिशन एजेंट के रूप में संतोषजनक कार्य निष्पादन एवं सही समय पर रेलवे देय भुगतान पर निर्भर करता है।'' हॉल्ट ठेकेदारों को प्रदानयोग्य कमिशन नीचे दिए गए अनुसार होगा :

मासिक टिकट बिक्री की मात्रा एवं प्रदेय कमिशन :
* ₹ 1/- से 15,000/- : 15%,
* ₹ 15,001/- से 50,000/- : 12%,
* ₹ 50,001/- से 1,00,000/- : 9%,
* ₹ 1,00,001/- से 2,00,000/- : 6%,
* ₹ 2,00,000/- और उससे अधिक : 3%.

महीने के अंत में हॉल्ट ठेकेदार को महीने के दौरान प्रत्येक दिन अर्जित कमिशन के आधार पर कमिशन भुगतान किया जायेगा। पैसेंजर हॉल्ट के लिए आवेदनपत्र में अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, स्थायी पता, आयु सीमा, शैक्षणिक अर्हता और अनुभव, क्या वे एक सेवानिवृत्त रेल कर्मचारी हैं, तथा अन्य प्रासंगिक विस्तृत विवरण अवश्य उल्लेखित होना चाहिए। हॉल्ट ठेकेदार कम से कम 10 वीं कक्षा परीक्षा में उत्तीर्ण होने के साथ-साथ उसके पास सरल अंग्रेजी का कार्यसाधक ज्ञान होना चाहिए। अभ्यर्थी को संबंधित पुलिस स्टेशन से प्राप्त चरित्र पूर्ववृत्त (Character Antecedents) से संबंधित प्रमाणपत्र, स्कूल / सरकारी अधिकारी से प्राप्त आचरण प्रमाणपत्र (Conduct Certificate) तथा स्थानीय पंचायत द्वारा जारी शोधन क्षमता (Solvency) और अनुभव से संबंधित प्रमाणपत्रों संलग्न करना होगा।
पैसेंजर हॉल्ट के लिए चयनित अभ्यर्थी को रु. 4,00,000/- (रुपये चार लाख मात्र) की सुरक्षा जमा राशि दाखिल करने के साथ-साथ रेलवे के साथ एक समझौता भी करना होगा। चयनित अभ्यर्थी को किसी सरकारी अस्पताल से चिकित्सा प्रमाणपक्ष जमा करना होगा, जिसमें यह उल्लेख होना चाहिए कि संबंधित व्यक्ति सक्रिय रूप से सेवा प्रदान करने के लिए पूरी तरह से सक्रिय है और किसी भी तरह की संक्रामक बीमारी से मुक्त है।
मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व तट रेलवे, दोण्डापार्थि, विशाखापट्टनम के कार्यालय में रखे गये बॉक्स में आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि दिनांक 26.06.2025 को 1100 बजे तक है।
यह अधिसूचना वेबसाइट www.eastcoastrail.indianrailways.gov.in ➲ About us ➲ Division ➲ Waltair Division ➲ Tenders, Notifications and Announcements पर उपलब्ध है। किसी भी कारण दर्शाए बिना किसी भी आवेदन को निरस्त करने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है।
PR-181/Q/25-26 वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक /वाल्टियर

# सीजेआई बोले–योगी जी देश के सबसे पावरफुल सीएम

### हाईकोर्ट की नई बिल्डिंग का उद्घाटन किया, योगी ने कहा-महाकुंभ में कोर्ट की बड़ी भूमिका रही



प्रयागराज, 31 मई (एजेंसियां)। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि योगी जी इस देश के सबसे पावरफुल सीएम हैं। प्रयागराज पहुंचे सीजेआई ने इलाहाबाद हाईकोर्ट परिसर में मल्टीलेवल पार्किंग और अधिवक्ता चेम्बर्स का उद्घाटन किया। बी आर गवई सीजेआई का पद संभालने के बाद पहली बार इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंचे हैं। सीजेआई ने कहा- इस देश के आखिरी नागरिक तक पहुंचना हमारा मौलिक कर्तव्य है। जब तक बार और बेंच साथ में काम नहीं करते, तब तक हम न्याय के रथ को आगे नहीं बढ़ा सकते। आज इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बहुत अच्छा उदाहरण दिया है, जिसे हम रोल मॉडल बोल सकते हैं। उन्होंने कहा-मेरे नालेज में इतनी बड़ी इमारत वकीलों के लिए पूरे वर्ल्ड में भी नहीं होगी। यहां वादकारियों का भी ख्याल रखा गया है। बगल के भूखंड में वादकारियों के लिए कुछ प्लानिंग है, जहां बच्चे लेकर आने वाली महिलाओं के लिए क्रेच भी बनेगा। इस कार्यक्रम में सीएम योगी और केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद रहे। योगी ने कहा कि महाकुंभ में इलाहाबाद हाईकोर्ट की बड़ी भूमिका रही। अगर कोर्ट कुंभ के पहले अगर किसी काम में स्टे कर देता तो यह सफलतापूर्वक संपन्न न हो पाता। योगी बोले-अधिवक्ताओं के ऐसी चेंबर आप लोगों को ठंडा करेंगे योगी ने कहा-याद कीजिए इसी इलाहाबाद हाईकोर्ट में 2017 में पीएम मोदी का आगमन हुआ था। उन्होंने कहा था- सुशासन की पहली शर्त है रूल ऑफ लॉ। यानी कानून का शासन। इसमें बार और बेंच के साथ-साथ वादकारी का भी महत्व है। प्रयागराज धर्म, ज्ञान और न्याय की भूमि के रूप में देश और दुनिया का ध्यान आकर्षित करता है। महाकुंभ में कौन सा व्यक्ति होगा, जिसने त्रिवेणी में डुबकी लगाकर अपनी विरासत के साथ जोड़ने में गौरव की अनुभूति न की हो। 6 साल पहले गोरखपुर विकास प्राधिकरण ने मल्टीलेवल पार्किंग बनाई था। मगर यह नहीं चली नहीं। मैंने कहा- चलेगी भी नहीं। सबसे पहले ऊपर के दो फ्लोर कॉमर्शियल कर दीजिए। इसके बाद में आपसे बात करूंगा। अब वहां कॉम्पलेक्स फुल है। यहां पर मल्टीलेवल पार्किंग के साथ-साथ अधिवक्ताओं को चेंबर दिए गए हैं। अधिवक्ताओं के ये एसी चेंबर आप लोगों को भी ठंडा करेंगे।

**बिल्डिंग का सदुपयोग कीजिए-जस्टिस विक्रम नाथ**

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा-इलाहाबाद बार एसोसिएशन बहुत अच्छा है। सुप्रीम कोर्ट भी नहीं समझ पाता है कि यहां काम कैसे होता है। उन्होंने कहा- इस बिल्डिंग का पूरा सदुपयोग कीजिएगा। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- इलाहाबाद हाईकोर्ट का बहुत ही गौरवमयी इतिहास रहा है। हाईकोर्ट में हो रहे समारोह में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेके माहेश्वरी, जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस पंकज मित्तल, जस्टिस मनोज मिश्र एवं जस्टिस राजेश बिंदल शामिल हुए।

# रिटायर्ड नौसेना अधिकारी से 2 करोड़ की ठगी 6 गिरफ्तार, दुबई से चल रहा था नेटवर्क

बिजनौर, 31 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बिजनौर में एक रिटायर्ड नौसेना अधिकारी से 2 करोड़ 8 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। साइबर क्राइम थाना, स्वाट और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी दिल्ली, लखनऊ, मुरादाबाद और काशीपुर के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि इस ठगी के पीछे एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क है, जिसका सरगना दुबई और हांगकांग से ऑपरेट करता है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि कोतवाली देहात क्षेत्र के लालपुर निवासी रिटायर्ड नौसेना अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने 1 मई को साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया, जहां एक महिला ने खुद को शेयर मार्केट सलाहकार बताकर निवेश के लिए प्रेरित किया। शुरुआत में छोटे निवेश पर मुनाफा दिखाकर उनका भरोसा जीता गया। इसके बाद उन्हें 'बीएन फास्ट ट्रैक' नामक ऐप डाउनलोड करवाया गया, जो फर्जी था। इस ऐप के डैशबोर्ड पर फर्जी मुनाफा दिखाकर उनसे 51 बार आईएमपीएस और आरटीजीएस के जरिए 2 करोड़ 8 लाख रुपए विभिन्न खातों में ट्रांसफर करवाए गए। जब भूपेंद्र ने मुनाफा निकालने की कोशिश की, तो उनसे 50 लाख रुपए ब्रोकरेज के नाम पर मांगे गए। इसी दौरान उन्हें ठगी की जानकारी हुई। पुलिस ने छह आरोपियों नासिर अली (सीलमपुर, दिल्ली), दानिश (भजनपुरा, दिल्ली), नईम अहमद (मुरादाबाद), मोहम्मद रजा हसन (लखनऊ), विराट (मुरादाबाद) और अब्दुल (काशीपुर, उत्तराखंड) को गिरफ्तार किया। इनके पास से 3 लाख रुपए नकद, 8 मोबाइल, 2 लैपटॉप, वेबकैम, चेकबुक, 13 पहचान पत्र और अन्य दस्तावेज बरामद हुए। पुलिस ने 17 लाख रुपए फ्रीज करवाए हैं और 2 लाख रुपए पीड़ित के खाते में वापस कराए जा चुके हैं। एसपी अभिषेक झा ने बताया कि आरोपी दिल्ली के होटलों से ऑपरेट करते थे और फर्जी कंपनियों के नाम पर खाते खोलते थे। ठगी की रकम को तुरंत निकालकर विदेशी खातों में ट्रांसफर कर दिया जाता था। नेटवर्क का सरगना चार्ल्स, शमीम और एरिज दुबई और हांगकांग से इसे संचालित करते हैं। पुलिस ने 15-16 अन्य लेनदेन की जांच शुरू की है और जल्द ही अन्य गिरफ्तारियां होने की संभावना है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# हेट स्पीच केस में अब्बास अंसारी दोषी करार, अदालत ने सुनाया फैसला

### आचार संहिता से जुड़ा था मामला



मऊ, 31 मई (एजेंसियां)। बीते विधानसभा चुनाव के दौरान नफरती भाषण और चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन के मामले में फैसला शनिवार को हुआ। सीजेएम डॉ. केपी सिंह ने मामले में पक्षकारों की बहस सुनने के बाद फैसला के लिए 31 मई की तिथि नियत की थी। सुनवाई के बाद अदालत ने आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में अब्बास अंसारी को दोषी करार साबित कर दिया। जानकारी के अनुसार, मामला शहर कोतवाली क्षेत्र का है। मामले में अभियोजन के अनुसार एसआई गंगाराम बिंद की तहरीर पर शहर कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई थी। इसमें सदर विधायक अब्बास अंसारी और अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया था।

आरोप था कि बीते तीन मार्च 2022 को विधानसभा चुनाव के दौरान सदर विधानसभा सीट से सुभासपा के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे अब्बास अंसारी ने हेट स्पीच दिया। नगर के पहाड़पुर मैदान में जनसभा के दौरान कहा था कि मऊ प्रशासन को चुनाव के बाद हिसाब-किताब करने और इसके बाद सबक सिखाने की धमकी भी मंच से दी गई थी।

# सीएम नीतीश ने हाईटेक अस्पताल और कॉलेज में शुरु करवाया काम

### कहा-सस्ता इलाज हमारी प्राथमिकता है



पटना, 31 मई (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज नालंदा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल परिसर में 264 करोड़ रुपये की लागत से 200 बेड वाले राजकीय तिब्बी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर कार्यारंभकिया। राजकीय तिब्बी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण 10 एकड़ में किया जा रहा है। अधिकारियों ने मास्टर प्लान के माध्यम से मुख्यमंत्री को निर्माण कार्य कराए जानेवाले विभिन्न भागों व्वायज हॉस्टल, गर्ल्स हॉस्टल, पीजी इंटर्न हॉस्टल, प्रिंसिपल, मेडिकल सुपरिटेंडेंट आदि के निर्माण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

**यूनानी चिकित्सा पद्धति को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य कर रही**

मुख्यमंत्री ने अस्पताल और महाविद्यालय परिसर का निरीक्षण करने के बाद कहा कि राजकीय तिब्बी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण कार्य तेजी से एवं अच्छे ढंग से कराएं। राज्य के हर नागरिक को सुलभ, सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। जनता को सस्ता इलाज उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिकता है। राज्य के आम जन को आयुर्वेदिक, होमियोपैथी, यूनानी जैसी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भी कार्य किया जा रहा है।

**नये भवन में शिफ्ट कर दिया जायेगा यह अस्पताल**

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, 22 नवंबर 2021 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राजकीय तिब्बी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का भ्रमण किया गया था। उस समय इसके भवन की स्थिति अच्छी नहीं थी। इसलिए मुख्यमंत्री द्वारा पटना में दूसरी जगह जमीन चिन्हित कर इसका विस्तार करते हुए नये एवं अच्छे भवन के निर्माण का निर्देश दिया गया था। इसके लिए नालन्दा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिसर के बगल में 10 एकड़ जमीन चिन्हित की गयी है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद राजकीय तिब्बी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल को अपने पुराने परिसर से स्थानान्तरित कर नये भवन में शिफ्ट कर दिया जायेगा।

**400 क्षमता वाले बालक छात्रावास की भी सुविधा**

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इस परियोजना के अंतर्गत 200 बेड के अस्पताल, 500 क्षमता वाले सभागार, 400 क्षमता वाले बालक छात्रावास एवं 350 क्षमता वाले बालिका छात्रावास, औषधि निर्माण गृह तथा महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं अन्य कर्मियों के लिए आवास का प्रावधान किया गया है। इस चिकित्सा महाविद्यालय में छात्रों का नामांकन 150 प्रतिवर्ष रखा गया है। निर्माणाधीन सभी भवनों में भूकम्परोधी संरचना, सोलर लाईट तथा वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित की गयी है। महाविद्यालय एवं अस्पताल का भवन वातानुकूलित होगा। इस योजना के 30 माह में पूर्ण होने की संभावना है।

# मोदी ने ऐशन्या से सुनी पहलगाम की आंखों देखी

### कहा-बहादुर बच्ची, तुम्हारा बदला ले लिया; पिता के हाथ पकड़कर बोले-आपके लिए कुछ करेंगे



कानपुर, 31 मई (एजेंसियां)। पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले कानपुर के शुभम द्विवेदी के परिवार से पीएम नरेंद्र मोदी ने मुलाकात की। सिर्फ 8 मिनट की मुलाकात में मोदी कई बार भावुक हुए। जब चकेरी एयरपोर्ट के वीआईपी रूम में शुभम के पिता संजय, मां सीमा और पत्नी ऐशन्या दाखिल हुए, तो पीएम हाथ आगे बढ़ाकर बोले- आइए संजय, आप सभी को नमस्कार...।

वकील ऐशन्या पीएम मोदी को हमारे परिवार के बारे में सब कुछ पहले से पता था, उन्हें कुछ बताने की जरूरत नहीं थी। जाते-जाते पीएम ने कहा-दोबारा मिलेंगे, आपके लिए जरूर कुछ करेंगे। इस बंद कमरे की पूरी बातचीत को समझने के लिए दैनिक भास्कर ऐप टीम ने शुभम द्विवेदी के परिवार से मुलाकात की। चकेरी एयरफोर्स स्टेशन के वीआईपी रूम में संजय, सीमा और ऐशन्या दाखिल हुए। उन्हें देखते ही पीएम मोदी खड़े होकर बोले- आइए संजय, आप सभी को मेरा नमस्कार...। जब शुभम के पिता संजय ने परिचय कराना चाहा, तब मोदी बोले- मुझे सभी के बारे में पता है, सभी को नाम से जानता हूं। पिता संजय (हाथ जोड़कर)-पीएम साहब सिंदूर ऑपरेशन के लिए आपका आभार जताने आए हैं। पीएम ने कहा-मुझे बहुत दुख है, शुभम के जाने का। इसके बाद ऐशन्या से पूछा-उस दिन क्या हुआ था? ऐशन्या ने पहलगाम के बैसारन घाटी में हुए आतंकी हमले का पूरा घटनाक्रम बताया और रोने लगीं। ऐशन्या ने कहा-हमारा जो गया है, उसकी भरपाई नहीं हो सकती, लेकिन हमारा परिवार और देश आपके साथ खड़ा है। इस पर प्रधानमंत्री ने भावुक होकर उनके सिर पर हाथ रखते हुए सांत्वना दी। कहा- आपका बदला ले लिया गया, आगे भी मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। आतंकवादी कहीं भी छिपे हों, अब घुसकर मारे जाएंगे। इसके बाद पीएम ने सभी को बैठने का इशारा किया। ऐशन्या अपने आंसू पोंछती रहीं। पीएम कुछ सेकेंड चुप रहे और ऐशन्या को देखते रहे। इसके बाद भावुक हुए पीएम ऐशन्या से बोले- बेटी तुम बहुत बहादुर हो। ऐशन्या (सिर झुकाकर)- कश्मीर में सब सही चल रहा था, आतंकी इनको खत्म करने के लिए आए थे। वह हिंदू-मुस्लिम को भड़काना चाहते थे, हमें बांटना चाहते थे। मोदी- मुझे भी ऐसा ही लगता है। आतंकियों ने इसलिए धर्म पूछकर मारा, लेकिन आगे और सिंदूर नहीं उजड़ने देंगे। आज भी आतंकियों को ढूंढ़कर सेना उन्हें मार रही है।

# कोरोना के 14 नए मामले, स्वास्थ्य विभाग सतर्क

नोएडा, 31 मई (एजेंसियां)। नोएडा में बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस के 14 नए मामले सामने आने से हड़कंप मच गया है। स्वास्थ्य विभाग ने इन मामलों की पुष्टि की है और बताया कि सभी मरीजों में हल्के लक्षण, जैसे सामान्य जुकाम, देखे गए हैं।

नए मामलों के साथ नोएडा में कुल कोरोना मरीजों की संख्या 43 से बढ़कर 57 हो गई है, जिसमें 30 पुरुष और 27 महिलाएं शामिल हैं। सभी मरीज होम आइसोलेशन में स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में हैं। जिला निगरानी अधिकारी डॉ. टीकम सिंह ने बताया कि नए मरीजों में सामान्य सर्दी-खांसी जैसे लक्षण हैं और अभी तक कोई गंभीर मामला सामने नहीं आया है।

# इको और ट्रैक्टर ट्रॉली की जोरदार भिड़ंत, तीन की मौत

बुलंदशहर, 31 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में शनिवार को एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बुलंदशहर के नेशनल हाईवे पर इको और ट्रैक्टर ट्रॉली की जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें इको सवार तीन लोगों की मौत हो गई। मामला सिकंदराबाद कोतवाली के औद्योगिक क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, इको सवार लोग खुर्जा से दादरी की ओर जा रहे थे। तभी आगे चल रहे प्लास्टिक पाइप से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली का टायर फट गया और तेज रफ्तार कार ट्रॉली से टकरा गई। हादसा इतना दर्दनाक था कि इको के परखच्चे उड़ गए, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। सीओ सिकंदराबाद पूर्णिमा सिंह ने बताया कि 31 मई की सुबह सिकंदराबाद थाना क्षेत्र के जोखाबाद औद्योगिक क्षेत्र में गोपालपुर गेट के पास गाजियाबाद से बुलंदशहर जा रही एक इको कार ट्रॉली का टायर फटने के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। पुलिस ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव अभियान चलाया। दुर्भाग्य से दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस द्वारा आगे की जांच और कार्रवाई जारी है। फिलहाल पुलिस ने हादसे की सूचना मृतकों के परिवार वालों को दे दी है।

# यूपी में 41 जिलों में बारिश का अलर्ट

**कानपुर में तूफान से 50 पेड़ उखड़े, ललितपुर में बारिश; मानसून का इंतजार बढ़ेगा**

कानपुर, 31 मई (एजेंसियां)। यूपी में तेजी से मौसम बदल रहा है। नौतपा का असर कम दिख रहा है। ललितपुर में देर रात जोरदार बारिश हुई। लखनऊ में सुबह से ही बादल छाए हैं। मौसम विभाग ने आज 41 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

इस दौरान 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। शुक्रवार की बात करें तो कानपुर में पीएम मोदी की जनसभा के बाद 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तूफान आया। जनसभा के लिए लगे पंडाल के गेट और कई पेड़ उखड़ गए। 2-3 गाड़ियां दब गईं। इसके बाद बारिश हुई। कौशांबी, उन्नाव और अमेठी में भी बूंदाबांदी हुई थी। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश महाराजगंज में 28.9 मिमी दर्ज की गई। जालौन का उरई सबसे गर्म रहा। यहां का तापमान 43.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है।

# जौनपुर में हादसा, पांच की मौत

जौनपुर, 31 मई (एजेंसियां)। वाराणसी-लखनऊ राजमार्ग पर शंभूगंज बाजार के पास चकपटैला गांव के अंडरपास पर तेज रफ्तार निजी बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर दायीं पटरी पर पलट गई। हादसे में बस परिचालक समेत पांच यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 14 लोग घायल हो गए। बस रामनगर घनश्यामपुर से जौनपुर की तरफ जा रही थी। पुलिस ने क्रेन की मदद से बस सीधी कराकर घायलों को बाहर निकाला और यातायात शुरू कराया। वहीं, जिला चिकित्सालय पहुंचकर डीएम डॉ. दिनेशचंद्र और एसपी डॉ. कौस्तुभ कुमार ने घायल यात्रियों का हाल जाना।

एक निजी बस रामनगर घनश्यामपुर से जौनपुर-बदलापुर पड़ाव के लिए चलती है। कलीचाबाद निवासी बस चालक समरजीत पाल (50) और बदलापुर के चवरी लेदुका निवासी परिचालक कालीचरन यादव (40) सुबह बस लेकर जौनपुर के लिए चले थे। 52 सीट वाली बस में 40 सवारियां थीं। पुलिस के अनुसार, चकपटैला गांव के अंडरपास के पास चालक ने तेज रफ्तार बस से नियंत्रण खो दिया। डिवाइडर पर चढ़कर बस दाहिनी तरफ पटरी पर पलट गई। चालक हादसे के बाद भाग गया। थानाध्यक्ष बक्शा विक्रम लक्ष्मण सिंह पुलिस के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू कराया, तब तक चार यात्रियों की मौत हो चुकी थी। एक यात्री ने जिला चिकित्सालय में दम तोड़ दिया। 14 घायलों को नौपेड़वा सीएचसी पर उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भेजा गया।

# बारातियों की कार खाई में गिरी, 6 की मौत

**हरदोई में शादी से लौटते समय हादसा, शीशा तोड़कर निकाला, 7 गंभीर**

फैजी खान, 31 मई (एजेंसियां)। हरदोई में बारातियों से भरी अर्टिगा कार बेकाबू होकर खाई में गिर गई। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। जबकि 7 गंभीर घायल हैं। मरने वालों में एक परिवार के 3 लोग यानी बाप-बेटा और भाई हैं। शादी से अर्टिगा में 13 बराती लौट रहे थे। हादसा रात 2 बजे मझिला थाना क्षेत्र के भुप्पा पुरवा मोड़ के पास हुआ। घटना के बाद चीख-पुकार सुनकर राहगीर और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। कार के अंदर फंसे लोगों को शीशा तोड़कर निकाला गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) शाहाबाद पहुंची। वहां डॉक्टरों ने 6 लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि 7 गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किए गए हैं।

# रिटायर फौजी ने बेटे की गोली मार कर हत्या की

मुजफ्फरपुर, 31 मई (एजेंसियां)। मुजफ्फरपुर में एक रिटायर फौजी पिता ने बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी है। उसके बाद हथियार के साथ थाना पहुंचा और सरेंडर कर दिया। पुलिस ने पिता को गिरफ्तार कर लिया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामला जिले के तुर्की थाना क्षेत्र का है। मृतक की मां ने बताया कि दिन में भी पिता और बेटे में लड़ाई हुई थी। उस समय भी उसको गोली मारने का प्रयास किया। लेकिन हम अपने पति का पैर पकड़ कर बेटे को बचा लिए। ईंट से गोलू को मारे। रात में गोलू भोज खा कर घर आया। उसके बाद कमरा अंदर से बंद कर सो गया।

# पाकिस्तान के स्पीकर जैसे होते हैं विपक्षी नेताओं के बयान : संजय निषाद



लखनऊ, 31 मई (एजेंसियां)। 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर विपक्षी नेताओं की बयानबाजी जारी है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश के बयान पर निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि जनता ने विपक्ष को इसलिए सत्ता से बेदखल किया है, क्योंकि उनके बयान पाकिस्तान के स्पीकर जैसे लगते हैं। कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, जनता ने विपक्ष को इसलिए सत्ता से बाहर बैठा दिया, ताकि उनके पास कोई काम न रहे और बयान देते रहें। अगर विपक्ष ने कोई काम किया होता तो उसका परिणाम कुछ और होता, वह सत्ता से बाहर नहीं बैठते। विपक्ष के बयान पाकिस्तान के स्पीकर के जैसे लगते हैं और ऐसा प्रतीत होता है कि वह पाकिस्तान के स्पीकर नियुक्त हो गए हैं, क्योंकि उन्हें पाकिस्तान से बहुत मोहब्बत है। उन्होंने कहा, मैं विपक्ष से पूछना चाहता हूं कि अगर उन्हें आतंकियों के किसी ठिकाने के बारे में पता है तो वह सामने आकर बताएं। भारत के कानून में कहा गया है कि अपराध को देखना और उस पर चुप रहना भी एक गुनाह है। मुझे लगता है कि अगर आतंकी पकड़े जाएंगे तो उन पर सख्त कार्रवाई होगी। संजय निषाद ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, कांग्रेस की सरकार इसलिए चली गई, क्योंकि उन्होंने सेना के साथ धोखा किया था। बोफोर्स तोप सौदे में घोटाले की बात सामने आई तो उनकी सरकार भी सत्ता से बेदखल हो गई। कांग्रेस को सेना और देश की सुरक्षा पर बोलने का कोई हक नहीं है, क्योंकि उनकी पार्टी के लिए उलटी गिनती बोफोर्स मामले के बाद शुरू हुई। अगर वह कुछ भी बोलेंगे तो उनके खिलाफ उलटा ही होगा। भारत बुद्ध का देश है और हम युद्ध नहीं चाहते हैं। मगर, जो अशुद्ध लोग हैं, उन्हें शुद्ध करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा, अगर भारत सरकार की रणनीति से कोई आतंकी मारा जाता है तो उसकी सराहना पूरी दुनिया करेगी। आतंकवाद से पूरी दुनिया दुखी है और फ्रांस, जापान, अमेरिका समेत कई देश इससे परेशान भी हैं, इसलिए आतंकवाद को नष्ट करने की भारत की रणनीति को पूरी दुनिया ने सराहा है।

# कर्नल सोफिया कुरैशी बीजेपी अल्पसंख्यक विंग की 'पोस्टर गर्ल'होंगी

## पार्टी नेता ने बताया आगे की प्लानिंग



नई दिल्ली, 31 मई (एजेंसियां)। ऑपरेशन सिंदूरको लीड करने में अहम भूमिका निभाने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी मोदी सरकार की 11वीं वर्षगांठ के जश्न के हिस्से के रूप में भाजपा की अल्पसंख्यक शाखा की 'पोस्टर गर्ल' होंगी, जिसमें अल्पसंख्यकों में महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जश्न के हिस्से के रूप में, जमाल सिद्दीकी के नेतृत्व में भाजपा की अल्पसंख्यक शाखा ने मस्जिदों, दरगाहों, चर्चों और गुरुद्वारों के बाहर चौपाल (सामुदायिक सभा) आयोजित करने की योजना बनाई है। सिद्दीकी ने बताया कि पहली चौपाल 9 जून को राष्ट्रीय राजधानी के शाहीन बाग में आयोजित की जाएगी। दिसंबर 2019 से मार्च 2020 तक शाहीन बाग में महिलाओं ने मोदी सरकार के नागरिकता संशोधन अधिनियम लाने के कदम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। अब, भाजपा चौपालों के माध्यम से यह संदेश देना चाहती है कि वह अल्पसंख्यक महिलाओं के प्रति भी उतनी ही संवेदनशील है जितनी कि अन्य के प्रति। सिद्दीकी ने कहा कि हमारी बहन कर्नल सोफिया कुरैशी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश को गौरवान्वित किया । उन्हें हमारे अभियान की प्रेरणा और पोस्टर गर्ल के रूप में देखते हुए, हम अल्पसंख्यकों में महिलाओं को एनसीसी में शामिल होने , सेना में शामिल होने, उच्च शिक्षा के लिए जाने के लिए प्रेरित करेंगे ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और देश के लिए भी योगदान दे सकें। कर्नल कुरैशी ने आईएएफ विंग कमांडर व्योमिका सिंह के साथ ऑपरेशन सिंदूर पर आधिकारिक प्रेस ब्रीफिंग का नेतृत्व किया।

## छात्रा ने की ऑपरेशन सिंदूर पर विवादित टिप्पणी कोलकाता पुलिस ने गुरुग्राम से किया गिरफ्तार

कोलकाता, 31 मई (एजेंसियां)। सोशल मीडिया पर अपनी टिप्पणियों के जरिए कथित तौर पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में शर्मिष्ठा पनोली नाम की पुणे की लॉ छात्रा को गिरफ्तार किया है। ऑपरेशन सिंदूर पर आपत्तिजनक पोस्ट के मामले में शुक्रवार रात को कोलकाता पुलिस ने उसे गुरुग्राम से गिरफ्तार किया। हालांकि, बाद में पोस्ट को हटा दिया गया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पनोली ने आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट इंस्टाग्राम पर अपलोड किया था। इसमें एक विशेष धर्म को निशाना बनाते हुए अपमानजनक टिप्पणी की गई थी। पश्चिम बंगाल पुलिस ने शनिवार को शर्मिष्ठा को कोलकाता के अलीपुर कोर्ट में पेश किया गया।



# तीन करोड़ रुपए का लवारिस गांजा जब्त

## पुलिस ने जनपद सदस्य को गिरफ्तार किया



शहडोल, 31 मई (एजेंसियां)। पुलिस ने गांजा तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने जनपद सदस्य सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 3 करोड़ रुपए से अधिक कीमत का लावारिस गांजा जब्त किया था। यह कार्रवाई जयसिंहनगर थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है। शहडोल जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 19 मई को पुलिस ने 3 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत का गांजा जब्त किया था। यह गांजा 121 बोरियों में भरकर रखा गया था। कुल 38 क्विंटल 26 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद हुआ था। यह गांजा एक खेत में लावारिस हालत में मिला था। पुलिस ने इस मामले में 9 दिन बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक जयसिंहनगर जनपद का सदस्य है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है। शहडोल पुलिस के अनुसार, गांजा जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के ग्राम गिरुई खुर्द के जंगल में मिला था। यह वन विभाग के एक रिटायर्ड एसडीओ के खेत में स्थित झोपड़ी में रखा गया था। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने 12 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की। इसके बाद पुलिस ने ब्यौहारी निवासी कन्हैया लाल गुप्ता उर्फ गोलल्हई और टिहकी निवासी राजेश तिवारी उर्फ राजू को गिरफ्तार किया है। कन्हैयालाल गुप्ता पहले भी गांजे के मामले में गिरफ्तार हो चुका है। वह कुछ महीने पहले ही जेल से बाहर आया था। पुलिस ने उसे दोबारा गिरफ्तार किया है। राजेश तिवारी जयसिंह नगर जनपद में टिहकी ग्राम पंचायत से कांग्रेस के जनपद सदस्य हैं। पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपी इस गांजे को जिले से बाहर ले जाकर बेचने की फिराक में थे। लेकिन पुलिस की सतर्कता के कारण उन्हें गांजा छोड़कर भागना पड़ा।

## 'बुलेट' बाइक से पटाखे की आवाज निकाल रहा था युवक हरियाणा पुलिस ने रोका और ठोक दिया 35 हजार का चालान

हिसार, 31 मई (एजेंसियां)। दोपहर, हिसार के एफसी कॉलेज के पास रोज की तरह चहल-पहल थी। लोग अपने-अपने कामों में व्यस्त थे कि तभी एक बुलेट बाइक की गूंजती हुई पटाखे जैसी आवाज ने सबका ध्यान खींचा। यह कोई पहली बार नहीं था, पिछले कुछ समय से शहर के अलग-अलग इलाकों में इस तरह की आवाजें आम हो चुकी थीं। लेकिन आज, हिसार पुलिस की क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) पहले से ही सतर्क थी। बुलेट बाइक जैसे ही पटाखे जैसी तेज आवाज निकालती हुई कॉलेज के सामने से गुज़री, पुलिस की टीम ने तुरंत एक्शन लिया। बाइक सवार को रोका गया और मौके पर ही जांच की गई। यह स्पष्ट हो गया कि मोटरसाइकिल में गैरकानूनी साइलेंसर लगाया गया था, जिससे यह तेज धमाके जैसी आवाजें निकाल रही थी। टीम का नेतृत्व कर रहे सहायक उप निरीक्षक बनवारी ने बिना देर किए उस बुलेट चालक का 35,000 का चालान काटा और मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया। यह सब कुछ पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के स्पष्ट निर्देशों के तहत हो रहा था। इसका मकसद था, हिसार की सड़कों पर हो रहे अशांत, असुरक्षित और गैरकानूनी शोर को खत्म करना। दरअसल, पिछले कई महीनों से हिसार पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ बुलेट सवार अपनी बाइक में बदलाव कर धमाके जैसी आवाज निकालते हैं। जिससे राहगीरों को डर लगता है, बच्चे सहम जाते हैं और बुजुर्गों को परेशानी होती है। सहायक उप निरीक्षक बनवारी ने बताया कि क्यूआरटी टीम ने बुलेट बाइक से पटाखे की आवाज निकालने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है।

एएफसी कॉलेज के सामने से एक बुलेट मोटरसाइकिल चालक द्वारा बाइक से पटाखे की आवाज निकालने और ट्रैफिक नियमों की अवहेलना पर 35 हजार रुपये का चालान कर मोटरसाइकल जब्त किया है। उन्होंने कहा है कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हिसार पुलिस द्वारा पटाखे की आवाज निकालने वाली बुलेट बाइक चालकों और सार्वजनिक जगह पर असुरक्षित वाहन चलाकर और दूसरों के जीवन को खतरे में डालने के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। पिछले एक माह में 55 बुलेट बाइक के चालान कर पटाखे वाले साइलेंसर हटवाए गए है।

# अंकिता भंडारी: हत्याकांड सजा हुई पर नहीं खुला वीआइपी का राज



देहरादून, 31 मई (एजेंसियां)। अंकिता भंडारी हत्याकांड में कोर्ट ने भले ही पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर और अंकित उर्फ पुलकित गुप्ता को आजीवन कारावास की सजा सुना दी है लेकिन उस वीआइपी का राज अब तक नहीं खुल पाया, जिसके 17 सितंबर की रात को रिसार्ट में आने की चर्चाएं थीं। तब आरोप लगा था कि अंकित गुप्ता ने अंकिता भंडारी पर रिसार्ट में आने वाले वीआइपी को एक्सट्रा सर्विस देने का दबाव बनाया था। चर्चा थी कि इसके बदले उसने 10 हजार रुपये देने की पेशकश की थी। इसी के बाद उनमें झगड़ा हुआ। वनंतरा रिसार्ट के मालिक पुलकित आर्य ने 19 सितंबर 2022 की सुबह राजस्व निरीक्षक तल्ला, गंगा भोगपुर को अंकिता भंडारी की गुमशुदगी की सूचना दी थी। 22 सितंबर 2022 को इस मामले की विवेचना राजस्व पुलिस से नियमित पुलिस को स्थानांतरित की गई, जिसकी विवेचना एसएसआइ मनोहर सिंह रावत ने की। विवेचना में हत्या, यौन शोषण, साक्ष्य मिटाने व आपराधिक षड़यंत्र का मुकदमा दर्ज किया गया। 24 सितंबर 2022 को अंकिता का शव बरामद होने के बाद शासन के आदेश पर एसआइटी गठित की गई और अग्रिम विवेचना निरीक्षक राजेंद्र खोलिया को दी गई। चर्चा थी कि विवेचना में यह बात भी सामने आई कि 17 सितंबर 2022 को अंकिता भंडारी ने अपने दोस्त पुष्पदीप को चैट में बताया कि रिसार्ट में कोई वीआइपी गेस्ट आने वाला है जिसके लिए एक्सट्रा सर्विस का दबाव बनाया जा रहा है। इस बात पर अंकिता की अंकित गुप्ता के साथ कहासुनी भी हुई। इसका जिक्र कोर्ट के ट्रायल में भी किया गया। पुलिस ने जब मुख्य दोषी पुलकित आर्य से सीसीटीवी की फुटेज मांगी तो उसने बताया कि 19 सितंबर 2022 को डीवीआर खराब थी और उसे रिपेयर करने के लिए दिया गया है। दोषियों ने षड़यंत्र रचकर दो दिन की रिकार्डिंग ही गायब कर दी, जिसके चलते वीआइपी का राज नहीं खुल पाया।

**प्रदर्शन के बावजूद नहीं लगा वीआइपी का पता**

वीआइपी का पता लगाने के लिए तमाम राजनीतिक दलों से लेकर गैर सामाजिक संस्थाओं ने सड़कों पर प्रदर्शन किया। मांग रखी कि किसी भी हालत में वीआइपी का राज खुलना चाहिए, लेकिन एसआइटी जांच में वीआइपी का राज नहीं खुल पाया। लोगों के दिलों-दिमाग में अब भी यह बात चल रही है कि आखिर वह वीआइपी कौन था, जिसे एक्सट्रा सर्विस दी जानी थी। तब लोगों में आम चर्चाएं थी कि रिसार्ट में इस तरह की अवांछित गतिविधियां होती हैं।

# भाभी की हत्या कर काटा सिर

## सड़क पर लेकर घूमता रहा देवर खौफनाक मंजर देख सहमे लोग

कोलकाता, 31 मई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना से एक दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। एक देवर ने अपनी भाभी की हत्या कर तेज धारदार हथियार से उसका सिर काट डाला। एक हाथ में कटा सिर और एक हाथ में हथियार लहराते हुए शख्स देर तक सड़क पर इधर उधर घूमता रहा। उसका खौफनाक रूप देखकर सड़क पर जा रहे लोग सहम गए। कटा सिर लेकर देवर मंदिर के पास रूकता है और फिर मंदिर के बाहर हाथ में रखा हथियार लहराता है। फिर वह अपनी धुन में कटा सिर लेकर घूमता रहता है। घटना साउथ 24 परगना जिले के बसंती इलाका के भरतगढ़ की है। हालांकि भाभी का सिर काटकर हत्या करने वाले देवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अपनी भाभी के कटे सिर के साथ सड़क पर घूमते हुए शख्स खुद ही थाने की ओर जा रहा था। आरोपी युवक का नाम बिमल मंडल बताया जा रहा है। शनिवार की सुबह सुबह हत्या की इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की खबर पाकर बासंती थाने की पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और हत्या के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। पुलिस का प्राथमिक अनुमान है कि पारिवारिक कलह के कारण ही आरोपी युवक ने भाभी की हत्या की है। पुलिस के अनुसार, घर में हुए विवाद के बाद बिमल मंडल बहुत गुस्से में था और शायद इसी वजह से उसने इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। राहगीरों की सूचना पर जब पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया तो उसने कहा मैं हथियार और सिर लेकर खुद थाने की ओर जा रहा था। पुलिस आरोपी बिमल की मानसिक स्थिति की जांच भी कर रही है।

# इस राज्य में हुक्का बार पर लगा बैन, खुले में गुटखा थूकने पर खाली हो जाएगी जेब! लगेगा इतना फाइन



बेंगलुरु, 31 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक सरकार ने 21 वर्ष से कम आयु के लोगों को सिगरेट बिक्री और राज्य में हुक्का बार पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। राष्ट्रपति ने सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) 2024 को मंजूरी दे दी है। यह विधेयक फरवरी 2024 में राज्य के दोनों सदनों द्वारा पारित किया गया था। इसे कर्नाटक में लागू करने के लिए 2003 के केंद्रीय अधिनियम में संशोधन किया गया है। यह विधेयक राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए भेजा गया था, क्योंकि इसमें एक केन्द्रीय अधिनियम में संशोधन किया गया था। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद अब राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है कि राज्य में अब 21 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को सिगरेट और तंबाकू उत्पाद नहीं बेचे जाएंगे। हुक्का बार नहीं चलाया जाएगा। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान और गुटखा थूकने की मनाही होगी। वर्तमान में तम्बाकू उत्पाद खरीदने की न्यूनतम आयु 18 वर्ष को अब 21 वर्ष कर दिया गया है। किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 मीटर के दायरे में सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पाद नहीं बेचा जाएगा। सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू उत्पादों का उपयोग प्रतिबंधित है। कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर तम्बाकू उत्पाद का उपयोग नहीं कर सकता। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान और गुटखा थूकने की अनुमति नहीं है। इस संशोधित कानून के अनुसार, राज्य में हुक्का बार खोलना या चलाना प्रतिबंधित कर दिया गया है। अब कोई भी व्यक्ति, चाहे स्वयं या किसी अन्य व्यक्ति की ओर से, किसी भी स्थान पर, जिसमें रेस्तरां, पब, बार या भोजनालय शामिल हैं, हुक्का बार नहीं खोलेगा या संचालित नहीं कर सकेगा। हुक्का बार चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों को 1 से 3 साल की जेल और 50,000 से 1 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं सार्वजनिक स्थानों पर गुटखा थूकने और सिगरेट पीने के नियमों का उल्लंघन करने वालों के लिए जुर्माना 200 रुपये से बढ़ाकर 1,000 रुपये कर दिया गया है।

## बोरीवली में बहुमंजिला आवासीय इमारत में कार पार्किंग लिफ्ट गिरी; एक व्यक्ति की मौत

मुंबई, 31 मई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में शनिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। मुंबई के बोरीवली पश्चिम इलाके में शनिवार को 21 मंजिला आवासीय इमारत में कार पार्किंग लिफ्ट गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे में एक अन्य व्यक्ति घायल बताया जा रहा है। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। आसपास के लोग काफी घबराए हुए हैं। इलाके में लोगों से शांत रहने की अपील की जा रही है। मुंबई फायर ब्रिगेड ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह करीब 11 बजे लिंक रोड स्थित प्रथमेश बिल्डिंग में हुई। इस बीच बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के एक अधिकारी ने बताया कि कार लिफ्ट 7 मीटर गहरे गड्ढे में गिर गई, जिसमें दो लोग फंस गए। अधिकारी ने बताया कि घटना की आगे की जांच चल रही है। वहीं, एक नगर निगम अधिकारी ने बताया कि पीड़ितों शुभम मदमलाल धुरी (30) और सुनजीत यादव (45) को दमकलकर्मियों ने बचा लिया।

# सांभर बनाने को लेकर पति-पत्नी के बीच हुआ तांडव, एक की गई जान



बेंगलुरु, 31 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक के बेंगलुरु के देवनहल्ली तालुका के एक गांव में पति-पत्नी के बीच ऐसा झगड़ा हुआ कि पत्नी ने आत्महत्या का कदम उठा लिया। महिला ने पति से झगड़े के बाद खुदकुशी कर अपनी जान दे दी। बताया जा रहा है कि दोनों पति-पत्नी के बीच सांभर बनाने को लेकर झगड़ा हुआ था। ये झगड़ा इतना बढ़ा कि इसके बाद महिला ने आत्महत्या कर ली। वहीं महिला की मां और भाई ने उसके पति पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उनकी बेटी ने आत्महत्या नहीं की है। बल्कि उसकी हत्या की गई है। ये मामला बेंगलुरू के देवनहल्ली तालुक के सवाकनहल्ली गांव से सामने आया है, जहां एक पति-पत्नी के बीच सांभर बनाने को लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद 38 वर्षीय महिला नागरत्ना ने आत्महत्या कर ली। नागरत्ना एक हाउस वाइफ थी। महिला का शव उसके घर में फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। इस मामले में विश्वनाथपुर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

**मां और भाई ने लगाया हत्या का आरोप**

महिला के परिवार ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि उसकी हत्या की गई है। मृतक महिला के भाई और मां ने आरोप लगाया है कि उसके पति ने आर्थिक कारणों के चलते महिला की हत्या की है और उन्होंने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि महिला के पति और बच्चों का कहना है कि महिला ने सांभर बनाने को लेकर हुए झगड़े के बाद आत्महत्या कर ली।

**सांभर ठीक से न बनाने पर पत्नी की हत्या**

इससे पहले हाल ही में कर्नाटक के बागलकोट से भी एक ऐसी ही खबर सामने आई थी, जहां सांभर ठीक से न बनाने पर एक पति ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। मामूली झगड़े के बाद पति ने पत्नी की हत्या कर दी। दोनों की एक साल पहले शादी हुई थी। इससे पहले दोनों कई सालों से रिलेशनशिप में थे। दोनों एक ही समुदाय से थे। इसलिए उनके परिजनों ने दोनों की शादी करा दी थी। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया था।

## ओडिशा में स्कूल टॉपर बना दिहाड़ी मजदूर, मुख्यमंत्री ने दिए जांच के निर्देश

भुवनेश्वर, 31 मई (एजेंसियां)। केरल में दिहाड़ी मजदूरी के तौर पर ओडिशा के स्कूल टॉपर के काम करने की खबर सामने आने के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने हस्तक्षेप किया है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रायगढ़ जिला कलेक्टर को घटना की जांच करने का निर्देश दिए हैं। वहीं, मजदूरी करने वाले छात्र को वापस लाने तथा उसके उच्च शिक्षा के लिए कदम उठाने को कहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर काशीपुर विकासखंड की अदाजोर पंचायत के पोडापदर गांव के छात्र बलभद्र माझी को जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री राहत कोष और रेडक्रास फंड से 30-30 हजार रुपये दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने उच्च शिक्षा विभाग को बलभद्र की उच्च शिक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने और सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने बलभद्र के परिवार को उपलब्ध सरकारी योजनाओं के तहत आजीविका सहायता प्रदान करने की भी घोषणा की।

## जामताड़ा में बैठ कर ऐसे हो रही साइबर ठगी

# दिल्ली पुलिस ने किया सिंडिकेट का भंडाफोड़

नई दिल्ली, 31 मई (एजेंसियां)। दिल्ली के पश्चिमी जिला की साइबर सेल पुलिस ने साइबर ठगी के एक ऐसे सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है, जो भोलेभाले लोगों को उनकी बैंकिंग सेवाओं में सहायता करने के नाम पर उनसे ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। इस मामले में पुलिस ने साइबर ठगी के इस सिंडिकेट के एक मास्टरमाइंड को दबोचने में भी कमायाबी पाई है जिसके तार झारखंड के कुख्यात जामताड़ा से जुड़े हुए हैं। डीसीपी विचित्र वीर के मुताबिक, इस मामले में गिरफ्तार मास्टरमाइंड की पहचान, सनाउल मियां (48) के तौर पर हुई है। यह झारखंड के देवघर जिले का रहने वाला है। इसके कब्जे से दो स्मार्टफोन बरामद किए गए, जिनमें बैंकिंग डिटेल्स, फर्जी चैट्स, रिकॉर्डिंग, और स्क्रीनशॉट्स मौजूद थे, बरामद किये गए है।

डीसीपी ने बताया कि, 17 मई को,पश्चिमी जिला के साइबर थाने में 15 लाख रुपये की साइबर धोखाधड़ी के संबंध में दो शिकायतें प्राप्त हुईं। जिसमें कहा गया कि, एक अज्ञात व्यक्ति ने आईपीपीबी के असिस्टेंट बैंक मैनेजर के रूप में खुद को प्रस्तुत कर शिकायतकर्ता के खातों को लिंक करने का वादा किया। खुद को आकाश वर्मा बताने वाले आरोपी ने वाट्सएप कॉल कर शिकायतकर्ता का विश्वास जीता और फिर एक मैलिशियस। एपीके ऐप भेजकर उन्हें मोबाइल स्क्रीन शेयर करने का निर्देश दिया और फिर धोखे से उनके बैंक खाते से 15 लाख रुपये निकाल लिए। इस मामले में शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर बीएनएस की उपयुक्त धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। इसके लिए एसीपी ऑपरेशन की देखरेख और एसएचओ विकास कुमार बुलडक के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था, जिसमें एसआई अमित मलिक, हेड कॉन्स्टेबल सुनील और कॉन्स्टेबल सुरेन्दर शामिल थे।

# कर्नाटक में 5 साल में गायब हुए 13 हजार बच्चे, बेंगलुरु के सबसे ज्यादा



बेंगलुरु, 31 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक से चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं, जो बताते हैं कि राज्य में चाइल्ड किडनैपिंग बढ़ गई है। बेंगलुरु मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, पूरे कर्नाटक में बच्चों के अपहरण काफी ज्यादा बढ़ गए हैं। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले पांच वर्षों में लगभग 13,000 बच्चे लापता हो गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2020 और 2024 के बीच, 12,790 चाइल्ड किडनैपिंग के मामले सामने आए, फिर भी इनमें से 1,300 से अधिक बच्चों का कोई पता नहीं चल पाया है। किडनैप किए गए बच्चों की लिस्ट में जो एक चीज और भी ज्यादा चिंता बढ़ाती है वो यह है कि किडनैप हुए बच्चों में ज्यादातर लड़कियां हैं। साथ ही यह भी सामने आया है कि यह बच्चे रोजाना की रूटीन की चीजें करने के दौरान गायब हुए। कोई स्कूल गया और फिर घर नहीं लौटा, कोई ट्यूशन क्लास से गायब हो गया, इसी तरह रोजाना के कामों के दौरान ही बच्चे गायब हो गए हैं। इन सब मामलों के चलते पेरेंट्स का डर बढ़ गया है और पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती पैदा हो गई है।

**किन इलाकों में सबसे ज्यादा हुई किडनैपिंग**

बेंगलुरु मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य भर में, सबसे ज्यादा किडनैपिंग के केस बेंगलुरु से सामने आए हैं, इसके बाद कई अन्य दक्षिणी जिले हैं, जिनमें तुमकुरु, शिवमोग्गा, मांड्या, दावणगेरे, हसन, चित्रदुर्ग और मैसूर टॉप 10 में शामिल है। इन जिलों में पिछले पांच साल में सबसे ज्यादा तादाद में बच्चे किडनैप किए गए हैं। इन सब चीजों के चलते राज्य और केंद्र दोनों सरकारों ने लापता बच्चों का पता लगाने के लिए स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया है। इसी के साथ लगातार हो रही किडनैपिंग के चलते इस बात का संदेह बढ़ रहा है कि कई बच्चे मानव तस्करी, बाल मजदूरी, अंग व्यापार, यौन शोषण और जबरन भीख मांगने में शामिल संगठित आपराधिक नेटवर्क का शिकार हो गए हैं। हालांकि, पुलिस इन मामलों की जांच कर रही है और इस तरह के नेटवर्क पर नजर रखी जा रही है।

## पंजाब में खाकी वर्दी का खौफ शिकायत करने पहुंचे व्यक्ति को पुलिस ने बेरहमी से पीटा चौकी इंजार्ज लाइन हाजिर

बठिंडा, 31 मई (एजेंसियां)। एक सप्ताह पहले सीआईए-2 स्टाफ में कथित तौर पर पुलिस की प्रताड़ना के कारण एक युवक की मौत के लिए बदनाम बठिंडा पुलिस एक बार फिर विवादों में घिर गई है। अब बठिंडा के कैनाल कॉलोनी थाने के अंतर्गत वर्धमान पुलिस चौकी के इंचार्ज एएसआई मनजीत सिंह द्वारा अपने साथी पुलिसकर्मियों की मदद से एक ऑटो चालक के खिलाफ शिकायत लेकर चौकी आए व्यक्ति की बेरहमी से पिटाई करने और उसकी पगड़ी उतारने का मामला सामने आया है। जिसके बाद चौकी इंचार्ज द्वारा कानून को अपने हाथ में लेने से गुस्साए लोगों ने चौकी के सामने धरना लगा दिया। अपने 'तीखे' भाषण के कारण हमेशा विवादों में रहने वाले उक्त पुलिस अधिकारी की इस बदमाशी का पता चलते ही इलाके के पार्षद से लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष सरूप चंद सिंगला और अकाली दल के नेता जगदीप सिंह गहरी सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौके पर पहुंच गए।

# धुंआधार बल्लेबाज़ी का अजूबा : रोहित शर्मा





अतुल कुमार

जिस मोड पर पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने क्रिकेट को अलविदा कहा वह ऐतिहासिक है . इसकी अहमियत को इसी से समझा जा सकता है कि मुंबई क्रिकेट असोसिएशन ने उनके वन डे क्रिकेट में सुनहरे योगदान को हमेशा के लिये यादगार बनाते हुए वानखेडे स्टेडीयम मुंबई में एक दर्शक दीर्घा का नाम " रोहित शर्मा स्टैंड " रखा . इस पहचान के साथ वह उन महान खिलाडियों की सूची में शामिल हो गये , जिनका क्रिकेट में काफी यशस्वी नाम है. मैदान के बाहर खडे हो खेल की एक झलक पाने को तरसने वाले रोहित शर्मा के लिये यह बडे सम्मान की बात है कि आज उसी मैदान पर उनके नाम पर स्टैंड बना है .

ऐसा होना भी चाहिये जिससे युवा खिलाडियों को प्रेरणा मिले . रोहित शर्मा ने जिस धमाके दार कैरीयर को गुना बुना और खेला वह सपनों को सच्चाई में बदलते देखने के समान है उनका खेल आत्मविश्वास ,आक्रामकता और आकर्षण का पर्याय रहा . बैटिंग कर रहे होते तो चौकों , छक्कों से दर्शकों का दिल जीतते जिससे " हिट मैन" कहे गये . किसी ने खूब कहा ' पहचान से मिला काम ,थोडे समय तक ही टिकता है / लेकिन काम से मिली पहचान उम्र भर रहती है //" रोहित शर्मा ने यही किया .

लंबे प्रारूप ( टेस्ट क्रिकेट ) और टी 20 – से संन्यास ले चुके हिट मैन वन डे खेल को जारी रखेंगे .सन 2010 में एक अजीब चोट ने उनके डेब्यू में बाधा पैदा की .आखिरकार 2013 में वेस्ट इंडीज़ के विरुद्ध ईडन गार्डंस में छठे नंबर पर उतरे और 177 रन बना तहलका मचाया . शाट्र्स को टाइम करने के लिये अतिरिक्त माइक्रो -सेकेंड होते और आसानी से लाल रंग की गेंद का मुकाबला करते . उस दौर के गेंद्बाज़ इस उदीयमान बैटर के मैदान में ठका ठक मचाते धूम धडाके, धमाकों और धोने की कला को देख हैरत करते . बैटिंग पर काबू करना मुश्किल होता . वीरेंद्र सहवाग के बाद गेंदों का भुर्ता कौन बनायेगा यह सोच चला करती लेकिन रोहित के आगमन ने धांसू बल्लेबाज़ी के फसाने लिख भारतीय क्रिकेट को नये तेवर ,तेज और ताज़गी दी जिसको देख दर्शक फिदा हुए .

क्रिकेट में छक्कों और चौकों को देखने का अलग ही आनंद है .इस बंदे ने मुंबई की बारिश की तरह उनकी झडी लगा खेल प्रेमियों को अचंभित किया गेंदों की ऐसी धुनाई की कि बोलर हवा में उंचे उडती अपनी गेंदों को देख परेशान होते कि इस बैटर को कैसे कंट्रोल किया जाये .उनकी अनोखी बल्लेबाज़ी को देख विपक्षी टीमों के कप्तान बेचैन होते . इसको इसी से समझा जा सकता है कि वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे बडी पारी खेलने का श्रेय उन्हीं के नाम है 264 रनों की ईनिंग्स खेल सुनहरा इतिहास लिखा जिसको आने वाले कुछ समय में तोडना नामुमकिन लगता है . यह वही खिलाडी है जिसने एक दिवसीय क्रिकेट में तीन दोहरे शतक ठोक खेल इतिहास को नये मुकाम दिये .अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे बडे सिक्सर हिटर हैं . उनसे अधिक छक्के किसी प्लेयर ने नहीं लगाये .अभी तक 637 छक्के लगा पहले नंबर पर हैं इस रिकार्ड को आज के कंपीटीटिव क्रिकेट में तोडना मुश्किल है . वन डे में 11168 रन बनाए हैं जिसमें 49 सेंचुरीस शामिल हैं .

हैदराबादी बिरियानी के शौकीन दांए हाथ के इस बैटर ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाज़ी से जो यशो गाथा लिखी उससे क्रिकेट इतिहास के नये अध्याय जुडे . इस पर किसी शायर ने खूब कहा " जब हौंसला बना लिया ऊंची उडान का / फिर देखना फिज़ूल है कद आसमान का // रोहित ने अपने खेल से इसी भाव को सिद्ध किया . विश्व क्रिकेट में उनके पर्फार्मेंस से क्रिकेट खेलने वाले देश प्रभावित ,चकित और हर्षित हैं ऐग्रेसिव क्रिकेट को स्थापित कर खेल की नयी परिभाषा लिखी . बचपन में खेलना शुरु किया तब खीसे में इतने पैसे भी नहीं होते कि स्कूल की फीस भर सकें कोच ने स्कूल प्रशासन से अनुरोध किया कि उनकी फीस माफ करें खेल में यह स्कूल का नाम रौशन करेगा . बोरिवली में घर और कांदिवली में स्वामी विवेकानंद इंटरनैशनल स्कूल तक इस प्लेयर ने कडे स्ट्रगल के बाद जो उंचाइयां हासिल कीं वह हीरोइक अचीवमेंट्स हैं .

रोहित के माता पिता मूल रूप से आंध्र प्रदेश से हैं जो काम की खोज में महाराष्ट्र शिफ्ट हुए पिता ट्रांस्पोर्ट कंपनी में केयर टेकर के रूप में कार्य करते चाचा रोहित को मुंबई ले आये और एक दिन कोच दिनेश लाड की नज़र रोहित के खेल पर पडी जो उनकी लाइफ़ का टर्निंग पाइंट साबित हुई . पढाई लिखाई में भी तेज़ तर्रार रहे . खेल में भले ही उनको हिट मैन कहा गया लेकिन साथी खिलाडियों के बीच उनकी ख्याति " शाणा " के रूप में रही . हमेशा 45 नंबर की जर्सी पहनी जिसे कभी नहीं बदला क्यों कि उनके लिये यह नंबर उनकी मां ने चुना जिसको हमेशा लकी माना . खेल जीवन की शुरुआत आफ स्पिनर के रूप में की लेकिन बाद में बल्लेबाज़ी की ओर रुख किया और दुनिया के बेहतरीन बल्लेबाज़ बने बैटिंग में जितने खतरनाक हैं कप्तानी में उतने ही चतुर और चालाक.

पुल शाट इतना फेवरिट कि कई मर्तबा विकेट भी गंवाई लेकिन उससे चाहत को नहीं छोडा .उनका पूरा नाम रोहित गुरुनाथ शर्मा है . माता पिता का तहे दिल से सम्मान करते हैं देश विदेश कहीं रहें उनसे बातें करना और हालचाल पूछना उनके रुटीन में शामिल है .

मैच जीतने या सेंचुरी बनाने पर मां पिता के चेहरे की खुशी को देख प्रसन्न होते हैं . दर असल रोहित शर्मा का क्रिकेट कैरीयर संघर्ष , मेहनत ,ज़िद और आत्म विश्वास का अद्भुत संयोजन है .पहले मिडिल आर्डर में बैटिंग करते लेकिन उनको प्रमोट कर ओपनिंग बल्लेबाज़ की ज़िम्मेदारी दी गयी तो बोलरों की जम कर खबर लेने लगे।

उनकी कप्तानी में भारत ने 142 मैच खेले जिनमें 105 अन्तराष्ट्रीय मैचों में सफलता पायी .यह सुखद संयोग है कि जिस टेस्ट में शतक जडा उसमें भारत विजयी हुआ कैरीयर में.67 टेस्ट मैच खेले जिनमें 24 में कप्तानी की और 12 में विजय प्राप्त की अर्थात 50% टेस्ट में कामयाबी हासिल की . जब सफेद गेंद का क्रिकेट शुरु हुआ उसमें भी भव्य सफलता पायी।

रोहित शर्मा की विदाई एक युग की विदाई है . क्यों कि वह खेल के धुरंधर प्लेयर हैं जिन्होंने असंभव सपनों को सच बनाया .

# काव्य कुंज

## चापलूसी



संजुला सिंह
जमशेदपुर

चापलूसी बिल्कुल ना करो
स्वतः करो कुछ काम,
भय वश ना कोई काम करो
फिर, कुछ भी हो अंजाम ।
खुद के दम पे आगे बढ़ो
काम को दो अंजाम,
फल की ना चिंता करो
चाहे जो हो परिणाम ।
माना कि कुछ दिन हारोगे
फिर जीत होगी तेरे नाम,
कितने भी कठिन हो राह तेरी
पर जीतोगे संग्राम ।
मन में विश्वास भरो अपने
फिर कर के देखो काम ,
सुगम डगर हो जाएगी और
दिल को मिलेगा आराम ।
औरों से आस करो ना कभी
चाहे कितने हो मुश्किल काम,
खुद के बाजू पे नाज करो
फिर मिलेगी तुझे पहचान ।
अपनी शक्ति का ध्यान करो
तब पाओगे कोई मुकाम,
खुद की शक्ति को पहचानो
और बोलो जय श्री राम ।
चापलूसी कभी नहीं करना
चाहे तुम जाओ हार
हरदम सच की डगर चलो
हो पाओगे मालामाल ।


## जब सिंदूर उबलता है



कुमुद बाला,
हैदराबाद

लहू में जब सिंदूर उबलता है ,
तुरंत बारूद बन जाता है,
फिर पापियों का सर्वनाश करने ,
सुदर्शन चक्र लहराता है।।
शांतिवार्ता को हमने नहीं मूर्ख ,
तुमने खुद ठुकराया है,
बनाकर आतंकवाद को हथियार , निर्दोषों को मरवाया है,
मधुर गंगा-जमुनी तहज़ीब को तुमने ,बार-बार उकसाया है,
हमारे ज़न्नते कश्मीर को तुमने , आतंक से खुद दहलाया है,
आतंकियों को नया यह भारत , घर में घुसकर मार गिराता है,
लहू में जब सिंदूर उबलता है , तुरंत बारूद बन जाता है।
फिर पापियों का सर्वनाश करने , सुदर्शन चक्र लहराता है।।
आतंकवाद से दुनिया नहीं चलती , सुनो मूर्ख अज़हर मसूद?
सिंधु नदी समझौता रद्द कर हमने , बतला दिया अपना वजूद?
तुम खून गर्म कर लिखते कहानी,नफरत से बुनियाद हिलाते?
यह हिंदुस्तान,नया भारत, डरता नहीं ,झंडे गाड़ रहता मौज़ूद?
घुटनों पर ले आया भारत , फिर भी झूठी डींगे हांकता है,
लहू में जब सिंदूर उबलता है , तुरंत बारूद बन जाता है।
फिर पापियों का सर्वनाश करने , सुदर्शन चक्र लहराता है।।
अभी जो देखा तुमने ट्रेलर था , फिल्म तो पूरी ही बाकी है,
अभी तो तुमने धूल चखी , पीओके लेने की भी तैयारी है,
तेरे टुकड़े बलोच और सिंध ,तुझे घर में ही धूल चटा रहे हैं,
पाकिस्तान,आँख अपनी नीचे रख ,तुझे मिटाने की बारी है,
तू सोच नहीं सकता वहाँ घुसकर ,ब्रम्होस हिसाब चुकाता है,
लहू में जब सिंदूर उबलता है , तुरंत बारूद बन जाता है।
फिर पापियों का सर्वनाश करने , सुदर्शन चक्र लहराता है।।
विनाशकाले विपरीत बुद्धि ,तू क्या समझेगा मंदबुद्धि मुनीर,
बुलडोज़र देशद्रोहियों पर बरस रहा, सैनिक खेल रहे अबीर,
अरे बेवकूफ,चिंता कर बच्चों की ,उनका भविष्य डूब रहा है,
किस हूर के ख्वाब देखता , ले डूबेगा तुझे नसीब तेरा अधीर,
धमकाना बंद कर भारत को,हर जगह तिरंगा वह फहराता है,
लहू में जब सिंदूर उबलता है , तुरंत बारूद बन जाता है।
फिर पापियों का सर्वनाश करने , सुदर्शन चक्र लहराता है।।

## बंदिश



टी तारासिंह
हैदराबाद

ये दुनिया मे है बहुत दुःख और दर्द
इंसान को नही है कुछ भी सूकून
बस सोचता - देखता रह जाता है इंसान
क्या करे और क्या न करे
तन पर अच्छा कपडा तो चाहिए ही
पेठ मे भी अच्छी खुराक चाहिए तो
सपनो से बाहर निकल, घर से जा बाहर
कुछ काम - धाम कर ले पसीना निकल जरा
पत्थर तोड, मिट्ठी ढोल, सब काम कर ले
धुप मे सिकेगा तो इंसान कहलायेगा
कुछ पैसे - रूपये आयेगे मेहनताना के
शाम - रात को पेठ भर के खा सकेगा
कल किसी का घर बना कर खुश होगा तो
आज तेरा भी घर बनेगा परिवार बनेगा
यही है दुनिया की रित यही है दुनिया की बंदिशे ।।

## जीवन



रेणुका अग्रवाल
हैदराबाद

बड़ा सुखद है जीवन सबका।
हल्का फुल्का रंगीला है।
पहनो ढीले ढाले कपड़े।
तन दिखता शोख सजीला है।
ये गर्मी का मौसम निराला।
तन तपे मन में है ज्वाला।
नौ दिन भी नहीं तपते भाई,
पढ़ती बारिश भी है लाला।
पेड़ काट काट कर सारे।
मौसम बदल डाले जालिम ने।
मालदार बनकर बैठा है,
किसको कहते किसे पुकारे।
जंगल पूरे साफ किए है।
घोंसले भी उजाड़ दिए है।
जाते तो कहां जाते पंछी,
नस्ल ही पूरी बर्बाद किए है।
मौसम ने भी बदली चाल।
कुदरत न देखे मानव का हाल।
बादल फटते ,क्रोध नदी का,
बेवक्त आया सबका काल।
जीवन सबका अलग अलग है।
कभी महफिल है कभी तन्हाई है।
सुख दुःख के मिलने जुलने से।
समझो जीवन लोग लुगाई है।
अनबुझ परिभाषा जीवन की है।
किसी के लिए सेज फूलों की है।
किसी के लिए बिस्तर ही नहीं है।
किसी के लिए बियर बोतल की।
सबकी कहानी एक सी लगती।
पड़ो लिखो रुपया कमाओ।
शादी करो ,संतान पाओ।
जवानी खत्म,बुढ़ापा तपाओ।
मरना एक दिन निश्चित ही तो है।
अन्त में मर जाना ही तो है।
जीवन जियो भले कैसे भी,
जीवन कुछ नहीं पाना ही तो है।

## अंधेरें का जवाब



संजीव ठाकुर,
रायपुर

लाख कोशिशों से कुछ ना हो क्या कीजिए
मत सोचिए छोड़ सब ऊपर वाले पे दीजिए।
अब पूरी दुनिया को बाजार ही समझिए
सलाह थोक में और ब्याज में मदद लीजिये।
कब तक रूठी रहेगी किस्मत आपसे
इरादों से चट्टानों को रेत में बदल दीजिये।
जिंदगी मिली तो उसे तमाशा न बनाईये
संकल्प को अपने लक्ष्य में बदल दीजिये ।
जमाना जाने जमाना क्या सोचता मेरे बारे में,
अब अंधेरे का जवाब उजाले से दीजिए।
रिवाज है पीठ पर खंजर चलाने का
पीठ को अपनी ढाल मे बदल दीजिये।
आए हो तो कुछ नायाब कर के जाइए
खुदा नही संजीव उस के बंदे बन जाइए।

## रंगों की अलग बातें



डॉ टी महादेव राव

गेरूआ रंग कभी बड़ा प्यारा रहा
अब कंपकंपी छूटती है सोच कर
केसरिया नफरत पोत दिया गया उस पर
गुलाबी और पीले रंग कितने सुंदर थे
देख कर ही अब लगता है डर
पार्टियों के पर्दे उतार दिए उन पर
कितना अजीब सा रंग है काला
उसे भी चिपका दिए दुख के दाग
जानोगे रोशनी का मोल अगर अंधेरे में रहोगे
रंगों से भरी है हमारी सारी प्रकृति
बड़े घावों से भरी है मनुष्य की प्रवृत्ति
घृणा द्वेष के रंग फैलाता माया जगत
बैठे डाल को काटने की चपलता
छूटे सहारों के लिए अनंत सुख
वर्णों के पत्थरों से बनी अलगाव की दीवारें
दिलों में दूरियां बढ़ाती हैं संकीर्णता की तलवारें
चतुर्वर्णों की माया स्पष्ट है कहते हुए भी
सीढ़ियों की उपलब्धियों के लिए वर्ण युद्ध
बादल राग है वर्षा की बौछार
पुलकित आकाश का धरती को उपहार
सात रंगों का सुंदर इंद्रधनुष
मनुष्य के मन के रंगों से डरकर
किस रंग को कौन सा दोष थोपेंगे
यह सोचकर सात रंगों ने
ओढ़ लिए हैं उदासी के बादल।।

## लोग क्या कहेंगे



पद्मजा श्रीवास्तव

लोग क्या कहेंगे
हर मोड पर ये सोचते हैं
खुद की खुशी से पहले सबकी सोच को तोलते हैं
मन की कितनी बातों को चुप्पी के नीचे दबा दिए
कि लोग क्या सोचेंगे ।
अपने लिए कुछ करने की चाहत
कितनी बार मन में ही दबा लेते है
कि लोग हँसेंगे ।
दर्द छिपा जोर से हँसे तो लोगों ने
आँखें तिरछी कीं
दर्द रोकर निकाला तो भी सबने टोका
कुछ अच्छा किया तो कुछ नहीं कहा
गलती से कुछ बुरा हो गया तो
तानो से दिल छलनी किया ।
हर साँस पर लोगों का पहरा रखा है मानो
कब तक जिएँ दूसरो की नजर से
अब दिल कहता है जो कहते हैं उनकों कहने दे
न परवाह कर लोगों के कहने की लोग तो कुछ भी कहेंगे
अब नहीं डरेंगे , सुनेंगे अपने दिल की
लोगों का तो क्या कुछ तो कहेंगे ही ।

## छाया भी



रमेश गायकवाड
रागा, हैदराबाद

जीवन में ठोकर खाना सीखा
पर्वतों से टकराना सीखा
पर कुछ देख रहा हूं
भूख भूख कहकर
चिल्लाने की आवाज गूंज रही है
एक तरफ प्यासे होकर
लोग तड़प रहे हैं
गर्मी से धरती तप रही है और
दूसरी ओर लू चल रही है
अचानक कई प्राणी गिर पड़े हैं
आंखों में आंसू लिए रो पड़े हैं
सिसकियां उनकी दूर-दूर तक सुनाई दे रही है
पर उनके आसपास में ही बड़े महल खड़े हैं
बड़े असमंजस की बात है
उसकी छाया भीउन तक
पहुंच नहीं पा रही है।।

## लापरवाही ही..



दर्शन सिंह
हैदराबाद

यूं ही हालचाल पूछने के लिए फोन कर दिया
कुछ उनकी सुनते, कुछ अपनी सुना दिया
यह कैसी इक्कीसवीं सदी की चाल
निकम्मा समझ कर,फोन उठाना ही बंद कर दिया
अक्लमंद को इशारा काफी
समझे तो ठीक, अन्यथा रास्ते का समझने लगे
लापरवाही ही भली थी साहब
जब भी परवाह की तो
लोग सस्ता समझने लगे
अपना मतलब था तो
एड्रेस खोजबीन कर पहुंच गए
उल्टा चोर कोतवाल को डांटे
एड्रेस में झोल था लेकिन
दूसरों का सहारा ले कर पहुंच गए
चलो छोड़ो इधर उधर की, काम की बात करते हैं
कहीं गलियों में गुम न हो जाए
अर्जुन की तरह निशाना साधते हैं
ओंकड़ आई तो फोन किया
वरना कंकर पत्थर समझने लगे
लापरवाही ही...
जब कोई साथ नहीं मिला
हम सफर समझ बतियाने लगे
हम कुछ अपना समझ नजदीकी समझाने लगे
जैसे ही समकक्ष आया तो
बहुरूपिया रंग में आ गया
मुझे भरी सभा में आईना दिखा दिया
सही वक्त सुलझे तो ठीक
वरना अपने ही फंदों में उलझने लगे
लापरवाही ही...

## यादगार



हेमंत सुराना,
उदयपुर

खुश रहकर गुजारो, तो मस्त है जिंदगी
दुखी रहकर गुजारो, तो त्रस्त हैं जिंदगी
इंतजार में गुजारो, तो सुस्त है जिंदगी
तुलना में गुजारो, तो पस्त है जिंदगी
सीखने में गुजारो, तो किताब है जिंदगी
दिखावे में गुजारो, तो बर्बाद है जिंदगी
उलझने में गुजारो, तो पहेली है जिंदगी
फरमाइश में गुजारो, तो परछाई है जिंदगी
आंसुओं में गुजारो,तो मौत है जिंदगी
बीती बातों में गुजारो ,तो गुलाम है जिंदगी
चिंता में गुजारो, तो चिता है जिंदगी
कामयाबी में गुजारो ,तो सीढ़ी है जिंदगी
मिलती है एक बार, प्यार से बिताओ जिंदगी
बनते बिगड़ते हालातो का, हिसाब है जिंदगी
फूलों को पिरो दो तो माला है जिंदगी
यादगार इसे बना दो ,दो पल की है जिंदगी ।

## अब स्कूल खुलने वाले हैं...



ओमकार सर्डिवाल,
हैदराबाद

अब स्कूल खुलने वाले हैं
नई मस्ती छाने वाली है
नई किताबें, नया बैग,
नए जूते, नई वर्दी मिलने वाली है...
अब स्कूल खुलने वाले हैं
नई शक्ति, नई उमंग संग,
नई कहानी गाड़ने वाली है
अपने कदम बढ़ाने वाले हैं...
अब स्कूल खुलने वाले हैं
एक कक्षा आगे हो गई
अपने में थोड़ी हिम्मत आ गई
अब जूनियर से सीनियर जो बन गए हैं...
अब स्कूल खुलने वाले हैं
पुरानी किताबों से पिछली यादें आती है
नई कॉपियों के पन्ने रंग कर
नया इतिहास बनाना है...
अब स्कूल खुलने वाले हैं
शिक्षा नीति बदल चुकी है
अब कहां छड़ी बोले है
खेल तमाशा कर अब तो पाठ पढ़ाते हैं...
अब स्कूल खुलने वाले हैं
किताबी ज्ञान न होकर
व्यवहारिक ज्ञान सीखते हैं
दिल में बैठे वह शिक्षा हमें अब देते हैं...
अब स्कूल खुलने वाले हैं
खेलकूद के साथ-साथ
अब स्किल सब्जेक्ट भी पढ़ते हैं
जीवन के काबिल हमें बनाते हैं...

## कतरा कतरा आंसू



डॉ शोभा भंडारी
हैदराबाद

न व्यर्थ करो,न ज़ाया करो,
किसी के अनमोल आंसू,
दिल की रगों से निकला,
बेशकीमती कतरा हैं ये आंसू,
अनमोल मोती हैं ये आंसू।
एक एक कतरे का हिसाब देना होगा,
क़यामत के दिन जवाब देना होगा,
ऐसे ही किसी दिन,
डरावना मंज़र दिखायेंगे ये आंसू।
सैंकड़ों मासूमों को, बेगुनाहों को निशाना बनाया,
कितनी ही बेहनों का सुहाग उजाड़ दिया,
खून का सैलाब जैसे बहाया।
अब सिंदूर के कण कण का,
हिसाब मांगेंगे ये आंसू,
बद्दुआओं का सैलाब लायेंगे ये आंसू।।
हदें सारी पार कर दीं दरिंदगी ने,
इंसानियत भी सिहर गई शर्मिंदगी से।
समाज के आकाओं और रसूखदारों,
कर लो परवरदिगार की बंदगी,
कसौटी पर न कसो इन आंसुओं को,
ख़त्म करो हैवानियत और दहशतगर्दी।।।

## तेलंगाना स्थापना दिवस



केएल प्रभाकर प्राण

उर-उर में उल्लास सुमन,
उदित किया दो जून।
पर्व तेलंगाना के,
उदय पर परिमल बीन।।
हे माता तेलंगाना,
ममता की तू खान।
ममता की इस गोद में,
जीवन सहर्ष गान।।
जिसकी भौगोलिकता है,सुंदर और विशाल।
जिसके जिले तैंतीस हैं, जैसे आम की डाल।।
गाँव हमारे प्यारे,कृषि हमारी जान।
अवनी सुत-अन्नदाता, गाँव की आन-शान।।
गाँव देखो प्रेम भरे,सब बंधु के समान।
कोय न रिश्ता खून का, सब प्रेम के धनवान।।
अपार साहिति कलानिधि, विजयी विराजमान।
जग भर इसकी सुकीर्ति, चंदन सुगंध समान।।
हस्तिना सिंहासन पर,पि.वि.जी कीर्तिमान।
पि.वि.इस धरा की सुगंध,वे फैल गये जहान।।
तेलंगाना की शान,शहर हैदराबाद।
राजधानी हमारी,देखो तो आह्लाद।।
प्यारा हैदराबाद,कोटि जन की गोद।
स्नेह की छाया इसकी,पाकर सभी प्रमोद।
अवनी के तारे आप, हे अमर वीर शहीद।
अक्षर आरती लीजिए,हिय में तुमरी याद।।
कंठ में भिन्न भाषाएँ,तेलुगु है प्रधान।
पर सभी भाषाओं का,होता सम सम्मान।।
सुंदर शोभित प्रकृति,खान जिसके अपार।
कमनीय कानन नदियाँ,इस भू के उपहार।।
धीरज तेरा अस्त्र है,रण से तेरी जीत।
नीति तेरा आभूषण,सदा सत्य के साथ।।
कृष्णा व गोदावरी,नदियाँ अमृत धार।
जिनकी सुजल निधियों से,खानपान आहार।।
बंगारु तेलंगाना,निर्माण की ओर हम।
मन मन क्रियाशील है,लक्ष्य की ओर कदम।।

## जय तेलंगाना



जे गंगाधर 'गंध'
हैदराबाद

जय तलंगाना
जय जय तेलंगाना,
विकसित पथ पर,
प्रयासरत निरंतर
अग्रसारित तत्पर
प्रगति के राह पर।
जय तेलंगाना,
जय जय तेलंगाना।
किसान को मिले सम्मान,
युवान रोजगार से स्वाभिमान,
महिला का ना बिगड़े आत्मसम्मान,
श्रमिक-कर्मवीर-कर्मचारी का मान,
जय तेलंगाना
जय जय तेलंगाना।
लोक लुभावन परियोजनाएं,
आनन-फानन में उद्घोषनायें,
सफलता के लिए किए गए,
कर्ज-दर-कर्ज से यदि दबे गए,
तो जन जन दबी जुबान कह उठे,
हाय तेलंगाना,
हाय हाय तेलंगाना।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA, Publications, Ltd,
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# ‘सिंध-बलूच आजादी के करीब इसलिए हुआ पहलगाम हमला’

## सिंध के लोग बोले- बंटवारे की कगार पर पाकिस्तान हमले के पीछे पाकिस्तानी आर्मी

‘पहलगाम में हमला करवाकर पाकिस्तान आर्मी ने सिंध की आजादी की मांग के मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश की है। उन्होंने सोचा कि पाकिस्तान के लोग एकजुट होकर आर्मी का साथ देने लगेंगे। आर्मी मैसेज देना चाहती थी कि मुसलमानों और भारत के बीच जंग छिड़ गई है। जंग के इस माहौल में पाकिस्तानी सेना को लोगों का समर्थन हासिल हो जाएगा।’




सोहेल अब्रो, जय सिंध फ्रीडम मूवमेंट यानी JSFM के चेयरमैन हैं। पाकिस्तान के सिंध के रहने वाले सोहेल कई साल से सिंध प्रांत की आजादी के लिए आवाज बुलंद कर रहे हैं। वे सवाल उठाते हुए कहते हैं कि जब सिंध और बलूचिस्तान अपनी आजादी के करीब थे; तभी पाकिस्तान ने जानबूझकर पहलगाम हमला कराया, ताकि असल मुद्दों से लोगों का ध्यान भटक जाए।

पहलगाम में आतंकी हमले के पीछे सोहेल जिस बात का जिक्र कर रहे हैं, उस थ्योरी की चर्चा बाहर भी है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI पर आरोप लग रहे हैं कि देश में बिगड़ते हालात से ध्यान भटकाने के लिए उसने पहलगाम हमला करवाया, ताकि भारत-पाकिस्तान के बीच जंग के हालात में लोग देश के अंदरूनी मसले भूल जाएं। पाकिस्तान के टूटते प्रांत एकजुट हो जाएं।

इस थ्योरी की पड़ताल के लिए दैनिक भास्कर ने सोहेल अब्रो से बात की। हमने जानने की कोशिश की कि क्या पाकिस्तान टूटने की कगार पर आ गया था। क्या असल में पाकिस्तान के दो बड़े प्रांत आजाद होना चाहते हैं। पहलगाम हमला क्या पाकिस्तान की बंटवारे से बचने की सोची-समझी चाल थी।

**बलूचिस्तान-सिंध में आजादी को लेकर पिछले कुछ महीनों में क्या हुआ**

बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है। यहां इसी साल मार्च से ही हर हिस्से में आर्मी पर हमले हो रहे थे। पहले 11 मार्च को बलूच लिबरेशन आर्मी (BLA) के लड़ाकों ने जाफर एक्सप्रेस ट्रेन हाईजैक की। फिर 16 मार्च को बलूचिस्तान के नोश्की में नेशनल हाईवे पर BLA ने अर्धसैनिक फ्रंटियर कॉर्प के काफिले पर आत्मघाती हमला किया। इसमें 5 से ज्यादा जवानों की मौत हो गई।

पाकिस्तान के सिंध सूबे में बलूचिस्तान की तरह ही अलगाववाद और पाकिस्तान से आजादी की लड़ाई तेज हो रही है। कराची सिंध का वही शहर है, जहां पाकिस्तान का सबसे बड़ा पोर्ट है। यहीं से पूरे पाकिस्तान में रसद सप्लाई होती है।

अप्रैल से ही पाकिस्तान में सिंध पर कैनाल प्रोजेक्ट का विरोध शुरू हो गया था। सिंध के सुक्कुर, खैरपुर, कश्मोर, कंधकोट जिलों में हाईवे बंद करके सड़कों पर जाम लगा दिया था। पाकिस्तान में कराची पोर्ट का बिजनेस ठप हो गया। पूरे देश में पेट्रोल-डीजल की सप्लाई रुकने से तेल का संकट छा गया था।

आर्मी और पुलिस ने पहले लाठीचार्ज किया, फिर फायरिंग

सिंध के नौशहरो फिरोज जिले में कैनाल प्रोजेक्ट के विरोध में प्रदर्शन चल रहा था। 20 मई को JSFM संगठन के साथ 100 से 200 लोग बाईपास बंद करके प्रोजेक्ट का शांतिपूर्वक विरोध कर रहे थे। तभी पाकिस्तान आर्मी और पुलिस फोर्स की बख्तरबंद गाड़ियां आईं। उन्होंने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज कर दिया। भीड़ के विरोध करने पर फायरिंग की, जिसमें 50 से ज्यादा लोग घायल हुए।

**पाकिस्तानी आर्मी वेंटिलेटर पर थी, पहलगाम हमले से ऑक्सीजन मिली**

सोहेल मानते हैं कि पाकिस्तान बनने से पहले तक सिंध हमेशा एक आजाद मुल्क रहा है। यहां का इतिहास ऋग्वेद से शुरू होता है। सिंध का जिक्र प्राचीन भारतीय महाकाव्यों में मिलता है। हड़प्पा सभ्यता और मोहनजोदड़ो में हमारी पहचान जुड़ी है।

वे कहते हैं,पहलगाम का वाकया इसी वक्त क्यों हुआ। दरअसल बलूचिस्तान में आजादी की जंग तेज हो रही है। सिंध में नहरों के मुद्दे पर हमने पंजाब को जाने वाली सड़कें जाम कीं और पोर्ट बंद कर दिया। पहलगाम हमला करवाकर पाकिस्तानी आर्मी ने इन मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश की, ताकि पाकिस्तान के लोग एकजुट होकर आर्मी का साथ देने लगें।

आर्मी संदेश देना चाहती थी कि मुसलमानों और भारत के बीच जंग छिड़ गई है। जंग के इस माहौल में पाकिस्तानी आर्मी को फिर से लोगों का समर्थन हासिल हो जाएगा। पाकिस्तान में हो रहे प्रदर्शनों से जान छुड़ाने के लिए आर्मी ने पहलगाम हमला करवाया, ताकि देश के अंदर हो रहे प्रदर्शन दबाए जा सकें।

भारत ने जवाब में इनके ठिकानों को टारगेट कर हमले किए। इस पर पाकिस्तानी आर्मी ने लोगों को फिर से एकजुट होने की अपील की। अब सिंधी, बलूच, पश्चून, गिलगिती और कश्मीरी सब ये चाल समझ चुके हैं कि जब इन पर प्रेशर बढ़ता है तो ये इस्लाम के नाम पर सीमापार कुछ करने की कोशिश करते हैं।

पाकिस्तान के ज्यादातर लोग खुद पाकिस्तानी स्टेट का जुल्म सह रहे हैं। आर्मी लोगों को गायब कर रही है। हमारी संस्कृति से लेकर संसाधनों पर हमला किया जा रहा है, लूट मार हो रही है। पाकिस्तान में भारत के एक्शन से लोग खुश ही हुए होंगे।

भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में जो हमले किए, उसमें आम लोग नहीं बल्कि दहशतगर्दों के अड्डों पर हमले किए गए। इसमें किसी आम इंसान की मौत नहीं हुई है।

**पाकिस्तान ने सिंध के साथ ऐसा क्या सौतेला व्यवहार किया कि आजादी की मांग शुरू हो गई?**

हम पाकिस्तान के साथ रियासत के तौर पर शामिल हुए थे। 1947 में पास हुए रिजॉल्यूशन के मुताबिक, राज्यों को अपने मुद्दों पर फैसले करने का पूरा हक होगा। जमीन के मालिक राज्य खुद होंगे। हमारी जमीनें, मुद्दे, संस्कृति से जुड़े अधिकारों पर फैसला हम खुद लेंगे।

# कब और कैसे होगी पीओके की वापसी

**संजय सिन्हा**

भारत ने पहलगाम हमले का पाकिस्तान को करारा जवाब दे दिया। कार्रवाई अभी भी जारी लेकिन एक बड़ा सवाल पीओके की वापसी को लेकर है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि अब पाकिस्तान से बात होगी तो पीओके और आतंकवाद पर ही बात होगी। पाकिस्तान को जल्द ही पीओके खाली करना होगा। अब सवाल है कि पीओके को भारत में शामिल करने के क्या रास्ते हो सकते हैं और इसमें क्या अड़चने आ सकती है? मेरे खयाल से पीओके को भारत में शामिल करने के दो ही रास्ते हैं- पहला पाकिस्तान से बातचीत के जरिये यह क्षेत्र खाली कराया जाए जो कि संभव नहीं है. तब दूसरा रास्ता युद्ध ही बच जाता है। पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके )को भारत में शामिल करने या उस पर नियंत्रण स्थापित करने की बात केवल भावनात्मक या राजनीतिक नहीं है बल्कि इसमें कई जटिल रणनीतिक, सैन्य, दुर्गम क्षेत्र, कूटनीतिक और अंतरराष्ट्रीय पहलू शामिल हैं। भारत का पीओके को पुनः प्राप्त करने की दिशा में अड़चनों का सामना करना पड़ सकता है।

पीओके में पाकिस्तानी सेना की भारी मौजूदगी है। इसी के साथ ही यहां पर आतंकवादियों के कई अड्डे हैं जिनके पास अत्याधुनिक हथियार है। भारत को इस क्षेत्र पर नियंत्रण पाने के लिए एक बड़े सैन्य अभियान की आवश्यकता होगी। पीओके पाकिस्तान का अभिन्न हिस्सा रहा है जिसे उसने कब्जे में लेकर इसे आतंकवाद का ट्रेंनिंग सेंटर बना रखा है। इसी के साथ ही चीन को अलग थलग करने के लिए उसकी मंशा और उसके कार्य को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष उजागर करना। CPEC पर वैध आपत्ति दर्ज कराना और चीन को गिफ्ट में मिले क्षेत्र पर अपने दावे को मजबूत करना। इस सभी मुद्दों को लेकर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का पक्ष मजबूत करना जरूरी है जैसे UN, G20, SCO, BRICS आदि जगहों पर इन मुद्दों को सबूत और तथ्यों के साथ प्रस्तुत करना, अमेरिका, रूस, यूरोपीय संघ, और मुस्लिम देशों के साथ द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से अपने पक्ष को रखना, PoK में हो रहे अत्याचारों को उजागर करना (वीडियो, रिपोर्ट्स, साक्ष्य)। विश्व मीडिया को स्वतंत्र रिपोर्टिंग की अनुमति देने की मांग करना.

भारत को पूर्ण युद्ध की तैयारी के साथ सैन्य कार्रवाई की तैयारी करना होगी। इसके लिए उसके पास सबसे पहले बलूचिस्तान को अलग करने और पख्तूनों एवं अफगानिस्तान का समर्थन हासिल करने का विस्तृत प्लान होना जरूरी है। कम से कम 1 वर्ष से 2 वर्ष के युद्ध की पूर्ण तैयारी जरूरी है। उसे पीओके में घुसने के लिए पंजाब के रास्ते के प्लान पर भी काम करना चाहिए। भारतीय थल सेना पंजाब के रास्ते आसानी से पीओके में दाखिल हो सकती है हालांकि जम्मू कश्मीर के अलावा लद्दाख के मार्ग को हवाई हमले के लिए उपयोग में लिया जा सकता है। भारतीय सेना को बांग्लादेशी फ्रंट और चीन की सीमा पर भी अपनी तैनाती को पहले से ही बढाकर रखना होगा। इसी के साथ ही इसका प्लान भी तैयार रखना होगा कि यदि बांग्लादेश से किसी भी प्रकार की सैन्य या आतंकी कार्रवाई होती है तो उससे कैसे निपटा जाए। युद्ध में एक बार उतरने के बाद पीछे पलटकर देखने की जरूरत नहीं। फेंक जहां तक भाला जाए और जो लड़ सका वही तो महान है।

# डिजिटल युग की प्राथमिकताएँ
## रोटी, मकान और इंटरनेट

**प्रो. आरके जैन “अरिजीत”**

रोटी, कपड़ा और मकान — ये तीनों लंबे समय तक मानव जीवन की मूलभूत आवश्यकताएँ मानी जाती थीं। ये वो आधार थे, जिनके लिए इंसान दिन-रात मेहनत करता था, जिनके बिना जीवन की कल्पना भी अधूरी थी। लेकिन समय ने करवट ली, और इसके साथ ही मानव की प्राथमिकताएँ भी बदल गईं। आज की नई पीढ़ी के लिए रोटी और मकान अब भी महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इनके साथ एक नई ज़रूरत ने अपनी जगह बना ली है—इंटरनेट। यह केवल एक तकनीकी साधन नहीं, बल्कि जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। आज का युवा रोटी के लिए मेहनत करता है, मकान के लिए सपने देखता है, लेकिन इंटरनेट के बिना वह अपने भविष्य की नींव को अधूरा मानता है। यह बदलाव केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक स्तर पर एक नई क्रांति का प्रतीक है।

पहले ज़माने में जानकारी का स्रोत सीमित था। घर में एक अख़बार आता था, कुछ पत्र-पत्रिकाएँ महीने में एक बार पढ़ने को मिलती थीं, और रेडियो या टीवी से दुनिया की ख़बरें मिलती थीं। लेकिन आज का युग डिजिटल युग है, जहाँ सूचनाएँ पलक झपकते ही उपलब्ध हैं। सोशल मीडिया, न्यूज़ ऐप्स, यूट्यूब, ब्लॉग और वेबसाइट्स ने जानकारी को इतना सुलभ बना दिया है कि यह न केवल ज्ञान का स्रोत है, बल्कि पहचान, अवसर और आत्मविकास का ज़रिया भी बन चुका है। नई पीढ़ी के लिए इंटरनेट महज़ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि वह मंच है, जहाँ से वे अपने सपनों को उड़ान दे सकते हैं। चाहे वह ऑनलाइन कोर्स के ज़रिए नई स्किल सीखना हो, यूट्यूब पर अपने टैलेंट को दुनिया तक पहुँचाना हो, या सोशल मीडिया पर अपने विचारों को व्यक्त करना हो—इंटरनेट ने हर किसी को वैश्विक मंच प्रदान किया है।

आज का युवा केवल पेट भरने के लिए मेहनत नहीं करता, बल्कि वह कुछ बड़ा करने के लिए जुटा हुआ है। वह रोटी चाहता है, लेकिन ऐसी जो केवल भूख मिटाए नहीं, बल्कि उसे आत्मनिर्भर बनाए। वह मकान चाहता है, लेकिन ऐसी जो सिर्फ़ सिर ढँकने की जगह न हो, बल्कि उसे स्वतंत्रता और आत्मसम्मान दे। और वह इंटरनेट चाहता है, क्योंकि यह वह डिजिटल खिड़की है, जिसके ज़रिए वह दुनिया से जुड़ सकता है, नई संभावनाओं को तलाश सकता है, और अपनी आवाज़ को दूर तक पहुँचा सकता है। उदाहरण के लिए, एक छोटे से गाँव का युवा, जो पहले अपने गाँव की सीमाओं तक सीमित था, आज इंटरनेट के ज़रिए कोडिंग सीखकर सिलिकॉन वैली की कंपनियों के लिए काम कर रहा है। एक गृहिणी, जो पहले घर की चारदीवारी तक सीमित थी, अब ऑनलाइन स्टोर खोलकर आत्मनिर्भर बन रही है। यह सब इंटरनेट की ताक़त का कमाल है।

भारत जैसे देश में, जहाँ गाँव-देहात अभी भी आबादी का बड़ा हिस्सा हैं, इंटरनेट ने क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। बच्चे ऑनलाइन क्लासेज़ के ज़रिए पढ़ाई कर रहे हैं, किसान यूट्यूब से आधुनिक खेती के तरीक़े सीख रहे हैं, और छोटे व्यापारी ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म पर अपने उत्पाद बेच रहे हैं। डिजिटल इंडिया जैसे सरकारी प्रयासों और सस्ते स्मार्टफ़ोन्स की उपलब्धता ने इस बदलाव को और तेज़ किया है। विशेष रूप से, कोरोना महामारी ने इंटरनेट की अनिवार्यता को और स्पष्ट कर दिया। जब स्कूल बंद थे, तब ऑनलाइन क्लासेज़ ने बच्चों की पढ़ाई को जारी रखा। जब अस्पतालों में भीड़ थी, तब टेलीमेडिसिन ने लोगों को घर बैठे चिकित्सा सलाह दी। और जब लोग घरों में बंद थे, तब इंटरनेट ने उन्हें सामाजिक और भावनात्मक रूप से जोड़े रखा। यह सब इस बात का सबूत है कि इंटरनेट अब केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि जीवन का एक अभिन्न अंग बन चुका है।

हालाँकि, इंटरनेट की दुनिया अपने साथ कई चुनौतियाँ भी लाई है। डेटा की गोपनीयता, साइबर अपराध, गलत सूचनाएँ और सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग मानसिक स्वास्थ्य पर असर डाल रहा है।

# कोरोना की रफ्तार ने बढ़ाई टेंशन

देश में कोरोना की रफ्तार तेजी से बढ़ रही है। अब, इसे देखते हुए केंद्र सरकार भी सतर्क हो गई है। हेल्थ मिनिस्ट्री ने पत्र लिखकर दिल्ली समेत कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जरूरी कदम उठाने को कहा है। इन सभी राज्यों को नया दिशानिर्देश भी जारी किया गया है।

**30 मई तक देश में 2710 एक्टिव मामले 22 की मौत**

30 मई तक देश में कोरोना के 2710 एक्टिव मामले हो गए हैं। पिछले दिन के मुकाबले 511 नए मामले सामने आए हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 22 लोगों की मौत हो चुकी है।

केरल सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य है। यहां 1,147 एक्टिव मामले हैं। 227 नए संक्रमण के मामले सामने आए हैं। महाराष्ट्र में 424 एक्टिव मामले हैं। पिछले 24 घंटों में 40 मामले बढ़े हैं। दिल्ली में भी कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। 56 नए मामले सामने आए हैं, जिससे कुल संख्या 294 हो गई है।

**किन राज्यों में हुई मौत**

जिन राज्यों में मौतें हुई हैं, उनमें महाराष्ट्रमें सबसे ज्यादा दो मौतें हुई हैं। एक 67 वर्षीय पुरुष मरीज को बाएं फेफड़े में निमोनिया और डायबिटीज और हाइपरटेंशन जैसी बीमारियां थीं। उनकी कोविड-19 रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। एक और मौत 21 वर्षीय पुरुष की हुई। उन्हें डायबिटिक कीटोएसिडोसिस और लोअर रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इंफेक्शन था। बाद में इसे कोविड से संबंधित माना गया।

तमिलनाडु में एक 60 वर्षीय पुरुष की मौत हो गई। उन्हें टाइप 2 डायबिटीज, हाइपरटेंशन और क्रोनिक किडनी डिजीज



**स्वास्थ्य सचिव ने सभी राज्यों को लिखी चिट्ठी**

स्वास्थ्य सचिव पुण्या सलिला श्रीवास्तव ने 29 मई को सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासकों को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने कहा है कि मौसम बदलने के साथ ही सांस की बीमारियां बढ़ जाती हैं। ये बीमारियां इन्फ्लूएंजा, SARSCoV-2 और RSV जैसे वायरस की वजह से होती हैं।

पत्र में लिखा है कि देश के कुछ हिस्सों में SARS-CoV-2 की वजह से होने वाली सांस की बीमारियों (ARIs) के मामलों में थोड़ी बढ़ोतरी देखी जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि ज्यादातर संक्रमण हल्के हैं। अभी ओमिक्रॉन के JN 1, XFG और LF 7.9 वेरिएंट ही मिल रहे हैं। इनसे बुखार, खांसी और गले में खराश जैसे लक्षण होते हैं, जो अपने आप ठीक हो जाते हैं।

**स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किया नया निर्देश**

स्वास्थ्य मंत्रालय ने पत्र में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अस्पतालों की तैयारी जांचने के लिए कहा है। इसमें जिला और उप-जिला स्तर के अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, और दूसरे स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। अस्पतालों में जांच की सुविधा, ज़रूरी दवाएं, PPE किट, आइसोलेशन वार्ड, ऑक्सीजन सप्लाई, क्रिटिकल केयर बेड और वेंटिलेटर जैसी सुविधाएं होनी चाहिए। ऑक्सीजन की तैयारी को जांचने के लिए मॉक ड्रिल भी करनी होगी। इसकी रिपोर्ट 2 जून तक भेजनी है।

मंत्रालय ने टेस्टिंग प्रोटोकॉल का पालन करने पर भी जोर दिया है। सभी SARI मामलों और 5% ILI मामलों की जांच होनी चाहिए। SARI पॉजिटिव सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए VRDL सेंटर भेजना होगा। जिला सर्विलांस यूनिट को ILI/SARI के ट्रेंड पर नज़र रखनी होगी। साथ ही, मामलों में SARI के अनुपात को भी ट्रैक करना होगा। इन सभी का डेटा पोर्टल पर नियमित रूप से डालना होगा।

**लोगों को हाथ धोने से लेकर छींकने का ध्यान रखना होगा**

लोगों को जागरूक करने के लिए हाथ धोने और सांस लेने की सही आदतों के बारे में बताना होगा। खांसते या छींकते समय मुंह को ढकना और सार्वजनिक जगहों पर थूकने से बचना चाहिए। बुजुर्गों और कमजोर इम्युनिटी वाले लोगों को भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचना चाहिए। अगर जाना ज़रूरी हो, तो मास्क पहनना चाहिए।

अगर किसी को सांस लेने में तकलीफ या सीने में दर्द जैसे लक्षण हों, तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

सांस की बीमारियों से बचने के लिए ज़रूरी है कि हम सावधानी बरतें और सरकार के निर्देशों का पालन करें। थोड़ी सी सावधानी से हम खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकते हैं।

# ट्रम्प को 72 घंटे में तीन बड़े झटके, सबसे करीबी मस्क ने भी साथ छोड़ा

पहला- ट्रम्प के सबसे करीबी इलॉन मस्क सरकार से अलग हो गए। दूसरा- ट्रम्प के रेसिप्रोकल टैरिफ को अमेरिकी कोर्ट ने गैर-कानूनी बताते हुए रोक लगा दी। तीसरा झटका पुतिन ने दिया, जिसके बाद ट्रम्प को कहना पड़ा- वो आग से खेल रहे हैं।

**ट्रम्प की जीत के हीरो अरबपति इलॉन मस्क ने 130 दिनों में सरकार का साथ क्यों छोड़ दिया?**

टेस्ला के मालिक और अमेरिकी अरबपति इलॉन मस्क जुलाई 2024 में ट्रम्प के चुनावी कैम्पेन से जुड़े। उन्होंने ट्रम्प के कैंपेन को 2 हजार करोड़ से ज्यादा चंदा दिया। धीरे-धीरे वो ट्रम्प के भरोसेमंद लोगों में शामिल हो गए।

ट्रम्प की जीत के बाद हर बड़े मौके पर मस्क को साथ देखा जाता था। 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली और इलॉन मस्क को डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी यानी DOGE का जिम्मा दिया। इस विभाग का काम सरकार की फिजूलखर्ची कम करना था।

मस्क के इस्तीफे की असल वजह सामने नहीं आई है, लेकिन 4 बड़े मौकों पर उनके ट्रम्प के साथ मतभेद दिखने लगे थे...

17 मई को अमेरिकी संसद में ट्रम्प का बिग एंड ब्यूटीफुल बिल पास हुआ, जिसका मस्क ने खुलकर विरोध किया। मस्क का कहना था कि डीओजीई का मकसद सरकारी खर्चों में कटौती करना है और यह बिल फिजूलखर्ची को बढ़ाने वाला है। इसमें इनकम टैक्स घटाना, ओवरटाइम, टिप्स और सोशल सिक्योरिटी से होने वाली इनकम पर भी टैक्स कटौती जैसे प्रस्ताव शामिल थे।

22 मई को ओपनएआई ने यू ए ई में एक ए आई डेटा सेंटर बनाने की डील की। मस्क नहीं चाहते थे कि ओपनएआई को यह डील मिले। वे अपनी ए आई कंपनी xAI को यह डील दिलाना चाहते थे। वॉल स्ट्रीट जर्नल के मुताबिक, मस्क ने यू ए ई की तरफ से डेटा सेंटर प्रोजेक्ट में शामिल कंपनी को धमकी दी थी कि अगर उनकी कंपनी इस डील में शामिल नहीं होगी, तो ट्रम्प नाराज हो जाएंगे।

डील के बाद मस्क ने ट्रम्प और उनके स्टॉफ से शिकायत भी की थी लेकिन ट्रम्प ने ओपनएआई की डील जारी रखने का ही फैसला लिया। मस्क ने अपनी विरोधी कंपनी को कॉन्ट्रैक्ट मिलने के बाद, ट्रम्प के सलाहकार डेविड सैक्स और बाकी अधिकारियों की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए।

इलॉन मस्क ने 2026 के मिडटर्म इलेक्शन से पहले ट्रम्प की टीम को 100 मिलियन डॉलर देने का वादा किया था, लेकिन अभी तक यह रकम नहीं दी गई, जिससे ट्रम्प के कई सहयोगी नाराज हो गए। हालांकि मस्क ने 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ट्रम्प के लिए 250 मिलियन डॉलर खर्च किए थे।

8 मार्च को हुई एक कैबिनेट मीटिंग में मस्क और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के बीच बहस हो गई थी। मस्क ने रुबियो पर आरोप लगाए की



स्टॉफ में कटौती के लिए अपने डिपॉर्टमेंट से किसी को भी नौकरी से नहीं निकाला। इस पर रुबियो ने बताया कि उनके डिपॉर्टमेंट से 1,500 कर्मचारियों ने जल्दी रिटायरमेंट ले लिया है। जब दोनों के बीच बहस तेज हो गई तो ट्रम्प ने रुबियो का बचाव किया और कहा कि वे बहुत अच्छा काम कर रहे हैं।

28 मई को मस्क ने अमेरिकी टीवी चैनल CBS को दिए इंटरव्यू में कहा, 'राजनीति में जितना करना था कर लिया। अब चंदा नहीं दूंगा।' कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मस्क अब सरकारी भूमिका से हटकर फिर से टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी अपनी कंपनियों पर फोकस बढ़ाएंगे।

डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दुनिया के 100 से ज्यादा देशों पर रेसिप्रोकल टैक्स की घोषणा की। इसके लिए ट्रम्प ने अमेरिकी संविधान के इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर एक्ट, 1977 का इस्तेमाल किया था।

ट्रम्प के फैसले का अमेरिका सहित पूरी दुनिया में विरोध हुआ। शेयर मार्केट गिरने लगे। जिसके बाद उन्होंने 10 अप्रैल को 90 दिनों के लिए टैरिफ पर रोक लगा दी।

ट्रम्प के टैरिफ के खिलाफ दूसरे देशों से सामान इम्पोर्ट करने वाले छोटे अमेरिकी व्यापारियों ने केस दायर किया था। इसकी सुनवाई करते हुए अमेरिका के कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड ने ट्रम्प के टैरिफ पर रोक लगा दी है। तीन जजों की बेंच ने फैसले में कहा...अमेरिका का संविधान सदन को सिर्फ दूसरे देशों के साथ व्यापार रेगुलेट करने का अधिकार देता है। यानी ट्रम्प सरकार इकोनॉमिक इमरजेंसी के समय दूसरे देशों से व्यापार पर रोक लगा सकती है, लेकिन इमरजेंसी पावर्स के नाम पर टैरिफ नहीं लगा सकती। कोर्ट ने कहा, ‘ट्रम्प का टैरिफ, कानून के खिलाफ है इसलिए इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है।’

इसी के साथ कोर्ट ने इमरजेंसी पावर्स के नाम पर जनवरी से अभी तक ट्रम्प के टैरिफ पर लिए फैसलों पर रोक लगा दी है। हालांकि बेंच ने यह भी कहा है कि अदालत ट्रम्प के टैरिफ के प्रभाव या इसे लगाने की बुद्धिमत्ता पर कोई निर्णय नहीं ले रहा है। ट्रम्प प्रशासन ने कोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील का नोटिस दायर किया है।







# ग्रहों के सेनापति मंगल करने वाले हैं राशि परिवर्तन



## इन तीन राशियों की बदलेगी किस्मत

ग्रहों के सेनापति कहे जाने वाले मंगल एक तय समय पर अपनी राशि बदलते हैं। वहीं जून का महीना शुरू होने वाला है। जून के महीने में ग्रहों के सेनापति कहे जाने वाले मंगल अपनी राशि बदलने वाले हैं, जिसका असर लोगों की जिंदगी के साथ-साथ सभी राशियों पर पड़ने वाला है। किसी राशि पर अच्छा असर पड़ेगा तो किसी पर बुरा असर हो सकता है।

जून की शुरुआत में ही, यानी 7 जून को ग्रहों के सेनापति कहे जाने वाले मंगल अपनी राशि बदलने वाले हैं। मंगल सिंह राशि में जाएंगे और सिंह राशि के स्वामी सूर्य होते हैं।

मंगल के इस बदलाव से कई राशियों पर अच्छा असर पड़ने वाला है। मंगल के असर से इन राशियों की जिंदगी में धन और सुख-शांति की बढ़ोतरी होगी। वहीं तीन राशियां हैं जिन पर मंगल की खास कृपा बरसने वाली है, मिथुन, वृश्चिक और धनु।

**मिथुन राशि**

इस राशि पर अच्छा असर पड़ेगा, भाग्य का साथ मिलेगा। अटका हुआ काम पूरा होगा। कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों में फैसला आपके पक्ष में रहेगा। आमदनी अच्छी होगी, व्यापार में भी फायदा मिलेगा। साथ ही व्यापार में पैसा लगाने के लिए यह समय काफी सही है।

**वृश्चिक राशि**

इस राशि के लोगों को भी फायदा होगा, नया व्यापार शुरू कर सकते हैं। करियर से जुड़े काम अगर सोच-समझकर करेंगे तो जरूर कामयाबी मिलेगी। नौकरी करने वालों के लिए बॉस आपके काम की तारीफ कर सकते हैं। नौकरी में तरक्की और मनचाहा ट्रांसफर हो सकता है। घर में धन और सुख-शांति बढ़ेगी।

**धनु राशि**

इस राशि के लोगों को भी अच्छा फल मिलेगा। जो छात्र प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें सफलता मिल सकती है। काम के सिलसिले में विदेश यात्रा का योग बन रहा है, जो फायदेमंद रहेगा। व्यापार में कोई बड़ी डील मिल सकती है जो मुनाफा देने वाली होगी।

पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा। संतान की इच्छा रखने वाले दंपती को खुशखबरी मिल सकती है।

# कुंडली में कौन से ग्रह कमजोर होने के कारण लव मैरिज में आती है रुकावट?

**शुक्र ग्रह की भूमिका**

शुक्र को प्रेम, सौंदर्य, कला, रोमांस और वैवाहिक सुख का ग्रह माना जाता है। अगर कुंडली में शुक्र कमजोर हो, शत्रु ग्रहों के साथ बैठा हो, या राहु-केतु व शनि से प्रभावित हो, तो प्यार में धोखा या असफलता मिलती है। ऐसा व्यक्ति चाहकर भी अपने रिश्ते को आगे नहीं बढ़ा पाता।

**पंचम भाव और पंचमेश की स्थिति**

कुंडली में पंचम भाव प्रेम और रोमांटिक रिश्तों का भाव होता है। अगर इस भाव में कोई अशुभ ग्रह हो या इसका स्वामी ग्रह कमजोर हो जाए, तो प्रेम संबंध लंबे नहीं चलते। कई बार शुरू तो होता है लेकिन शादी तक नहीं पहुंचता। अगर पंचम भाव पर राहु, शनि या केतु की दृष्टि हो तो ब्रेकअप, धोखा या परिवार की तरफ से विरोध देखने को मिलता है।

**सप्तम भाव और सप्तमेश की स्थिति**

सप्तम भाव जीवनसाथी और शादी का मुख्य भाव होता है। अगर सप्तम भाव या उसका स्वामी (सप्तमेश) नीच राशि में हो या शनि, राहु जैसे ग्रहों से प्रभावित हो तो शादी में देरी या रुकावट आती है। लव मैरिज की स्थिति में तो यह और भी असर दिखाता है क्योंकि इस समय निर्णय व्यक्ति खुद करता है और ऐसे में ग्रहों की भूमिका अहम हो जाती है।

**राहु और केतु का प्रभाव**

राहु और केतु को छाया ग्रह कहा जाता है जो भ्रम और अस्थिरता लाते हैं। अगर राहु पंचम, सप्तम या एकादश भाव में हो तो प्यार की शुरुआत तो होती है लेकिन उसका अंत अच्छा नहीं होता। राहु अगर शुक्र को पीड़ित कर दे तो रिश्ते में धोखा, झूठ या छुपाव देखने को मिलता है। कई बार शादी होते-होते रह जाती है।

**चंद्रमा की भूमिका**

चंद्रमा मन और भावना का ग्रह है। अगर चंद्रमा कमजोर हो, शनि या राहु-केतु से ग्रसित हो तो व्यक्ति के सोचने-समझने की क्षमता पर असर पड़ता है। ऐसे में वह खुद भी अपने रिश्ते को लेकर कन्फ्यूज रहता है। कभी हां करता है, कभी मना, और यही बात रिश्ते को कमजोर कर देती है।

**सप्तम भाव और सप्तमेश की स्थिति**

सप्तम भाव जीवनसाथी और शादी का मुख्य भाव होता है। अगर सप्तम भाव या उसका स्वामी (सप्तमेश) नीच राशि में हो या शनि, राहु जैसे ग्रहों से प्रभावित हो तो शादी में देरी या रुकावट आती है। लव मैरिज की स्थिति में तो यह और भी असर दिखाता है क्योंकि इस समय निर्णय व्यक्ति खुद करता है और ऐसे में ग्रहों की भूमिका अहम हो जाती है।

**राहु और केतु का प्रभाव**

राहु और केतु को छाया ग्रह कहा जाता है जो भ्रम और अस्थिरता लाते हैं। अगर राहु पंचम, सप्तम या एकादश भाव में हो तो प्यार की शुरुआत तो होती है लेकिन उसका अंत अच्छा नहीं होता। राहु अगर शुक्र को पीड़ित कर दे तो रिश्ते में धोखा, झूठ या छुपाव देखने को मिलता है। कई बार शादी होते-होते रह जाती है।


**चंद्रमा की भूमिका**

चंद्रमा मन और भावना का ग्रह है। अगर चंद्रमा कमजोर हो, शनि या राहु-केतु से ग्रसित हो तो व्यक्ति के सोचने-समझने की क्षमता पर असर पड़ता है। ऐसे में वह खुद भी अपने रिश्ते को लेकर कन्फ्यूज रहता है। कभी हां करता है, कभी मना, और यही बात रिश्ते को कमजोर कर देती है।

**उपाय-** राहु-केतु के दुष्प्रभाव के लिए हनुमान चालीसा पढ़ें और मंगलवार को हनुमान मंदिर जाएं।

सोमवार को शिवलिंग पर जल चढ़ाएं और "ॐ चंद्राय नमः" मंत्र का जाप करें।

# घर में पर्दे का एक छोटा सा बदलाव चमका सकता है आपका भाग्य!



जब हम घर की सजावट की बात करते हैं, तो अक्सर फर्नीचर, दीवारों का रंग, लाइटिंग और सजावटी सामान पर ज्यादा ध्यान देते हैं। लेकिन एक चीज जिसे लोग आमतौर पर हल्के में ले लेते हैं, वो है पर्दों का रंग। पर्दे सिर्फ धूप रोकने या प्राइवेसी बनाए रखने के लिए नहीं होते, बल्कि इनका रंग और जगह भी हमारे जीवन पर असर डालता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, अगर सही दिशा में सही रंग का पर्दा लगाया जाए, तो वह घर में सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाता है और नकारात्मकता को दूर करता है। ये पर्दे न केवल आपके घर को खूबसूरत बनाते हैं, बल्कि आपकी सेहत, रिश्तों और करियर पर भी अच्छा प्रभाव डाल सकते हैं। हर कमरे की अपनी अलग ऊर्जा होती है और उसी के अनुसार पर्दों का चयन करना फायदेमंद होता है। इसलिए अगर आप अपने घर में सुख-शांति और समृद्धि बनाए रखना चाहते हैं, तो पर्दों के रंग का चुनाव सोच-समझकर करें।

**बच्चों का कमरा**

बच्चों के कमरे के लिए सबसे बेहतर होते हैं नीले, हरे या गुलाबी रंग के पर्दे। नीला रंग दिमाग को शांत करता है, जिससे बच्चे पढ़ाई में मन लगाते हैं। हरा रंग सेहत और विकास से जुड़ा है, तो वहीं गुलाबी रंग प्यार और मासूमियत का अहसास कराता है। इन रंगों के पर्दे कमरे को पॉजिटिव और फ्रेश बनाते हैं जिससे बच्चे का विकास बेहतर होता है।

**नवविवाहित जोड़े का कमरा**

नए शादीशुदा जोड़े के कमरे में लाल, बैंगनी या गुलाबी रंग के पर्दे लगाना बेहद फायदेमंद होता है। लाल रंग उत्साह और ऊर्जा का प्रतीक है। यह रिश्ते में गर्मजोशी और आकर्षण बनाए रखता है। बैंगनी रंग नए विचारों और भावनाओं को जगाता है, जो एक नए जीवन की शुरुआत में जरूरी होता है। गुलाबी रंग रिश्ते में मिठास और आत्मीयता लाता है। इन रंगों के पर्दे पति-पत्नी के रिश्ते को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

**मुखिया का कमरा**

परिवार के मुखिया यानी घर के जिम्मेदार सदस्य के कमरे में ऐसे रंग होने चाहिए जो मानसिक स्थिरता और आत्मविश्वास बढ़ाएं। नीला रंग शांति और संतुलन लाता है। नारंगी रंग जोश और नई ऊर्जा का प्रतीक है। भूरा रंग स्थिरता, भरोसे और मजबूती का संकेत देता है। इन रंगों से मुखिया के निर्णय क्षमता में सुधार होता है और जीवन में स्थायित्व आता है।

**डाइनिंग एरिया**

डाइनिंग रूम में परिवार एक साथ बैठकर खाना खाता है, इसलिए वहां सौहार्द और सामंजस्य जरूरी होता है। हल्के भूरे (ब्राउन) और क्रीम रंग के पर्दे इस जगह के लिए अच्छे माने जाते हैं। ये रंग भोजन के समय शांत और सुखद माहौल बनाते हैं। परिवार के बीच बेहतर बातचीत और संबंधों में मिठास लाते हैं।

**गेस्ट रूम**

गेस्ट रूम यानी मेहमानों के कमरे में ऐसे रंग होने चाहिए जो उन्हें आरामदायक और अपनापन महसूस कराएं। हल्का बादामी या क्रीम रंग का पर्दा इस कमरे के लिए सबसे अच्छा माना जाता है। इससे मेहमानों को शांति और सुकून महसूस होता है। घर में समृद्धि और सकारात्मक माहौल बना रहता है।

**पूजाघर**


पूजा का स्थान पवित्रता और शांति का केंद्र होता है। यहां ऐसे रंग होने चाहिए जो आध्यात्मिक ऊर्जा को बढ़ाएं। हल्का पीला रंग ज्ञान, बुद्धि और भक्ति से जुड़ा होता है। नारंगी रंग ऊर्जा और शक्ति का प्रतीक है। इन रंगों से पूजा करते समय मन एकाग्र होता है और घर में सकारात्मक वाइब्स बनी रहती हैं।

### गैजेट्स का ज्यादा इस्तेमाल न करें, स्क्रीन पर ज्यादा समय गुजारने से होती है नींद की कमी

आज जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद जी गिरि के जीवन सूत्र में जानिए नींद की परेशानी दूर करने के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? अनिद्रा भी एक रोग है, कई लोग ऐसे हैं, जिनकी नींद पूरी नहीं हो पा रही है। इसके कई कारण हैं, जैसे अधिक श्रम करना, अधिक सोच-विचार करना, खान-पान में लापरवाही करना, अनावश्यक व्यस्तताओं के कारण और एक कारण है गैजेट्स का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल करना। जिन लोगों का बहुत अधिक समय स्क्रीन पर गुजर रहा है, वे अनिद्रा की वजह से परेशान हैं। मोबाइल पर गलत चीजें देखने से हमारे विचार दूषित होते हैं, हमें ऐसे विचारों से बचना चाहिए। तभी हमारा तनाव दूर होगा।

# श्रीराम और सुतीक्षण मुनि का किस्सा

## विनम्रता से जीवन में महानता आती है, रिश्तों में बात करने की पहल करेंगे तो प्रेम बना रहेगा



श्रीराम वनवास में थे। वनवास के दिनों में वे अलग-अलग ऋषि-मुनियों के आश्रम में जा रहे थे। एक ऋषि, जिन्हें सुतीक्ष्ण के नाम से जाना जाता था, वे अगस्त्य मुनि के शिष्य भी थे।

सुतीक्ष्ण मुनि ने जब ये सुना कि श्रीराम उनके आश्रम की ओर आ रहे हैं, वे प्रतीक्षा करने लगे। उन्हें प्रतीक्षा थी कि श्रीराम उनके जीवन में कब आएंगे। वे राम से बहुत प्रेम करते थे। श्रीराम के प्रति उनके मन में अनन्य भक्ति थी।

सुतीक्ष्ण मुनि ने सोचा कि मैं खुद आगे बढ़कर श्रीराम को रास्ते में रोक लूं, प्रणाम करूं और अपना परिचय दूं, लेकिन उन्हें तुरंत विचार आया कि मैंने न तो इतनी भक्ति की है और न ही मैं इस योग्य हूं जो राम से सीधे जाकर मिलूं। राम बहुत बड़े व्यक्ति हैं। क्या वे मुझे स्वीकार करेंगे?

ऐसे विचार सुतीक्ष्ण के मन में चल रहे थे। वे सोचते जा रहे थे कि कैसे श्रीराम से मिलूं? वे आनंद में भी थे, भक्ति भाव में नाच रहे थे। एक पेड़ के पास श्रीराम ने मुनि सुतीक्ष्ण को नाचते हुए देखा तो वे समझ गए कि ये मेरे लिए आनंद में नाच रहे हैं, लेकिन संकोच भी कर रहे हैं कि मुझसे कैसे मिलें? तब राम ने विचार किया कि मैं ही उनके पास चला जाता हूं।

जैसे ही श्रीराम सुतीक्ष्ण मुनि के सामने पहुंचे तो सुतीक्ष्ण बेहोश हो गए। श्रीराम ने उनकी बेहोशी दूर की। जब सुतीक्ष्ण को होश आया तो वे रोने लगे और बोले कि आप इतने बड़े व्यक्ति हैं, आप स्वयं चलकर मेरे पास आ गए।

श्रीराम ने कहा कि हे मुनि, इस संसार में कोई बड़ा छोटा नहीं होता है। स्थितियां ऐसी हो सकती हैं कि किसी को बड़े पद पर ले जाएं, मैं आपके पास इसीलिए आया हूं कि अब ये भेदभाव खत्म होना चाहिए।

**जीवन प्रबंधन की सीख**

इस घटना में श्रीराम का आचरण हमें जीवन में कई महत्वपूर्ण बातें सिखाता है:

**विनम्रता में ही है महानता**

श्रीराम एक राजा थे, भगवान थे, फिर भी उन्होंने ये नहीं सोचा कि कोई मुझसे मिलने आए। उन्होंने संकोच कर रहे व्यक्ति की स्थिति समझकर स्वयं आगे बढ़कर मिलने का निर्णय लिया। जीवन में चाहे हम किसी भी ऊंचाई पर पहुंच जाएं, हमारे भीतर विनम्रता जरूर होनी चाहिए। विनम्रता से ही जीवन में महानता बनी रहेगी।

**पहल करना बड़प्पन की निशानी है**

कई लोग अहंकार के कारण दूसरों से मिलने या संवाद करने की पहल नहीं करते है। वे सोचते हैं कि मैं बड़ा हूं, वही आए मेरे पास। जबकि श्रीराम ने बताया कि बड़प्पन इसी में है कि हम खुद झुककर लोगों से जुड़ें। रिश्तों में प्रेम वही पाता है, जो इस बात का ध्यान रखता है।

**पद का भेदभाव न रखें**

श्रीराम ने बताया है कि संसार में कोई भी बड़ा या छोटा नहीं होता है। हम पद, उम्र, धन या ज्ञान के आधार पर खुद को श्रेष्ठ समझते हैं, लेकिन असली श्रेष्ठता तभी है, जब हम सबको सम्मान देते हैं और अपने व्यवहार से भेदभाव दूर करते हैं।

**दूसरों की भावना समझें**

श्रीराम ने मुनि सुतीक्ष्ण के मन के भावों को समझा – उनका संकोच, उनकी भक्ति, उनका प्रेम देखा और खुद आगे बढ़कर मुनि से मिलने चले गए। जो लोग इस बात का ध्यान रखते हैं, वे हर जगह मान-सम्मान पाते हैं।

# महाभारत: अर्जुन नहीं बल्कि इस पांडव ने किया द्रौपदी से सच्चा प्यार



लोगों को लगता होगा कि द्रौपदी से सबसे ज्यादा प्यार अर्जुन ने किया होगा, हकीकत में ऐसा नहीं है। बल्कि पांडवों में एक भाई ऐसा था, जिसने जीवनभर द्रौपदी के लिए सबकुछ किया। वह कभी उसकी आंखों में ना तो आंसू बर्दाश्त कर पाता था और ना ही उसका दुख। जिंदगीभर उसके दुखसुख में साथ खड़ा रहा। हां, ये बात अलग है कि द्रौपदी ने सबसे ज्यादा प्यार अर्जुन से किया लेकिन अर्जुन से धोखा भी मिला। तो क्या आपको मालूम है कि कौन है वो पांडव भाई, जिसने उसे सबसे ज्यादा चाहा।

द्रौपदी ने शर्त रखी थी कि जिस घर में वह पांचों पांडव भाइयों के साथ रहती है, इसमें कोई पांडव दूसरी स्त्री को लेकर नहीं आएगा। इस शर्त को सबसे पहले जिसने तोड़ा, वो अर्जुन ही थे, जो जब सुभद्रा को शादी करके उसी महल में लाए तो द्रौपदी बहुत नाराज हुई थी। शादी दूसरे पांडव भाइयों ने किया लेकिन उनकी पत्नियां अलग महलों में रहती थीं। हम आपको बताते हैं कि किस पांडव ने उससे ऐसी मोहब्बत की कि कभी उसकी आंखों में आंसू नहीं देख पाया। बाकि पांडवों ने तो केवल पति की ही भूमिका ज्यादा निबाही।

महाभारत में द्रौपदी और पांडवों के संबंधों के बारे में बहुत विस्तार से बताया गया है। जब द्रौपदी स्वयंवर के बाद पांचों पांडवों के साथ घर आई तो उसे लगा था कि वह केवल अर्जुन की पत्नी बनेगी लेकिन कुंती ने ऐसी बात कह दी कि उसे पांचों भाइयों की पत्नी बनना पड़ा। इससे वह शुरू में बहुत दुखी हुई लेकिन फिर इस भूमिका के साथ खुद को ढाल लिया।

पांचों पांडव द्रौपदी को प्रेम और सम्मान देते थे, लेकिन एक पांडव ऐसा भी था, जो वास्तव में उससे इतना सच्चा प्यार करता था कि उसके लिए सबकुछ करने को तैयार रहता था। ये ऐसा पांडव था, जिसने हमेशा द्रौपदी की हर इच्छा पूरी की। क्या आप अंदाजा लगा सकते हैं कि ये पांडव कौन था। वैसे हम ये बता देते हैं कि द्रौपदी ने हमेशा पांचों भाइयों में सबसे ज्यादा अगर किसी को चाहा तो वो अर्जुन थे लेकिन अर्जुन से बदले में वैसा प्यार नहीं मिला। वो पांडव द्रौपदी के लिए सबकुछ करने को तैयार रहता था तो वो कौन सा पांडव था, जो वाकई उसके लिए आसमान से तारे तोड़ लाने के लिए तैयार रहता था। समय आने पर उसने एक बार नहीं बल्कि कई बार द्रौपदी के लिए ऐसे ऐसे काम किए, जो किसी पांडव ने नहीं किए।

**हर पग पर साथ खड़ा होता था, संबल देता था**

ये भीम थे, जिन्हें द्रौपदी से सबसे अधिक प्रेम करने वाला माना जाता है। जब भी द्रौपदी अपमानित या दुखी होती थीं, भीम हमेशा उनकी मदद के लिए खड़े रहते थे। जुए के बाद द्रौपदी के चीरहरण की घटना के दौरान भीम ने दुर्योधन और दुःशासन को खुलेआम उनकी मृत्यु की शपथ ली, तब युधिष्ठिर ने तो उसे दाव पर ही लगा दिया था तो दूसरे भाई चुपचाप उसका ये अपमान देखते रह गए।

कठिन से कठिन काम किए

वनवास के दौरान जब कीचक ने द्रौपदी का अपमान किया, तो भीम ने बिना किसी हिचकिचाहट के उसे मार डाला। भीम ने द्रौपदी की हर इच्छा पूरी करने का प्रयास किया।वनवास के दौरान द्रौपदी के लिए भीम ने कुबेर के जंगल से सौगंधिका फूल लाने का कठिन काम किया। इन दुर्लभ फूलों को पाने के लिए भीम ने कुबेर के वन (गंधमादन पर्वत) तक का कठिन रास्ता तय किया। इस यात्रा में उन्होंने यक्षों और राक्षसों का वध किया और फूल लाकर द्रौपदी की इच्छा पूरी की।

**द्रौपदी के लिए प्रतिज्ञा ली और पूरा किया**

द्रौपदी के चीरहरण का बदला लेने के बाद भीम ने महाभारत के युद्ध में दुःशासन को मारकर उसके रक्त से अपनी प्रतिज्ञा पूरी की। वनवास के दौरान वह लगातार द्रौपदी को ये आश्वासन देते थे कि सभी कौरवों को उनके कृत्यों के लिए दंडित जरूर करेंगे। ऐसा उन्होंने किया भी। युद्ध के दौरान, भीम ने दुर्योधन सहित कई कौरवों को मारा। द्रौपदी के अपमान का बदला लेने के लिए उन्होंने दुर्योधन की जंघा तोड़ी, जैसा उन्होंने चीरहरण के समय प्रतिज्ञा की थी।

भीम ने द्रौपदी को वनवास में बार-बार सांत्वना दी। उसकी इच्छाओं को पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास किया। उनका प्रेम और समर्पण निःस्वार्थ और गहरा था, जो उन्हें द्रौपदी के सबसे करीबी और विश्वासपात्र पांडव के रूप में पेश करता है। भीम का प्रेम न केवल उनके कार्यों में बल्कि उनके शब्दों और भावनाओं में भी प्रकट होता है। द्रौपदी खुद भीम के साथ खुद को सबसे ज्यादा सुरक्षित महसूस करती थी।

भीम ने द्रौपदी को सबसे अधिक समर्पित और निःस्वार्थ प्रेम किया। उनके प्रेम में द्रौपदी की हर खुशी और दुख का ख्याल रखना था।उनके काम भी साबित करते हैं कि उन्होंने द्रौपदी के सम्मान और सुख के लिए अपनी पूरी शक्ति झोंक दी।

**अर्जुन ने कई शादियां की और कई बार प्यार**

जहां अर्जुन के साथ द्रौपदी के रिश्ते की सवाल है तो निश्चित तौर पर द्रौपदी पांचों पांडवों में सबसे ज्यादा प्यार और लगाव अर्जुन से रखती थी। हालांकि अर्जुन वैसा कभी नहीं किया, जो कुछ करने के लिए भीम हमेशा तत्पर रहते थे। इसके उलट अर्जुन ने कई बार दूसरी स्त्रियों से प्यार किया और शादियां भी कीं। पांडवों में सबसे ज्यादा पत्नियां उन्हीं की थीं। अर्जुन के इस स्वाभाव से द्रौपदी ने कई बार अपना गुस्सा उनके प्रति जाहिर किया।

वनवास के दौरान जब अर्जुन ने दूसरी शादियां कीं (जैसे सुभद्रा से), तो द्रौपदी थोड़ी असुरक्षित महसूस करती थीं।

अर्जुन का प्रेम द्रौपदी के प्रति अधिक संवेदनशील और नियंत्रित था। उन्होंने द्रौपदी के प्रति आदर तो बनाए रखा, लेकिन उनके जीवन में अन्य प्राथमिकताएं (जैसे युद्ध और धर्म) भी महत्वपूर्ण थीं।

**युधिष्ठिर भावनात्मक दूरी रखते थे**

युधिष्ठिर का द्रौपदी के प्रति प्रेम कर्तव्य और धर्म पर आधारित था। वह उससे सीमित प्यार करते थे बल्कि उनके प्यार पर इसलिए अक्सर सवाल उठा दिया जाता है क्योंकि ये वही थे, जिन्होंने उसे जुए में दाव पर लगा दिया था। युधिष्ठिर ने द्रौपदी को हमेशा सम्मान दिया, लेकिन उनका प्रेम अधिक औपचारिक और नियंत्रित था। वह द्रौपदी के प्रति एक भावनात्मक दूरी रखते थे। युधिष्ठिर ने द्रौपदी को भावनात्मक सहारा देने में भीम या अर्जुन की तरह सक्रिय भूमिका नहीं निभाई।

नकुल और सहदेव ने द्रौपदी को सम्मान और स्नेह दिया, लेकिन उनका प्रेम अधिक भाईचारे या मित्रता जैसा प्रतीत होता है। वे द्रौपदी की इच्छाओं का पालन करते थे। सहायता के लिए तैयार रहते थे। लेकिन उनका प्रेम वैसा कतई नहीं था, जैसा भीम का था। वहीं द्रौपदी का उनके प्रति प्रेम स्नेह मातृभाव जैसा ज्यादा लगता है।

तब द्रौपदी युधिष्ठिर और अर्जुन की ओर से टूट गई थी

द्रौपदी तब भी युधिष्ठिर और अर्जुन की ओर से टूट गई थी जब विराट प्रदेश में अज्ञातवास में रहते हुए कीचक ने उस पर गलत निगाह डालकर उसको परेशान करना शुरू किया। तब जब उसने युधिष्ठिर से शिकायत की तो उन्होंने इसे बर्दाश्त करने की सलाह दी थी, अन्यथा लोगों को पता चल सकता था कि पांडव अज्ञातवास में कहां रह रहे हैं। अर्जुन ने भी तब युधिष्ठिर की बातों से सहमति जताई थी। तब भीम ही ऐसे पांडव थे, जो द्रौपदी के काम आए। उन्होंने रात में धोखे से कीचक को एकांत जगह बुलाकर उसकी हत्या कर दी। द्रौपदी को भी मालूम था अगर वह कभी दुखी होगी या उसको कभी कोई जरूरत पडे़गी तो केवल भीम ही काम आएंगे।

# अक्षय कुमार का बताया एक डाइट रूल मुमताज के लिए साबित हुआ वरदान

## रोज फॉलो करके 77 की उम्र में भी हैं फिट

आपने अक्षय कुमार, अनुष्का शर्मा और बहुत से सेलेब्स से सुना होगा कि वो रात का खाना नहीं खाते हैं। बॉलीवुड सेलेब्रिटीज कैमरे के सामने फिट दिखने के लिए बहुत अनुशासित जीवन जीते हैं और बहुत से सेलेब्स हैं जो रात को खाना नहीं खाते हैं, दिग्गज एक्ट्रेस मुमताज भी उनमें से एक हैं। अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में मुमताज ने बताया कि वो रात का खाना नहीं खाती हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि ये सलाह उन्हें अक्षय कुमार ने दी थी। अक्षय ने उनसे कहा था कि शाम को 5-6 बजे के बाद कुछ नहीं खाना चाहिए और तब से वो इस नियम का पालन कर रही हैं।

मुमताज ने बताया कि वो रात के डिनर की जगह शाम को कुछ फल खाती हैं। उन्होंने कहा, "मैं खाने को लेकर बहुत सख्त हूँ। मैं ज्यादा नहीं खाती। मैं गलत चीजें नहीं खाती, बहुत व्यायाम करती हूँ, मैं अपने चेहरे, अपने बालों की देखभाल करती हूँ, मैं अपना खुद का मास्क बनाती हूँ। और मैं समय को लेकर बहुत पाबंद हूं।"





मुमताज ने बताया, "मैं रात को करीब 9-10 बजे सोती हूं और सुबह 4-5 बजे उठती हूं। मैं सुबह 7 बजे व्यायाम करती हूं और फिर ब्लैक टी पीती हूं। फिर मैं बहुत कम नाश्ता करती हूं, जो मोटापा बढ़ाने वाला नहीं होता। फिर मैं दोपहर का भोजन करती हूं। मैं रात का खाना नहीं खाती। मैं बस कुछ फल खाती हूं। मैं रात का खाना नहीं खाती," उन्होंने बताया कि उन्हें रात को कुछ न खाने की सलाह अक्षय कुमार से मिली। उन्होंने बताया, "अक्षय कुमार ने मुझसे कहा था, 'शाम 5-6 बजे के बाद कुछ मत खाओ। इसलिए मैंने उनसे यह सीखा।"

अक्षय कुमार खुद भी कई बार बता चुके हैं कि वो रात को खाना नहीं खाते हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था कि शास्त्रों में लिखा है, 6.30 बजे के बाद खाना नहीं खाना चाहिए। अक्षय ने कहा जब आप देर से खाना खाते हैं जैसे कि रात 10 या 11 बजे, तो आपका शरीर तो आराम करने चला जाता है, लेकिन आपकी आंत भोजन को पचाने की कोशिश में जागती रहती है। इससे रिकवरी में देरी होती है और आपके सिस्टम पर एक्स्ट्रा प्रेशर पड़ता है। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें उस समय के बाद भूख लगती है, तो वे सूप या सलाद खा लेते हैं खाना नहीं खाते हैं।

मनोज बाजपेयी ने भी बताया था कि उन्होंने 13-14 सालों से डिनर नहीं किया है। उन्होंने कर्ली टेल्स से कहा, "कभी-कभी मैं यहां-वहां से कुछ खा लेता हूं, लेकिन ऐसा 13-14 साल पहले हुआ है। मुझे एहसास हुआ कि मेरे दादाजी हमेशा बहुत फिट रहते थे। इसलिए मैंने सोचा कि मैं भी वही खाना खाऊंगा जो वे खाते थे। जब मैंने ऐसा करना शुरू किया, तो मेरा वजन नियंत्रण में आ गया। मैं ऊर्जावान और स्वस्थ महसूस करने लगा। फिर, यही वह समय था जब मैंने तय किया कि मैं इसी पर टिका रहूंगा। फिर मैंने इसमें बदलाव करना शुरू किया।

कभी मैं 12 घंटे उपवास करता, फिर 14 घंटे, फिर मैंने रात का खाना छोड़ना शुरू कर दिया। यहां तक कि डॉक्टर ने भी कहा कि रात का खाना जल्दी खा लेना अच्छा है, नहीं तो खाना पेट में रह जाता है। इससे मैं थोड़ा डर गया। इसलिए, मैंने रात का खाना खाना पूरी तरह से बंद कर दिया। दोपहर के भोजन के बाद, रसोई बंद हो जाती है।"

# 'किसी से प्यार मत करना', आखिरी पलों में मधुबाला ने मुमताज को दी थी मोहब्बत ना करने की सलाह

मधुबाला और दिलीप कुमार के प्यार की कहानी से उनके फैंस बखूबी वाकिफ हैं। मधुबाला ने भले ही किशोर कुमार से शादी कर ली थी, लेकिन अंत समय में वो अकेली थीं और दिलीप कुमार को नहीं भुला पाई थीं। दिलीप कुमार की किताब में इस बात का जिक्र है कि अपनी जिंदगी के आखिरी पलों में मधुबाला ने दिलीप कुमार से मिलने की इच्छा जताई थी और वो उनसे मिलने पहुंचे भी थे। मधुबाला और दिलीप कुमार की लव स्टोरी अधूरी रह गई थी और मधुबाला नहीं चाहती थीं कि कोई और मोहब्बत के दर्द को झेले। इसलिए उन्होंने मुमताज को भी सलाह दी थी कि वो कभी किसी से दिल ना लगाएं।

मुमताज ने मधुबाला से मिली सलाह के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मधुबाला अपनी डेथ बेड पर थीं जब उन्होंने उन्हें सलाह दी थी कि प्यार के लिए खुद को कभी न गंवाएं। मुमताज ने कहा कि ये जानते हुए कि वो बीमारी से मर रही हैं, दिलीप कुमार ने उन्हें छोड़ने का फैसला किया। हालांकि वो इसके लिए दिलीप कुमार को



दोषी नहीं मानतीं।

मुमताज ने कहा, "उस बेचारी औरत की तबीयत ठीक नहीं थी और मैं यूसुफ साहब को दोष नहीं देती। वो मर रही थी, ऐसा कुछ भी नहीं था जो वो कर सकते थे। वो बहुत, बहुत बीमार थी और उसके दिल की बीमारी का कोई वास्तविक इलाज नहीं था।" ये पूछे जाने पर कि क्या मधुबाला ने कभी उन्हें कोई सलाह दी थी जो उन्हें आज भी याद है, मुमताज ने कहा, "मैं बहुत छोटी थी, लेकिन मुझे याद है कि उन्होंने मुझसे कहा था, 'जिंदगी में सबसे बुरी चीज जो होती है, मोहब्बत होती है। किसी से प्यार मत करना। करो, मगर इतना ना करो के बेचैन हो जाओ।"

### बच्चे के लिए दिलीप कुमार ने तोड़ा था रिश्ता?

एक पुराने इंटरव्यू में, मुमताज ने कहा था कि दिलीप कुमार ने मधुबाला को इसलिए छोड़ दिया क्योंकि वो मां नहीं बन सकती थीं। "उसने उनसे रिश्ता नहीं तोड़ा। उन्होंने उससे इसलिए रिश्ता तोड़ा क्योंकि वो बच्चे पैदा नहीं कर सकती थी। इसके बजाय, उसने सायरा बानो से शादी की, जो एक बहुत अच्छी इंसान हैं। उसने उनकी मरते दम तक उनका बहुत ख्याल रखा। वो उनकी सच्ची थीं। उनकी उम्र में बहुत अंतर था, लेकिन जब आप प्यार में होते हैं तो ये चीजें मायने नहीं रखतीं।" पूरी खबर पढ़ने के लिए यहां क्लिक करें

उन्होंने आखिरकार सायरा बानो से शादी कर ली और शादी के कुछ समय बाद उन्हें मधुबाला का फोन आया और उन्होंने उनसे मिलने के लिए कहा। अपनी किताब में दिलीप कुमार ने मधुबाला से मिलने की अनुमति देने के लिए सायरा की तारीफ की थी। उन्होंने लिखा, "जब मैं मधु के घर गया तो मुझे यह देखकर दुख हुआ कि वह बहुत कमजोर लग रही थी। उसके चेहरे का पीलापन न केवल उसके खराब स्वास्थ्य के बारे में बता रहा था, बल्कि उसकी खूबसूरत मुस्कान भी एक प्रयास की तरह लग रही थी। वो मुझे देखकर खुश हुई और बोली, 'हमारे शहजादे को उनकी शहजादी मिल गई है, मैं बहुत खुश हूं!"

# 'मुझे वो पसंद नहीं है', जब करीना कपूर ने सलमान खान को बताया था बुरा एक्टर

## खुद को कहा था शाहरुख का फैन

वैसे तो बॉलीवुड में एक से बढ़कर एक एक्टर हैं, लेकिन शाहरुख और सलमान खान की फैन फॉलोइंग काफी अलग है। शाहरुख खान और सलमान खान को हर जनरेशन के लोग पसंद करते हैं और उन्हें स्क्रीन पर देखना पसंद करते हैं। उनके को-एक्टर्स भी उनके बड़े प्रशंसक हैं।



करीना कपूर, जिन्होंने बॉलीवुड के तीन खान के साथ अलग-अलग फिल्मों में काम किया है वो भी इनमें से एक खान की बड़ी फैन है।

करीना ने शाहरुख खान के साथ 'रा.वन', 'कभी खुशी कभी गम', सलमान खान के साथ 'बॉडीगार्ड', 'मिसेज खन्ना', 'बजरंगी भाईजान' और आमिर खान के साथ '3 इडियट्स', 'लाल सिंह चड्ढा' में काम किया है। करियर की शुरुआत में करीना इन तीनों में सिर्फ शाहरुख खान की फैन थीं और सलमान उन्हें कतई पसंद नहीं थे।

बॉलीवुड के तीनों खान – शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान दशकों से इंडस्ट्री पर राज कर रहे हैं और अपनी प्रमुख अभिनेत्रियों से प्रशंसा प्राप्त कर चुके हैं। करीना कपूर खान, जिन्होंने इन तीनों के साथ अशोका, रा.वन, कभी खुशी कभी गम, बॉडीगार्ड, मैं और मिसेज खन्ना, बजरंगी भाईजान, 3 इडियट्स, तलाश और लाल सिंह चड्ढा जैसी फिल्मों में काम किया है, अपने शुरुआती सालों में शाहरुख खान की दीवानी थीं लेकिन सलमान खान को पसंद न हीं करती थीं।



एक पुराने इंटरव्यू में करीना ने खुद ऐसा कहा था कि उन्हें सलमान पसंद नहीं हैं। करीना ने बॉलीवुड के तीनों खान्स के बारे में अपनी राय बताई थी। करीना ने कहा कि शाहरुख खान बहुत अट्रेक्टिव हैं। "मैं उनसे प्यार करती हूं। मुझसे उनके बारे में मत पूछो क्योंकि अगर मैं शुरू करूंगी, तो मैं घंटों उनके बारे में बात करना बंद नहीं करूंगी। अमिताभ बच्चन और शाहरुख ही दो ऐसे एक्टर्स हैं जिनकी मैं तारीफ करती हूं। शाहरुख़ में कुछ ऐसा है जो कमाल का है। उनमें एक तरह का लड़का-नेक्स्ट-डोर अट्रेक्टिव है। उनकी परफॉर्मेंस मुझे छू जाती है।"


### सलमान को बताया था बुरा एक्टर

वहीं दूसरी तरफ करीना से जब सलमान के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, "मैं सलमान की बिल्कुल भी फैन नहीं हूं। मुझे वो पसंद नहीं है, वो बहुत बुरे एक्टर हैं। मैं उनसे हमेशा यही कहती हूं कि वो हमेशा बकवास करते हैं। आमिर अच्छे हैं, मुझे वो 'हम हैं राही प्यार के' और 'क्यूएसक्यूटी' में बहुत पसंद आए, लेकिन खानों में से मैं पूरी तरह शाहरुख की फैन हूं।" आपको बता दें कि करीना कपूर को आखिरी बार अजय देवगन की 'सिंघम अगेन' में देखा गया था, जिसे रोहित शेट्टी ने डायरेक्ट किया था। फिल्म में अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर, रवि किशन, जैकी श्रॉफ अहम रोल में थे।

# पति के दो तलाक हुए तो क्या, मैं भी वर्जिन नहीं हूँ : नेहा पेंडसे

'भाबीजी घर पर हैं' में अनिता भाभी का किरदार निभा चुकीं एक्ट्रेस नेहा सिंह पेंडसे ने 5 जनवरी 2020 को शार्दुल सिंह ब्यास से शादी की थी। इनकी शादी को लेकर काफी सवाल खड़े हुए थे क्योंकि शार्दुल पहले एक तलाकशुदा थे और नेहा से उन्होंने तीसरी शादी की थी। क्योंकि नेहा की ये पहली शादी थी तो उनसे कई सवाल जवाब भी हुए, जिनका उन्होंने बेबाकी से जवाब दिया।

एक इंटरव्यू में नेहा ने एक तलाकशुदा से शादी करने को लेकर उठ रहे सवालों पर कहा था, "इसमें क्या बड़ी बात है? आज हममें से कई लोग लेट शादी करते हैं, हमारे अपने अपने रीजन होते हैं। क्योंकि हमारा फोकस करियर पर होता है। कई बार लोग रिलेशनशिप में रहने के बाद भी शादी नहीं करते हैंऔऱ रिश्ता खत्म कर देते हैं। यहां भी शादी की तरह ही सब कुछ होता है प्यार कमिटमेंटफिजिकल रिलेशनशिप। बस फर्क इतना होता है कि यहां कोई लीगल स्टैंप नहीं लगता। तो



ऐसे में लगो शार्दुल को लेकर लोग क्यों सवाल उठा रहे हैं। जबकि मैं भी वर्जिन नहीं हूं।" नेहा ने आगे कहा था, "मैं उनके इस फैक्ट को सराहती हूं कि उन्होंने एक बार फिर चांस लिया उस महिला के लिए जिसे वह चाहते हैं औऱ शादी की। न कि उन लोगों की तरह जो कि रिलेशनशिप में आते हैं और शादी की बात सामने आते ही कहीं गायब हो जाते हैं। शार्दुल कमिटमेंट से नहीं डरते। मैं सेल्यूट करती हूं उन्हें। वह शादी और कमिटमेंट से नहीं डरते बाकी उन लोगों की तरह जो अंत में भाग जाते हैं।" बता दें शार्दुल की दो बेटियां भी हैं और नेहा ने उनसे लव मैरिज की थी। दोनों की मुलाकात एक पार्टी में हुई थी, जहां दोनों ने अपने नंबर्स एक्सचेंज किए थे। शार्दुल एक 'प्राइमस' के नाम से को-वर्किंग कॉन्सेप्ट पर काम कर रहे थे और चाहते थे कि नेहा उनकी ब्रांड एम्बेसडर बने और ऐसा हुआ भी। इसके बाद दोनों मिलने लगे और शार्दुल ने नेहा को शादी के लिए प्रपोज कर दिया।

# कभी 'हेरा फेरी' के लिए अखबार पर सोते थे परेश रावल

## आज नहीं बनना चाहते इस फिल्म का हिस्सा



परेश रावल का 30 मई को 70वां जन्मदिन मना रहे हैं। अभिनेता इस वक्त फिल्म 'हेरा फेरी 3' को लेकर चर्चा में हैं, जिससे उन्होंने खुद को बाहर कर लिया है। मगर ये फिल्म उनके बिना अधूरी है, परेश रावल के किरदार ने इस फिल्म में जान डाली थी, लेकिन वो अब उस छवि से खुश नहीं थे। मगर जब फिल्म का पहला पार्ट आया था तो परेश रावल ने बाकी एक्टर्स के साथ मिलकर बहुत मेहनत की थी। वो अखबार पर सोया करते थे।

फिल्म के 20 साल पूरे होने पर सुनील शेट्टी ने बताया था कि फिल्म को आइकॉनिक बनाने के लिए क्या-क्या किया गया था। उन्होंने कहा था, "इस फिल्म को आइकॉनिक बनाने वाली सबसे बड़ी बात है फिल्म की सादगी। 'हेरा फेरी' एक ऐसी फिल्म है जिसमें हर किसी को समस्याएं हैं और उन समस्याओं में इतना ह्यूमर है कि इसे देखना बंद करना मुश्किल है। साथ ही, ये एक ऐसी फिल्म थी जिसमें एक्शन हीरो कॉमेडी कर रहे थे और उन्हें बाबू भाई जैसा कोई इंसान उन्हें कंट्रोल कर रहा था। इसलिए दर्शकों को ये बहुत मनोरंजक लगा होगा। फिर स्क्रिप्ट, राइटिंग, डायलॉग्स प्रियदर्शन का शानदार निर्देशन और पूरी टीम जिसने इतनी शानदार तरीके से काम किया"

उन्होंने कहा, "मुझे पता था कि प्रियदर्शन सर इस जॉनर में कमाल हैं। मैंने कॉमेडी की क्योंकि मैं जानता था कि वो किस तरह की फिल्में बनाते हैं और उनकी कॉमेडी की समझ शानदार थी। इस फिल्म के बाद, अक्षय और मैंने 'आवारा पागल दीवाना' में काम किया।"

### शूट पर ऐसे होता था हाल

'हेरा फेरी' की शूटिंग के दिनों को याद करते हुए सुनील ने कहा, "मुझे नहीं पता कि फिल्म कैसे बनी, ये बस हो गई। हम हर सुबह सेट पर पहुंचते थे, कॉस्ट्यूम बस हमें दे दिए जाते थे, उन्हें प्रेस भी नहीं किया जाता था। निर्देशक हमें दोपहर में अखबार पर सोने के लिए कहते थे, इसलिए हम अखबार पर सोते थे। उन्होंने (प्रियदर्शन) कहा 'मैं नहीं चाहता कि तुम आराम से रहो। जब तुम उठो, तो तुम्हें आराम करना चाहिए था, लेकिन तुम अनकंफर्टेबल रहो।"

### बिना मेकअप के होता था शूट

सुनील शेट्टी ने ये भी कहा था, "इसलिए, हमने कोई मेकअप नहीं किया, कुछ भी नहीं। अक्षय कुमार, मैं और परेश जी लगातार साथ थे, लगातार अपनी संवादों का अभ्यास कर रहे थे, लगातार सुधार कर रहे थे और प्रियदर्शन सर एक ऐसे व्यक्ति हैं जो जानते हैं कि कब कट कहना है।" कॉमेडी फिल्म के बाद 2006 में फिर 'हेरा फेरी' आई, मगर 'हेरा फेरी 3' में अब परेश रावल नहीं हैं।

# मिस इंडिया नफ़ीसा जोसेफ़ को मोहब्बत में मिला धोखा तो ले ली थी अपनी जान

मिस इंडिया रह चुकी नफ़ीसा जोसेफ़ की कहानी बेहद दुखद और चौंकाने वाली घटनाओं में से एक है। महज 26 साल की उम्र में इस खूबसूरत और मेहनती मॉडल, वीजे और एक्ट्रेस ने खुदकुशी कर ली थी। 29 जुलाई 2004 को मुंबई में अपने फ्लैट में नफीसा ने अपनी जान ले ली थी। उनकी मौत ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। जिसने भी नफीसा की कहानी सुनी उसके मुंह से यही निकला ऐसा कभी किसी के साथ ना हो।


### मिस इंडिया यूनिवर्स बनकर देश का नाम किया रोशन

28 मार्च 1978 को दिल्ली में पैदा हुई नफ़ीसा जोसेफ़ का पालन-पोषण बेंगलुरु में हुआ। नफीसा के पिता निर्मल जोसेफ़, मलयाली थे और मां, उषा जोसेफ़, बंगाली थीं। नफ़ीसा ने 12 साल की उम्र में मॉडलिंग शुरू की और साल 1997 में 'फेमिना मिस इंडिया यूनिवर्स' बन गईं। इसके बाद भारत की तरफ से उन्होंने मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जहां टॉप 10 में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहीं।

नफीसा मल्टीटैलेंटेड थीं, मॉडलिंग के साथ-साथ वीडियो जॉकी और एक्टिंग के फील्ड में काम किया। नफीसा ने एमटीवी के सो 'हाउसफुल' को होस्ट किया और सोनी टीवी के शो 'C.A.T.S.' में एक्टिंग की। नफीसा चैनल स्टार वर्ल्ड के 'स्टाइल' शो की होस्ट भी थीं। नफीसा ने 'गर्ल्ज़' नाम की एक मैगजीन की एडिटर भी थीं, इसके बाद उन्होंने एक टीवी प्रोडक्शन हाउस भी शुरू किया जिसका नाम था '2's Company'।

### नफीसा की जिंदगी का सबसे दर्दनाक पल

नफ़ीसा की ज़िंदगी में भूचाल तब आया जब उन्होंने बिजनेसमैन गौतम खंडूजा से सगाई की। उनकी शादी 7 अगस्त 2004 को तय हुई थी। हालांकि, शादी से कुछ हफ्ते पहले नफ़ीसा को पता चला कि गौतम ने उनसे अपनी पहली शादी के बारे में झूठ बोला था। गौतम ने नफीसा से कहा था कि उनका तलाक 2003 में हो चुका है।





जबकि नफीसा को ये पता चला कि उनका तलाक नहीं हुआ है और वो अभी भी शादीशुदा हैं। नफ़ीसा ने गौतम से तलाक के कागजात देखने की मांग की, तो उन्होंने दिखाने से इनकार कर दिया। इससे नफ़ीसा का शक पुख्ता हो गया और उन्हें गहरा झटका लगा उन्हें इतने बड़े विश्वासघात की उम्मीद नहीं थी। नफीसा घर लौटीं और उन्होंने फांसी लगा ली। नफीसा की मां उषा जोसेफ़, ने पुलिस को बताया कि गौतम और नफ़ीसा के बीच इस खुलासे के बाद तीखी बहस हुई थी। नफ़ीसा इस धोखे से इतनी आहत हुईं कि उन्होंने खुदकुशी कर ली।

नफ़ीसा की मौत के बाद, गौतम की तरफ से भी कई आरोप लगे। उन्होंने दावा किया कि नफीसा रेस्टिल नाम की दवाई का सेवन करती थीं और वो मानसिक रूप से बीमार थीं। गौतम ने नफीसा की डायरी के कुछ पन्ने भी दिखाए थे। वहीं नफीसा के माता-पिता ने गौतम खंडूजा के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने का आरोप लगाया। नफीसा के पिता निर्मल जोसेफ ने अदालत में हलफनामा दायर किया जिसमें उन्होंने कहा कि गौतम ने नफीसा की डायरी के पन्नों को गलत तरीके से पेश किया और उसकी छवि धूमिल करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि नफीसा रेस्टिल दवाई का सेवन तनाव की वजह से लेती थीं किसी मानसिक बीमारी की वजह से नहीं।

गौतम खंडूजा ने अपनी सफाई में कहा कि उन्होंने नफ़ीसा से सच्चा प्यार किया था और उनके बीच सिर्फ कुछ मतभेद थे जिसकी वजह से शादी टूट गई। उनका दावा था कि पहली शादी से उनका तलाक 10 फरवरी 2003 को हो गया था।

नफीसा के माता-पिता ने कोर्ट से गौतम की गिरफ्तारी की मांग की थी मगर बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2004 में गौतम की गिरफ्तारी पर स्टे लगा दिया और मामला कोर्ट में लंबित रहा। आज भी, नफ़ीसा की यादें उनके चाहने वालों के जेहन में हैं।



# ना आईएमएफ ना वर्ल्ड बैंक

## इसने खोला खजाना, हर साल भारत को देगा पैसा



नई दिल्ली, 31 मई (एजेंसियां)। ना तो इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड और ना ही वर्ल्ड बैंक, भारत के लिए एशियन डेवलपमेंट बैंक ने अपनी तिजोरी खोल दी है। एडीबी ने भारत के सामने एक ऐसी पेशकश सामने रख दी है, जो आज तक किसी के लिए नहीं रखी गई होगी। खास बात तो ये है कि मौजूदा समय में आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक पाकिस्तान पर कुछ ज्यादा ही मेहबारन दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में भारत की ओर एडीबी का हाथ बढ़ाना काफी दिलचस्प है। एडीबी की ओर से हर साल जितना कर्ज देने की बात कही गई है, उससे भारत की इकोनॉमी को काफी बड़ा बूस्ट मिल सकता है। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर एडीबी ने भारत को हर साल कितना पैसा देने की बात कही है।

**इतना पैसा देने का तैयार एडीबी**

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मासातो कांडा ने शुक्रवार को कहा कि वह भारत को हर साल 4.5 अरब डॉलर तक का लोन देने के लिए तैयार है। कांडा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, कल मैंने भारत के साथ एडीबी की साझेदारी को मजबूत करने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए नई दिल्ली में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि एडीबी प्रत्येक वर्ष चार अरब डॉलर से 4.5 अरब डॉलर के बीच लोन देने के लिए तैयार है। एडीबी निजी क्षेत्र के वित्तपोषण में लगभग एक अरब डॉलर उपलब्ध कराने के लिए भी तैयार है, साथ ही अतिरिक्त थर्ड पार्टी कैपिटल भी जुटाएगा।

**सीतारमण से हुई थी मुलाकात**

उन्होंने कहा कि बहुपक्षीय वित्त पोषण एजेंसी ने बड़ी, उच्च प्रभाव वाली परियोजनाओं पर तेजी से काम करने पर सहमति जताई है। इनमें सौर छतों के लिए उसका समर्थन भी शामिल है, जिससे पूरे देश में स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने में तेजी आ सकती है। उन्होंने कहा कि मंत्री के अनुरोध पर एडीबी खाद्य प्रणालियों में परिवर्तन, रोजगार सृजन और स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देकर एकीकृत ग्रामीण समृद्धि के लिए समर्थन को और तेज करेगा। सीतारमण ने गुरुवार को कांडा के साथ बैठक के दौरान, एकीकृत ग्रामीण समृद्धि उपायों के लिए एडीबी से और अधिक सहयोग देने का आग्रह किया था, जिसमें रोजगार और स्थानीय उद्यमिता का सृजन, तथा कृषि में नवाचार को बढ़ावा देना शामिल है, ताकि गांवों को मजबूत समुदायों में बदला जा सके।

**भारत की इकोनॉमी सबसे तेज**

हाल ही में भारत की इकोनॉमी के आंकड़े सामने आए हैं। इसके तहत भारत की ग्रोथ रेट 6.5 फीसदी है, जोकि दुनिया के तमाम बड़े देशों के मुकाबले में सबसे तेज है। खास बात तो ये है कि मौजूदा वित्त वर्ष में भारत की ग्रोथ 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया गया है और इस वित्त वर्ष में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी बन सकता है। जिसके अगले 3 साल में तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने का अनुमान लगाया गया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि साल 2047 तक भारत की इकोनॉमी को विकसित करना है।

# टूट गई रियल एस्टेट की सबसे बड़ी डील

## बुर्ज खलीफा बनाने वाली कंपनी से अडानी की बातचीत खत्म

नई दिल्ली, 31 मई (एजेंसियां)। अडानी समूह और दुनिया में सबसे ऊंची बिल्डिंग बुर्ज खलीफा बनाने वाली रियल एस्टेट कंपनी एम्मार ग्रुप के बीच भारत में एमार इंडिया लिमिटेड की बिक्री को लेकर चल रही बातचीत अब ठप हो गई है।करीब 11,600 करोड़ रुपये (1.4 बिलियन डॉलर) मूल्य की इस डील पर दोनों पक्षों के बीच वैल्यूएशन को लेकर सहमति नहीं बन पाई, जिसके चलते सौदा रद्द कर दिया गया है।बता दें अडानी ग्रुप और एम्मार की ये डील रियल एस्टेट डील में अबतक की सबसे बड़ी डील थी. मार्च 2025 में रिपोर्ट आई थी कि अडानी समूह एमार इंडिया को खरीदने के लिए उन्नत चरण की बातचीत कर रहा है।हालांकि, दोनों कंपनियों के बीच एमार इंडिया की कीमत को लेकर मतभेद बने रहे।सूत्रों के अनुसार, बातचीत के दौरान वैल्यूएशन पर सहमति नहीं बन सकी, जिससे यह डील आगे नहीं बढ़ पाई।सूत्रों के मुताबिक, दुबई स्थित एमार प्रॉपर्टीज और अदाणी समूह के बीच सौदे को लेकर बातचीत अंतिम चरण में खत्म हो गई है।

# जल्द ही यूपीआई-एटीएम से निकाल सकेंगे पीएफ का पैसा

## जून से मिल सकती है नई सुविधा, इससे जरूरत के समय तुरंत पैसा निकाल सकेंगे

नई दिल्ली, 31 मई (एजेंसियां)। केंद्र सरकार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) अगले महीने यानी जून में बड़े बदलाव की तैयारी में है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ईपीएफओ 3.0 के मसौदे के अनुसार कर्मचारियों को जल्द ही एटीएम और यूपीआई से सीधे पीएफ का पैसा निकालने की सुविधा मिल सकती है। ईपीएफओ 3.0 के तहत, पीएफ खाताधारकों को विड्रॉल कार्ड मुहैया कराए जाएंगे। यह पूरी तरह से बैंक एटीएम कार्ड की तरह होगा। नई सुविधा के तहत एक तय रकम ही निकाली जा सकेगी। इससे ये होगा कि कर्मचारी इमरजेंसी के लिए पैसे तो निकाल सकेगा, लेकिन रिटायरमेंट के बाद भी पर्याप्त राशि अकाउंट में सुनिश्चित रहेगी। इस नई प्रोसेस में ईपीएफओ अपने सब्सक्राइबर्स को एक विशेष एटीएम कार्ड जारी करेगा, जो उनके पीएफ अकाउंट से लिंक होगा। इस कार्ड का इस्तेमाल करके सब्सक्राइबर्स एटीएम मशीनों से सीधे अपने पीएफ का पैसा निकाल सकेंगे। वहीं यूपीआई से पैसा निकालने के लिए आपको अपने पीएफ अकाउंट को यूपीआई से लिंक करना होगा। इसके बाद सब्सक्राइबर्स पीएफ का पैसा अपने बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर सकेंगे।





**नौकरी जाने पर एक महीने के बाद निकाल सकेंगे पीएफ का 75% पैसा**

पीएफ विड्रॉल के नियम के तहत अगर किसी मेंबर की नौकरी चली जाती है तो वह 1 माह के बाद पीएफ अकाउंट से 75% पैसा निकाल सकता है। इससे वह बेरोजगारी के दौरान अपनी जरूरतें पूरी कर सकता है। पीएफ में जमा बाकी 25% हिस्से को जॉब छूटने के दो महीने बाद निकाला जा सकता है। कर्मचारी को यदि किसी कंपनी में सेवाएं देते 5 साल पूरे हो जाते हैं और वो पीएफ निकालता है तो उस पर इनकम टैक्स की कोई लायबिलिटी नहीं होती। 5 साल की अवधि एक या इससे ज्यादा कंपनियों को मिलाकर भी हो सकती है। एक ही कंपनी में 5 साल पूरे करना जरूरी नहीं। कुल अवधि कम से कम 5 साल होना जरूरी होता है। अगर कर्मचारी नौकरी में 5 साल पूरे होने से पहले पीएफ खाते से 50 हजार रुपए से ज्यादा राशि निकालता है तो उसे 10% टीडीएस चुकाना होगा। वहीं अगर आपके पास पैन कार्ड नहीं है तो आपको 30% टीडीएस देना होगा। हालांकि, अगर कर्मचारी फॉर्म 15जी/15एच सबमिट कराता है तो कोई टीडीएस नहीं काटा जाता है।

# बातों ही बातों में ट्रंप ने ले लिया एक और बड़ा फैसला

## स्टील और एल्युमीनियम पर वजह से टैरिफ कर देंगे डबल

नई दिल्ली, 31 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शुक्रवार को यूनाइटेड स्टेट्स स्टील कॉरपोरेशन के एक प्लांट विजिट पर गए।इस दौरान उन्होंने कहा कि वह स्टील और एल्युमीनियम पर टैरिफ को 25 परसेंट से बढ़ाकर 50 परसेंट कर देंगे।उनका कहना है कि इससे अमेरिकी वर्कर्स की सुरक्षा में मदद मिलेगी। दरअसल, ट्रंप पिट्सबर्ग के एक प्लांट में यूएस स्टील और जापान की निप्पॉन स्टील कॉर्प के बीच एक संभावित सौदे के सिलसिले में गए हुए थे।यहां उन्होंने कहा कि स्टील पर टैरिफ बढ़ाने से इस नए वेंचर के लिए अमेरिकी ऑपरेशंस को फायदा होगा. साल 2023 में निप्पॉन स्टील ने यूएस स्टील को 14.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर में खरीदने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन तत्कालीन बाइडेन की सरकार ने इस सौदे को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए रोक दिया था।जबकि सूत्रों का कहना है कि ट्रंप इस सौदे को पार्टनरशिप बताते हुए इसके सपोर्ट में है।यूएस स्टील के प्लांट्स में अरबों डॉलर का निवेश कर निप्पॉन यूएस स्टील के साथ स्टील निर्माण की अपनी टेक्नीक को शेयर करेगी और दोनों इस दिशा में साथ में मिलकर काम करेंगे। बाइडेन का मानना था कि अमेरिकी स्टील इंडस्ट्री से अमेरिका की इकोनॉमी को



बहुत फायदा पहुंचता है।यहां की सप्लाई चेन भी मजबूत है।ऐसे में अगर इस का मालिकाना हक किसी दूसरे विदेशी कंपनी के हाथ में चली जाती है, तो इसकी सप्लाई चेन का कंट्रोल भी उसके हाथ आ जाएगा, जिससे अमेरिका को नुकसान होगा।ट्रंप ने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर अपने एक पोस्ट में एल्युमीनियम पर भी टैरिफ बढ़ाने की बात कही है।उन्होंने कहा कि नई दरे बुधवार, 4 जून से प्रभावी होंगी।ट्रंप ने तो निप्पॉन स्टील से निवेश के तौर पर मिलने वाले 14.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर के खर्च की प्लानिंग भी कर ली है।उन्होंने कहा कि इसमें से 5,000 डॉलर यूएस स्टील के कर्मचारियों को बोनस देने में खर्च किए जाएंगे। 2.2 बिलियन डॉलर मोन वैली वर्क्स प्लांट में स्टील उत्पादन बढ़ाने के लिए रखे जाएंगे।इसके अलावा, इंडियाना, मिनेसोटा, अलबामा और अर्कांसस में कई फेसिलिटीज बनाने में 7 बिलियन डॉलर खर्च किए जाएंगे।साथ ही स्टील मिलों के आधुनिकीकरण, अयस्क खनन का विस्तार करने की भी योजना है।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे, ऋतु- ग्रीष्म
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426874
सूर्योदय -05-44
सूर्यास्त -18-43
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126

| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | वृष | मे | वृष--- | 04-40 बजे |
| चंद्र- | कर्क | मे | मिथुन.. | 06-40 बजे |
| मंगल | कर्क | मे | कर्क-- | 08-53 बजे |
| बुध- | वृष | मे | सिंह--- | 11-04 बजे |
| गुरु- | मिथुन | मे | कन्या... | 13-11 बजे |
| शुक्र- | मीन | मे | तुला.... | 15-18 बजे |
| शनि- | मीन | मे | वृश्चिक.. | 17-26 बजे |
| राहु- | कुंभ | मे | धनु..... | 19-40 बजे |
| केतु- | सिंह | मे | मकर... | 21-46 बजे |
| | | | कुंभ... | 23-37 बजे |
| | | | मीन.... | 01-15 बजे |
| | | | मेष..... | 02-51 बजे |

दिशाशूल - पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
तिथि- षष्ठी 19-59 तक उपरान्त सप्तमी
मास - ज्येष्ठ शुक्ल, रविवार 01 June
नक्षत्र - आश्लेषा 21-36 तक उपरान्त मघा
योग - धुव्र 09-10 तक उप व्याघात
करण- कौलव 08-01 तक उप तैतिल
विशेष:- अरण्य षष्ठी
व्रत -त्योहार - विंध्यवासिनी पूजा

विशेषः- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 17:08 से 18:46 तक**

पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710

| दिन का चौघड़िया | रात का चौघड़िया |
|---|---|
| उत्पात 05:44 - 07:20 अशुभ | शुभ 18:43 - 20:08 शुभ |
| चंचल. 07:20 - 08:58 शुभ | अमृत 20:08 - 21:30 शुभ |
| लाभ 08:58 - 10:36 शुभ | चंचल 21:30 - 22:52 शुभ |
| अमृत 10:36 - 12:14 शुभ | रोग। 22:52 - 00:14 अशुभ |
| काल 12:14 - 13:52 अशुभ | काल। 00:14 - 01:36 अशुभ |
| शुभ 13:52 - 15:30 शुभ | लाभ 01:36 - 02:58 शुभ |
| रोग 15:30 - 17:08 अशुभ | उत्पात 02:58 - 04:20 अशुभ |
| उत्पात 17:08 - 18:43 अशुभ | शुभ 04:20 - 05:44 शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,)
आपकी करियर से सम्भंधित योजना बिगड़ रही है। आप एक बात पर अपना दिमाग एकाग्रचित नहीं कर पा रहे है । आप सोच सोच कर समय को बर्बाद कर रहे हैं। आप किसी भी अनुभवी पेशेवर या एक कैरियर सलाहकार से सलाह ले सकते हैं। एक कैरियर सलाहकार के मार्गदर्शन से आप को एक मार्ग मिल सकता है ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)
आज आपको नौकरी की संभावनाओं के बारे में कुछ अच्छी खबर प्राप्त हो सकती है। आपको अपनी पसंद की कंपनियों में एक साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है। आज उभरते हुए लेखकों के लिए यह एक महान दिन हो सकता है क्यों की आपके लेख या आपकी पुस्तक प्रसिद्ध प्रकाशक के द्वारा प्रकाशित हो सकती है।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,)
नए और अलग अलग कार्य करने के अवसर आज आपके रास्ते में आएंगे । आज नए ग्राहक और विभिन परियोजनाए आपके पास आ सकती है और कुछ में तो इतनी संभावना होगी की वो आपकी सपनो की या महत्वपूर्ण परियोजना बन सकती है । इस अवसर का फायदा उठाने के लिए, आपको आज अतिरिक्त मेहनत करनी होगी।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,)
आपने हाल ही में जो कड़ी मेहनत की है , उसकी हर दिशा से सराहना होगी । आपको एक बोनस या एक लंबे समय से वेतन वृद्धि की चाह थी वो पूरी हो सकती है । आपको एक अच्छे वित्तीय अवसर की पेशकश भी की जा सकती है , जिसकी अपेक्षा आपको नहीं थी । हालाँकि ये एक बहुत बड़ा नहीं है।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,)
रोजगार और आय के नए अवसर आज आपको मिल सकते है । आपको आगे बढ़ने के काफी अवसर मिलेंगे जिसको लेकर आप समझ नहीं पाएंगे की कौन सा विकल्प आपके लिए अच्छा है , जिसे लेकर आप आगे बढ़ सकते है । आज परिवार और कार्य क्षेत्र में संतुलन बिठाना मुश्किल हो सकता है।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
पिछले कुछ दिनों से अलग अलग दिशाओं में आपका मन भाग रहा है और निर्णायक निर्णय लेने में आप असमर्थ रहे है। बहरहाल, आज आपको दृष्टि की एक दुर्लभ स्पष्टता का अनुभव होगा और आप अपने कार्यस्थल पर मुद्दों के बारे में स्पष्ट और उचित निर्णय लेने में सक्षम होंगे ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,)
जहां तक वित्तीय मामलों का संबंध है, आज आप एक बुद्धिमान निर्णय लेंगे । सलाह आपका उचित मार्गदर्शन करेंगी , तो आज छोटे लाभ से संतुष्ट रहे । शेयर बाज़ार में लगे लोग आज बड़े शेयरों के निवेश से बचे । अपने भीतर की आवाज सुनकर अपने अंतर्ज्ञान से काम करे ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,)
आज का दिन अपने व्यावसायिक और वित्तीय गतिविधियों में बदलाव लाने का दिन है , इसलिए अगर कुछ इस तरह की आपकी योजना है तो अपने आप को तनावमुक्त रखे । आप अपना दृष्टिकोण प्रभावी ढंग से शीर्ष प्रबंधकों के समक्ष रख पाने में समर्थ होंगे । यह अपने नियोक्ता से अपनी आय को बढ़ाने का उपयुक्त मौका है।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे)
चीजें आपके अनुसार कार्य नहीं कर रही है जैसे की अपने योजना बनाई थी , लेकिन आपको इस कारण से आक्रामक नहीं होना चाहिए क्योंकि इससे आपके सारे प्रयास बर्बाद हो सकते हैं। कार्य में प्रगति के लिए आपको धैर्य की आवश्यकता होगी लेकिन ये इतनी आसानी से आपको नहीं मिलेगा ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
आपकी लंबित कई प्रतिबद्धताएं है जिन्हे आपको आज आसानी से पूरा करने के लिए समय मिलेगा , हालांकि आप अपने आप को बेचैन , असावधान और सुस्त महसूस करेंगे । परिणाम के रूप में, आपका कार्य लंबित होता जाएगा , क्योंकि आपका ध्यान केंद्रित नहीं है, इसलिए एक दिन की छुट्टी ले और आराम करे ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)
कुछ भ्रम की स्थिति आज आपके कार्य क्षेत्र में आने की संभावना है। आप अपने कार्य क्षेत्र में काफी अच्छे तरीके से कार्य कर रहे है , साथ ही साथ आपको एक व्यापार में शामिल होने के लिए एक प्रस्ताव मिल सकता है जो काफी भरोसेमंद है और पुरस्कार से भरपूर भी परन्तु इस तरह का प्रस्ताव आप ने पहले न देखा न सुना।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची)
आज का दिन विशेष रूप से उन लोगों के लिए अच्छा और सफलता से भरपूर है जो किसी भी तरह से शिक्षा या लेखन से जुड़े हैं । छात्रों, शोधकर्ताओं, पत्रकारों, लेखकों और शिक्षा से जुड़े अन्य पेशेवरों के लिए एक बहुत आनंदमयी एवं अच्छा दिन होने के संकेत है। आज का दिन लंबी अवधि की योजनाओं में निवेश करने के लिए उपयुक्त है।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# जीडीपी का डेटा आने के बाद सरकार ने दी गुड न्यूज, अब सस्ता होगा खाने का तेल

नई दिल्ली, 31 मई (एजेंसियां)। जीडीपी का डेटा जारी होने के बाद सरकार ने देश के आम लोगों को बड़ी राहत की खबर दी है। जिसके बाद देश में खाने के तेल की कीमतें कम हो सकती हैं। सरकार ने एक नोटिफिकेशन में कहा कि खाद्य कीमतों को कम करने के लिए केंद्र ने शुक्रवार को कच्चे खाद्य तेलों पर बेसिक कस्टम ड्यूटी में 10 प्रतिशत की कमी की है। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि शुल्क में यह बदलाव 31 मई से प्रभावी होगा। भारत अपनी वनस्पति तेल की 70 फीसदी से अधिक मांग इंपोर्ट के माध्यम से पूरी करता है। भारत मुख्य रूप से इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड से पाम तेल खरीदता है, जबकि यह अर्जेंटीना, ब्राजील, रूस और यूक्रेन से सोया तेल और



सूरजमुखी तेल इंपोर्ट करता है। इस कदम से खाद्य तेल की कीमतों में कमी आएगी और मांग बढ़ेगी तथा परिणामस्वरूप पाम ऑयल, सोया ऑयल और सूरजमुखी तेल की विदेशी खरीद बढ़ेगी।

**किस पर कितना घटा टैक्स**

सरकार ने कच्चे पाम तेल, कच्चे सोया तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर मूल सीमा शुल्क को पहले के 20 फीसदी से घटाकर 10% कर दिया है। इससे तीनों तेलों पर कुल इंपोर्ट शुल्क पहले के 27.5 फीसदी से घटकर 16.5% हो जाएगा, जो वे भारत के कृषि सेस के अधीन भी हैं। सितंबर 2024 में, भारत ने कच्चे और रिफाइंड वनस्पति तेलों पर 20 फीसदी मूल सीमा शुल्क लगाया था। संशोधन के बाद, कच्चे पाम तेल, कच्चे सोया तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर 27.5 फीसदी आयात शुल्क लगाया गया, जबकि पहले यह 5.5 फीसदी था, जबकि तीनों तेलों के रिफाइंड ग्रेड पर अब 35.75 फीसदी आयात कर है।

**बीते एक महीने कौन सा तेल हुआ महंगा और सस्ता**

बीते एक महीने की बात करें तो सरकारी आंकड़ों के अनुसार मूंगफली और पाम ऑयल की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। जबकि सरसो का तेल, वनस्पति और सोया तेल की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। जबकि सूरजमुखी के तेल में कोई बदलाव देखने को नहीं मिला है। कंज्यूमर अफेयर के आंकड़ों को देखें तो 30 अप्रैल को मूंगफली तेल 190.44 रुपए प्रति किलो से कम होकर 30 मई को 188.47 रुपए पर आ गया। इसका मतलब है कि इसकी कीमत में 1.97 रुपए की कटौती देखने को मिली है। जबकि पाम तेल के दाम में करीब 3 रुपए की गिरावट देखी गई है जिसके बाद दाम 137.07 रुपए से कम होकर 134.09 रुपए पर आ गए हैं। वहीं सरसो का तेल, वनस्पति और सोया तेल की कीमतों में क्रमशः 1.64 रुपए, 1.6 और 0.82 रुपए महंगा हुआ है।

# शापूरजी पालोनजी ग्रुप को मिला रिकॉर्ड 29,000 करोड़ का लोन, इस बैंक ने की मदद



नई दिल्ली, 31 मई (एजेंसियां)। देश के प्रमुख बिजनेस फैमिली में से एक शापूरजी पालोनजी ग्रुप को जर्मनी के ड्यूश बैंक से रिकॉर्ड 3.35 अरब डॉलर लगभग 29,000 करोड़ रुपये का प्राइवेट क्रेडिट लोन मिला है। यह लोन नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर यानी एनसीडी के रूप में है और अमेरिका के बाहर की सबसे बड़ी प्राइवेट क्रेडिट डील है। एसपी ग्रुप एक प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी है। जिसने टाटा संस में अपनी हिस्सेदारी का हिस्सा गिरवी रखकर यह राशि जुटाई है। इस डील में ब्लैक रॉक और मॉर्गन स्टेनली जैसे बड़े निवेशकों ने भी हिस्सा लिया। यह लोन तीन साल के लिए है, जिस पर 19.75% की ब्याज दर लागू होगी, जो हर साल के अंत में दी जाएगी। इससे पहले, 2023 में एसपी ग्रुप की कंपनी गोस्वामी इंफ्राटेक ने 18.75% ब्याज पर 1.7 अरब डॉलर जुटाए थे।

**पैसा कहां यूज होगा**

कंपनी के मुताबिक, वह इस लोन से मिली राशि का इस्तेमाल पुराने कर्ज चुकाने और रियल एस्टेट तथा ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट, और कंस्ट्रक्शन) कारोबार को बढ़ाने में करेगी। एक निवेशक ने कहा कि यह डील बड़े कॉरपोरेट्स के लिए लंबी अवधि का फंड जुटाने का नया रास्ता खोलेगी।

**पहली बार हुआ ऐसा**

ड्यूश बैंक ने इस डील में खुद 893 मिलियन डॉलर का निवेश किया और 500 मिलियन डॉलर से ज्यादा अपने पास रखा है। बैंक ने ब्लैक रॉक, सोना कैपिटल, मॉर्गन स्टेनली और पिमको जैसे निवेशकों को भी शामिल किया है। गोल्ड कैपिटल और पिमको ने इस डील के जरिए भारत में पहली बार बड़ा प्राइवेट क्रेडिट निवेश किया है।

**किसने कितना पैसा लगाया?**


इस फंडिंग में तीन तरह के निवेशक शामिल थे। पहला स्टर्लिंग बॉन्ड में निवेश करने वाले, दूसरा गोस्वामी बॉन्ड में निवेश करने वाले और अमेरिका, ब्रिटेन, हांगकांग, सिंगापुर व भारत के नए प्राइवेट क्रेडिट निवेशक। जोखिम कम करने के लिए बैंक ने कई अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट फंड्स को जोड़ा है। ब्लैक रॉक ने 70 मिलियन डॉलर, सोना कैपिटल ने 180 मिलियन डॉलर, मॉर्गन स्टेनली इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट ने 60 मिलियन डॉलर और पिमको ने 45 मिलियन डॉलर का निवेश किया। यानी कुल मिलाकर लगभग 355 मिलियन डॉलर। इसके अलावा एरेस ने अलग से 500 मिलियन डॉलर लगाए। फरालोन कैपिटल ने 596 मिलियन डॉलर का निवेश किया। डेविडसन केम्पनेर ने 401 मिलियन डॉलर और सेर्बेरस कैपिटल ने 474 मिलियन डॉलर का योगदान दिया है।

# तूफान बन गया अनिल अंबानी का शेयर

## 5 साल में दिया 2900% का रिटर्न

नई दिल्ली, 31 मई (एजेंसियां)। एक वक्त था जब अनिल अंबानी का नाम भी टॉप के रईसों में शामिल हुआ करता था।लेकिन अब जिस हिसाब से रिलांयस पावर के शेयर में शानदार तेजी देखने को मिल रही है अब वो देखकर ये साफ लग रहा है कि अनिल अंबनी की किस्मत अब फिर से पलटने वाली है।इसकी वजह है उनकी कंपनी रिलायंस पावर के शेयरों में आ रही जबरदस्त तेजी।शुक्रवार को रिलायंस पावर का शेयर बीएसई पर 11.24% चढ़कर 58.09 रुपये पर बंद हुआ.रिलायंस पावर ने अपने निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दिया है पिछले एक साल में 135.47% रिटर्न, दो साल में 348.77% रिटर्न, तीन साल में 384.26% रिटर्न, 5 साल मेंः 2852.28% रिटर्न दिया है।कंपनी का मार्केट कैपिटलाइजेशन अब 23,362.70 करोड़ रुपए हो गया है।7 मई 2025 तक की शेयरहोल्डिंग डिटेल के अनुसारः प्रमोटर के पास 24.98% शेयर हैं, विदेशी निवेशकों के पास 12.87%, म्यूचुअल फंड्स के पास 0.37%, अन्य संस्थानों के पास 16.1% शेयर हैं.

**कंपनी को हुआ फायदा**



जनवरी से मार्च 2025 की तिमाही में कंपनी को 126 करोड़ रुपए का फायदा हुआ, जबकि पिछले साल इसी समय 397.56 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था।इस बार कंपनी की आमदनी थोड़ी कम होकर 2,066 करोड़ रुपए रही, जबकि पिछले साल 2,193.85 करोड़ रुपये थी।मगर खर्च भी काफी घटकर 1,998.49 करोड़ रुपए हो गया, जो पहले 2,615.15 करोड़ रुपये था.

**2,947.83 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया**

पूरे वित्त वर्ष 2025 में रिलायंस पावर ने 2,947.83 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया, जबकि पिछले साल उसे 2,068.38 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था।साथ ही, कंपनी ने पिछले 12 महीनों में 5,338 करोड़ रुपए का कर्ज भी चुका दिया है।शेयरों में आई तेजी और मुनाफे के आंकड़े देखकर लग रहा है कि अनिल अंबानी की रिलायंस पावर अब एक बार फिर मजबूत स्थिति में आ रही है।निवेशकों के लिए यह एक अच्छी खबर हो सकती है.

# एसबीआई ने कर दिया खुलासा, चौथी तिमाही में कैसे पहुंची देश की 7.4% जीडीपी?

नई दिल्ली, 31 मई (एजेंसियां)। वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में देश की जीडीपी 7.4 फीसदी देखने को मिली है।खास बात तो ये है कि पूरे वित्त वर्ष की किसी भी तिमाही में ये सबसे बेहतरीन ग्रोथ देखने को मिली है।इससे पहले इस वित्त वर्ष में किसी भी तिमाही में देश की जीडीपी का आंकड़ा 7 फीसदी से ज्यादा देखने को नहीं मिला है।अब सबसे बड़ा सवाल ये है कि आखिर देश की इकोनॉमी को बूस्ट आखिर किया किसने? आखिर वो कौन से इकोनॉमिक फैक्टर और इंडीकेटर्स थे जिन्होंने ग्रोथ के हिसाब से चौथी तिमाही को साल की सबसे अच्छी तिमाही के रूप में तब्दील कर दिया? जीडीपी के आंकड़ों के जारी होने के बाद देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई की रिपोर्ट सामने आई है।जिसने बताया है कि आखिर देश की जीडीपी 7.4 फीसदी पर कैसे पहुंच गई?वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही को इकोनॉमी के लिहाज से सबसे अच्छी कहा जाए तो गलत नहीं होगा।इस तिमाही में भारत की ग्रोथ 7.4 फीसदी देखने को मिली है।जबकि तीसरी तिमाही में भारत की जीडीपी 6.2 फीसदी देखने को मिली थी।वहीं दूसरी तिमाही की बात करें तो आंकड़ा 5.4 फीसदी पहुंच गया था जो 7 तिमाहियों का लोअर लेवल था।वहीं पहली तिमाही में देश की ग्रोथ रेट 6.7 फीसदी पर देखने को मिला था।सरकारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025 की ग्रोथ रेट 6.5 फीसदी देखी गई है।खास बात तो ये है कि बीते वित्त वर्ष में भारत की ग्रोथ 9.4 फीसदी देखी गई थी.भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था ने उम्मीद से ज़्यादा मज़बूत है।जिसका प्रमुख कारण नेट इनडायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में इजाफा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में जीडीपी में 7.4 फीसदी की ग्रोथ हुई है, जिसका प्रमुख कारण नेट इनडायरेक्ट टैक्स में 12.7 फीसदी का इजाफा है।टैक्स रेवेन्यू में इस ग्रोथ ने तिमाही के दौरान ओवरऑल इकोनॉमिक एक्टीविटी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।एसबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए भी पॉजिटिव आउटलुक रखा है।एसबीआई के अनुमान के अनुसार उसे उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2026 में भारत सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली प्रमुख इकोनॉमी के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखेगा, जिसमें जीडीपी ग्रोथ 6.3 फीसदी और 6.5 फीसदी के बीच अनुमानित है।रिपोर्ट में कहा गया है कि हमारा मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2026 में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी रहेगी (जीडीपी वृद्धि 6.3-6.5 फीसदी रहने की उम्मीद है।एसबीआई ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि जनवरी 2025 में, ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन 1.96 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया था, जो पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 12.3 फीसदी अधिक था।फरवरी में, यही कलेक्शन 1.84 लाख करोड़ रुपए था, जो साल-दर-साल 9.1 फीसदी अधिक था।आधिकारिक आंकड़ों के आधार पर, मार्च में जीएसटी कलेक्शन फिर से 1.96 लाख करोड़ पर पहुंच गया, जो 9.9 फीसदी ज्यादा था.चौथी तिमाही में लगभग हर सेक्टर ने बेहतर प्रदर्शन की सूचना दी।सर्विस सेक्टर ने चौथी तिमाही में 7.3 फीसदी की ग्रोथ आंकड़ा दिया।सर्विसेज के अंदर पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, डिफेंस और अन्य सर्विसेज की ग्रोथ 8.7 फीसदी देखने को मिली, जबकि फाइनेंशियल, रियल एस्टेट और व्यावसायिक सर्विसेज में ये आंकड़ा 7.8 फीसदी रहा।

# मंत्री माथे पर लगाएं सिंदूर : चरणदास महंत

## नेता प्रतिपक्ष ने कहा- पीएम मोदी कह रहे मेरी रगों में सिंदूर बह रहा, यह हास्यास्पद

रायपुर, 31 मई (एजेंसियां)। पीएम मोदी ने कहा था कि, उनकी रगों में गर्म सिंदूर बह रहा है। जिसे छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने हास्यास्पद बताया है। उन्होंने रायपुर के विधानसभा कैम्पस में बयान देते हुए मंत्रियों को माथे पर सिंदूर लगाने की सलाह दी है।

दरअसल, ऑपरेशन सिंदूर पर भाजपा की बयानबाजी को लेकर चरणदास महंत ने कहा कि, ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया। यह अच्छी बात है। हमारी बहनों के पति मारे जा रहे हैं, उन सबको देखते हुए ऑपरेशन सिंदूर ठीक है।

मगर प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि, मेरी रगों में गर्म सिंदूर बह रहा है, ये हास्यास्पद है। सिंदूर से अगर इतना ही प्रेम है तो अपने मंत्रियों से कहिए कि माथे पर सिंदूर लगाकर आ जाएं, इसमें दिक्कत क्या है। इससे पहले, पूर्व सीएम



भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार पर सवाल खड़े करते हुए पूछा था कि, पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए, लेकिन आतंकियों को अब तक नहीं पकड़ा गया। ऐसे में ऑपरेशन सिंदूर को सफल कैसे माना जा सकता है। पाकिस्तान से कौन-कौन से वादे किए गए?

दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में भूपेश बघेल ने कहा कि, पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने वीरता और संकल्प का परिचय देते हुए आतंकियों को करारा जवाब दिया, लेकिन इसके तुरंत बाद अमेरिकी राष्ट्रपति का युद्धविराम की घोषणा करना कई शंकाओं को जन्म देता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान के बीकानेर में जनसभा के दौरान कहा था कि, तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। पाकिस्तान एक बात भूल गया कि, अब मां भारती का सेवक मोदी यहां सीना तानकर खड़ा है। मोदी का दिमाग ठंडा है, ठंडा रहता है, लेकिन मोदी का लहू गर्म है। अब तो मोदी की नसों में लहू नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में भी ऑपरेशन सिंदूर पर बात की। उन्होंने कहा, 'हमने आतंकवाद के 9 ठिकाने तय कर 22 मिनट में उन्हें ध्वस्त कर दिया। ये सब कुछ कैमरे के सामने किया, ताकि कोई सबूत न मांगे।'

ऐसा माना जा रहा है कि मोदी ने यह बात उरी आतंकी हमले के बाद पीओके में की गई भारतीय सेना की सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर की। तब विपक्ष ने लगातार इसके सबूत मांगे थे।

उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान जानता है कि वो सीधी लड़ाई में हमसे जीत नहीं सकता है। इसीलिए वो आतंकवादी भेज रहा है। उनके यहां मारे गए आतंकवादियों के जनाजे में पाकिस्तानी झंडे लगाए गए, यह कोई प्रॉक्सी वॉर नहीं है।'

# कोयला घोटाला: सौम्या, रानू समेत 6 आरोपी जेल से रिहा

## छत्तीसगढ़ से बाहर रहेंगे, पासपोर्ट जमा करेंगे, हफ्तेभर के अंदर नया पता देना होगा

रायपुर, 31 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ कोयला घोटाला मामले में निलंबित आईएएस रानू साहू, समीर विश्नोई, सौम्या चौरसिया, रजनीकांत तिवारी, वीरेन्द्र जायसवाल और संदीप नायक को आज सुबह जेल से रिहा कर दिया गया है। सौम्या चौरसिया दिसंबर 2022 में गिरफ्तार हुई थी। वहीं रानू साहू की जुलाई 2023 में गिरफ्तारी हुई थी।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस दीपांकर दत्ता की डबल बेंच ने इस जमानत याचिका पर सुनवाई की थी। जस्टिस सूर्यकांत ने सभी आरोपियों को गवाहों को प्रभावित करने की आशंका के चलते छत्तीसगढ़ में रहने पर पाबंदी लगाई है। सभी छत्तीसगढ़ से बाहर रवाना होंगे। उन्हें अपना पासपोर्ट जमा करना होगा। साथ ही नया पता थाने में देना होगा।

रजनीकांत तिवारी, रानू साहू, समीर विश्नोई और सौम्या चौरसिया के मामले में, यह निर्देश



है कि वे अगले आदेश तक छत्तीसगढ़ में नहीं रहेंगे, वे आवश्यकतानुसार जांच एजेंसी या ट्रायल कोर्ट के समक्ष उपस्थित रहेंगे। जांच में शामिल होंगे और पूरा सहयोग करेंगे। ये भी निर्देश है कि वे अपनी रिहाई के 1 सप्ताह के भीतर राज्य के बाहर अपने रहने के पते पेश करें। उन्हें अपने रहने के स्थान की जानकारी भी अधिकार क्षेत्र के थाने में देना होगा। ईडी का दावा है कि छत्तीसगढ़ में कोयला घोटाला किया गया है। इस मामले में 36 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। ईडी का आरोप है कि कोयले के परिवहन, ऑनलाइन परमिट को ऑफलाइन करने समेत कई तरीकों से करीब 570 करोड़ रुपए से अधिक की अवैध वसूली की गई है। छत्तीसगढ़ में अवैध कोल लेवी वसूली का मामला ईडी की रेड में सामने आया था। दावा है कि, कोल परिवहन में कोल व्यापारियों से वसूली करने के लिए ऑनलाइन मिलने वाले परमिट को ऑफलाइन कर दिया गया था। खनिज विभाग के तत्कालीन संचालक आईएएस समीर विश्नोई ने 15 जुलाई 2020 को इसके लिए आदेश जारी किया था। इसके लिए सिंडिकेट बनाकर वसूली की जाती थी। पूरे मामले का मास्टरमाइंड किंगपिन कोल व्यापारी सूर्यकांत तिवारी को माना गया। जो व्यापारी 25 रुपए प्रति टन के हिसाब से अवैध रकम सूर्यकांत के कर्मचारियों के पास जमा करता था। उसे ही खनिज विभाग पीट पास और परिवहन पास जारी करता था। इस तरह से स्कैम कर कुल 570 करोड़ रुपए की वसूली की गई।

# 12वीं में पश्चिमी सिंहभूम के दो छात्रों ने लहराया परचम

## कपड़ा विक्रेता की बेटी कॉमर्स टॉपर, चाय दुकानदार का बेटा बना साइंस सेकेंड टॉपर



चाईबासा, 31 मई (एजेंसियां)। झारखंड बोर्ड द्वारा शनिवार को जारी 12वीं साइंस और कॉमर्स के परिणामों में पश्चिमी सिंहभूम के दो विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। चाईबासा की छोटा नीमडीह निवासी रेशमी कुमारी कॉमर्स में स्टेट टॉपर रहीं। वहीं, अंकित कुमार साह साइंस में स्टेट सेकेंड टॉपर बनें।

संत जेवियर गर्ल्स कॉलेज चाईबासा की छात्रा रेशमी के पिता चाईबासा बस स्टैंड में कपड़े का व्यवसाय करते हैं। रेशमी के परिवार में दो बहनें और एक भाई है। उनकी बहन रौशनी कुमारी बीसीए कर रही हैं। रेशमी का अगला लक्ष्य बीबीए करना है।

सफलता का राज बताते हुए रेशमी ने कहा कि उन्होंने परीक्षा के दौरान सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखी। वह अन्य छात्रों को भी यही सलाह देती हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आने वाली रेशमी ने सरकार से आर्थिक सहायता की मांग की है।

वहीं, विज्ञान संकाय में नोवामुंडी कॉलेज के छात्र अंकित कुमार साह ने 95.2% अंकों के साथ राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

अंकित के पिता अनिल साह बड़ाजामदा में चाय की दुकान चलाते हैं और माता गृहिणी हैं।

# रायपुर में कारोबारी का बेटा निकला आईफोन चोर

## हॉलीवुड फिल्में देखकर 9 मिनट में रिलायंस-स्टोर से 17 आईफोन चुराए, जिसने खरीदा वो भी गिरफ्तार

रायपुर, 31 मई (एजेंसियां)। रायपुर में कारोबारी के बेटे ने हॉलीवुड फिल्में देखकर कम समय में सफाई से चोरी करने का तरीका सीखा। फिर रिलायंस डिजिटल स्टोर से 9 मिनट में 17 आईफोन चोरी कर लिए। उससे जिस-जिस ने चोरी के सस्ते आईफोन खरीदे वो एक-एक कर गिरफ्तार होते गए। मामले में सरस्वती नगर पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

सरस्वती नगर थाना प्रभारी रविंद्र यादव के मुताबिक, जीई रोड अनुपम गार्डन के सामने स्थित रिलायंस रिटेल लिमिटेड में 25-26 मई की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे एक चोर स्टोर का फ्रंट कांच तोड़कर अंदर घुसा। वो एप्पल के काउंटर के पास पहुंचकर करीब 17 सील पैक आईफोन थैले में भरकर भाग गया।

आसपास से गुजर रहे लोगों ने उसे भागते देखा तो पुलिस को सूचना दी। क्राइम ब्रांच और सरस्वती नगर पुलिस की संयुक्त टीम ने छानबीन शुरू की। पुलिस को मौके पर एक स्कूटी भी मिली। जिसे चोर अपने साथ



लेकर आया था। भागने के दौरान चाबी गिरने से वो स्कूटी छोड़ दिया था।

शुरुआती जांच में पता चला कि, यह स्कूटी चौबे कॉलोनी से चुराई गई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोर के भागने के रूट की जांच की।

इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि, एक युवक शहर में सील पैक आईफोन बेचने की फिराक में है।

पुलिस कई लोगों से पूछताछ करते हुए आरोपी तक पहुंच गई। पता चला कि वो चौबे कॉलोनी का निवासी मयंक दीक्षित है। उसके पिता कारोबारी हैं। जिनका क्रेन और हैवी मशीनरी से जुड़ा काम है। पुलिस को आश्चर्य हुआ कि इस संपन्न घर के युवक ने आखिर चोरी क्यों की?

पुलिस ने बताया कि, युवक को हॉलीवुड फिल्में देखने का शौक है। उसे लगा कि चोरी करना आसान है। इसके लिए उसने इंटरनेट से भी चोरी के कई पैटर्न देखे। उसने कम समय में किस तरह चोरी की जाए इसकी प्लानिंग की। रिलायंस स्टोर घर से करीब था, इसलिए उसे टारगेट मिल गया।

रिलायंस स्टोर के बाजू में एक अन्य शोरूम में रिपेयरिंग काम चल रहा था। जहां जमीन से लेकर ऊपर तक बांस बंधा था। तो वह बांस के सहारे पहली मंजिल पर पहुंच गया। फिर एक हथौड़ी की मदद से सामने का कांच तोड़ा और शोरूम के उपरी मंजिल से नीचे ग्राउंड फ्लोर में उतरकर चोरी की। बताया जा रहा है कि युवक जिस स्कूटी में आया था, वो भी उसी की थी। हालांकि इस बात की फिलहाल पुष्टि नहीं हुई है।

आरोपी ने स्टोर से करीब 17 आईफोन चोरी किए थे। जिसे बेचने के लिए वो शहर के कई दुकानदारों और लोगों से संपर्क किया। इन्हीं में से एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दे दी। जिससे आरोपी फंस गया।

इसके अलावा जिन-जिन लोगों ने आरोपी के पास से आईफोन खरीदा उनमें कई दुकानदार भी है। जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल, पुलिस ने 21 लाख रुपए का माल बरामद कर लिया है।

# रायगढ़ में व्यक्ति के जहर खाने से पहले का वीडियो वायरल

## कहा- उधारी वाले परेशान कर रहे टेंशन नहीं झेल पा रहा हूं, मरना पड़ रहा है

रायगढ़, 31 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में एक व्यक्ति ने जहर खा लिया। उससे पहले उसने वीडियो बनाया। वीडियो में वह कह रहा है कि मुझे उधारी वाले बहुत परेशान कर रहे हैं। धीरे-धीरे दूंगा बोल रहा हूं तो कोई मान नहीं रहा है। कोई घर खाली करने को कह रहा तो कोई घर पर कब्जा कर लिया है। बहुत शौक से घर बनाया हूं। टेंशन नहीं झेल पार रहा हूं। मरना पड़ रहा है। इसके बाद शख्स ने जहर खा लिया। घटना शनिवार सुबह 10:30 बजे की है। जानकारी लगते ही परिजन शख्स को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना चक्रधर नगर थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक अतरमुड़ा क्षेत्र निवासी रूपेश दीवान (42) वहीं रहने वाले रिटायर्ड बैंककर्मी अरुण मिश्रा के यहां किराए से होटल चलाता था। रूपेश जरूरत पड़ने पर अक्सर अरुण मिश्रा से उधार में लेता था। पहले उसने उधार के रुपए लौटाए भी थे।

लेकिन पिछले कुछ दिनों से वह रुपए नहीं लौटा सका। शुक्रवार की शाम अरुण मिश्रा, बेटे और अन्य 3-4 लोग रूपेश दीवान के घर पहुंचे। घर पर रूपेश नहीं था, इस दौरान उसकी पत्नी और बेटा ही घर मौजूद थे।

रूपेश के रिश्तेदारों के अनुसार अरुण मिश्रा ने रूपेश की पत्नी से बदसलूकी की ब्याज के साथ 15 से 17 लाख लौटाने कहा। रुपए नहीं लौटाने पर उसने घर कब्जा करने की बात कही। डरी सहमी महिला घर छोड़कर थाने पहुंची।

थाने में उसने मामले की जानकारी दी। चक्रधर नगर थाना टीआई महिला के साथ उसके घर पहुंचे। इस दौरान अरुण मिश्रा और उसका बेटा घर में ताला लगाकर निकल चुके थे। पुलिस ने रूपेश दीवान और उसकी पत्नी को शनिवार सुबह थाने आकर शिकायत दर्ज कराने कहा था।

# हजारीबाग जेल में नक्सली कैदी ने लगाई फांसी, मौत

## तीन नामों से जाना जाता था बंदी, 8 मामलों में विचाराधीन, गिनती के दौरान पता चला मामला

हजारीबाग, 31 मई (एजेंसियां)। हजारीबाग के लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में बंद एक नक्सली विचाराधीन कैदी ने आत्महत्या कर ली है। वार्ड डी में उसका शव शनिवार सुबह फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतक की पहचान दुमका के काठीकुण्ड थाना क्षेत्र निवासी 30 वर्षीय छोटा श्यामलाल देहरी उर्फ संतु देहरी उर्फ सोमालाल देहरी के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, बंदी को 9 फरवरी 2021 को दुमका केंद्रीय कारा से हजारीबाग जेल में स्थानांतरित किया गया था। वह नक्सली गतिविधियों से जुड़े आठ मामलों में विचाराधीन था।

जेल प्रशासन ने बताया कि सुबह गिनती के दौरान बंदी अपने स्थान पर नहीं मिला। तलाशी लेने पर वह वार्ड डी में फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही जेल के चिकित्सकों की टीम मौके पर पहुंची और जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। जेल प्रशासन ने घटना की सूचना राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और संबंधित विभागों को दे दी है।

# पति-जेठ ने मिलकर बहू को मार डाला

## गला घोंटा, फिर फंदे से लटकाया शव, दहेज की डिमांड करते थे, दोनों को उम्र कैद

कोरबा, 31 मई (एजेंसियां)। कोरबा जिले में शादी के 10 साल बाद पति ने गला घोंटकर पत्नी को मार डाला। तरदा गांव में जेठ ने सुनीता कुर्रे (28 साल) का दोनों पैर पकड़ा, पति ने गला दबाया, फिर उसकी लाश फांसी के फंदे में लटका दी और थाने में जाकर घटना की सूचना दी थी। मामला उरगा थाना क्षेत्र का है।

घटना 1 साल पहले 10 मई 2024 की है। पुलिस के मुताबिक, फांसी के फंदे की हाइट कम होने के बाद हत्या का शक हुआ। जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ। आरोपी पति राजू कुर्रे और जेठ मनोज कुर्रे को कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई है।

जांच में पता चला कि ससुराल वाले पैसों के लिए सुनीता को परेशान करते थे। जबकि शादी में



उसे दहेज दिया गया था, फिर भी पैसों की डिमांड करते थे। मृतका के पिता ने कई बार धान बेचकर पैसे दिए थे। 10 साल से मांगने का यही सिलसिला चल रहा था। जब पैसे देने बंद किए तो उसकी हत्या की प्लानिंग की। सुनीता बिलासपुर के पचपेड़ी गांव की रहने वाली थी। 10 साल पहले उसकी शादी राजू कुर्रे के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। राजू कुर्रे का परिवार खेती मजदूरी करने वाला था। सुनीता के घर वालों ने शादी में दहेज भी दिया था। शुरुआत में सब ठीक था, उनके 2 बच्चे भी हैं। बच्चे होने के बाद ससुराल वालों का लालच और बढ़ गया उससे और पैसों और सामान की डिमांड करने लगे।

राजू कुर्रे अपनी पत्नी पर दबाव बनाने लगा। सुनीता के पिता उन्हें कभी चावल देते थे कभी धान बेचकर पैसा भिजवाते थे कभी उधारी लेकर पैसे देते।

# रायपुर में तेज बारिश, 10 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

## धमतरी, महासमुंद में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ेंगी, जांजगीर, बलौदाबाजार में बिजली गिरेगी

रायपुर, 31 मई (एजेंसियां)। रायपुर में देर रात से सुबह तक तेज बारिश हो रही है। दुर्ग में भी बारिश के बाद मौसम ठंडा हो गया है। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 3 घंटे के लिए रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बलौदाबाजार, रायपुर, महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद, कोंडागांव, बस्तर और दंतेवाड़ा में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यहां गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। बिजली गिर सकती है।

हालांकि मौसम विभाग का मानना है कि छत्तीसगढ़ में पिछले एक सप्ताह से हो रही बारिश की रफ्तार आज से धीमी हो सकती है। शाम के वक्त जरूर प्रदेश के कई जगहों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। इसके चलते आज भी प्रदेश में येलो अलर्ट जारी किया गया है। इससे पहले प्रदेश में अपने नॉर्मल डेट से 16



दिन पहले ही मानसून ने दस्तक दे दी है। जल्द ही इसके रायपुर पहुंचने की उम्मीद है।

मानसून जल्द आने और सप्ताहभर पश्चिमी विक्षोभ और अन्य सिस्टम के कारण हुई बारिश ने मई को तरवतर कर दिया। प्रदेश के अधिकांश जिलों में मई के 30 दिनों में नॉर्मल से बहुत अधिक बारिश हो चुकी है। दंतेवाड़ा में सबसे ज्यादा 2788 फीसदी तक अधिक वर्षा हुई है।

मौसम विभाग के मुताबिक 29 में से चार जिलों में ही औसत से कम बारिश हुई है। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के डेटा नहीं आए हैं। इस तरह 24 जिलों में औसत से ज्यादा बारिश हो चुकी है।

# क्रेडिट कार्ड किसी और का और एसी-मोबाइल-फ्रिज खरीद लिया किसी और ने

रांची, 31 मई (एजेंसियां)। साइबर क्रिमिनल्स हमेशा नए-नए तरीके अपना कर लोगों को झांसे में लेते हैं और उन्हें ठगी का शिकार बनाते हैं। कुछ ऐसा ही मामला राजधानी रांची में भी आया था। जिले के डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि बीते 28 मई को सूरज साहेब नाम के व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड के ज्यादा चार्ज कटने को बंद करने को लेकर फोन कॉल्स आया और एक लिंक शेयर किया गया। जैसे ही लिंक को डाउनलोड किया गया सूरज के खाते से एक लाख 7 हजार रुपए खर्च कर लिए गए। साइबर थाने में इसकी सूचना दी गई और तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपी अजय कुमार को देवघर से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। चौंकाने वाली बात यह रही



की आरबीएल क्रेडिट कार्ड से कुल 1,08,479 की अवैध निकासी कर अमेजन से आर्डर कर लिया गया था। इस घटना के बाद डीआईजी ने एसआईटी का गठन किया।

अनुसंधान के दौरान टेक्निकल सेल की मदद से पीड़ित के क्रेडिट कार्ड से साइबर ठगी हुई राशि का उपयोग कर एक एसी, फ्रिज और मोबाइल फोन ऑर्डर किया गया था। जो देवघर जिले के सोनारायठाढ़ी थाना क्षेत्र में डिलीवर किया गया। इसके बाद सोनारायठाढ़ी थाना प्रभारी के सहयोग से इस कांड में इस्तेमाल हुए मोबाइल नंबर 7782834918 को आप्राथमिकी अभियुक्त अजय कुमार के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं साइबर ठगी के पैसे से अमेजॉन के माध्यम से आर्डर किए गए पार्सल बरामद किए गए।

# ट्रक पलटा, ड्राइवर का पैर कुचला

## चदरा लदा ट्रक गार्डवॉल तोड़कर नीचे गिरा, घायल ड्राइवर रिम्स रेफर किया गया

लातेहार, 31 मई (एजेंसियां)। लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र के सिमरहट गांव के पास सुबह एक ट्रक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा इतना जबरदस्त था कि ट्रक सड़क किनारे बने गार्डवॉल को तोड़ता हुआ नीचे पलट गया। ट्रक बालूमाथ से चदरा लादकर डाल्टनगंज जा रहा था।

ट्रक के पलटते ही उसका अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चदरा की बड़ी-बड़ी चादरें ट्रक की केबिन को चीरती हुई बाहर निकल गईं। हादसे में ट्रक में अकेले मौजूद ड्राइवर का दाहिना पैर पूरी तरह कुचल गया। शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मनिका पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से घायल ड्राइवर को बाहर निकाला। इसके बाद एंबुलेंस से उसे लातेहार के सदर अस्पताल भेजा गया। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार ड्राइवर की हालत नाजुक बनी हुई है। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है, क्योंकि वह बोलने की स्थिति में नहीं है। उसके पास से कोई पहचान पत्र भी नहीं मिला है। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को हटवाने की प्रक्रिया शुरू की। चदरा को किनारे किया गया ताकि आवागमन बाधित न हो।

# शराब घोटाला मामला, छुट्टी के दिन अधिकारियों ने दी रिपोर्ट

## बाबूलाल मरांडी ने कहा-रायपुर गई कमेटी की एसीबी जांच करें, क्या 'डील' हुई थी

रांची, 31 मई (एजेंसियां)। झारखंड में हुए शराब घोटाले को लेकर बाबूलाल मरांडी ने उत्पाद विभाग पर बड़ा सवाल खड़ा किया है। उन्होंने विभाग के एक सचिव स्तर के अधिकारी और उनकी टीम की ओर से की गई स्टडी और सौंपी गई रिपोर्ट पर संदेह जाहिर किया है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अगर एसीबी इस शराब घोटाले की तह तक जाना चाहती है तो उस टीम की जांच करे जिसने यह अनुशंसा की थी कि शराब बेचने के लिए छत्तीसगढ़ मॉडल को अपनाना चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने X अकाउंट पर लिखा है कि जब



छत्तीसगढ़ सिंडिकेट के साथ मिलकर यहां शराब घोटाले की तैयारी हो रही थी तब झारखंड से सचिव स्तर के एक अधिकारी के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम को वहां स्टडी कर रिपोर्ट देने के लिये भेजा था।

इन अधिकारियों ने रायपुर दौरा कर महज 24 घंटे में छुट्टी के दिन अपनी रिपोर्ट बनाकर छत्तीसगढ़ मॉडल अपनाने की अनुशंसा कर दी थी। इसे लेकर मीडिया से लेकर चौतरफा काफी आलोचना हुई थी।

उन्होंने लिखा कि एसीबी अगर इस शराब घोटाले के तह तक जाना चाहती है, तो उसे रायपुर गई कमेटी में शामिल सारे लोगों की भूमिका एवं सहभागिता को जांच के दायरे में शामिल करना चाहिए। इस बात की जांच कर कार्रवाई करनी चाहिए कि रायपुर गई टीम ने वहां किन लोगों से मुलाकात की, क्या "डील" हुई? वह डील कराने में कौन लोग शामिल थे?

किसके दबाव में उस टीम को महज चौबीस घंटे में छुट्टी के दिन भी "छत्तीसगढ़ मॉडल" अपनाने की अनुशंसा वाली रिपोर्ट सौंपनी पड़ी थी?

# पिनाका, आकाश, होवित्जर, आर्मेनिया को हथियारों से क्यों पाट रहा भारत

## इसका पाकिस्तान–तुर्की–अजरबैजान से क्या कनेक्शन




येरेवन, 31 मई (एजेंसियां)। भारत लगातार आर्मेनिया को हथियारों की बिक्री बढ़ा रहा है। इसे तुर्की, अजरबैजान और पाकिस्तान के बीच बढ़ते रणनीतिक गठबंधन का मुकाबला करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। इस त्रिपक्षीय साझेदारी ने भारत के क्षेत्रीय हितों को चुनौती दी है। हाल के भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान भी तुर्की और अजरबैजान ने खुलकर इस्लामाबाद का साथ दिया और भारत की निंदा की थी। ऐसे में आर्मेनिया को बढ़ती भारतीय हथियारों की बिक्री को एक शक्ति संतुलन के तौर पर देखा जा रहा है, जिससे अजरबैजान और तुर्की की टेंशन बढ़नी तय है। अजरबैजान की आर्मेनिया से पुरानी दुश्मनी है और दोनों देश एक दूसरे के खिलाफ कई युद्ध लड़ चुके हैं।

भारत और आर्मेनिया के बीच रक्षा संबंध 2020 से लगातार बढ़ रहे हैं। इसका प्रमुख कारण आर्मेनिया की अपने पारंपरिक हथियार आपूर्तिकर्ता रूस से बढ़ती दूरी है। 2020 के नागोर्नो काराबाख युद्ध के दौरान आर्मेनिया ने रूस पर तटस्थ रहने और मदद न करने का आरोप लगाया था, वह भी तब जब दोनों देश कलेक्टिव सिक्योरिटी ट्रिटी ऑर्गनाइजेशन (सीएसटीओ) के सदस्य हैं। यह सैन्य गठबंधन कुछ हद तक नाटो की तरह है, जिसमें हमले के हालात में सदस्य देशों की मदद का प्रावधान है, लेकिन रूस ने इससे पल्ला झाड़ लिया था। इसके बाद से ही आर्मेनिया भारत और अमेरिका जैसे देशों के संपर्क में आया और अपनी ताकत को बढ़ा रहा है।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट से बात करते हुए, दिल्ली स्थित सुरक्षा थिंक टैंक इंडिक रिसर्चर्स फोरम के वरिष्ठ सलाहकार राजन कोचर ने कहा, तुर्की और अजरबैजान के साथ भारत के संबंध बहुत अच्छे नहीं हैं। इसलिए, आर्मेनिया को किसी भी तरह के हथियार की बिक्री से उनके साथ हमारे संबंधों पर असर पड़ने की संभावना नहीं है, खासकर तब जब दोनों देशों ने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर में भारत के खिलाफ पाकिस्तान का खुलकर साथ दिया और उसे बढ़ावा दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत 2022 की संधि के तहत आर्मेनिया को आकाश-1एस सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली की दूसरी खेप देने की योजना बना रहा है, साथ ही हॉवित्जर गन और पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम सहित हथियारों की एक विस्तृत श्रृंखला भी देने की योजना बना रहा है। मिसाइलों की पहली खेप पिछले साल नवंबर में भेजी गई थी। रिपोर्ट के अनुसार, रूस कई सालों तक आर्मेनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता था, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में येरेवन द्वारा मास्को का खुलकर समर्थन नहीं करने से संबंधों पर नकारात्मक असर पड़ा है। तब से, भारत आर्मेनिया के लिए हथियारों का एक बड़ा आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा है।

लंदन स्थित स्वतंत्र राजनीतिक विश्लेषक क्रिस ब्लैकबर्न ने कहा कि भारत की मिसाइल बिक्री तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन द्वारा पाकिस्तान के प्रति समर्थन जताने और आर्मेनिया को हथियार देने वाले देशों की आलोचना करने का सीधा जवाब है।

# अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने प्रवासियों की पैरोल खत्म करने की अनुमति दी

### पांच लाख से ज्यादा लोग निकाले जाएंगे

वाशिंगटन, 31 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 30 मई को क्यूबा, हैती, निकारागुआ और वेनेजुएला से आए 5 लाख 30 हजार प्रवासियों की मानवीय पैरोल खत्म करने की मांग को मंजूरी दे दी है। जिसके बाद ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ पर एक पोस्ट कर लिखा- डिपोर्टेशन शुरू करें। इस फैसले ने प्रवासियों के लिए निर्वासन का खतरा बढ़ा दिया है, जिससे उनकी कानूनी स्थिति खतरे में पड़ गई है।

यह कार्यक्रम क्यूबा, हैती, निकारागुआ और वेनेजुएला के लोगों को मानवीय कारणों (जैसे हिंसा, अस्थिरता, या गरीबी) या सार्वजनिक फायदे के लिए अमेरिका में अस्थायी रूप से रहने और काम करने की अनुमति देता था। इसकी शुरुआत पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन ने की थी।

ट्रम्प प्रशासन ने जनवरी 2025 में एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से इस कार्यक्रम को समाप्त करने का निर्देश दिया था। मार्च 2025 में, होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने आधिकारिक रूप से सीएचएनवी कार्यक्रम को बंद कर दिया।

# भारत-नेपाल बॉर्डर पर बिल्कुल ना जाएं

## गिरफ्तारियों से डरे चीन ने अपने नागरिकों के लिए जारी की चेतावनी

बीजिंग, 31 मई (एजेंसियां)। चीन ने नेपाल की यात्रा करने वाले अपने नागरिकों को भारत के बॉर्डर क्षेत्र में ना जाने की सलाह दी है। नेपाल स्थित चीनी दूतावास ने बयान जारी करते हुए अपने नागरिकों को कई अहम दिशा निर्देश दिए हैं। भारतीय सीमा बलों ने हालिया दिनों में नेपाल बॉर्डर पर कई चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए काठमांडू के चीनी दूतावास ने अपने नागरिकों को नेपाल-भारत सीमा क्षेत्र से दूर रहने की सलाह दी है। बिना इजाजत भारतीय बॉर्डर में जाने से होने वाली परेशानी से बचने के लिए चीन ने अपने लोगों को चेताया है। नेपाल स्थित चीनी दूतावास ने अपने नागरिकों के लिए संदेश में कहा है कि नेपाल-भारत बॉर्डर क्षेत्र में सीमांकन पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। ऐसे में अनजाने में नेपाल से भारतीय क्षेत्र में चले जाने की संभावना बनी रहती है। बिना परमिशन भारतीय क्षेत्र में एंट्री करने पर गिरफ्तारी हो जाती है। इसके बाद गंभीर कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ता है।



भारत-नेपाल ने बढ़ाई निगरानी

नेपाल और भारत के सुरक्षाबलों ने बीते कुछ समय से नेपाल-भारत सीमा क्षेत्र में गश्त और निगरानी बढ़ा दी है। इससे चीन की चिंताएं बढ़ी हैं। चीनी दूतावास ने पहले ही चीनी नागरिकों को नेपाल-भारत सीमा क्षेत्र से दूर रहने की चेतावनी दी थी। इसके बावजूद कई चीनी नागरिकों ने इस पर ध्यान नहीं दिया और सीमा क्षेत्र में चले गए। इसका नतीजा ये हुआ कि भारतीय सुरक्षाबलों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

चीन के नागरिकों की गिरफ्तारी की सूचना मिलने के बाद दूतावास ने शुक्रवार को वीचैट पर अपनी पोस्ट में कहा कि वह एक बार फिर चीनी नागरिकों को नेपाल-भारत सीमा क्षेत्र में न जाने की चेतावनी दे रहे हैं। हम आपको बताना चाहते हैं कि भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने पर गिरफ्तारी और मुकदमा चलाया जा सकता है। इसमें जमानत मिलना मुश्किल है। आरोपी को 2-8 वर्ष की जेल और जुर्माना हो सकता है। चीन के दूतावास ने कहा है कि कोई परेशानी आने पर चीनी नागरिक उनसे संपर्क कर सकते हैं।

# प्रेस कॉन्फ्रेंस में मस्क की आंख के नीचे काले निशान दिखे

### बोले– ये ड्रग्स नहीं, बेटे के साथ खेलते समय लगी

न्यूयॉर्क, 31 मई (एजेंसियां)। इलॉन मस्क के डीओजीई छोड़ने के बाद 30 मई को ट्रम्प और मस्क ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस कॉन्फ्रेंस में मस्क की आंख के नीचे काले निशान दिखे। एक रिपोर्टर ने पूछा कि क्या इन धब्बों का कारण वह ड्रग्स है, जिसका दावा न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में किया गया था। मस्क ने रिपोर्टर को बीच में ही रोक दिया और सवाल को टाल दिया। मस्क ने काले धब्बों को लेकर हंसते हुए कहा कि उनके बेटे ने खेलते समय उन्हें मुक्का मारा था। उन्होंने कहा, मैं बस लिटिल एक्स के साथ मस्ती कर रहा था।

# पाकिस्तान-तालिबान में सीमा विवाद को लेकर भिड़ंत

## ढाई लाख लोगों को घर छोड़ने का आदेश, पाक का चेकपोस्ट उड़ाया



काबुल/इस्लामाबाद, 31 मई (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के हेलमंद प्रांत में स्थित बहराम चह, जो पाकिस्तान के चगई जिले से सटा एक सीमावर्ती कस्बा है, फिर सशस्त्र संघर्ष का केंद्र बन गया है। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और तालिबान के बीच 3 फरवरी से शुरू हुई झड़पें अब तेज हो चुकी हैं। हालिया विवाद तब शुरू हुआ, जब तालिबान ने अपनी सीमा को सुरक्षित करने के लिए नई चौकी बनाने की कोशिश की। इसे पाकिस्तानी बलों ने समझौते का उल्लंघन बताते हुए गोलीबारी शुरू कर दी। जवाब में, तालिबान ने पाकिस्तान के चेकपोस्ट पर हमला बोला। मोर्टार दागने से चेकपोस्ट ध्वस्त हो गया।

इस बढ़ते संघर्ष के चलते चगई जिले के ढाई लाख से ज्यादा लोगों को पाक की शहबाज सरकार ने तत्काल घर छोड़ने का आदेश दिया है। तालिबान ने भी अपने नागरिकों को क्षेत्र खाली करने को कहा है। इस स्थिति ने पहले से ही बिगड़े पाक-अफगान रिश्तों को और अधिक तनावपूर्ण बना दिया है। बहराम चह चेकपोस्ट डूरंड लाइन पर स्थित है। यह नशीले पदार्थों की तस्करी, हथियारों की आवाजाही और विद्रोही गतिविधियों के लिए एक अहम गलियारा माना जाता है। इसके अलावा यह चगई और हेलमंद के बीच सैन्य गतिविधियों को भी नियंत्रित करता है। पाकिस्तानी सेना के लिए इसका नष्ट होना संकट पैदा कर सकता है। अफगानिस्तान और तालिबान दोनों ने अब सैन्य तैयारियों को तेज कर दिया है। तालिबान ने कंधार की 205वीं कोर को तैनात किया है, जिसमें 50 आत्मघाती हमलावरों का दस्ता भी शामिल है। ये दस्ते पाकिस्तानी बलों पर हमले के लिए तैयार हैं, जिससे स्थिति और खतरनाक हो गई है।

पाकिस्तान ने भी तालिबान के टक्कर देने के लिए अपनी सीमा पर फ्रंटियर कोर बलूचिस्तान को मजबूत किया और टैंक तैनात किए हैं। आम लोग डर के साए में जी रहे हैं। इसकी बड़ी वजह पाकिस्तानी सेना का सीमा छोड़कर पीछे हटना है। पाकिस्तान प्रशासन ने स्कूल, कॉलेज और अन्य सार्वजनिक स्थानों को बंद कर दिया है और अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखा है।

# अमेरिका बोला-एशिया का संतुलन बिगाड़ने की तैयारी कर रहा चीन

सिंगापुर, 31 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि अगर चीन ने जबरदस्ती ताइवान पर कब्जा करने की कोशिश की, तो इसका असर इंडो-पैसेफिक क्षेत्र और पूरी दुनिया पर पर बहुत बुरा होगा। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक हेगसेथ ने सिंगापुर में चल रही शांगरी-ला डायलॉग में कहा कि चीन एशिया में ताकत का संतुलन बिगाड़ने की तैयारी कर रहा है। रक्षा मंत्री ने चीन पर साइबर हमलों, अपने पड़ोसियों को डराने और दक्षिण चीन सागर में अवैध कब्जा करने जैसे गंभीर आरोप लगाए। हेगसेथ ने ये भी कहा कि चीन लगातार ताइवान के आसपास सैन्य अभ्यास कर रहा है, जो किसी बड़े हमले की तैयारी लगती है। हेगसेथ ने कहा कि चीन का खतरा असली है और ये कभी भी सामने आ सकता है। उन्होंने दावा किया कि चीन का मकसद 2027 तक ताइवान पर कब्जा करने का है। अमेरिका और उसके सहयोगी देश चीन की आक्रामकता का मिलकर मुकाबला करेंगे।

# 13 साल के भारतीय-अमेरिकी फैजान ने जीती स्पेल बी प्रतियोगिता

## भारतीय मूल का दबदबा बरकरार, लगातार चौथी बार बने चैम्पियन

न्यूयॉर्क, 31 मई (एजेंसियां)। अमेरिका की सबसे कठिन मानी जाने वाली प्रतियोगिता 'स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी' का खिताब 13 साल के भारतीय-अमेरिकी छात्र फैजान जकी ने जीत लिया है। फ्रेंच शब्द 'एक्लेयरसिसमेंट' का सही उच्चारण करके उन्होंने खिताब अपने नाम किया।

एक्लेयरसिसमेंट एक फ्रांसीसी शब्द है जिसका मतलब है, किसी चीज को स्पष्ट करना या समझ में लाना।

पिछले साल फैजान इस प्रतियोगिता में दूसरे नंबर पर रहे थे। तब वह टाईब्रेकर में ब्रुहत सोमा से हार गए थे। फैजान 5वें ऐसे प्रतिभागी हैं,जिन्होंने रनर-अप रहने के अगले साल खिताब जीता। 2001 में सीन कॉनले के बाद ऐसा पहली बार हुआ है।

'स्पेलिंग बी' में प्राइमरी और सेंकेंडरी स्कूलों के छात्र हिस्सा लेते हैं। यह शब्दों के सही स्पेलिंग बताने से जुड़ी प्रतियोगिता है।

**जीत के बाद मिले 45 लाख रुपए**



फैजान को इनाम के तौर पर 52,500 डॉलर ( करीब 45 लाख रु.) मिले हैं। पिछले साल उन्होंने 25,000 डॉलर (21.29 लाख रुपए) जीते थे, जिससे अब उनकी कुल इनामी राशि 77,500 डॉलर (66.31 लाख रुपए) हो गई है।

आखिर में मुकाबला तीन लोगों के बीच था- फैजान, 11 साल के सर्व धरावने और 14 साल की सर्वदन्या कदम। एक और राउंड के बाद सिर्फ फैजान और सर्वदन्या बचे। इसके बाद फैजान ने 'एक्लेयरसिसमेंट' शब्द की सही स्पेलिंग बताई और जीत गए। उन्होंने जैसे ही सही स्पेलिंग बोली, खुशी से अपनी मुट्ठियां पीटीं और मंच पर गिर पड़े। फैजान ने इस बार 21 राउंड तक लगातार सही स्पेल किया और जीत हासिल की।

जीत के बाद फैजान ने कहा- मैं जब नर्वस होता हूं, तो खुद से कहता हूं, मैं यह शब्द जानता हूं, कुछ भी कर सकता हूं। खुद से बातचीत मुझमें जोश भर देती है, प्रदर्शन बेहतर हो पाता है। चौथी कक्षा तक, जीतने का कोई इरादा नहीं था। सोचा था... बस मौज-मस्ती के लिए जाऊंगा, पर स्पेलिंग के जुनून में मुझे इस ऊंचाई तक पहुंचा दिया।

फैजान ने पहली बार 7 साल की उम्र में स्पेल बी में हिस्सा लिया था। 2023 में वह वोकैब राउंड में बाहर हो गया था। इस बार तैयारी में बदलाव किया। 30 शब्दों की साझा सूची से ज्यादा से ज्यादा शब्द याद किए और 90 सेकंड में ज्यादा शब्द स्पेल करने की प्रैक्टिस की।

स्पीड प्रैक्टिस को भी दिनचर्या में शामिल किया। सालभर में अपनी दिनचर्या पूरी तरह से स्पेलिंग बी के लिए समर्पित कर दी थी। वह रोजाना 6 घंटे प्रैक्टिस करता था। हर दिन नए शब्द पढ़ना, उनकी स्पेलिंग व अर्थ समझना और उन्हें बार-बार दोहराना उसकी आदत बन गई थी। इस जोरदार प्रैक्टिस का नतीजा यह रहा कि फाइनल में बिना हिचकिचाहट के विजयी शब्द को सही स्पेल कर सका।

फैजान को गाइड करने वाले स्कॉट रेमर, सैम इवांस और सोहम सुखांतकर हैरान थे कि मंच पर वह रोबोटिक नहीं बना। सहजता व मजे के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कोच सैम इवांस ने कहा,'स्पेलिंग्स को लेकर उसकी दीवानगी देखते बनती है।'

पिता अनवर कहते हैं, उसे डिक्शनरी का हर कोना पता है। मां अर्शिया कहती हैं, फैजान ने 2 साल की उम्र में पढ़ना शुरू कर दिया था। 3 साल की उम्र में दुनिया के देश और उनकी राजधानियों के नाम याद कर लिए थे। अर्शिया कहती हैं, वह कभी-कभी जल्दबाजी करता है, इसलिए डर था। पर इस बार दबाव अच्छी तरह हैंडल किया।

# चीन ने अंतरराष्ट्रीय विवाद सुलझाने के लिए नया संगठन बनाया

## इंटरनेशनल कोर्ट का विकल्प माना जा रहा, पाक–क्यूबा समेत 33 देश मेंबर बने

बीजिंग, 31 मई (एजेंसियां)। चीन ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय विवाद सुलझाने के लिए एक नया संगठन बनाया है। इसका नाम इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर मीडिएशन (आईओएमईडी) है। इसे इंटरनेशनल कोर्ट (आईसीजे) और परमानेंट कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन जैसे संस्थानों के विकल्प के तौर पर पेश किया गया है। इसमें 85 देशों और लगभग 20 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के करीब 400 बड़े अधिकारी शामिल हुए। इनमें से 33 देशों ने तुरंत हस्ताक्षर करके आईओएमईडी के संस्थापक सदस्य बन गए। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने आईओएमईडी को मध्यस्थता के जरिए अंतरराष्ट्रीय विवादों को सुलझाने वाला दुनिया का पहला 'सरकारों के बीच का कानूनी संगठन' (इंटर-गवर्नमेंटल कानूनी संगठन) बताया। हॉन्गकॉन्ग में आयोजित एक हाई लेवल समारोह में चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने आईओएमईडी की स्थापना के समझौते को औपचारिक रूप दिया। इंडोनेशिया, पाकिस्तान, बेलारूस, क्यूबा और कंबोडिया उन 33 देशों में शामिल थे, जो चीन के साथ इस संगठन के संस्थापक सदस्य बने। आईओएमईडी का मुख्यालय हॉन्गकॉन्ग में होगा।

# इजरायल का सीरिया पर हवाई हमला

## लताकिया में मिसाइलों के भंडार को आईएएफ ने बनाया निशाना, एक की मौत

दमिश्क, 31 मई (एजेंसियां)। इजरायल ने सीरिया के तटीय शहर लताकिया पर हमला किया है। इजरायली सेना (आईडीएफ) ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि उसने लताकिया में हथियार डिपो को निशाना बनाया है, जिसमें सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें रखी हुई थीं। इजरायली वायुसेना के हमले में सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों को भी निशाना बनाया गया। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी सना (एसएएनए) एजेंसी ने शुक्रवार को बताया कि सीरिया के तटीट शहरों लताकिया और टारटस में इजरायली हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

इजरायल ने ये हमला ऐसे समय में किया है, जब हाल ही में सीरिया की अंतरिम सरकार के सात उसकी बातचीत हुई है। इजरायल ने दिसम्बर 2024 में पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद शासन के पतन के बाद सीरिया में बड़े पैमाने पर हवाई बमबारी की है, जिसमें देश के अधिकांश सैन्य बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया गया है। हालांकि, हाल के हफ्तों में हमले काफी हद तक बंद हो गए हैं, क्योंकि दोनों पक्ष संघर्ष को रोकने के लिए सीधी बातचीत कर रहे हैं। आईडीएफ ने बयान में कहा है कि ये हथियार अंतरराष्ट्रीय खतरे के साथ-साथ इजरायल की समुद्री नेविगेशन क्षमाता के लिए खतरा पैदा करते हैं। रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा कि हमले इजरायल की सुरक्षा को सुनिश्चत करने के लिए किए गए थे। उन्होंने कहा, 'आईडीएफ ने आज शाम सीरिया में रणनीतिक हथियारों पर हमला किया और उन्हें नष्ट कर दिया, जो इजरायल राज्य के लिए तत्काल खतरा थे। हम धमकियों की अनुमति नहीं देंगे, और किसी भी पक्ष को छूट नहीं दी जाएगी।'

इस बीच इजरायल और सीरिया के बीच संबंध बहाल करने के लिए अमेरिका जोर लगा रहा है। सीरिया के लिए अमेरिका के विशेष दूत थॉमस बैरक ने कहा कि उनका मानना है कि सीरिया और इजरायल के बीच शांति संभव है। बैरक ने गुरुवार को दमिश्क की अपनी पहली यात्रा की।

इस दौरान उन्होंने अहमद अल-शरा की इस्लामिक सरकार की तारीफ की और कहा कि वह बातचीत के लिए तैयार हैं।

# बलूचिस्तान के सोराब शहर पर बीएलए लड़ाकों का कब्जा

## 3 घंटे के ऑपरेशन में लिया फुल कंट्रोल क्वेटा में मौजूद थे पाकिस्तान आर्मी चीफ

इस्लामाबाद, 31 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान से बलूचिस्तान की आजादी के लिए लड़ रहे सशस्त्र समूह बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने सोराब शहर पर नियंत्रण स्थापित कर लिया है। शुक्रवार को समूह ने दावा किया कि इसके लड़ाकों ने सोराब शहर में बैंकों और पुलिस स्टेशनों समेत प्रमुख सरकारी प्रतिष्ठानों पर कब्जा कर लिया है। बीएलए के प्रवक्ता जीयांद बलूच ने मीडिया को दिए बयान में कहा कि हमारे लड़ाकों ने आज (शुक्रवार) शाम सोराब शहर पर पूरा नियंत्रण कर लिया और दुश्मन के सभी सैन्य प्रशासनिक और वित्तीय ढांचे को पंगु बना दिया है।

उन्होंने बताया कि शहर पर कब्जे के लिए तीन घंटे तक ऑपरेशन चला, जिस दौरान बीएलए लड़ाकों ने शहर के सभी महत्वपूर्ण स्थानों और राजमार्गों पर कब्जा जमा लिया। इस दौरान, लेवी पुलिस स्टेशन, पुलिस स्टेशन, डीसी ऑफिस, गेस्ट हाउस और बैंक पर नियंत्रण कर लिया गया। प्रवक्ता ने यह भी कहा कि ऑपरेशन के दौरान लड़ाकों ने लेवी और पुलिस कर्मियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस स्टेशनों और डीसी कार्यालय की सुरक्षा चौकियों से 30 क्लाश्निकोव, दूसरे हथियार और युद्ध उपकरण जब्त किए गए। इसकी तस्वीरें भी समूह ने जारी की है।

समूह ने बताया कि हिरासत में लिए गए कर्मियों को उनकी बलूच पहचान के आधार पर सशर्त रिहा कर दिया गया। बीएलए लड़ाकों ने पाकिस्तानी सेना की तीन गाड़ियों, राज्य के गोदामों, एक गेस्ट हाउस और तीन बैंकों में आग लगा दी। दो वाहनों को कब्जे में ले लिया गया। बलूच लड़ाकों का सोराब पर कब्जा उसी दिन हुआ, जब पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में कमांड और स्टाफ कॉलेज के दौर पर थे।

डीसी कार्यालय पर कब्जे के दौरान असिस्टेंट कमिश्नर हिदायतुल्ला बुलेदी की मौत हुई है। बीएलए प्रवक्ता ने बताया कि बुलेदी ने हमला करने का प्रयास किया, जिसके बाद उन्हें काबू करके कमरे में बंद कर दिया गया। दुर्भाग्य से कमरे में दम घुटने से उनकी मौत हो गई।

# ग्रीस में नई प्रवासन नीति कठोर कार्रवाई होगी

एथेंस, 31 मई (एजेंसियां)। दक्षिण पूर्वी यूरोप के देश ग्रीस की सरकार ने कहा है कि ऐसे शरणार्थियों को जेल भेजा जाएगा, जिनके शरण मांगने के आवेदन अस्वीकार हो जाएंगे। ऐसे लोगों को कम से कम दो साल कारावास की सजा हो सकती है। निर्वासन के बाद उनकी सजा कम हो जाएगी।

इस साल की गर्मी में लागू होने वाली कठोर प्रवासन नीतियों के बारे में देश के प्रवास मंत्री माकिस वोरिडिस ने कहा, प्रवासियों के लिए सामूहिक वैधीकरण कार्यक्रम खत्म होने के बाद लागू होने वाली कठोर नीतियों के तहत निर्वासन का इंतजार कर रहे लोगों को जेल में डाला जाएगा।

बता दें कि देश की रूढ़िवादी सरकार के एक कार्यक्रम के तहत ग्रीस में कम से कम तीन साल से अवैध रूप से रह रहे 40,000 प्रवासियों को वैध दस्तावेज तैयार करने के लिए मार्च, 2025 तक का समय मिला था।

खबरों के मुताबिक यूरोपीय संघ के देशों में बड़ी संख्या में प्रवासी ग्रीस के रास्ते ही प्रवेश करते हैं।

# पाकिस्तानी मंत्रियों के साथ पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड दिखा

## लश्कर का को–फाउंडर भी था, फूड मिनिस्टर बोले– हाफिज सईद जैसे लोग पाकिस्तानियों के प्रतिनिधि

इस्लामाबाद, 31 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान में एक कार्यक्रम के दौरान लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों और कई नेताओं को एक ही मंच पर देखा गया। इस कार्यक्रम में पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड सैफुल्लाह कसूरी, लश्कर का को-फाउंडर आमिर हमजा और हाफिज सईद का बेटा तल्हा सईद भी मौजूद थे।

इन आतंकियों के साथ मंच साझा करने वालों में पाकिस्तान के फूड मिनिस्टर मलिक राशिद अहमद खान और पंजाब विधानसभा के स्पीकर मलिक मुहम्मद अहमद खान शामिल थे। ये सभी 28 मई को न्यूक्लियर टेस्ट की 27वीं सालगिरह पर पंजाब में आयोजित कार्यक्रम में थे। इस दौरान इन नेताओं और आतंकियों ने भारत के खिलाफ भड़काऊ भाषण दिए और खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाए।

सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि पाकिस्तानी नेताओं ने इन आतंकियों को देश की पहचान बताया और उनकी जमकर तारीफ की। फूड मिनिस्टर मलिक राशिद ने कहा- 'हाफिज सईद और सैफुल्लाह कसूरी जैसे लोग 24 करोड़ पाकिस्तानियों का प्रतिनिधित्व करते हैं।' उन्होंने यह भी ऐलान किया कि शहबाज सरकार भारत की एयर स्ट्राइक में मारे गए लश्कर कमांडर मुदासिर के भाई को नौकरी देगी।

कार्यक्रम में लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर सैफुल्लाह कसूरी भी मौजूद था। इसे पहलगाम आतंकी हमले का मास्टरमाइंड माना जाता है। कसूरी ने भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मारे गए आतंकवादियों को शहीद भी कहा।

कसूरी ने दावा किया कि इस हमले के बाद उसे पूरी दुनिया जानने लगी है। उसने कहा, मुझे पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड बताया गया। उन्होंने हमारा नाम इतनी बार ले लिया है कि अब मेरा नाम पूरी दुनिया में मशहूर हो गया है। पाकिस्तानी पत्रकार ताहा सिद्दीकी ने एक्स पर हमजा का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह यह कहते हुए सुनाई दे रहा है, कश्मीर पाकिस्तान बनेगा, जम्मू पाकिस्तान बनेगा, भारतीय पंजाब खालिस्तान बनेगा।

पंजाब के अलावा कराची और रावलपिंडी में भी आतंकी हाफिज सईद के राजनीतिक संगठन, पाकिस्तान मरकाजी मुस्लिम लीग (पीएमएमएल) ने इस मौके पर कई रैलियां कीं।

# खदान ढहने से 14 की मौत



जकार्ता, 31 मई (एजेंसियां)। इंडोनेशिया में खदान ढहने से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 14 हो गया है। शुक्रवार को इंडोनेशिया के सिरेबोन जिले में गुनुंग कुडा खदान ढह गई थी और उसमें दो दर्जन लोग फंस गए थे। सर्च अभियान में 10 शव बरामद किए गए थे। शुक्रवार देर रात तीन और शव निकाले गए और एक अन्य घायल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जिसके बाद मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 14 हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, छह से आठ लोग अभी भी मलबे में दबे हो सकते हैं। खदान के ढहने की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हुई है और पुलिस इस मामले में खदान के मालिक समेत छह लोगों से पूछताछ कर रही है।



# डबल इंजन की सरकार राजस्थान के लिए ताकत : जेपी नड्डा

## जनता से की अपील-'इस उजाले को संभाल कर रखें'

जयपुर, , 31 मई (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर जयपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राजस्थान में डबल इंजन सरकार की ताकत, नीति निर्धारण के महत्व और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की योजनाओं की सराहना की।

जयपुर एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में नड्डा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर, सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक ने साबित किया है कि अगर कोई भारत की ओर आंख उठाएगा, तो उसे घर में घुसकर जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में नड्डा ने कहा कि डेवलपमेंट के लिए नीति निर्धारक बहुत महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि डेवलपमेंट के लिए नीति निर्धारक बहुत अहम होता है, ये भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री के पद पर बैठाना ये विषय नहीं है, विषय ये है कि इस विचारधारा के एक सिपाही को बैठाना जहां मोदी जी के नेतृत्व में उनकी टीम राजस्थान की सेवा कर रही है।

उन्होंने कहा कि उजाले का महत्व तभी समझ आता है जब अंधकार की त्रासदी देखी हो।



अंधकार की त्रासदी आप देखकर झेलकर आए हैं और अब आप उजाले में है तो इस उजाले को आप संभाल कर रखिए।

जेपी नड्डा ने भजनलाल शर्मा की योजनाओं को देश में मिसाल बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए राजस्थान सरकार की योजनाएं अनुकरणीय हैं। गर्भ की पाठशाला जैसे कार्यक्रम समाज को बदलने वाले हैं। उन्होंने अहिल्याबाई होल्कर की जन्म जयंती के अवसर पर उनके शिक्षा और महिला सशक्तीकरण के प्रयासों को याद किया और कहा कि राजस्थान सरकार उसी दिशा में काम कर रही है। इस दौरान जेपी नड्डा ने कहा कि लड़कियों को स्कूटी बांटना केवल एक वाहन देना नहीं, बल्कि उनके जीवन को गति देना है। उन्होंने डबल इंजन सरकार को राजस्थान के लिए बड़ी ताकत बताया और कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश में 'पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस' और 'पॉलिटिक्स ऑफ एकाउंटेबिलिटी' की तस्वीर बदली है। वहीं, स्वास्थ्य क्षेत्र में उपलब्धियों का जिक्र करते हुए नड्डा ने कहा कि 1 लाख 77 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए गए हैं। 30 साल तक की महिलाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग और पुरुषों के लिए हाइपरटेंशन जैसी बीमारियों की जांच की व्यवस्था की गई है, ताकि गंभीर बीमारियों का समय पर पता चल सके।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि माता अहिल्याबाई होल्कर ने महिला सशक्तीकरण और सनातन धर्म के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। उनकी प्रेरणा से हमारी सरकार महिलाओं के लिए काम कर रही है। उन्होंने कालिका पेट्रोलिंग यूनिट में 150 नए वाहन जोड़ने, 5 कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावासों और 2 जनजातीय क्षेत्रों में बालिका विद्यालयों के छात्रावासों के लोकार्पण का उल्लेख किया।

सीएम शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने चार जातियों- महिला, किसान, युवा और गरीब को प्राथमिकता दी है। हमारी सरकार 5000 गांवों को बीपीएल मुक्त करने और डीएनटी समुदाय को 26,000 पट्टे देने जैसे कदम उठा रही है।

# यूनिवर्सिटी की बड़ी लापरवाही

## 4500 छात्रों के भविष्य से खिलवाड़, पास को बनाया फेल

भरतपुर, 31 मई (एजेंसियां)। महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों के स्नातक प्रथम वर्ष (कला, विज्ञान) के हजारों छात्र-छात्राओं के सामने अचानक आई परीक्षा परिणाम की गड़बड़ी ने संकट खड़ा कर दिया है। सितंबर 2024 में जारी हुए प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में जो विद्यार्थी उत्तीर्ण हो गए थे, वे अप्रेल 2025 में जारी हुए प्रथम वर्ष के परिणाम में एक या अधिक विषयों में फेल घोषित कर दिए गए या उन्हें बैक लगा दी गई।

विश्वविद्यालय की यह चूक करीब 4500 विद्यार्थियों को प्रभावित कर गई है, जो कुल विद्यार्थियों का लगभग 20 प्रतिशत है। अब विश्वविद्यालय ने अपनी गलती तो स्वीकार कर ली है लेकिन विद्यार्थियों को अब रिवैल्यूएशन का सहारा लेना पड़ेगा।




परीक्षा नियंत्रक डॉ. फरवट सिंह ने बताया कि यह गड़बड़ी नई शिक्षा नीति के नियमों को ठीक से न समझ पाने के कारण हुई। पुराने नियमों के अनुसार विद्यार्थियों को पास होने के लिए कुल 36 प्रतिशत अंक पर्याप्त होते थे, लेकिन नई नीति के तहत अब प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) और सैद्धांतिक (थ्योरी) परीक्षा में अलग-अलग न्यूनतम 40-40 प्रतिशत अंक अनिवार्य कर दिए गए हैं।

इंटरनल मार्क्स की व्यवस्था भी शुरू की गई है, लेकिन इन्हें केवल तभी जोड़ा जाएगा जब विद्यार्थी प्रायोगिक व थ्योरी दोनों में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक हासिल कर लें। डॉ. फरवट सिंह के अनुसार, जब गलती का एहसास हुआ तो विश्वविद्यालय ने परिणामों को फिर से संशोधित किया और एनईपी के मुताबिक दोबारा मूल्यांकन कर परिणाम जारी किए। इसके चलते ही कई छात्र फेल हुए या उन्हें बैक दिया गया।

### 20 प्रतिशत विद्यार्थियों का परिणाम प्रभावित

विश्वविद्यालय के अनुसार, कुल प्रथम वर्ष के छात्रों में से करीब 20 प्रतिशत (लगभग 4500 छात्र) इस परिणाम संशोधन से प्रभावित हुए हैं। ये वे छात्र हैं जिनके थ्योरी या प्रैक्टिकल में किसी एक में 40 प्रतिशत से कम अंक थे, लेकिन पुराने तरीके से उन्हें पास दिखा दिया गया था। छात्रों का कहना है कि यह केवल नीति की गफलत नहीं बल्कि प्रशासनिक लापरवाही है। किसी भी नई व्यवस्था को लागू करने से पहले पूरी समझ और साफ दिशा-निर्देश जरूरी होते हैं, जो विश्वविद्यालय में साफ तौर पर नहीं थे।

# महिला सहायक लेखाधिकारी 5,000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार, एसीबी की बड़ी कार्रवाई



डूंगरपुर, 31 मई (एजेंसियां)। एसीबी उदयपुर यूनिट ने महिला एवं बाल विकास विभाग के गोगुन्दा स्थित बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय की सहायक लेखाधिकारी को पांच हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। उसने दो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का बकाया मानदेय जारी करने के बदले रिश्वत मांगी थी। आरोपी मूलतः डूंगरपुर जिले की है।

एसीबी एएसपी अनन्त कुमार ने बताया कि सहायक लेखाधिकारी गोकुल विलेज सवीना निवासी नूतन शाह पंड्या को कार्यालय में 5 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। 21 मई को शिकायत मिली थी कि आंगनबाडी कार्यकर्ताओं का अक्टूबर 2024 से अब तक मानदेय अटका हुआ है। इस बारे में बाल विकास परियोजना अधिकारी गोगुन्दा कार्यालय की सहायक लेखाधिकारी नूतन शाह से सम्पर्क किया, लेकिन नूतन शाह की ओर से अनावश्यक कारणों से भुगतान रोका जाता रहा।

इसके बाद सहायक लेखाधिकारी ने दोनों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से 4500-4500 रुपए की मांग कर दी। रिश्वत की राशि के लिए दोनों को बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय गोगुन्दा बुलाया।

### एसीबी सीआई नरपत सिंह ने कार्रवाई की

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा रेंज उप महानिरीक्षक शिवराज मीना के पर्यवेक्षण में एएसपी अनन्त कुमार के निर्देशानुसार कार्रवाई हुई। एसीबी सीआई नरपत सिंह ने कार्रवाई की।

### दस्तावेजी त्रुटि से रुका का मानदेय

जांच में सामने आया कि करीब 25 साल पहले बतौर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सेवाओं में आई महिलाओं के जॉइनिंग संबंधी दस्तावेजों में कमी थी। विभाग की ओर से वेरिफिकेशन करते हुए दस्तावेज मांगे गए। जिनके पास दस्तावेज नहीं थे, उनका मानदेय रोक दिया गया। समाधान होने पर पुनः भुगतान जारी करना तय हो गया। ऐसे में 7 माह का भुगतान जारी करने की एवज में रिश्वत राशि मांगी थी। सहायक लेखाधिकारी उन सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से रिश्वत लेने की तैयारी में थी, जिनका मानदेय रोका गया था।

# फूंक दिए 3.46 करोड़ के मादक पदार्थ



बारां, 31 मई (एजेंसियां)। जिला औषधि व्यसन समिति (ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी) की ओर से रिजर्व पुलिस लाइन बारां में एनडीपीएस एक्ट में जब्तशुदा मादक पदार्थों को जलाया गया। इनकी कीमत पौने चार करोड़ ररुपए बताई गई है। जिला पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी ने बताया कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार 15 मई से 30 मई तक जप्त मादक पदार्थों के निस्तारण/निपटान के लिए चलाए जा रहे देशव्यापी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। जिला स्तर पर गठित जिला औषधि व्ययन समिति बारां के अध्यक्ष मन राजकुमार चौधरी पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन बारां में जिले के प्रकरणों में जब्तशुदा मादक पदार्थों को जलाकर नष्टीकरण किया गया।

### पहले भी की थी ऐसी ही कार्रवाई

इससे पूर्व 20 सितंबर 2024 को भी जिला औषधि व्यसन समिति (ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी) द्वारा एनडीपीएस. एक्ट के तहत कुल 292 प्रकरणों में जप्तशुदा मादक पदार्थों को जलाया गया था। इनकी कुल कीमत 21 करोड़ 13 लाख 7 हजार 725 रुपए थी। 25 जनवरी 2025 को भी कुल 192 प्रकरणों में जप्तशुदा मादक पदार्थों का जलाकर नष्टीकरण किया गया था, इनकी कुल कीमत 6 करोड 54 लाख 60 हजार रुपए थी। इस प्रकार जिला औषधि व्ययन समिति बारां द्वारा माह सितम्बर 2024 से मई 2025 तक की 08 माह की अवधि में कुल 564 प्रकरणों के मादक पदार्थों जिनका मूल्य कुल 31 करोड 14 लाख 27 हजार 725 रूपये है, इनका का नष्टीकरण किया जा चुका है।

# किरोड़ी लाल मीणा का बड़ा बयान, अजमेर की 4 फैक्टरियों में बन रहा इफको के लिए नकली उर्वरक

अजमेर, 31 मई (एजेंसियां)। अजमेर के मार्बलनगरी किशनगढ़ के आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में तैयार किए जा रहे नकली उर्वरक की सप्लाई देशभर में की जा रही है। राजस्थान में पिछले दो दिन से कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा फैक्टरियों पर कार्रवाई कर रहे हैं। उनका कहना है कि इन फैक्टरियों में नामी कंपनी (इफको) के लिए माल तैयार करने के संकेत भी मिले हैं। इस संबंध में कंपनी के अधिकारी को बुलाकर जानकारी ली गई है। इस नकली उर्वरक पर कंपनी का टैग लगाकर बेचने से न केवल साख खराब हो रही है बल्कि किसानों के खेत बंजर होने का खतरा भी है। इस संबंध में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह को भी अवगत कराया गया है। कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने दूसरे दिन भी किशनगढ़ में नकली उर्वरक बनाने की फैक्टरियों को सीज करने की कार्रवाई को अंजाम दिया। इन फैक्टरियों में लाखों टन नकली उर्वरक एवं कच्चा माल सीज किया गया है। यहां नकली उर्वरक बनाने का काम पिछले कुछ साल से योजनाबद्ध तरीके से चल रहा है। फिलहाल छापे की कार्रवाई के बाद



अधिकांश फैक्टरियों के संचालक मौके से भाग गए हैं।

कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने पत्रिका से बातचीत में बताया कि चार फैक्टरियों में इफको के लिए उर्वरक बनाया जा रहा है। अतिशय एग्रो फर्म की जांच की तो बताया कि हमारा इफको से ज्वॉइंट वेंचर है। जबकि दस्तावेज के अनुसार ज्वॉइंट वेंचर दिल्ली के लिए था, फिर किशनगढ़ के पास उर्वरक क्यों बनाया जा रहा? उन्हें यहां माल तैयार करने का हमने कोई लाइसेंस नहीं दिया। एमओपी प्रोडक्ट देश में ही नहीं बनता, यह विदेशों से इम्पोर्ट होता है, लेकिन यह किशनगढ़ के आसपास फैक्टरियों में बनाया जा रहा है। यही नहीं तमिनलाडु मैन्युफैक्चरिंग एंड मार्केटिंग कंपनी भी तमिलनाडु के बजाय अजमेर जिले में नकली उर्वरक तैयार कर रही है। सभी कागजात, बिल्टी आदि जब्त की है। सबसे अहम है कि सरकारी उपक्रम का नकली माल किसानों को बर्बाद कर रहा है। कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने मुझे मौके पर बुलाया। मैंने कहा इफको का कोई रोल नहीं है। इफको के साथ पेरेरल काम किया जा रहा है। पाटन के पास स्थित फैक्टरी में माल के बारे में हमने बताया कि माल शत-प्रतिशत ओके है, लेकिन फैक्टरी का लाइसेंस एड नहीं है। माल की सप्लाई की चेन की जानकारी हम नहीं बता सकते हैं।

कच्चा माल किशनगढ़ में संचालित मार्बल फैक्टरियों आदि से नकली उर्वरक बनाने की फैक्टरियों में पहुंचाया जाता है। यहां नकली उर्वरक तैयार कर अलग-अलग कंपनियों के नाम के कट्टों में पैक किया जाता है। यहां से कंपनी की डिमांड के अनुसार माल पंजाब, हरियाणा, बिहार, पश्चिमी बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश एवं नेपाल सरहद तक ट्रेलर या ट्रकों में भरकर भेजा जाता है।

# वो 35 साल तक बना रहा साधु

## करौली पुलिस ने उत्तर प्रदेश में दबोचा

करौली, 31 मई (एजेंसियां)। आखिरकार करौली जिले में वर्ष 1989 हुई एक हत्या के आरोपी को करौली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 35 साल से पुलिस और आरोपी के बीच लुका छुप्पी का खेल चला रहा था। पर पुलिस को अंत में करौली पुलिस को सफलता हासिल हो ही गई। पुलिस ने उत्तर प्रदेश के बरसाना से साधु का वेश धारण किए हत्यारोपी रणवीर जाट (67 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। रणवीर जाट करौली जिले के डिंढोरा गांव का रहने वाला है। वह एक हत्या के केस में जमानत पर रिहा होने के बाद 1991 से फरार था। उत्तर प्रदेश के बरसाना में वह संत रामकिशन दासजी की झूठी पहचान बनाकर रह रहा था। पुलिस ने बताया कि जमानत मिलने के कुछ समय बाद ही रणवीर जाट ने अपना रूप बदल लिया। साधु की तरह कपड़े पहन जीवन व्यतीत करने लगा। वह एक धार्मिक स्थल से दूसरे धार्मिक स्थल पर जाता रहता। उसने गोवर्धन, बनारस, जूनागढ़, हिमाचल प्रदेश और हरियाणा में समय बिताता रहा। बीते कुछ वर्षों से उसने अपने को पुलिस से बचाने के लिए करीब 25 से 30 अनुयायियों का एक छोटा समूह बना लिया। मौका मिलने पर वह कभी-कभार अपने परिवार से मिलने आ जाता था। अंत में तंग आकर करौली एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने पुलिस की एक स्पेशल टीम बनाई।



# बचपन से साथ पढ़ाई फिर एमबीए के दोस्तों ने बनाई कंपनी

## 4 महीने में 400 करोड़ की कर डाली साइबर ठगी, पुलिस ने पकड़ा

भरतपुर, 31 मई (एजेंसियां)। रेंज कार्यालय भरतपुर की टीम ने करीब 400 करोड़ रुपए से अधिक की साइबर ठगी करने वाली गैंग के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी देवेन्द्रपाल सिंह (37) पुत्र अमरजीत सिंह निवासी गुरुद्वारा के पास बमरोली पुलिस थाना धूमनगंज जिला प्रयागराज उत्तरप्रदेश हाल निवासी बी-44 सिवांता ग्रीन सेक्टर 85 मोहाली पंजाब मुख्य सरगना शशिकांत के बचपन का दोस्त है।

महानिरीक्षक पुलिस राहुल प्रकाश ने बताया कि अब तक के अनुसंधान में सामने आया है कि इस गैंग के मुख्य सरगना शशिकांत एवं रोहित दुबे हैं। इन्होंने मिलकर एबुडेंस पेमेंट सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड (ट्राइ-पे) नाम से एक



कंपनी खोली, जिसका मुख्यालय बेंगलूरू कर्नाटक में है। यह कंपनी मर्चेंट व पेमेंट गेटवे के बीच एक पाइप लाइन के रूप में कार्य करती है। इसका मुख्य कार्य मर्चेंट व पेमेंट गेटवे के बीच समन्वय का है। इसके एवज में इन्हें महज करीब 0.20 प्रतिशत कमीशन मिलता है।

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि शशिकांत व रोहित दुबे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को पैसे का लालच देकर उनके नाम से कंपनी खुलवाते हैं, जिनका बिजनेस टाइप स्किल्ड बेस्ट गेम/ई-कॉमर्स का होता है। कंपनी के डाइरेक्टर व शशिकांत सिंह के बीच एक व्यक्ति और होता है, जिसे यह लोग रेसलर के नाम से बुलाते हैं, जो शशिकांत व कंपनी के डाइरेक्टर के बीच सेतु का काम करता है। रेसलर ऐसे लोगों को चुनता है, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, जिनको पैसे की तत्काल आवश्यकता है।

आरोपी ने यह भी बताया कि इनकी ओर से जब कोई दस्तावेज संबंधी कार्य होता है तो अधिकतर रेसलर से ही बात करते हैं। कंपनी खुलवाने के बाद उनके दस्तावेज संबंधी सभी कार्य आरोपी की ओर से ही किया जाता है। कंपनी के मर्चेंट कहां-कहां से जारी होने हैं। यह सभी कार्य भी आरोपी की ओर से ही किया जाता है।

# होटल मालिक की हत्या पर बिफरे टीकाराम जूली

जयपुर, 31 मई (एजेंसियां)। राजस्थान की कानून व्यवस्था पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने निशाना साधते हुए कहा कि भादरा, हनुमानगढ़ में एक होटल संचालक की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या करना, कोई सामान्य घटना नहीं, बल्कि प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था का शर्मनाक उदाहरण है, भाजपा राज में कानून व्यवस्था की सच्चाई है। टीकाराम जूली ने अपने सोशल मीडिया अकांउट एक्स पर लिखा कि हाल-ए-राजस्थानः राजस्थान में #गुंडाराज। उन्होंने लिखा कि भादरा, हनुमानगढ़ में एक होटल संचालक की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या करना, कोई सामान्य घटना नहीं, बल्कि प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था का शर्मनाक उदाहरण है, भाजपा राज में कानून व्यवस्था की सच्चाई है। राजस्थान में प्रतिदिन सामने आ रही ऐसी सनसनीखेज वारदातेंः हत्या, लूट, बलात्कार, ताबड़तोड़ फायरिंग यह सब सरकार की प्रशासनिक विफलता का परिचायक हैं।

# मशहूर मनोचिकित्सक डॉक्टर ने की आत्महत्या

## भाई से कहा था- पूरी तरह टूट चुका हूं, पत्नी से मिला जख्म

अलवर, 31 मई (एजेंसियां)। अलवर शहर के जाने-माने मनोरोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुमित मित्तल (40) ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। डॉ. सुमित मित्तल मूलतः खैरथल के रहने वाले थे। वे अलवर में साहब जोहड़ा इलाके में विश्वास हॉस्पिटल के संचालक थे और शालीमार के पास गांधी नगर में रह रहे थे। बता दें कि सुबह डॉ. मित्तल अस्पताल नहीं पहुंचे तो अस्पताल के कर्मचारी ने उन्हें फोन किया। फोन रिसीव नहीं करने पर अस्पताल का कर्मचारी सुबह करीब 11 बजे उनके निवास पर पहुंचा। कमरे का दरवाजा आधा खुला हुआ था और डॉ. मित्तल छत पर लगे कड़े पर पलंग की निवार से बने फंदे पर लटके हुए थे।



सामान्य अस्पताल के मेडिकल ज्यूरिस्ट डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि पोस्टमॉर्टम में फंदे के कारण दम घुटने से मौत होना सामने आया है। गले पर फंदे के निशान मिले हैं। विसरा रिपोर्ट एफएसएल जांच के लिए भिजवाई गई है। डॉ. सुमित मित्तल के भाई सीए नवीन मित्तल पुत्र चन्द्रकिशोर मित्तल निवासी खैरथल ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसके भाई डॉ. सुमित मित्तल की पत्नी सीमा गर्ग पुत्री सुभाष गर्ग निवासी खैरथल और उसके परिजन उसके भाई को काफी समय से परेशान कर रहे थे।

# पुजारी ने मंदिर में ठाकुर जी के सामने की आत्महत्या

## इलाके में फैली सनसनी; 'भाणु सा' के नाम से थे प्रसिद्ध

जोधपुर, 31 मई (एजेंसियां)। जोधपुर के खांडा फलसा चौकी के सामने स्थित बंशी वाले मंदिर में एक दुखद घटना सामने आई है। जिसके बाद आस-पास के इलाके में सनसनी फैल गई। जहां मंदिर के पुजारी भाणूदास वैष्णव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना सुबह उस समय उजागर हुई, जब मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं ने पुजारी का शव मंदिर के हॉल में मूर्ति के सामने फंदे पर लटका हुआ देखा। श्रद्धालुओं ने इसकी सूचना तुरंत खांडा फलसा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच शुरू की कर दी है। फोटो व वीडियोग्राफी के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया। मृतक पुजारी भाणुदास वैष्णव, जिनकी उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है। स्थानीय लोगों में भाणु सा के नाम से प्रसिद्ध थे।

पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है, लेकिन अभी तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक तौर पर कोई सुसाइड नोट या अन्य सुराग नहीं मिला है, जिससे इस कदम के पीछे की वजह स्पष्ट हो सके। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में शोक का माहौल है।

# लापता नाबालिग बेटी को ढूंढ रहे थे परिजन

## किशोरी और युवक के शव एक पेड़ के नीचे पड़े मिले

भरतपुर, 31 मई (एजेंसियां)। भरतपुर के नदबई लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अलीपुर गांव के जंगल में एक प्रेमी युगल ने पेड़ के नीचे बैठ जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। यह खबर गांव में आग की तरह फैली और मौके पर ग्रामीण इकट्ठे हो गए। पुलिस अधीक्षक मृदुल कछुआ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयनारायण मीणा ,सीओ अमरसिंह राठौड़ घटनास्थल पर पहुंचे। एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाए। सीओ अमरसिंह राठौड़ ने बताया कि एक नाबालिग किशोरी घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने सुबह लखनपुर थाने पहुंचकर उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए किशोरी की मोबाइल लोकेशन ट्रेस की। मोबाइल लोकेशन के आधार पर जब पुलिस अलीपुर गांव के जंगल पहुंची, तो वहां एक किशोरी और युवक के शव एक पेड़ के नीचे पड़े हुए मिले। पास ही जहरीले पदार्थ की शीशी भी बरामद हुई।

# 48 घंटे में एक्टिव होगा नया पश्चिमी विक्षोभ

## 1 से 5 जून तक कई जिलों में होगी बारिश

कोटा, 31 मई (एजेंसियां)। राजस्थान में जयपुर और बीकानेर संभाग में कहीं-कहीं मेघगर्जन और वज्रपात के साथ हल्की बारिश दर्ज की गई। राजस्थान में सर्वाधिक अधिकतम तापमान जैसलमेर में 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ और सर्वाधिक वर्षा किशनगंज (बारां) में 21 मिमी दर्ज की गई। वहीं 2 जून से फिर एक पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होगा जिससे 2-3-4 जून के दौरान दोपहर बाद तेज मेघगजजन, 50-60 केएमपएच की स्पीड से आंधी और बारिश की गतिविधयां दर्ज होने की प्रबल संभावना है। वहीं आगामी 4-5 दिन तक अधिकतम तापमान 45 डिग्री से नीचे दर्ज होने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार 1 जून से अगले 5 दिनों तक कोटा, उदयपुर, भरतपुर, अजमेर, जयपुर और बीकानेर संभाग के कुछ जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है।

जैसलमेर में 43.6, कोटा में 41.8, गंगानगर में 42.4, बीकानेर में 42.2, बाड़मेर में 41.4 तापमान दर्ज किया गया।

राजस्थान के बाड़मेर जिले में पिछले 24 घंटे में 30 एमएम बारिश हुई जिसने पिछले कई सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। मई की बारिश में 6 साल में पहली बार एक दिन में इतनी बारिश दर्ज की गई। इससे पहले 2019 में 25.6 एमएम बारिश हुई थी।

## घर में चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार, आभूषण बरामद




हैदराबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। वारसीगुड़ा पुलिस ने घर में चोरी करने वाली महिला अपराधी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 6.8 तुला सोने के आभूषण, 1 किलो और 157 ग्राम चांदी के आभूषण तथा 38 हजार रुपये नकद बरामद किए गए। कुल 8 लाख रुपये मूल्य के चोरी के सामान बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार मामले का पता तकनीक (सीसीटीवी) तथा ऐसे अपराधियों की जांच करके लगाया गया, जो पहले भी इसी तरह के अपराधों में गिरफ्तार हो चुके हैं। बीते 23 मई को 16.30 बजे जब शिकायतकर्ता अपने परिवार के साथ घर में ताला लगाकर श्रीकालहस्ती तीर्थ यात्रा के लिए गई थी। 24 मई को शिकायतकर्ता को उसके पड़ोसी का फोन आया जिसमें उसने शिकायतकर्ता को बताया कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है और घर के अंदर की आलमारी भी टूटी हुई है। इस पर शिकायतकर्ता हैदराबाद लौटी तो उसे पता चला कि उसके घर से लगभग 8 तोला सोने के गहने, 1 किलो चांदी के गहने और 1,80,000 रुपये नकद गायब थे। अपराध स्थल से बोलाराम तक लगभग 500 सामुदायिक सीसीटीवी कैमरों की जांच करने के बाद, महिला आरोपी की पहचान गद्दामीड़ा विजया निवासी माचा बोलाराम के रूप में हुई, जो शिकायतकर्ता की मित्र है। विश्वसनीय सूचना पर पुलिस ने आरोपी को 31 मई बजे चिलकलगुडा एक्स रोड पर पकड़ा और उसे पुलिस स्टेशन ले आई और अपराध करने में अपना अपराध स्वीकार किया। पुलिस ने बताया कि वह अपने रिश्तेदारों या दोस्तों के घरों को निशाना बनाती है, खासकर जब वे आमतौर पर रात के समय घर पर नहीं होते हैं या जब वे शहर से बाहर गए होते हैं। वह पहचाने गए घर में जाती है और लोहे की छड़ या पेचकस जैसे औजारों का उपयोग करके दरवाजे का ताला और अलमारी तोड़ती है और कीमती सोने के गहने, चांदी के सामान और नकदी की चोरी करती है। अपराध करने के दौरान पहचाने जाने से बचने के लिए, वह चेहरे पर मास्क पहनकर सावधानी बरतती है। महिला आरोपी पहले राचकोंडा और साइबराबाद कमिश्नरेट पुलिस स्टेशनों के इसी तरह के अपराधों में शामिल थी।


दक्षिण मध्य रेलवे

हमें @SCRailwayindia पर फॉलो करें

द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों की हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in

**निविदा सूचना सं. 47 से 49 _डीआरएम_डब्ल्यू एचवायबी 25 दि.29-05-2025** PUB/0642

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, विभागीय रेल प्रबंधक/कार्य, हैदराबाद डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-प्रोक्यूरमेंट के माध्यम से दि.20/06/2025 के 15.00 बजे तक खुली निविदाएं आमंत्रित है।

निविदा सं. 47_ डीआरएम_डब्ल्यू _एचवायबी _25 कार्य विवरणः हैदराबाद डिवीजनःएसएसइ/डब्ल्यू/जीओसी क्षेत्राधिकार के तहत हैदराबाद भवन में आफिसर्स टायलेट्स या शौचालयों का प्रावधान तथा एचवायबी भवन में आफिसर्स चेंबर्स का सुधार कार्य/नवीकरण या रिनोवेशन करना। अनुमानित लागतःरू.2,68,42,400.00 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रू.2,84,200.00

निविदा सं. 48_ डीआरएम_डब्ल्यू _एचवायबी _25 कार्य विवरणः हैदराबाद डिवीजनः 1) क्रम सं.1, आईआरआईएफएम, मौलाली पर 1 नं. टाईप V क्वार्टर्स का प्रस्तावित निर्माण कार्य। 2) क्रम सं.2, आईआरआईएफएम, मौलाली पर 1 नं. टाईप V क्वार्टर्स का प्रस्तावित निर्माण कार्य। 3) आईआरआईएफएम पर डोर्मिटोरी का होस्टल में प्रस्तावित परिवर्तन या रूपांतरण कार्य। 4) आईआरआईएफएम कैम्पस-।। की लाबी तथा फैकेड आडिटोरियम का अद्यतन या अपग्रेडेशन/सुधार कार्य। अनुमानित लागतःरू.1,88,30,176.00 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रू.2,44,200.00

निविदा सं. 49_ डीआरएम_डब्ल्यू _एचवायबी _25 कार्य विवरणः हैदराबाद डिवीजनः डीवाय.सीएमएम/जीएण्डएस/एमएफटी पर स्टोरेज सिस्टम्स की स्थापना या इंस्टाल्लेशन, सडके बिछाना एवं शौचालयों का नवीकरण या रिनोवेशन कार्य सहित 01 नं. का उच्च स्तरीय प्लाटफार्म(एचएलपीएफ) की व्यवस्था। अनुमानित लागतःरू..1,70,13,802.00 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रू.2,35,100.00

**सीनि. डीइएन/को-आर्ड./हैदराबाद**

**निविदा सूचना नं.13-सीओएनटीजी-25-26-सीनि.डीईई-एम-एचवायबी एण्ड 14-एसडब्ल्यू-25-26-सीनि.डीईई-एम-एचवायबी** PUB/0643

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, सीनि.डीईई/एम/एचवायबी द्वारा तत्संबंधित निविदाओं के बंद करने की तिथि 24-06-2025 के 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। बोलीदाता अथवा बिड्डर्स अपने मूल/संशोधित बोलियों को तत्संबंधित बंद करने की तिथि व समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैन्युएल आफर्स अमान्य हैं एवं किसी भी तरह के मैन्युएल आफर्स की प्राप्ति पर उसे नजरअंदाज किया जायेगा।

क्रम सं.1, कार्य विवरणः निविदा सं.13-सीओएनटीजी-25-26-सीनि.डीईई-एम-एचवायबीः हैदराबाद डिवीजनः एचवायबी भवन के आफिसर्स चेम्बर का सुधार कार्य/नवीकरण या रिनोवेशन करना तथा हैदराबाद भवन में आफिसर्स टायलेट्स या शौचालयों का प्रावधान-बिजली व्यवस्थाएं। अनुमानित लागत रु.1,63,73,754.60, पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु.2,31,900.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 9 महिने, बंद करने की तिथिः 24-06-2025

क्रम सं.2, कार्य विवरणः निविदा सं.14-डब्ल्यूएस-25-26-सीनि.डीईई-एम-एचवायबीः हैदराबाद डिवीजनः कोचिंग डिपो, काचीगुडा पर बायो-टायलेट एफ्लूएन्ट्स की टेस्टिंग या परीक्षण के लिए ईन-हाउस फैसिलीटिज की व्यवस्था-बिजली व्यवस्थाएं। अनुमानित लागत रु.18,80,791.00, पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु.37,600.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 9 महिने, बंद करने की तिथिः 24-06-2025

**वेबसाइट विवरणः** www.ireps.gov.in
निविदा का संपूर्ण विवरण देखने हेतु नोटिस बोर्ड लोकेशनः एसआर.डीईई/एम/एचवायबी का कार्यालय, हैदराबाद भवन, सिकंदराबाद-500071

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, हैदराबाद**

**निविदा सूचना** PUB/0644

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ विभागीय सिग्नल एवं दूर संचार अभियंता, हैदराबाद डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे(दमरे), सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-प्रोक्यूरमेंट के माध्यम से दि.30-06-2025 के 11.30 बजे तक खुली निविदा आमंत्रित हैं।

क्रम सं.1, निविदा सं. वाय/एसजी/36/2025-26/07 दि.29-05-2025 कार्य विवरणः हैदराबाद डिवीजनः (1) रेल निलयम पर झोनल एचक्यू में मीडिया एड्रेसिंग रूम/स्टुडियो की स्थापना करना एवम् (2) रेल कलारंग डाइनिंग हाल का नवीकरण/सुधार कार्य-दूर संचार व्यवस्थाएं। अनुमानित लागत रू.1,41,50,920.86 पूर्व धरोहर राशि (पूधरा) रू.2,20,800.00

**वरिष्ठ विभागीय सिग्नल एवं दूर संचार अभियंता/हैदराबाद**

**खुली निविदा सूचना सं.बी-ई29-टीआरडी-टीएनडीआर-10-2025-26, दि.30-05-2025** PUB/0645

अधोहस्ताक्षरी द्वारा आईआरईपीएस में निम्न कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित हैं।

निविदा सं.बी-ई29-टीआरडी-टीएनडीआर-10-2025-26, कार्य विवरणः बीजेडए डिवीजन-जीआरडी-डीवीडी सेक्शनःडीएसडीसी की रन्निंग के लिए, सुरक्षा सहित तत्संबंधित लाइन स्ट्रक्चर के लेस्स क्लीयरेंस के तहत इन्सुलेशन शीट का प्रावधान। अनुमानित लागत रु.2,57,48,296.20 बोली सुरक्षा(पूधरा)रू.2,78,800.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 09 महिने, बंद करने की तिथिः 23-06-2025 के 15.00 बजे, निविदा प्रपत्र मूल्य रू. शून्य

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, टीआरडी/विजयवाडा**

**एनडब्ल्यू/148/डब्ल्यू।।।/निविदा सूचना/जीएस/25-26 दि.29-05-2025** PUB/0646

निम्न कार्य के लिए खुली निविदा प्रदर्शित की गयी है तथा तत्संबंधित निविदा का विवरण पहले ही **वेबसाइटः**www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है।

क्रम सं.1, निविदा सं. टी-202526-जीएस-01, एथारिटीः डीवाय /सीई/जीएस/एनइडी, विज्ञापित निविदा मूल्य रू.6,27,21,837.58 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रू.4,63,600.00 कार्य पूरा करने की अवधिः नौ महिने, कार्य विवरणः सीएच-1807.340एम पर न्यू ब्रिज नं.1 या नया पुल(आरओबी) प्रस्तावित निर्माण कार्य, जैसे 1X36.00 कम्पोजिट गिर्डर से पूर्ण बाईपास लाईन को समायोजित या अकामडेट करने हेतु तत्संबंधित कार्य। निविदा प्रपत्र मूल्य रू. शून्य

क्रम सं.1, निविदा सं. टी-202526-जीएस-01, तत्समान स्वभाव का कार्य(रू. 50 लाख मूल्य से अधिक) स्टील/कम्पोजिट/बोस्ट्रींग गिर्डर तथा /या सुपर स्ट्रक्चर के पीएससी गिर्डर से निहित अथवा संबंधित कोई भीरेलवे/मेट्रो/रोड ब्रिज या सडक पुल का कार्य।''

उपरोक्त निविदा दि.26-06-2025 के 15.00 बजे बंद होगी।

**उप मुख्य अभियंता/जीएस/नांदेड**

**निविदा सूचना सं. 02-एमइसीएच-पीयु-ड़ब्ल्यूइटी-टीपीटीवाय-25-26 दि.27-05-2025** PUB/0647

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, डीवाय. सीएमइ/सीआरएस/टीपीटीवाय द्वारा तत्संबंधित निविदा सं. एवं निम्न विवरित बंद करने की तिथि के 11.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। बोलीदाता या बिड्डर्स अपने मूल/संशोधित बोलियों को संबंधित बंद करने की तिथि व समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैन्युएल आफर्स अमान्य है एवं इस मामले में किसी भी तरह के मैन्युएल आफर की प्राप्ति पर उसे नजर अंदाज किया जायेगा।

क्रम सं.1, कार्य विवरणः निविदा सं.02-एमइसीएच-पीयु-डब्ल्यूइटी-टीपीटीवाय-25-26 दि.27-05-2025, एक वर्ष की अवधि के लिए, फ्रेम @सीआरएस/तिरुपति वर्कशाप के तहत आईसीएफ डिजाइन कोचेस की पीयु पेन्टिंग तथा बाहरी सतह या एक्स्टीरीयर सरफेस( साइड वाल्स तथा एन्ड वाल्स) अंदरूनी सतह या इन्टिरीयर सरफेस पर वेट-आन-वेट एलएचबी कोचेस की पीयु पेन्टिंग करना। अनुमानित लागत रु.6,48,36,248.21 बोली सुरक्षा रु.4,74,200.00 कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने, बंद करने की तिथिः18-06-2025 के 11.00 बजे

**वेबसाइट विवरण**: www.ireps.gov.in
निविदा की संपूर्ण जानकारी देखने हेतु नोटिस बोर्ड स्थानः चीफ वर्कशाप मैनेजर का कार्यालय, कैरेज रिपेयर शाप, तिरुपति

**उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, सीआरएस, तिरुपति**

A0790

**निविदा शर्तें/अधिक जानकारी एवं निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्स http://www.ireps.gov.in अथवा www.scr.indianrailways.gov.in देखें।**


# हत्या और लूट के अलग-अलग मामलों में चार गिरफ्तार




हैदराबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। सुरराम इलाके में कैब ड्राइवर सैयद दानिश नामक 25 वर्षीय युवक की दो दिन पूर्व हत्या कर दी गई। मामले के मुख्य आरोपी मोहम्मद बिलाल और मोहम्मद असलम को सुरराम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त मेडचल जोन एन.कोटी रेड्डी ने कहा कि आरोपी बिलाल और असलम अपने बीच चल रहे विवादों के कारण दानिश को खत्म करने का मौका तलाश रहे थे। 29 मई को सुबह दानिश ने बिलाल को फोन किया और बिलाल और असलम दोनों को कट्टमैसम्मा मंदिर, सुरराम के पास मिलने के लिए बुलाया, ताकि साथ में शराब पी सकें। हालांकि, उनके पिछले झगड़ों के कारण, बिलाल को संदेह था कि दानिश उसे नुकसान पहुंचा सकता है और शुरू में उसने जाने से परहेज किया। दानिश ने बार-बार बिलाल को फोन किया, जिससे वह नाराज़ हो गया। बाद में उस रात, लगभग 9:30 बजे, दानिश ने फिर से बिलाल को फोन किया और उसे बताया कि वह पहले ही कट्टमैसम्मा मंदिर पहुंच चुका है। क्रोधित होकर, बिलाल ने दानिश की हत्या करने और अपने संघर्ष को हमेशा के लिए खत्म करने की अपनी योजना को अंजाम देने का फैसला किया। बिलाल ने एक चाकू लिया जिसे उसने पहले अपने घर पर रखा था और अपने इरादे असलम को बताए। फिर दोनों कट्टमैसम्मा मंदिर के पास दानिश से मिलने के लिए आगे बढ़े। दानिश अपनी कार में आया था और वह अंदर बैठकर इंतजार कर रहा था। वे तीनों कार में बैठे और झील के किनारे बतुकम्मा बांडा की ओर चले गए, जहां उन्होंने दानिश द्वारा लाई शराब पीनी शुरू कर दी। शराब पीने के बाद, दानिश फिर से बिलाल से बहस करने लगा। पहले से तय योजना के अनुसार, बिलाल ने चाकू निकाला और अपनी पिछली दुश्मनी को याद करते हुए, दानिश पर कई बार हमला किया। असलम ने बिलाल का साथ देते हुए, उससे चाकू लिया और दानिश पर और वार करते हुए कहा, वह अभी मरा नहीं है। फिर उसने पास में पड़ा सीमेंट का पत्थर उठाया और दानिश के सिर पर दे मारा। यह पुष्टि करने के बाद कि दानिश की चोटों के कारण मौत हो गई है, उन्होंने खून से सना चाकू और बिलाल के कपड़े पास की झाड़ियों में छिपा दिए। फिर उन्होंने कार में मिले पुराने कपड़े पहने और मौके से भाग गए। उन्होंने बताया कि आरोपी बिलाल और असलम को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है। आरोपियों के बयानों के आधार पर हत्या का हथियार (चाकू) और बिलाल के खून से सने कपड़े बरामद किए गए। इसी क्रम में पेट-बशीराबाद पुलिस ने डकैती के मामले में दो आरोपियों नीरुदी सतीश, निवासी सिद्दीपेट जिला, गोलकोंडा प्रमोद कुमार, निवासी मेडचल को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार जब पीड़िता मेडचल-मलकजगिरी जिले के शमीरपेट मंडल के देवरायमजल गांव में स्थित अपने घर पर मौजूद थी, दो अज्ञात व्यक्ति किराए के कमरे के बारे में पूछताछ करने के बहाने उसके घर पहुंचे। पीड़िता ने उन्हें उपलब्ध कमरा दिखाया और बताया कि मासिक किराया 6,000 रुपये है। इसके बाद, व्यक्तियों ने पीने के पानी का अनुरोध किया। जब पीड़िता पानी लेने के लिए घर में दाखिल हुई, तो दोनों व्यक्ति उसके पीछे-पीछे अंदर आ गए, जबरदस्ती घर में घुस गए और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। घर के अंदर, हमलावरों ने पीड़िता के दोनों हाथ पकड़ लिए और उसके गले से सोने की चेन और कान की बाली छीन ली। लूट के दौरान हमलावरों ने जानबूझकर पीड़ित को गंभीर चोटें पहुंचाईं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# अभिनेत्री कल्पिका गणेश ने पब कर्मचारियों पर हमला करने का लगाया आरोप



हैदराबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के गच्चीबावली में विप्रो सर्किल के पास एक पब में तेलुगू अभिनेत्री कल्पिका गणेश पर कथित तौर पर कर्मचारियों ने हमला किया। यह घटना जन्मदिन समारोह के दौरान हुई, जब केक लाने को लेकर कल्पिका और प्रबंधन के बीच मतभेद हो गया। अभिनेत्री के अनुसार, यह मुद्दा तब शुरू हुआ जब क्लब के कर्मचारियों ने जश्न मनाने के लिए ब्राउनी लाने पर आपत्ति जताई। बाद में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें कल्पिका को मैनेजर से बहस करते हुए देखा जा सकता है, जो यह कहते हुए सुनाई दे रहा है कि वे मुफ़्त जन्मदिन केक की अनुमति नहीं देते हैं। कल्पिका ने जवाब दिया कि अन्य क्लब कॉम्पलीमेंट्री केक देते हैं और पब पर खराब व्यवहार का आरोप लगाया। जब उसने बिल का भुगतान करने से इनकार कर दिया, तो बात और बढ़ गई, उसे कुचल दिया और फेंक दिया।

अपनी पोस्ट में कल्पिका ने क्लब के प्रबंधन की आलोचना की और इसमें शामिल पुलिस अधिकारियों के व्यवहार की आलोचना की। उन्होंने लिखा कि प्रबंधन में बुनियादी मानवीय मूल्यों की कमी है और कहा कि गच्चीबावली स्टेशन के पुलिस अधिकारियों का व्यवहार तो और भी बुरा था। उन्होंने 40 मिनट का एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें पूरी बहस दिखाई गई है, उन्होंने दावा किया कि स्टाफ ने उनके कपड़ों, माता-पिता और पहचान के बारे में व्यक्तिगत टिप्पणियां कीं।

बाद में कल्पिका ने गच्चीबावली पुलिस से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच चल रही है। हाल के दिनों में पब स्टाफ और पार्टी में शामिल लोगों के बीच यह दूसरी ऐसी घटना है। सीतम्मा वाकिट्लो सिरिमल्ले चेट्टू, एचआईटी और पाडी पाडी लेचे मनसु में अपनी भूमिकाओं के लिए मशहूर कल्पिका ने कहा कि अगर स्टाफ ने उनसे विनम्रता से बात की होती तो वह 10,000 रुपये भी देने को तैयार थीं।

# अपराध रोकथाम में अनुकरणीय सतर्कता के लिए नागरिक सम्मानित



हैदराबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। नागरिक जिम्मेदारी और कानून के पालन के एक शक्तिशाली प्रदर्शन में, इब्राहिम नगर, बंजारा हिल्स के 37 वर्षीय व्यवसायी कलीम अली को हैदराबाद के पश्चिमी क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त द्वारा आधिकारिक रूप से सम्मानित किया गया है। श्री अली को आदतन अपराधी के रूप में पहचाने गए 30 वर्षीय व्यक्ति शेख हमीद को पकड़ने और उसे तुरंत कानून प्रवर्तन को सौंपने में उनके साहसी और त्वरित कार्रवाई के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र मिला। डीसीपी, पश्चिमी क्षेत्र ने कहा कि श्री अली द्वारा सतर्कता का यह सराहनीय कार्य, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धाराओं में उल्लिखित नागरिक कर्तव्यों की भावना को दर्शाता है, जिससे न केवल शेख हमीद की तत्काल गिरफ्तारी हुई, बल्कि आगे की पुलिस पूछताछ में भी मदद मिली, जिससे तीन अतिरिक्त आपराधिक मामलों में उनकी संलिप्तता का पता चला। प्रारंभिक घटना 29 मई और 30 मई, 2025 के बीच रात में बंजारा हिल्स के वेंकटेश्वर नगर में एक घर में सेंधमारी से संबंधित थी, जहां 1.1 लाख मूल्य का डेल लैपटॉप चोरी हो गया था। श्री अली द्वारा पकड़े जाने के बाद, शेख हमीद ने इस चोरी और हाल ही में किए गए कई अन्य अपराधों को कबूल किया। कलीम अली की कार्रवाई कानून और व्यवस्था को बनाए रखने और एक सुरक्षित समुदाय में सक्रिय रूप से योगदान देने में नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका के लिए एक शक्तिशाली वसीयतनामा के रूप में कार्य करती है। कानून के अनुसार त्वरित और उचित कार्रवाई करके उनका जिम्मेदार आचरण सभी नागरिकों के लिए एक शानदार उदाहरण है। आरोपी शेख हमीद को हैदराबाद के नामपल्ली में तृतीय अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं, जिसमें 331 (4) और 305 शामिल हैं, के तहत आरोपों का सामना करते हुए रिमांड रिपोर्ट के साथ पेश किया गया है। पुलिस ने उसकी आदतन अपराधी स्थिति और रिहा होने पर उसके द्वारा उत्पन्न संभावित जोखिम का हवाला देते हुए 14 दिन की न्यायिक रिमांड मांगी है। डीसीपी, पश्चिमी क्षेत्र ने कहा कि श्री कलीम अली द्वारा नागरिक जिम्मेदारी का असाधारण प्रदर्शन वास्तव में प्रेरणादायक है, उनकी सतर्कता के कारण आदतन अपराधी को पकड़ा गया और कई मामलों का समाधान हुआ। यह एक स्पष्ट संदेश है कि सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है, और हम सभी को सुरक्षित और अपराध मुक्त हैदराबाद को बढ़ावा देने के लिए कानून के अनुसार अपनी जिम्मेदारियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। श्री कलीम अली के अनुकरणीय कार्य की यह मान्यता अधिक नागरिकों को कानून प्रवर्तन के साथ सक्रिय भागीदार बनने के लिए प्रेरित करना है, जो हमारे समाज में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सामूहिक प्रयास को मजबूत करता है।

# आरएस प्रवीण कुमार ने की रेवंत सरकार की आलोचना

हैदराबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। गुरुकुल शिक्षा प्रणाली को पतन की ओर धकेलने का आरोप लगाते हुए बीआरएस नेता और पूर्व आईपीएस अधिकारी आरएस प्रवीण कुमार ने शनिवार को रेवंत रेड्डी सरकार पर गरीब छात्रों को संकट में छोड़ने और उनके भविष्य से समझौता करने का तीखा हमला किया। विभिन्न एससी कल्याण विद्यालयों के छात्रों के अभिभावकों के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने गुरुकुल संस्थानों की बिगड़ती स्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने आरोप लगाया कि रेवंत रेड्डी सरकार की लापरवाही के कारण संकट पैदा हो गया है, जहां कई वंचित छात्र 'सड़कों पर मजबूर' हैं।

उन्होंने के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली पिछली बीआरएस सरकार द्वारा निर्धारित मानकों को बनाए रखने में विफल रहने के लिए सरकार की आलोचना की, जिन्होंने एससी छात्रों को इंजीनियर और डॉक्टर जैसे पेशेवर बनने के लिए सशक्त बनाने के लिए गुरुकुलों की स्थापना की थी। आईएएस अधिकारी अलुगु वर्षिणी की टिप्पणी का जिक्र करते हुए कि छात्रों द्वारा अपने छात्रावास के शौचालयों की सफाई करने और अपना भोजन स्वयं पकाने में कुछ भी गलत नहीं है, क्योंकि इससे अच्छी आदतें विकसित होंगी, प्रवीण कुमार ने भेदभावपूर्ण रुख की निंदा की, जिसे उन्होंने जातिवादी मानसिकता का प्रतिबिम्ब बताया और सवाल किया कि क्या मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी या उनके मंत्री घर में अपने शौचालय स्वयं साफ करते हैं या अपने बच्चों से स्कूलों में ऐसा करने की अपेक्षा करते हैं।

उन्होंने चुनौती दी, अगर यह इतना बढ़िया सुधार है, तो राज्य भर में सरकारी आदेश (जीओ) क्यों नहीं जारी किया गया, जिसमें सभी को अपने शौचालय खुद साफ करने के लिए कहा गया?

# त्रिमासिक अग्रिकल्चर मार्केट कम्युनीटी मीटिंग संपन्न



हैदराबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। आज त्रिमासिक अग्रिकल्चर मार्केट कम्युनीटी बोइनपल्ली की सरकारी सलाहकार मीटिंग का आयोजन आज मार्केट कमिटी में चेरमेन आनंद के सानिध्य में सम्पन्न हुई। जिसमें सर्व समिति से सिकंदराबाद कंटनमेंट बोर्ड द्वारा पेंडिंग पड़ी पीने के पानी की समस्या को पारित करने पर कमिटी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर मार्केट यार्ड में व्यापारियों से यातायात की समस्या को हल करने में व्यापारियों को सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर बोइनपल्ली के वरिष्ठ सरकारी सलाहाकार मेम्बर ए. गौतम जैन ने तुरंत रोड डालने के कार्यक्रम पर जोर दिया।

इस अवसर पर मीटिंग में उपस्थित वाइस चेरमेन डी.बी. देवेंदर, सेलेक्शन ग्रेड सेक्रेटरी वेंकन्ना, ऑफिसर खाजा साब एवं अन्य उपस्थित थे।



**माँ की स्मृति में गौसेवा, शिक्षा और जनहित कार्यो के लिए समर्पित की दान राशी**

दिलसुखनगर स्थित स्व. श्रीमती सायर कँवर सेवड़ राजपुरोहित की स्मृति मे गौसेवार्थ शिक्षा एवं जनहित कार्यो के लिए 5.5 लाख की दान राशी पथमेड़ा गौशाला सांचौर, राजपुरोहित समाज शिक्षा निधी समर्पण योजना आसोतरा, वासुदेव महाराज गौशाला, खेतेश्वर गौशाला निम्बोल, वृंदावन गौशाला मथुरा, कालका गौशाला, कृष्णा गौशाला, सिद्धी विनायका गौशाला, अनाथ बच्चो की शिक्षा के लिए, नि:शुल्क पानी की प्याऊ निमार्ण चंडावल के लिए राशी दानकर श्रद्धांजलि सभा मे श्रद्धा के पुष्प अर्पित कार्यक्रम में उपस्थित तेलंगाना पॉन ब्रोकर्स एंड ज्वैलर्स कार्यकारी अध्यक्ष शंकरसिंह राजपुरोहित दोनड़ी की ढाणी, संगठन महामंत्री तेलंगाना चन्द्रशेखर, महाजन बैंक चेयरमैन पारसमल रांका, अशोक बोहरा, सुरेश संचेती, उत्तमचन्द कटारिया (अंकल), पारसमल कोठारी, जगदीशप्रसाद वर्मा, ताराचन्द शर्मा, सुरेश कोठारी, केवलचन्द जैन, राजेश जांगिड़, महावीर कुमावत, राजू सीरवी, सीरवी समाज सचिव नारायणलाल काग, डीसीपी सैयदलु, अतिरिक्त डीसीपी एन.नरसिम्हा रेड्डी, पार्षद मधुसूदन रेड्डी, अविनाश देवड़ा, मदनसिंह, हीरसिंह, तेजसिंह, मोहनसिंह, राजुसिंह, अंकितसिंह, मोतीसिंह, शैतानसिंह, मूलसिंह, हरिसिंह, शंकरसिंह, पृथ्वीसिंह धांगड़वास, लक्ष्मणसिंह, नारायणसिंह निमाज, करणसिंह, छोटुसिंह, रूपसिंह, मांगुसिंह, गणपतसिंह, चैनसिंह, महावीरसिंह, कालूसिंह, गोविन्दसिंह, रामसिंह, भगवानसिंह, महेन्दरसिंह, कमलसिंह, भँवरसिंह राजपुरोहित, परबत सोलंकी, जयराम, मोहनलाल देवासी व समाज बन्धु।

# अक्षय विद्या फाउंडेशन झुग्गी-झोपड़ी के छात्रों का उत्थान कर रहा है : डीजीपी डॉ. जितेन्द्र



हैदराबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस महानिदेशक डॉ. जितेन्द्र ने झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले वंचित छात्रों के लिए समर्पित सेवा के लिए अक्षय विद्या फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की। हैदराबाद के झुग्गी-झोपड़ियों के इलाकों से गुरुकुल स्कूलों में प्रवेश पाने वाले छात्रों को सम्मानित करने के लिए शनिवार को डीजीपी कार्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए, डॉ. जितेन्द्र ने फाउंडेशन की प्रभावशाली शैक्षिक पहलों की सराहना की और विश्वास व्यक्त किया कि इस तरह के कार्यक्रम वंचित पृष्ठभूमि के बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने में मदद करेंगे। उन्होंने छात्रों को छोटी उम्र से ही सार्थक लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, आज उच्च पद पर बैठा हर व्यक्ति कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के माध्यम से वहां पहुंचा है। उन्हें अपनी प्रेरणा बनाएं। डीजीपी ने छात्रों से अक्षय विद्या फाउंडेशन द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क शैक्षिक सहायता का अधिकतम लाभ उठाने और मजबूत नैतिक मूल्यों के साथ जिम्मेदार नागरिक बनने का आग्रह किया।

दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की प्रगति और तेलंगाना के उल्लेखनीय विकास पर प्रकाश डालते हुए, डॉ. जितेन्द्र ने इस बात पर जोर दिया कि सामूहिक कड़ी मेहनत से व्यक्तिगत और राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय विकास हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस विभाग ऐसे सामुदायिक सेवा कार्यक्रमों का समर्थन करता है और आईजीपी एम. रमेश की भागीदारी की सराहना की, जो फाउंडेशन के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं।

डीजीपी ने गुरुकुल स्कूलों के लिए चुने गए सभी छात्रों को बधाई दी और उनके माता-पिता को शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में आईजीपीएस एम. रमेश, श्रीमती जी. अरुंधति रेड्डी, अक्षय विद्या फाउंडेशन के संस्थापक एस. जनार्दन और टी. वरप्रसाद सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।

## राजन्ना सिरसिल्ला में सर्वेक्षक को एसीबी ने रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

राजन्ना सिरसिल्ला, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने शनिवार को येल्लारेड्डीपेट मंडल के चंद्रमपेटा में एक सर्वेक्षक को उस समय पकड़ लिया जब वह एक किसान से रिश्वत ले रहा था। एसीबी अधिकारियों के अनुसार, येल्लारेड्डीपेट तहसीलदार कार्यालय में सर्वेक्षक के रूप में कार्यरत नागराजू ने भूमि माप पंचनामा प्रमाण पत्र जारी करने के लिए जक्करापु मल्लेशम से 1 लाख रुपये की मांग की। वेंकटपुर, मल्लेशम निवासी, जिसने पहले ही सर्वेक्षक को 22,000 रुपये का भुगतान कर दिया था, एसीबी पुलिस के पास पहुंचा। नागराजू को चंद्रमपेट रैतु वेदिका में किसान से 15,000 रुपये लेते हुए पकड़ा गया। बाद में एसीबी के अधिकारी सर्वेक्षक को पूछताछ के लिए तहसीलदार कार्यालय ले गए।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaartha2006@gmail.com
svaartha@rediffmail.com
svaartha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# रोहित शर्मा आईपीएल में 300 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने



मुंबई, 31 मई (एजेंसियां)। शुभमन गिल के नेतृत्व वाली गुजरात के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबले में मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने दो रिकॉर्ड अपने नाम किए है। 81 रनों की ताबड़तोड़ पारी के दौरान रोहित शर्मा आईपीएल में 7000 रन बनाने वाले और 300 छक्के लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं।

मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने 50 गेंदों पर 81 रनों की धमाकेदार पारी खेली, जिसमें उन्होंने 9 चौके और 4 छक्के लगाए हैं। हिटमैन ने इस अहम मुकाबले में 162 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। रोहित शर्मा ने महज 28 गेदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। जो कि उनके आईपीएल करियर की 47वीं फिफ्टी है।

हिटमैन शर्मा आईपीएल में 7,000 रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। रोहित शर्मा ने आईपीएल को 271 मैचों में 7018 रन बनाए हैं, जिसमें 2 शतक और 47 अर्धशतक शामिल हैं।

रनों को मामले में सिर्फ आरसीबी के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ही रोहित शर्मा से आगे हैं। आपको बता दें कि, विराट ने 266 मैचों में 39.53 की औसत से 8618 रन बनाए हैं, जिसमें 8 शतक और 63 अर्धशतक शामिल हैं।

आईपीएल की सबसे सफल टीम मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल के इतिहास में 300 छक्के लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लागने वालों में सबसे ऊपर क्रिस गेल का नाम है, उन्होंने आईपीएल में 357 लगाए हैं।

# पुरानी गेंद से लेकर बाउंड्री पर कैच तक, लागू होंगे नए नियम

## 34 ओवर के बाद एक गेंद, 5 बैकअप प्लेयर-आईसीसी की हरी झंडी

नई दिल्ली, 31 मई (एजेंसियां)। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने क्रिकेट के खेल को और रोमांचक बनाने के लिए नए खेल नियमों को लागू करने का फैसला किया है. ये नियम जून 2025 से प्रभावी होंगे. व्हाइट बॉल और रेड बॉल क्रिकेट में कई नियम बदलने जा रहे हैं, जिससे गेंद और बल्ले के बीच बराबर की टक्कर देखने को मिलेगी. क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, वनडे में पुरानी गेंद, कनकशन सब्स्टीट्यूट, डीआरएस और बाउंड्री लाइन पर लिए जाने वाले कैचों के नियम में कुछ बदलाव किए जा रहे हैं.



**वनडे में गेंदबाजों को होगा फायदा**

आईसीसी का मुख्य उद्देश्य क्रिकेट में बल्ले और गेंद के बीच संतुलन बनाना है. हाल के सालों में, खासकर सीमित ओवरों के फॉर्मेट में, बल्लेबाजों का दबदबा देखा गया है, जिसके कारण गेंदबाजों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा है. लेकिन अब वनडे क्रिकेट में लागू दो गेंदों के नियम को हटाने की योजना है. इस नियम के तहत, दोनों छोर से दो नई गेंदों का उपयोग किया जाता था, जिससे गेंदबाजों को स्विंग और सीम मूवमेंट में कमी का सामना करना पड़ता था. लेकिन जून 2025 से लागू हो रहे नए नियमों के हिसाब से वनडे में अब 34 ओवर तक दो गेंदें इस्तेमाल होंगी. इसके बाद 35 से 50 ओवर तक सिर्फ 1 गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा.

वनडे इंटरनेशनल में फिलहाल दोनों छोरों से दो नई गेंदें इस्तेमाल होती हैं. लेकिन अब नए नियम के मुताबिक एक पारी में पहले 34 ओवर तक दोनों गेंदें चलेंगी. फिर 35वें ओवर से सिर्फ एक गेंद दोनों एंड से यूज की जाएंगी.

फील्डिंग टीम 35 से 50 ओवर के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दो गेंदों में से एक का चयन करेगी. चुनी गई गेंद का इस्तेमाल मैच के बाकी बचे समय में दोनों छोर पर किया जाएगा. वहीं, कोई वनडे मैच बारिश या किसी और वजह से 25 ओवर से कम का खेला जाता है तो दोनों पारियों में सिर्फ 1-1 गेंद का ही इस्तेमाल होगा. बता दें, वनडे में ये नया नियम 2 जुलाई से श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच खेली जाने वाली वनडे सीरीज से लागू होगा.

**कनकशन सब्स्टीट्यूट का नियम भी बदलेगा**

कनकशन सब्स्टीट्यूट का नियम भी पिछले कुछ समय से विवादों में रहा है. लेकिन अब टीमों को मैच शुरू होने से पहले मैच रेफरी को पांच कन्कशन रिप्लेसमेंट खिलाड़ियों के नाम बताने होंगे. इन 5 खिलाड़ियों में से एक विकेटकीपर, एक बल्लेबाज, एक तेज गेंदबाज, एक स्पिनर और एक ऑलराउंडर होगा. दूसरी ओर बाउंड्री लाइन कैच और डीआरएस प्रोटोकॉल में नियम में बदलाव के बारे में बाद में भी आईसीसी जल्द ही सभी टीमों को बताएगी. हालांकि टेस्ट में नए नियम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के बाद लागू होंगे.

# आईपीएल 2026 से पहले गुजरात टाइटंस 3 खिलाड़ियों को करेगी रिलीज?

## लिस्ट में 18 करोड़ का गेंदबाज भी शामिल

नई दिल्ली, 31 मई (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 के एलिमिनेटर मैच में गुजरात टाइटंस को मुंबई इंडियंस के हाथों हारकर टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। एक समय गुजरात टाइटंस इस सीजन पहले पायदान पर चल रही थी और उसको क्वालीफायर 1 के साथ-साथ फाइनल तक खेलने का दावेदार माना जा रहा था, लेकिन आखिर के 3 मैचों में गुजरात के लिए सब कुछ बदल गया। पहले एलएसजी से हारने के बाद गुजरात ने पहला पायदान गंवाया इसके बाद आरसीबी की जीत से टीम टॉप-2 से भी बाहर होकर एलिमिनेटर में आ गई।

इस सीजन जहां एक तरफ गुजरात टाइटंस के लिए सलामी बल्लेबाज साईं सुदर्शन के साथ-साथ कप्तान गिल, जोस बटलर, प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज जैसे खिलाड़ियों ने कमाल का प्रदर्शन किया है तो वहीं कुछ




खिलाड़ी ऐसे रहे जिन्होंने इस सीजन बेहद निराश किया और उनपर फ्रेंचाइजी ने काफी पैसा भी खर्च किया। ऐसे में अगले सीजन से पहले गुजरात टाइटंस इन खिलाड़ियों को रिलीज कर सकती है।

**1. राशिद खान**

आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में गुजरात टाइटंस ने स्पिन गेंदबाज राशिद खान को 18 करोड़ रुपये में रिटेन किया था, लेकिन इस सीजन राशिद ने अपने खराब प्रदर्शन से टीम को काफी निराश किया है। 13 मैचों में राशिद महज 8 ही विकेट चटका पाए थे। इसके अलावा राशिद को इस सीजन 33 छक्के भी पड़े। अब राशिद आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के खाने वाले गेंदबाज भी बन गए हैं।

**2. इशांत शर्मा**

टीम इंडिया के अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा को गुजरात टाइटंस ने 75 लाख रुपये में खरीदा था। इस सीजन इशांत को 7 मैच खेलने का मौका मिला, लेकिन उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। इशांत 7 मैचों में 4 विकेट ही चटका पाए थे।

**3. शाहरुख खान**

मध्यक्रम के बल्लेबाज शाहरुख खान ने इस सीजन काफी निराश किया है। लगभग हर मैच में उनको बल्लेबाजी करने का मौका मिला। उन्होंने सीजन-18 में 13 मैच खेले, जिसमें बल्लेबाजी करते हुए शाहरुख ने 147 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से एक अर्धशतक निकला था। एलिमिनेटर मैच में जब टीम को उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी तो वे महज 13 रन बनाकर आउट हो गए थे।

# करुण नायर और सरफराज खान की बदौलत अनाधिकारिक टेस्ट के पहले दिन भारत ए का दबदबा

खेल डेस्क, 31 मई (एजेंसियां)। भारत ए ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले अनाधिकारिक टेस्ट के पहले दिन 409/3 रन बनाकर शानदार शुरुआत की। दिन की सबसे बड़ी सफलता करुण नायर की नाबाद 186 रन की पारी रही, जिसने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। साथ ही सरफराज खान ने 92 और ध्रुव जुरेल ने नाबाद 82 रन बनाकर अच्छी बल्लेबाजी की।





इंग्लैंड लायंस ने सुबह के सत्र में कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन का जल्दी आउट होना देखा, जो सिर्फ 8 रन पर पवेलियन लौटे। यशस्वी जायसवाल ने भी 24 रन की तेज पारी खेली, लेकिन बाद की साझेदारी ने भारत ए को बढ़त दिला दी। पहले दिन करुण नायर और सरफराज खान का रहा दबदबा

सरफराज ने नायर का साथ दिया और जल्दी ही क्रीज पर जम गए। दोनों ने मिलकर 181 रन की मजबूत साझेदारी बनाई, जिससे भारत ए की पारी मजबूत हुई और रन भी तेजी से बढ़े। हालांकि सरफराज सीनियर टीम में जगह नहीं बना पाए, लेकिन उन्होंने अपनी काबिलियत दिखाते हुए अच्छी बल्लेबाजी की। 92 रन बनाकर आउट होने के बाद यह जोड़ी टूटी, लेकिन यह झटका ज्यादा देर तक नहीं रहा। नायर और जुरेल ने फिर मिलकर 177 रन की अटूट साझेदारी की। आईपीएल से लौटे जुरेल ने बेधड़क खेलते हुए गेंदबाजों को कड़ी टक्कर दी। भारत ए की बल्लेबाजी में न तो नई गेंद ने और न ही स्पिन ने कोई रुकावट डाली।

नायर की पहले दिन की शानदार पारी ने उनकी काबिलियत और धैर्य को याद दिलाया, खासकर जब इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज करीब है। पहले से ही भारत की सीनियर टीम में शामिल नायर ने नाबाद 186 रन बनाकर अपने पहले टेस्ट में खेलने के मौके को मजबूत कर दिया है। हर शॉट बहुत सही था, जिससे उन्होंने दिखाया कि वे सिर्फ टीम के सदस्य नहीं बल्कि टीम के महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। उनके मध्य क्रम में खेलने से टीम को ताकत और स्थिरता मिलेगी, जो इंग्लैंड के खिलाफ मैच में बहुत मदद करेगी।

# धुरंधर राशिद खान के नाम जुड़ा शर्मनाक रिकॉर्ड, मोहम्मद सिराज को छोड़ा पीछे

खेल डेस्क, 31 मई (एजेंसियां)। क्रिकेट के खेल में कई रिकॉर्ड बनते हैं, वहीं कभी-कभी दिग्गज खिलाड़ियों के नाम ऐसे अनचाहे रिकॉर्ड भी नाम से जुड़ जाते हैं, जिन्हें वह भुलाना चाहेंगे। ऐसा ही कुछ अब अफगानिस्तान के दिग्गज स्पिनर राशिद खान के साथ भी हुआ है, जहां उनके नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। राशिद अब आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के खाने वाले गेंदबाज बन गए हैं।

राशिद दुनियाभर में अपनी कसी हुई गेंदबाजी और विकेट लेने की क्षमता के लिए मशहूर हैं, लेकिन आईपीएल के मौजूदा सीजन में वह काफी संघर्ष करते नजर आ रहे हैं। मौजूदा सीजन में उन्होंने कई बड़े-बड़े हिटर बल्लेबाजों का सामना किया, लेकिन उनकी गेंदों पर छक्कों की बौछार देखने को मिली है। उन्हें इस सीजन में 33 छक्के लग चुके हैं। उन्होंने इस



मामले में मोहम्मद सिराज को पछाड़ा है, जिन्होंने साल 2022 में 31 छक्के खाए थे।

**इन गेंदबाजों का भी नाम शामिल**

सबसे ज्यादा छक्के खानों गेंदबाजों की लिस्ट में श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा और युजवेंद्र चहल का नाम भी शामिल है, जो एक सीजन में 30-30 छक्के खा चुके हैं। राशिद के नाम बेशक शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह एक खराब गेंदबाज बन गए हैं। हर बड़े खिलाड़ी के करियर में ऐसे पल आते हैं, जब उन्हें निराशा हाथ लगती है।

**राशिद का टी-20 इंटरनेशनल रिकॉर्ड**


अफगानिस्तान के इस गेंदबाज का टी-20 इंटरनेशनल रिकॉर्ड शानदार है। क्रिकेट के इस सबसे छोटे फॉर्मेट में उन्होंने 96 मैचों में 161 विकेट लिए हैं। इस दौरान उनका इकॉनमी रेट 6.08 का रहा है, जिसमें तीन बार पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा शामिल है। राशिद टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में दुनिया में दूसरे नंबर पर हैं। उनके नाम सबसे तेज 100 विकेट लेने का रिकॉर्ड है। इसके अलावा उनके नाम टी-20 में चार हैट्रिक लेने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी है।

# फ्रेंच ओपन में स्वियातेक और सबालेंका फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में

## अल्कारेज और टियाफो भी अगले राउंड में पहुंचे

पेरिस, 31 मई (एजेंसियां)। पेरिस गत महिला चैंपियन इगा स्वियातेक और शीर्ष रैंकिंग पर काबिज आर्यना सबालेंका ने एक भी सेट गंवाए बिना फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर में प्रवेश किया। वहीं, पुरुष एकल में स्पेन के कार्लोस अल्कारेज और फ्रांसेस टियाफो ने भी अगले दौर में जगह बनाई।

तीन बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सबालेंका ने ओल्गा डैनिलोविच को 6-2, 6-3 से हराया, जबकि अपने पांच मेजर खिताब में से चार रोलां गैरां में जीतने वाली स्वियातेक ने जैकलीन क्रिस्टियन को 6-2, 7-5 से हराकर फ्रेंच ओपन में लगातार 23 मैच में जीत दर्ज की। स्वियातेक का दूसरा सेट एक घंटे 16 मिनट तक चला। 27 वर्षीय सबालेंका इस साल छह एकल फाइनल में पहुंच चुकी हैं, लेकिन स्वियातेक पिछले साल लगातार अपना तीसरा फ्रेंच ओपन खिताब जीतने के बाद पहले फाइनल में पहुंचने की कोशिश में जुटी हैं। महिलाओं के अन्य



मुकाबलों में ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने 18 वर्षीय क्वालिफायर विक्टोरिया एमबोको को 6-3, 6-4, से मात दी, जबकि 16वें नंबर की खिलाड़ी अमांडा एनिसिमोवा और लियूडमिला सैमसोनोवा ने भी अपने मुकाबले जीत लिए।

पुरुष वर्ग के तीसरे दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त अल्कारेज ने जुम्बुर को 6-1, 6-3, 4-6, 6-4 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। 15वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसेस टियाफो ने हमवतन कोर्डा को 7-6, 6-3, 6-4 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। पुरुषों के अन्य मुकाबलों में आठवें नंबर के लोरेंजो मुसेटी ने मारियानो नावोने को, होग्लर रूने ने फ्रांस के क्वेंटिन हालिस को और अमेरिका के 12वें वरीय टॉमी पॉल ने कारेन खाचानोव को हराकर अगले दौर में जगह बनाई।

इससे पहले विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर और महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की कोको गॉफ बृहस्पतिवार को जीत के साथ अगले दौर में आगे बढ़ने में सफल रहे। सिनर ने दूसरे दौर के मुकाबले में फ्रांस के 38 साल के रिचर्ड गासकेट को 6-3, 6-0, 6-4 से हराकर उनका करियर समाप्त किया। गासकेट ने पहले ही फ्रेंच ओपन के बाद संन्यास की घोषणा की थी।

तीसरे नंबर पर काबिज अलेक्जेंडर ज्वेरेव और 14 नंबर के खिलाड़ी आर्थर फिल्स ने भी अपने-अपने मुकाबलों में जीत हासिल की। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने पैर की परेशानी से निपटने के लिए मेडिकल टाइमआउट लिया। उन्होंने हालांकि तीन सेटों में कोरेंटिन मोउटेट को शिकस्त दी। जैक ड्रेपर ने दिन के आखिरी मैच में गेल मोनफिल्स को हराया।

ब्रिटेन के पांचवें वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर ने दूधिया रोशनी में तीन घंटे से अधिक समय तक चले मैच में फ्रांस के दिग्गज मोनफिल्स को 6-3, 4-6, 6-3, 7-5 से मात दी। गॉफ ने महिला वर्ग के मैच में 23 असहज गलतियां करने के बावजूद चेक गणराज्य की टेरेजा वैलेंटोवा पर आसान जीत दर्ज की। दूसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने 18 साल की खिलाड़ी के खिलाफ 75 मिनट तक चले मुकाबले को 6-2, 6-4 से जीता। गॉफ के सामने अगले दौर में चेक गणराज्य की एक अन्य खिलाड़ी मारिया बौजकोवा की चुनौती होगी।

महिला वर्ग में अन्य विजेताओं में तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला, ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज, 18 वर्षीय मीरा एंड्रीवा और 2023 विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंड्रोसोवा शामिल थी। साल 2019 की उपविजेता वोंड्रोसोवा इस साल गैर-वरीयता प्राप्त हैं। उन्होंने 25वीं रैंकिंग की खिलाड़ी मैग्डालेना फ्रेच को 6-0, 4-6, 6-3 से हराया।

# पाकिस्तान ने दूसरा टी-20, 57 रन से जीता

## बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बनाई, फरहान-नवाज के अर्धशतक

लाहौर, 31 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच तीन टी20 मैचों की सीरीज का दूसरा मैच गद्दाफी स्टेडियम, लाहौर में खेला गया. पाकिस्तान ने इस मुकाबले में बांग्लादेश को 57 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली. पाक टीम ने पहलेबल्लेबाजी करते हुए 201 रन स्कोर बोर्ड पर टांगे, जिसके जवाब में एकबार फिर बांग्लादेशी टीम ताश के पत्तों की तरह ढह गई और 144 रन ही बना सकी. इस जीत के साथ पाकिस्तान ने घरेलू मैदान पर तीन साल बाद कोई टी20 सीरीज जीती.

पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने साहिबजादा फरहान (74 रन, 41 गेंद, 6 छक्के) और हसन नवाज (नाबाद 51 रन) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 6 विकेट पर 201 रन बनाए. फरहान ने मोहम्मद हारिस (41 रन, 25 गेंद) के साथ दूसरे विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी की. फरहान ने अपनी पारी में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए पावरप्ले में अपनी टीम को 67 रन दिलवाए, जो बांग्लादेश के खिलाफ पाकिस्तान का संयुक्त रूप से सर्वोच्च स्कोर है. बांग्लादेश के गेंदबाजों में तंजीद हसन, मेहदी हसन और हसन महमूद को विकेट मिले, लेकिन वे पाकिस्तान की आक्रामक बल्लेबाजी को रोकने में असफल रहे. हालांकि अंतिम 5 ओवरों में बांग्लादेश ने वापसी करते हुए रन गति पर लगाम लगाई और पाकिस्तान केवल दो चौके और एक छक्का ही लगा पाया.

**बांग्लादेश की पारी का क्या हाल रहा**

जवाब में बांग्लादेश की शुरुआत आक्रामक रही. तंजीद हसन (33) ने पहले ओवर में 17 रन बटोरते हुए तेज शुरुआत दी. लेकिन इसके बाद पाकिस्तान ने वापसी करते हुए लगातार विकेट निकाले. हारिस रऊफ ने पहले इमोन (8) को आउट किया, फिर फहीम अशरफ और हसन अली ने तेजी से विकेट झटके. कप्तान लिटन दास (6) का भी रन आउट के चलते विकेट जल्दी गिर गया. बांग्लादेश की पारी की सबसे बड़ी कहानी रही स्पिनर अबरार अहमद का स्पेल. उन्होंने तीन ओवर में तीन विकेट लिए और मिडिल ऑर्डर की कमर तोड़ दी. पहले तोहिद ह्रदॉय (5) और फिर जेकर अली(0) को लगातार गेंदों पर एलबीडब्ल्यू आउट किया. अगली ही ओवर में शमीम हुसैन (7) ने भी विकेट गंवाया.

बांग्लादेश की ओर से नंबर 9 पर बल्लेबाजी करने आए तंजीम हसन ने जरूर लड़ाई लड़ी और 31 गेंदों में 5 छक्कों की मदद से अर्धशतक (50) जमाया. वह टी20आई में किसी भी फुल मेंबर टीम के लिए 9वें या उससे निचले क्रम पर अर्धशतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने. हालांकि उनकी पारी टीम को हार से नहीं बचा सकी और पाकिस्तान ने यह मुकाबला 57 रन से जीत लिया.

पहले टी20I मैच में पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 37 रन से धूल चटाई थी. दूसरे मैच में 57 रन से जीते के बाद इस सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला 1 जून को खेला जाएगा.

# मुक्केबाज किरण और दीपक थाईलैंड ओपन के फाइनल में पहुंचे

## प्रिया को कांस्य से करना पड़ा संतोष

बैंकॉक, 31 मई (एजेंसियां)। महिलाओं के 75 किलो भारवर्ग में ने किरण ने यूक्रेन की पोलिना चेर्नन को 5-0 से हराया। पुरुष वर्ग के 75 भारवर्ग में दीपक ने थाईलैंड के पीरपट यिसू के जजों के सर्वसम्मत निर्णय से 5-0 से पराजित किया।

भारतीय मुक्केबाज किरण और दीपक ने चौथे थाईलैंड ओपन में अपने अपने वर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। महिलाओं के 75 किलो भारवर्ग में ने किरण ने यूक्रेन की पोलिना चेर्नन को 5-0 से हराया। पुरुष वर्ग के 75 भारवर्ग में दीपक ने थाईलैंड के पीरपट यिसू के जजों के सर्वसम्मत निर्णय से 5-0 से पराजित किया। दीपक ने बेहतर तकनीकी कौशल दिखाने के अलावा मौका मिलने पर अंक भी बटोरे।



भारत ने प्रतियोगिता में 19 सदस्यीय दल उतारा है। महिलाओं के सेमीफाइनल में प्रिया (57 किग्रा) और सनेह (70 किग्रा) अपने मुकाबलों में संघर्ष करने के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गईं, तथा उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

# गौशालाओं की स्थापना के लिए समिति गठित करें : रेवंत रेड्डी

## गौशालाओं के विकास और प्रबंधन पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की



हैदराबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को गौशालाओं की स्थापना के लिए समिति गठित करने तथा निर्धारित समय के भीतर कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने तेलंगाना में मवेशियों की देखभाल और सुरक्षा प्रदान करने के लिए गौशालाओं के विकास और प्रबंधन पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान रेवंत रेड्डी ने इस बात पर जोर दिया कि गौशालाओं की स्थापना इस तरह से की जानी चाहिए जिससे गायों की सुरक्षा और प्रबंधन आसान हो सके। उन्होंने पहले चरण में राज्य के पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय, कृषि विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों और मंदिरों के परिसर में गौशालाएं स्थापित करने का सुझाव दिया। अधिकारियों को उपयुक्त भूमि की पहचान करने के लिए कहा गया है।

मुख्यमंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि गौशालाओं की स्थापना 50 एकड़ भूमि पर की जानी चाहिए, जिसमें चरागाह और मवेशियों के लिए स्वतंत्र विचरण की सुविधा हो और मवेशियों को भीड़भाड़ न हो। अधिकारियों को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त गौशालाएं स्थापित करने के लिए एक व्यापक योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए गए हैं। रेवंत रेड्डी ने कहा कि गायों के प्रबंधन और संरक्षण में धर्मार्थ संगठनों की सक्रिय भागीदारी की भी जांच की जानी चाहिए। गौशालाओं के निर्माण, प्रबंधन और देखभाल के लिए पूर्ण बजट अनुमानों के साथ योजनाएं तैयार की जानी चाहिए।



मुख्यमंत्री ने रंगारेड्डी जिले के मोइनाबाद मंडल के एमके पल्ली में स्थापित किए जाने वाले गौशालाओं के विभिन्न डिजाइनों की समीक्षा की और डिजाइनों में कुछ बदलाव करने का सुझाव दिया।

अधिकारियों को चार से पांच दिनों के भीतर गौशालाओं के डिजाइन को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सीएम के प्रधान सचिव वी. शेषाद्रि, श्रीनिवास राजू, सीएम सचिव मणिका राज, सीएम के विशेष सचिव अजित रेड्डी, विशेष मुख्य सचिव सव्यसाची घोष, एचएमडीए आयुक्त सरफराज अहमद, पशुपालन विभाग के निदेशक बी. गोपी, रंगारेड्डी जिला कलेक्टर नारायण रेड्डी और विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री के पास लोगों की समस्याओं के लिए समय नहीं : इटेला राजेंद्र

हैदराबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। मलकाजगिरी के सांसद इटेला राजेंद्र ने आज जीएचएमसी भाजपा पार्षद के साथ जल बोर्ड के सामने धरना दिया और संबंधित अधिकारियों से भूमिगत जल निकासी कार्य और एसएनडीपी कार्यों को पूरा करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मानसून आने से पहले काम पूरा हो जाना चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि डबल बेडरूम वाले घरों में पेयजल आपूर्ति प्रदान की जानी चाहिए। राजेंद्र ने चेतावनी दी कि अगर दो महीने के भीतर उपनगरीय क्षेत्रों में ताजा पानी की आपूर्ति नहीं की गई तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे।

बाद में सांसद इटेला राजेंद्र और पार्षदों ने जल बोर्ड के एमडी से मुलाकात की। इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वे लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए कहीं भी जाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले डेढ़ साल से कई बार गुहार लगाने के बावजूद पार्षदों ने पांच पैसे भी स्वीकृत नहीं किए हैं। उन्होंने कहा कि मीठे पानी की आपूर्ति के लिए कोई नया विस्तार कार्य नहीं हुआ है। वे कह रहे हैं कि लोग खुद पाइप लेकर आएं। वे टैक्स तो वसूल रहे हैं, लेकिन सुविधाएं नहीं दे रहे हैं। सीवेज का ट्रीटमेंट नहीं किया गया है। सड़कों पर सीवेज बह रहा है। अभी यह हाल है तो भारी बारिश होने पर क्या स्थिति होगी। सीवेज नहरों और पाइपों में जमी गाद को तुरंत साफ किया जाना चाहिए। निचले इलाकों को जलमग्न होने से बचाने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। मैंने एमडी से पानी जमा न हो, इसकी व्यवस्था करने को भी कहा है। उन्होंने कहा कि मिशन भगीरथ के लिए 50 हजार करोड़ रुपये खर्च करने के बाद भी शहर के लोग ताजे पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के पास राजनीतिक बैठकों के अलावा लोगों की समस्याओं पर बैठक करने का समय नहीं है।

## कविता का प्रकरण एक पारिवारिक ड्रामा : बंडी संजय



हैदराबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय मंत्री बंडी संजय ने आज कहा कि बीआरएस पार्टी एमएलसी कविता का पूरा प्रकरण एक पारिवारिक ड्रामा था। उन्होंने आरोप लगाया कि तेलंगाना में कलवकुंतला आर्ट्स क्रिएशन चल रहा था। बीआरएस पार्टी में एक पागल कार्ड गेम चल रहा था और दावा किया कि कांग्रेस पार्टी कलवकुंतला फिल्म का निर्माण कार्य कर रही थी। संजय ने स्पष्ट किया कि भाजपा और बीआरएस पार्टी कभी एक दूसरे के साथ विलय नहीं करेंगे। उन्होंने कविता को गिरफ्तार होने से रोकने के लिए हमारी पार्टी से मिलने की कोशिश की। भाजपा भ्रष्ट बीआरएस पार्टी के नेताओं से नहीं मिलेगी। उन्होंने दावा किया कि केवल कांग्रेस और बीआरएस पार्टियों ने मिलकर काम किया है। उन्होंने कहा कि वेमुलावाड़ा राजन्ना गौशाला में बछड़ों की मौत दुखद है और कहा कि वह इस घटना के बारे में ईओ से बात करेंगे। उन्होंने कहा कि बछड़ों की संख्या के हिसाब से गौशाला का विस्तार किया जाना चाहिए और आरोप लगाया कि पूर्व सीएम ने राजन्ना मंदिर के फंड को कहीं और खर्च कर दिया। उन्होंने सीएम रेवंत रेड्डी पर उनकी टिप्पणियों को लेकर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि टिप्पणियां भारतीय सेना के आत्मविश्वास को नुकसान पहुंचा रही हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध जारी रहेगा। बंडी संजय ने कहा, आतंकवाद का खात्मा होने तक युद्ध जारी रहेगा। उन्होंने दावा किया कि केंद्र ने राज्य को अनाज खरीदने के लिए धन मुहैया कराया है और कहा कि उसने तेलंगाना राज्य को विकास कार्यों के लिए दो लाख करोड़ रुपये दिए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार चावल और अन्य फसलों के लिए समर्थन मूल्य प्रदान करेगी। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार को भीगे हुए अनाज को खरीदना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम पिछले अठारह महीनों से ध्यान भटकाने की राजनीति कर रहे हैं।

# मॉडिफाइड बाइक साइलेंसर से शांति भंग

## निवासियों ने की सख्त कार्रवाई की मांग

हैदराबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। संशोधित साइलेंसर लगी मोटरसाइकिलें आवासीय कॉलोनियों में नागरिकों की शांति छीन रही हैं, जबकि यातायात पुलिस इस समस्या से निपटने के लिए विशेष अभियान चला रही है।

निवासियों की शिकायत है कि मोटरसाइकिलों में लगे संशोधित साइलेंसर से ध्वनि प्रदूषण होता है, जिससे उनका चैन छिन जाता है। टोलीचौकी के एक आईटी पेशेवर मोहम्मद सलीमुद्दीन ने कहा कि बुजुर्ग नागरिक और बच्चे तेज आवाज से परेशान हो जाते हैं। मौज-मस्ती या स्टेटस सिंबल के लिए युवा साइलेंसर से छेड़छाड़ कर रहे हैं, लेकिन यह लोगों के लिए सजा बन रहा है।

यातायात पुलिस उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है और मामले दर्ज कर रही है। मोटरसाइकिल मालिकों को चेतावनी देने के लिए पुलिस जब्त किए गए साइलेंसर को भी हटा रही है।



कालापाथर निवासी यास्मीन बेगम ने शिकायत की, हम पुलिस के प्रयासों की सराहना करते हैं। लेकिन सच कहें तो इससे समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। कॉलोनियों में गड़गड़ाहट की आवाज़ से बच्चे नींद से जाग जाते हैं। कल्पना कीजिए कि ध्वनि प्रदूषण के कारण एक बच्चे को किस तरह का आघात सहना पड़ता है।

वरिष्ठ नागरिक, मरीज, शिशु और अपने घरों में आराम की ज़रूरत वाले लोग सबसे ज़्यादा प्रभावित होते हैं। रात के समय स्थिति भयावह हो जाती है, जब आस-पास कोई ट्रैफ़िक पुलिसकर्मी नहीं होता। जंगममेट फलकनुमा के एक वरिष्ठ नागरिक मोहम्मद शरीफ़ ने कहा, युवाओं के समूह मौज-मस्ती के लिए कॉलोनियों में और ख़ास तौर पर रिहायशी इलाकों में खेल के मैदानों के आस-पास तेज़ रफ़्तार से घूमते हैं।

मनोवैज्ञानिक फ़ातिमा शेख ने कहा कि लगातार उच्च-डेसिबल ध्वनियों के संपर्क में रहने से शरीर तनाव हार्मोन जारी करता है, जिससे चिंता, चिड़चिड़ापन और नींद में व्यवधान की भावनाएं पैदा होती हैं। उन्होंने कहा कि शोर के कारण बच्चों के लिए ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है, जिससे ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई होती है और उनका शैक्षणिक प्रदर्शन खराब होता है। समय के साथ, लगातार शोर के संपर्क में रहने से ध्यान संबंधी विकार और भावनात्मक अस्थिरता हो सकती है।

नागरिकों की मांग है कि पुलिस के उच्च अधिकारी कानून व्यवस्था बनाए रखने वाली गश्ती टीमों को शामिल करें ताकि इस खतरे को रोका जा सके। शाहीननगर के एक सामाजिक कार्यकर्ता करीम अंसारी ने कहा कि उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बीएनएस अधिनियम और पर्यावरण कानूनों के तहत मामला दर्ज किया जाना चाहिए और वाहन जब्त किया जाना चाहिए। केवल मोटर वाहन अधिनियम के मामलों से समस्या को रोकने में मदद नहीं मिलेगी।

## केंद्र से पाम ऑयल पर आयात शुल्क कम करने के फैसले की समीक्षा करने का आग्रह

हैदराबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। कृषि मंत्री तुम्माला नागेश्वर राव ने कच्चे पाम ऑयल के आयात पर शुल्क कम करने के केंद्र सरकार के फैसले पर कड़ी असहमति जताई है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि पाम ऑयल पर शुल्क में इस कटौती के परिणामस्वरूप किसानों को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है और उन्होंने केंद्र से अपने फैसले पर तुरंत पुनर्विचार करने का आग्रह किया। शनिवार को जारी एक बयान में राव ने कहा कि यह खेदजनक है कि केंद्र ने आयात शुल्क में कमी की है, खासकर तब जब तेलंगाना सरकार ने स्थानीय पाम ऑयल किसानों को बेहतर समर्थन देने के लिए इसे 27.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत करने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के इस फैसले से किसानों के लिए पाम ऑयल की कीमत कम होने की उम्मीद है, लेकिन इसका घरेलू पाम ऑयल की खेती पर दीर्घकालिक हानिकारक प्रभाव भी पड़ सकता है। तुम्माला ने इस बात पर जोर दिया कि, जबकि राज्य वर्तमान में पर्याप्त प्रोत्साहन दे रहे हैं और फसल उत्पादन को बढ़ावा देने का लक्ष्य बना रहे हैं, यह निर्णय किसानों के विश्वास को कमजोर कर सकता है। उन्होंने उल्लेख किया कि उन्होंने एक पत्र में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से संपर्क किया है, उन्हें कच्चे पाम तेल पर आयात शुल्क में कटौती पर पुनर्विचार करने के लिए कहा है।




# तेलंगाना में भारी बारिश से राहत



हैदराबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के लगभग सभी क्षेत्रों में लंबे समय तक व्यापक और भारी बारिश के बाद, मौसम एजेंसियां अब कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान लगा रही हैं, जो लगभग दो सप्ताह तक हुई भारी बारिश से अलग है। शुक्रवार को जारी हैदराबाद मौसम विभाग के पूर्वानुमान में अगले गुरुवार, 5 जून, 2025 तक भारी बारिश का उल्लेख नहीं किया गया था।

दिन के तापमान में भी बदलाव की उम्मीद है, मौसम विभाग ने संकेत दिया है कि अब तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा और 36 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने की उम्मीद नहीं है। हालांकि, मौसम विभाग ने 5 जून, 2025 तक तेलंगाना के अधिकांश जिलों के लिए केवल तेज़ हवाओं (30 से 40 किमी प्रति घंटे) का येलो अलर्ट (मध्यम तीव्रता) जारी किया है।

आईएमडी- हैदराबाद का शुक्रवार का पूर्वानुमान आंधी, बिजली और तेज हवाओं के लंबे दौर के बाद आया है, जो मई के पहले तीन सप्ताहों में सक्रिय था, जिसके बाद महीने के अंतिम सप्ताह में दक्षिण-पश्चिम मानसून का आगमन हुआ।

मई के दौरान हैदराबाद मौसम विभाग ने लगातार भारी बारिश की चेतावनी जारी की थी, साथ ही आंधी, बिजली और तेज़ हवाओं के लिए भी अलर्ट जारी किया था। जबकि मई आमतौर पर अपनी गर्म हवाओं के लिए जाना जाता है, इस साल आंधी, बिजली, तेज़ हवाओं और उसके बाद मई के आखिरी हफ़्ते में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की शुरूआत की वजह से ऐसी कोई चेतावनी जारी नहीं की गई।

## महिला से दुर्व्यवहार के आरोप में स्वयंभू धर्मगुरु गिरफ्तार

आदिलाबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। जादू-टोना करने की आड़ में महिला मरीजों के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में एक स्वयंभू बाबा को शुक्रवार शाम को गिरफ्तार किया गया। आदिलाबाद के डीएसपी एल जीवन रेड्डी ने बताया कि महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के महाराजन को एक महिला के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उसने जादू-टोना के जरिए उसकी बीमारी का इलाज करने के बहाने उसके परिवार के सदस्यों को बाहर भेजकर उसे एक कमरे में बुलाया था।

जब महाराजन ने महिला को गलत तरीके से छुआ तो उसने शोर मचा दिया। उसके परिवार के सदस्य कमरे के अंदर गए और उसे बचाया। पीड़िता के परिवार के सदस्य अभिनय कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। आसाराम के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने लोगों से अवैज्ञानिक चिकित्सा पद्धतियों पर भरोसा न करने का आग्रह किया। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के युग में बीमारी के इलाज के लिए स्वयंभू बाबाओं पर विश्वास न करें।

## ध्वनि प्रदूषण पर नकेल : 1,200 से अधिक संशोधित साइलेंसर तोड़े



हैदराबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा यातायात पुलिस ने मोटरसाइकिलों में संशोधित साइलेंसर लगाने वाले मोटर चालकों के खिलाफ 2325 मामले दर्ज किए और 1297 साइलेंसर जब्त किए। पुलिस ने उप्पल भगायत में खुली जमीन पर रोड रोलर के नीचे कुचलकर उन्हें नष्ट कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि यातायात पुलिस संशोधित या परिवर्तित साइलेंसरों के उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चला रही है, जो न केवल ध्वनि प्रदूषण की समस्या पैदा कर रहे हैं, बल्कि अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं के जीवन को भी खतरे में डाल रहे हैं।

एक अधिकारी ने कहा कि मोटरसाइकिलों पर साइलेंसर में बदलाव न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं, बल्कि पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाते हैं। बढ़ा हुआ शोर स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 190 (2) में संशोधन के अनुसार बाइक पर प्रेशर हॉर्न और मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने पर 10 हजार रुपये तक का जुर्माना और छह महीने की सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि प्रेशर हॉर्न या मॉडिफाइड साइलेंसर से 80 डेसिबल से अधिक ध्वनि नहीं निकलनी चाहिए।

## वारविक विश्वविद्यालय में पीडीएसएल ज्ञान केंद्र का केटीआर ने किया उद्घाटन



हैदराबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। भारत राष्ट्र समिति के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री केटी रामाराव ने तेलंगाना के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है और भारत पहले, तेलंगाना पहले की नीति पर जोर दिया है। शनिवार को इंग्लैंड के वारविक विश्वविद्यालय में प्रैगमैटिक डिज़ाइन सॉल्यूशंस लिमिटेड नॉलेज सेंटर का उद्घाटन करते हुए उन्होंने तेलंगाना की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया और नवाचार और उद्योग के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में राज्य के उभरने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि सत्ता में हों या न हों, उनका प्राथमिक लक्ष्य तेलंगाना की प्रगति है। उन्होंने राज्य के युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए निवेश आकर्षित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने मैकलारेन, एस्टन मार्टिन, जगुआर और लैंड रोवर जैसी वैश्विक ऑटोमोटिव दिग्गजों को अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) सेवाएं प्रदान करने के लिए पीडीएसएल की सराहना की। उन्होंने कहा कि वारविक विश्वविद्यालय में ज्ञान केंद्र स्थापित करने का उनका निर्णय तेलंगाना की प्रतिभा का प्रमाण है।

के.टी. रामाराव ने हैदराबाद को पुणे और चेन्नई के साथ एक प्रमुख ऑटोमोटिव हब के रूप में स्थापित करने के लिए बीआरएस सरकार की अभिनव नीतियों को श्रेय दिया। अपने कार्यकाल के दौरान, बीआरएस सरकार ने न केवल तेलंगाना के आईटी और जीवन विज्ञान क्षेत्रों को आगे बढ़ाया, बल्कि ऑटोमोटिव उद्योग में भी महत्वपूर्ण प्रगति की। उन्होंने याद दिलाया कि तेलंगाना फॉर्मूला ई रेसिंग चैंपियनशिप की मेजबानी करने वाला पहला भारतीय राज्य बन गया, जो राज्य को मोबिलिटी इनोवेशन के केंद्र के रूप में स्थापित करने में एक मील का पत्थर था।

पूर्व मंत्री ने पीडीएसएल से तेलंगाना में अपने परिचालन का विस्तार करने का आग्रह किया और उद्योग विकास के लिए राज्य के अनुकूल माहौल पर जोर दिया।

## साइबराबाद पुलिस ने सेवानिवृत्त अधिकारियों को सम्मानित किया

### छह पुलिस कर्मी सेवा से सेवानिवृत्त हुए



हैदराबाद, 31 मई (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस आयुक्त अविनाश मोहंती ने संयुक्त सीपी ट्रैफिक डॉ. गजराव भूपाल के साथ साइबराबाद सीपी कार्यालय में छह सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया। सीपी ने कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को उनके पेंशन के कागजात सौंपे और उन्हें अपने परिवार, रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विभाग के प्रति उनकी समर्पित सेवा की सराहना की और कानून व्यवस्था बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। आयुक्त ने सेवानिवृत्त अधिकारियों से अपने विशाल अनुभव और ज्ञान को साझा करके सार्थक तरीकों से समाज में योगदान जारी रखने का भी आग्रह किया। उन्होंने सेवानिवृत्ति के बाद स्वस्थ और संतुष्ट जीवन के महत्व पर जोर दिया और उन्हें व्यक्तिगत कल्याण, शौक और सामुदायिक जुड़ाव पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। बैठक में सीएआर मुख्यालय डीसीपी संजीव, प्रशासन एडीसीपी रविचंदन रेड्डी, सीएआर मुख्यालय एडीसीपी शमीर, सीएओ अकाउंट्स वेंकट रेड्डी, प्रशासन एओ रशीदा बेगम, अन्य पुलिस कर्मी और सेवानिवृत्त अधिकारियों के परिवार के सदस्य शामिल रहे। सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों में एम. रविंदर रेड्डी एसआईपी केपीएचबी ट्रैफिक पीएस, जी. कुमार स्वामी एसआईपी सुरराम पीएस, एम. मकबूल पाशा एसआईपी मियापुर ट्रैफिक पीएस, जी. प्रताप रेड्डी एआरएसआई सीएआर मुख्यालय एमटी सेक्शन, बी. वेंकट सत्यनारायण एचसी सीएआर मुख्यालय एसआर सेक्शन, बी. वेंकन्ना एचसी वीआरएस शामिल है।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.